CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

११०

पूर्ण आरक्षित

आ. २८

...चिकेतसम्

(...रतभाषं दार्शनिकं)

...३८९

...०वि० पु... प:

महाकाव्यम्

कविरत्न तथा विद्यावारिधिः

कृष्णप्रसाद शर्मा घिमिरे

भागवतः

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

ॐ

सहस्रशीर्षाः पुरुषः पुनातु वः
सहस्रचक्षुर्भगवान् सहस्रपात् ।
गलेऽङ्घ्रिमूले नयने च निश्चला-
स्त्रयोऽप्यमी यं पुरुषा उपासते ॥

सहस्र फण वाले भगवान् शेष निश्चलभाव से जिनके कण्ठ पर विराजित हैं, सहस्रनेत्र वाले पुरुष भगवान् इन्द्र शान्त होकर जिनके चरणतल की उपासना करते हैं तथा सहस्रचरण (किरण) वाले भगवान् सूर्य जिन प्रभु के दक्षिण नेत्र में सुशोभित हैं, इस प्रकार ये तीनों महापुरुष जिनकी सेवा में निरन्तर संलग्न रहते हैं, वे सहस्र (अनन्त) सिरों वालें सहस्र (असंख्य) नेत्रों वाले और सहस्र (अपरिमित) चरणों वाले विराट्-पुरुष भगवान् लोकशङ्कर शङ्कर आप लोगों को पवित्र बनावें ।

सरस्वतीवेन्दुकलोद्गता करैः
सरस्वतीव श्रवणामृतैः स्वरैः ।
सरस्वतीवोर्मिभिरीश्वरस्तवैः
सरस्वती वर्षतु वः सुधामिमाम् ॥

समुद्र से निकली हुई चन्द्रकला अपने सुशीतल किरणोंसे जैसे अमृत की वर्षा करती है, जैसे सरस्वती (वीणा) अपने सुमधुर श्रुतिमनोहर स्वरों से सहृदयजनों के कानों में अमृत-वर्षण करती है एवं जैसे सरस्वती नदी अपने सुशीतल तरङ्गों से सुधा-वर्षण करती है ठीक वैसे ही मेरी यह सरस्वती (वाणी) भी उन परब्रह्म की स्तुति द्वारा आप सहृदय लोगों के लिये निरन्तर अमृत-वर्षण करती रहे ।

श्री महाकवि भट्टजगद्धरदासः
कृ० प्र० घिमिरे

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

नाचिकेतसम्

(सभारतभाषं दार्शनिकं)

वेदान्त ङ: ४४०

कठोपनिषदमधिकृत्य विलिखितं

महाकाव्यम्

कविरत्नम्, विद्यावारिधिश्च

कृष्णप्रसादशर्मा घिमिरे

(भागवतः)

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

प्रकाशकः
श्रीकृष्ण ग्रन्थमाला प्रकाशन
नं० १७/३५६ टङ्गाल-गहिरीधारा
काठमाण्डू नेपाल

संस्करणम् : प्रथमम्, सहस्रमात्रम्
प्रकाशनतिथि : वि० सं २०३१, शकसं: १८९७, ख्रि० सं० १९७५

तदस्यैकस्य निर्धारितमूल्यम्

भारतीयमुद्रासु : अंकेषु १२ अक्षरेषु बारह
नेपालीयमुद्रासु : अंकेषु १७ अक्षरेषु सत्रह

मार्गव्ययादिकं तदन्यत्

© सर्वाधिकारः प्रकाशकेन स्वायत्तीकृतः

6325

मुद्रकः
रामचन्दर मौर्य
विजयलक्ष्मी प्रेस
ए० ३/७७ ए० त्रिलोचन, वाराणसी

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

ॐ

उपास्य !

यां मेधां मे देवगणाः ! पितरश्चोपासते ।
तया मामद्य मेधयाग्ने ! मेधाविनं कुरु स्वाहा ॥

मेधाम्मे वरुणो ददातु मेधामग्निः प्रजापतिः ।
मेधामिन्द्रश्च वायुश्च मेधान्धाता ददातु मे स्वाहा ॥

इदम्मे ब्रह्म च क्षत्रञ्चोभे श्रियमश्नुताम् ।
मयि देवा दधतु श्रियमुत्तमान्तस्यै ते स्वाहा ॥

यजुर्वेद ३२—१४—१५—१६

—उपासकः

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

श्रीकृष्णो विजयते

यत्किञ्चित्

•

पूज्यपादा विद्वांसः !

नास्त्यस्मिन् विषये किञ्चिदपि मदीयं तादृशं वक्तव्यम् । यदासीत् तत्सर्वमेव कठोपनिषदमधिकृत्य मल्लिखितं काव्यमिदं मन्मुखादेव प्रायश आनखशिखं संप्रदत्तावधानं संश्रुत्य सुभृशं प्रसन्नेन तत्रभवता नेपालभारतयोर्द्वयोरपि सुमहद्गौरवभाजनेन प्राच्य-संस्कृति-संस्कृत-प्रियाणां गीर्वाणवाणीप्रणयिनामन्येषाञ्च तत्पथिकानां तत्रतत्रत्यानां महानुभावानां सुमहता सौभाग्योदयेनैव स्वपूर्वाश्रमे सर्वतन्त्रस्वतन्त्रकवितार्किकचक्रवर्तीति सुपदवीभाजा "श्रीमहादेव-पाण्डेय" इति सुनाम्ना ख्यातिं गतेन प्रकाण्डविद्वद्धौरेयेणाऽधुनातनेऽन्त्याश्रमे परमहंसाख्यं परमचरमाश्रमं समधितिष्ठमानेन तत्र च वाराणसीस्थ-सुमेरु-पीठाधीश्वरत्वं संशोभयमानेन श्र्याद्यशंकरचरितं तत्पदवीञ्चाऽवगाहमानेन सुकृतबहुविधग्रन्थलेखनव्यसनेनाऽहर्निशं स्वप्रियान्तेवासिनोऽध्यापयताऽमुना जगद्गुरुणा शंकराचार्यपादेन श्रीमन्महेश्वरानन्द-सरस्वतीति सुगृहीतनामधेयेन सरस्वतीवरदपुत्रेण महात्मना (ये नाम तत्रभवन्तोऽनतिचिरादेव ब्रह्मलीनत्वं संप्राप्ताः) यद् व्यलेख्यामुखरूपेण परब्रह्मत्त्वनिदर्शनपरे काव्येऽस्मिंस्तदेवाऽस्माकं सर्वेषां कृते सुमहद् बहुतरञ्चेति मन्यमानोऽहं निरन्तरमात्मसमर्पणपूर्वकमेतस्मै नमोवाकं प्रयुज्य साष्टांगदण्डवत्प्रणतिततीः समर्पयन्नेतावतैव स्वकृतज्ञतां निदर्शयंश्च परब्रह्मलीनेभ्यस्तेभ्यस्तदितरेभ्यो मद्विरचितकाव्यस्याऽस्यैव मन्निर्मितभारतराष्ट्रभाषानुवादसंशोधनादिक्रियासु च संप्रदत्तसहयोगेभ्यो महानुभावेभ्यो विशेषतः काशीललिताघट्टस्थश्रीविश्वनाथपुस्तकालयाध्यक्षेभ्यः श्रीकृष्णपन्तमहोदयेभ्यस्तत्सत्कर्मणां कृतेऽपि बहुशः साधुवादान् वितरन् निरन्तरं स्तुत्यचरित्रास्ते ते विद्वद्वरिष्ठा इत्थमेव स्वकर्मणा जीवन्तु शरदां शतमिति भगवन्तं जगत्पतिं विशेषेण काशीपुरीपतिं प्रार्थयन् मुद्राराक्षसजन्यदोषेषु चादत्तविदग्धदृष्टिभिर्भाव्यमिति विनिवेदयन् विरमामि-विस्तरात् ।

मुद्रापणकालः २०३२ वि० सं० श्रीपञ्चमीदिवसः
के० २३।२ दूधविनायक, वाराणसी—१

विदुषां महात्मनां भक्तप्रवराणाञ्च
श्रीचरणकमलधूलिः

कृष्णप्रसादघिमिरे

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

महेश्वरानन्दः सरस्वती
सुमेरुपीठाधीश्वरो जगद्गुरुः शंकराचार्यः
दुर्गाकुण्डम्, वाराणसी

स्वोद्गारः

मधुव्रतमहोत्सवैः कलितवल्लकीवल्लभै—
मरन्दमधुमाधवीमधुरविभ्रमासंभ्रमैः ।
महन्मलयपेशलैर्ललितरासलीलाकलैः
पदैः कमलकोमलैः किमपि हार्दमुद्दीप्यते । १ ।

मधुव्रतों (भ्रमरों तथा कविता रसिकों) के लिए महान् उत्सवरूप, सरस्वती-देवी को अतिप्रिय, पुष्पों के मधुर रस, शहद तथा शर्करा(या मिश्री) के मिठास के विलास (माधुर्यातिशय को) भी मात करने वाले, मलयानिल के समान सुकोमल (मन्द, सुगन्ध और शीतल), मनोहर रासलीला के तुल्य अव्यक्त मधुर, कमल के समान कोमल पदों द्वारा अपूर्व हार्दिक-भाव अभिव्यक्त किया जाता है । १ ।

कठोपनिषदंगणे विविधगीतवाद्योद्भवे
गवोद्गमनसंभ्रमभ्रमदनन्तविद्याव्रते,
विलक्ष्यवरवर्णिना तपसि तिष्ठतात्युन्नते
गतप्रतिनिर्वतिनी भुवमनायि विद्याऽद्भुता । २ ।

कठोपनिषद रूपी आंगन में, जो विविध गीत और वाद्यों की उद्गम-स्थली है एवं जिसमें गुरु और शिष्यों के बीच शास्त्रीय-वाणी के कथोपकथन द्वारा ब्रह्मविद्या और व्रतों का नित्य त्वरित-गति से आवर्तन होता रहता है, ऐसे उत्कृष्ट तपस्या में संलग्न विलक्षण ब्रह्मचारी (नचिकेता) द्वारा आवागमन की निवृत्ति करने वाली अद्भुत अध्यात्मविद्या पृथिवी में लाई गई । २ ।

तपोव्रतमहाभटैर्विकृतिकण्ठमालार्चिते—
र्नवाग्निनिधिविद्यया जनितजागराक्रान्तिभिः,
विशिष्यपरितुष्यता भगवता यमेनाक्षणि—
स्थितेन कृतदेशनाः शिशव आर्यभूमौ शतम् । ३ ।

अचानक घटित होनेवाली परिस्थिति-रूप कण्ठभूषा (कण्ठहार) से विभूषित अभिनव निधिरूपी अग्निविद्या से जागरण की क्रान्ति पैदा कर देने वाले रूप और व्रत रूपी महाभटों से खूब सन्तुष्ट हो दृष्टिगोचर हुए (सामने स्थित) भगवान् यमराज

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

द्वारा आर्यभूमि में शिशु नचिकेता जैसे ब्रह्मचारियों को अनेक बार बतलाई गई ब्रह्म-विद्या उत्कृष्ट है । ३ ।

अवोधि नचिकेतसं भुवनभास्करं व्यापकं
प्रमाणनिकरान्वितं निखिलधर्मसंवर्धितम्,
अखण्डमधितिष्ठतं शतसहस्रसिंहासनं
विनिद्रितमविद्यया परमबोधभानुः सुखम् । ४ ।

परमबोध (आत्मज्ञान) को प्रकाशित करने (उपदेश देने) में भानुरूप यमराज ने मुनिकुमार नचिकेता को सम्पूर्ण भुवनों का प्रकाशित करने में समर्थ, परम व्यापक, विविध प्रमाणों से समन्वित, सम्पूर्ण धर्मों से परिपोषित, सैकड़ों नहीं हजारों सिंहासनों पर विराजमान अविद्या से विरहित अखण्ड ज्ञान अनायास समझा दिया । ४ ।

प्रामाण्यं तद्व्यवहृतिदृशा तात्त्विकं नाक्षजन्ये
निर्वैरं तच्छ्रुतिगतमतः स्वच्छदृष्टेर्न दोषः,
योऽसावंशः करणजनितावृत्तिमात्मोपजीव्यां
भुङ्क्ते तस्माद् भवति विजयी शांकरोऽद्वैतवादः । ५ ।

प्रत्यक्ष में तात्त्विक (पारमार्थिक) प्रामाण्य नहीं है, उसमें व्यवहार दृष्टि से प्रामाण्य है । श्रुतिगत प्रामाण्य का वाधक कोई नहीं है वह निर्वैर एवं निर्दोष है, अतः जिसका वह अंश है वह अपने आत्मा में ही निरन्तर वृद्धिगत इन्द्रियों से उत्पन्न सद्वृत्ति से ही भोग करता है इसलिये श्री शंकरका अद्वैतवाद सदा एवं सर्वत्र विजयी है, सर्वोत्कृष्ट है । ५ ।

सा श्रीनारायणोरःकवयितुरसमेवाश्रिता शश्वदास्तां
कीर्तिर्व्योम्नीव चास्मिन् प्रसरतु सुभगा शारदी हंसमाला,
गौरी वामेव शम्भोश्चिरतरमतुला राजतां काव्यसम्पत्
प्रीतः स्ताद् विश्वनाथो हिमधरतनया भूषितोऽस्मै प्रबन्धे । ६ ।

वह अनुपम भगवती महालक्ष्मी भगवान् नारायण के वक्षः स्थल की तरह सदा इस कविता-कर्ता के आश्रित रहे। जैसे शरत् काल की सुन्दर शुभ्र हंस-श्रेणी गगनमण्डल में प्रसृत होती है, उड़ती है वैसे ही इस कविता-कामिनी प्रेमी भावुक नेपाली-कवि से हंसशुभ्रा कीर्ति प्रसृत हो, दिन पर दिन वृद्धिगत हो, भगवान् शंकर जी की वामा त्रैलोक्य-सुन्दरी पार्वती जी जैसे निरन्तर उनके वामार्द्ध अंग में विराजमान रहती हैं वैसे ही इस काव्य-कर्ता के निकट असाधारण काव्य-सम्पत्ति चिरकाल तक विराजमान रहे। गिरिराज हिमालय की नन्दिनी भगवती पार्वती जी से नित्य विभूषित भगवान् विश्वनाथ इस महानिवन्ध पर काव्य-रचयिता के लिए प्रसन्न हों । ६ ।

॥ इति ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

प्रस्तुतनाचिकेतसमहाकाव्यस्य
विषयानुक्रमणिकेयम्

—:०:—

सर्गः—छन्दोनाम	विषयः
प्रथमः— (वसन्ततिलका)	उद्दालक-मुनिना विश्वजिद्यज्ञकरणम् । तत्र सर्वस्वदक्षिणादानम् ।
द्वितीयः— (अनुष्टुव्)	यज्ञेऽस्मिन् प्रियतरमात्मानमेवाऽददमानं स्वं पितरं दृष्ट्वा तद्यज्ञपरिपूर्त्यर्थं तत्पुत्रेण वटुना नचिकेतसा मां कस्मै ददासीति कृते प्रश्ने 'त्वां मृत्यवे ददामीति' पित्रोक्तं श्रुत्वा सोपयुक्तिकं तस्याऽपि तत्र गन्तुमनुज्ञाग्रहणम् ।
तृतीयः— (उपजातिः)	यौगिकगत्या विप्रवटोर्यमराजगृहगमनम् । तत्र तस्याऽभावात् तत्पत्न्या वटोः सत्कारः । तमनादृत्य यमराजाऽऽगमनपर्यन्तं त्रिरात्रं यावत्तस्य तत्रैवाऽनशनपूर्वकं निवासः । मृत्योरागमने स्वपत्नीमुखात् तत्स्थितिश्रवणाऽनन्तरं पाद्याऽर्घ्यादिना तेन तत्सत्कारकरणम् ।
चतुर्थः— (स्वागता)	यमवटुसंवादोपक्रमे नचिकेतसा त्रिरात्रपर्यन्तं स्वगृहे कृतस्याऽनशनस्य प्रायश्चित्तकरणार्थं पूर्वं भगवता यमेन तस्मै तन्नैमित्तिकवरत्रयप्रदानम् । तद्याचनार्थं तदभ्यर्थनञ्च । तत्र वटुना पूर्ववृत्तान्तकथनपूर्वकं स्वजनकप्रसादताहेतुकं प्रथमवरयाचनम् । मृत्युना च तत्स्वीकृतिकरणपूर्वकं द्वितीयवरयाचनार्थं तत्प्रेरणञ्च ।
पञ्चमः— (वसन्ततिलका)	नचिकेतसा कार्मिकाग्निविद्याज्ञानार्थं तद्द्वितीयवरयाचनम् । भगवता यथार्थतस्तत्कथनम् । पश्चात्तत्प्रतिभास्मृतिपरीक्षया श्रुतविद्यां परिपृष्टेन तेन तस्मै यथार्थतस्तच्छ्रावणम् । अतोऽपि सुप्रसन्नेन मृत्युना त दन्यवरप्रदानम् । सोऽग्निस्तवैवनाम्ना ख्यातो भविष्यतीतिकथनपूर्वकं विविधयज्ञमणिमयीं विद्यास्रजं च तस्मै समर्प्य पुनस्तृतीयवरयाचनार्थं तत्प्रेरणम् ।
षष्ठः— (उपजातिः)	नचिकेतसा तृतीयवरयाचनात्मकस्तदात्मवैषयिकः प्रश्नोपन्यासः । तत्र देहे मृते देहस्थ आत्मा स्वयं नश्यति, नेति चेति यद्वदन्ति लोकाः, विषयेऽस्मिन् भवत्संमतः को मतः ? एतच्छ्रवणमेव

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

मत्तृतीयवरयाचनमिति कथनम्। तत्र मृत्युना निगूढं प्रशंसमानेन तत्प्रतिभां, तथाऽप्यनधिकारिणमेवाऽमुं मन्यमानेन बहुनोपायेन तत्प्रतारणोद्योकरणम्। तथाप्यस्य तत्र सोपपत्तिका बलीयसी तदात्मतत्त्वज्ञाननिष्ठास्तीतिवर्णनपूर्वकं तेन तमेव वरं प्राप्तुमभ्यर्थनम्।

सप्तमः– (वसन्ततिलका) तत्र सुप्रसन्नेन भगवता यमेन पूर्वं प्रेयःश्रेयोमार्गनिरूपणपूर्वकं तं ब्रह्मविद्याप्राप्त्यर्थं साधिकारिणं मत्वा तद्विद्योपदेशप्रदानस्वीकरणम्।

अष्टमः– (शालिनी) श्रेयःप्रेयोमार्गयोः सत्साधनभूते विद्याऽविद्ये पूर्वं संस्तुत्य तद्यात्रिणां समुपचितगतिविधिनिरूपणपूर्वकं मृत्युना सुगुह्याया ब्रह्मविद्यायाः प्राप्त्युपायकथनम्।

नवमः– (उपजातिः) नितरां दुर्बोधं तद्ब्रह्माऽवगन्तुं साधकेन सत्साधनमेवाऽवलम्ब्यम्। दारुषु वह्निवद्विराजिततत्तत्त्वप्राप्त्यर्थं महान् प्रयत्नः करणीयश्चेति सद्गुरोः पादाम्बुजाश्रयणपूर्वकं स्वात्मैव द्रष्टव्यः श्रोतव्यः स्मर्तव्यो निदिध्यासितव्य इत्यादि सदुपदेशप्रदानम्।

दशमः– (प्रहर्षिणी) शुभाऽशुभात् कार्याऽकार्यात् पृथक्भूतं सदैकरसं तत्परात्मतत्वं विजिज्ञासुना वटुना तद्विषयिकस्वप्रश्नोपन्यासपूर्वकं कृताऽनुरोधे भगवता यमेन प्रथमं पराऽपराख्यब्रह्मणः प्रतीकभूतस्य तद्वाचकस्योङ्कारस्य स्वरूपकथनम्।

एकादशः– (वसन्ततिलका) सर्वविधयोनिगतानां हृद्गुहासु सूक्ष्मरूपेणाऽवस्थितं तमात्मानं श्रुताऽनुभूतैः सदुपायैः साक्षात्कृत्य नचिकेतसे तदात्मतत्त्वप्राप्त्यर्थं तत्स्वरूपनिर्देशनपूर्वकं सदुपदेशदानम्।

द्वादशः– (उपजातिः) परमात्मात्मनोः पुरातनीं सन्मैत्रीं निर्दिश्योभौ ब्रह्मात्मानौ कर्तृत्वभोक्तृत्वादिगुणरहितावपि भोगलुब्धोऽयमात्माऽऽत्मनि तदध्यारोप्येदृशः सञ्जात इति विवर्ण्य छायाऽऽतपयोरिव तयोः स्थितिं निर्दिश्य तदात्मस्मरणपूर्वकं ब्रह्मैव प्राप्यमिति मृत्युना वटुप्रबोधनम्।

त्रयोदशः– (भुजंगप्रयातम्) मनुष्यदेहो रथ, इन्द्रियाण्यश्वा, मनः प्रग्रहो, बुद्धिः सारथी, रथीजीव, इत्यादिरूपकेण परमात्मना बोधितोऽप्ययं जीवात्मा भ्रमणार्थं भवाऽध्वनि निःसृतस्तत्रत्यचाकचक्यात्मकेषु भोगेष्वेव सज्जमान ईदृशो बभूव। तदेतत्सर्वं विमृश्यात्मनः स्मृतिपूर्वकं श्रेयः समाचरन् पुनस्तदेव भवतीति निरूपणम्।

चतुर्दशः– (उपजातिः) देहिना विवेकिना भाव्यम्। तेनैव स्वहृद्गुहायामवस्थितं ब्रह्म प्राप्तव्यमित्युपदेशः।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

पञ्चदशः— (अनुष्टुव्) क्रमात् परतरं ब्रह्मस्वरूपं विवर्ण्य तच्चरणशरणग्रहणमेवाऽऽत्मोद्धारहेतु रितिकथनम् ।

षोडशः— (वसन्ततिलका) स्वं मनोवशीकृत्याऽऽत्मानं परमात्मनि प्रविलाप्य साधकस्तत्त्वंवोपरमेदितिनिरूपणम् ।

सप्तदशः— (विभिन्नच्छन्दांसि) स्वान्तः स्थितं ब्रह्माऽपि किमिति न दृश्यते चेति प्रश्ने विषयाऽऽकृष्टत्वान्मायामोहाऽऽवरणेनैव तत्तिरोधानम् । तज्ज्ञानात्तन्निवारणमेव तस्याऽवाप्तिरित्युपदेशनम् ।

अष्टादशः— (उपजातिः) मैथुनान्तादिषु विषयेषु यदानन्दोऽनुभूयते तदपि ब्रह्मशक्त्यैवेति कथनपूर्वकमिमां ब्रह्मविद्यातमविद्यांचावधारयेतिकथनम् ।

ऊनविंशः— (अनुष्टुव्) देव्या अदित्या रूपकेण मायाब्रह्मणोः स्वरूपनिदर्शनम् । तज्ज्ञानेनैव विश्वचक्रं निवर्तते चेत्युपदेशनम् ।

विंशः— (वसन्ततिलका) आब्रह्मकीटपर्यन्तानां जीववृन्दानां हृद्गुहास्वगुंष्ठपरिमाणेनाऽवस्थितं परमात्मानं विज्ञाय जिज्ञासोर्मोक्षलाभः । इदमेव ब्रह्मतत्त्वरहस्यञ्चेति कथनम् ।

एकविंशः— (अनुष्टुव्) देहिनां हृदयप्रासादस्थितोऽयं परमात्मा सर्वैरुपास्यः । तं ज्ञात्वैव साधको जीवन्मुक्तो भवतीति निरूप्य तद्दययैव विश्वमिदं क्रियाशीलं दरीदृश्यते चेति तदुपदेशः ।

द्वाविंशः— (उपजातिः) ब्रह्मैव प्राणिमात्राणां जीवनकारणम् । प्राणाऽपानौ च तदाप्तजीवनौ । काऽन्येषां कथा ? देहे मृते जीवोयं स्वसंस्कारवासनाऽनुरूपं शरीरं प्राप्नोति । तत्रापि तदेव निदानम् । तदेकमेव महत्तत्त्वम् । तदेव प्राप्तव्यञ्चेत्युपदेशदानम् ।

त्रयोविंशः— (भुजङ्गप्रयातम्) तदेकं परं ब्रह्माऽऽत्मानं विनोदयिष्यदात्मनः नानात्वमापाद्य जीवसंघान् विनर्तयति । स्वयं प्रकाश्यमिदं नान्यतः प्रकाशं कामयते । तद् स्वयं प्रकाशयितुं शक्नोतीति निदर्शनम् ।

चतुर्विंशः— (अनुष्टुव्) ब्रह्मशरीरमेवाऽश्वत्थवृक्षः । तच्छाखासु चाऽऽविधिकीटपर्यन्ता जीवा अवलम्बिताः । तत एव सर्वं प्रकटीभूतं विराजते । तदेव ज्ञात्वा मर्त्योऽमृतो भवतीति कथनम् ।

पञ्चविंशः— (भुजंगप्रयातम्) स्वप्नलोकादारभ्य विभिन्नलोकानां चाऽनित्यत्त्ववर्णनपूर्वकं छायाबहुलोऽय जीववर्गो ब्रह्मैव प्रकाशबहुलम् । तदेव ज्ञातव्यमित्युपदेशः ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

षड्विंशः–
(उपजातिः)
ब्रह्मण एव रसादीनां विषयाणां सृष्टिसंकथनम् । तद्वदत्राऽपि विविच्याऽऽत्मानं तेभ्यः पृथक् कारयित्वा प्रमथ्य दुग्धादेर्घृतमिव तत्संस्थं ब्रह्मैव प्राप्तव्यमिति निरूपणम् ।

सप्तविंश–
(शालिनी)
योगेनैवेदं ब्रह्म प्राप्तव्यं नान्यैरुपायैः सुखलभ्यमिति तन्निर्देशनम् ।

अष्टाविंशः–
(वसन्ततिलका)
सुदुर्लभं मनुष्यशरीरं लब्ध्वा विषोपमेषु विषयभोगेषु प्रलुब्धोऽयं मनुष्यवर्गं आत्मोपघातायैव सन्नद्ध इति कथनपूर्वकं तद्ब्रह्मप्राप्त्युपायं निर्दिश्य सत्कर्मणा स्वात्मनाऽऽत्मन्येव तदात्मतत्त्वं ब्रह्म विजानीयादिति भगवता यमेन तदुपदेशदानम् ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

द० ६३८५
बा० वि० पुस्तकालय:
वे० भाग
मू० १०/-

नाचिकेतसम्

सभारतभाषम्, दार्शनिकं महाकाव्यम्

प्रथमः सर्गः

ॐ सह नाववतु । सह नौ भुनक्तु । सह वीर्यं करवावहै ।
तेजस्वि नावधीतमस्तु । मा विद्विषावहै ॥

ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥

विभवे मृत्यवे तस्मै नमोऽस्तु नचिकेतसे ।
याभ्यां प्रादुरभूत् सेयं ब्रह्मविद्या परात्मगा ॥

सर्वविध सामर्थ्यवान् धर्मराज तथा उस ब्रह्मतत्त्व जिज्ञासु नचिकेता के लिए नमस्कार है जिससे परब्रह्म-परायण इस ब्रह्मविद्या का प्रादुर्भाव हुआ ।

—:○:—

यज्ञैरुपास्य उरुशक्तियुतैः सुधीभि-
र्यज्ञस्वरूप ऋषिभिर्बहुधाऽऽत्मदृष्टः ।
यज्ञः सदा विजयते परतत्त्वसंज्ञः
सानन्द एकरससत्यचिदात्मकोऽन्ते ॥ १ ॥

महाशक्तिशाली वेदवेत्ता विद्वान् जिनकी विविध प्रकार के यज्ञों द्वारा उपासना करते हैं, विपुल शक्ति वाले मन्त्रद्रष्टा ऋषियों ने जिनका बहुत बार अपनी आत्मा में यज्ञरूप में साक्षात्कार किया है तथा जो शास्त्र और लोक में परमतत्त्व के रूप में प्रसिद्ध हैं एवं प्रलय-काल में आनन्दयुक्त एकरस, सत्य, चैतन्यमय-स्वरूप होकर रहने वाले वह भगवान् यज्ञ सदा सर्वश्रेष्ठ हैं ॥ १ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

विद्या च सा विजयते परमात्मशक्ति
या निर्दिशत्यतुलमार्गगता रता च।
यां प्राप्तुमित्थमृषयो विबुधा बुधाश्च
निष्कामकाम्यविधिभिः प्रथमं यतन्ते ॥ २ ॥

परा-विद्या भी सर्वश्रेष्ठ है जो अनुपम मुक्तिमार्ग का अनुसरण करती हुई उसी में एकाकार होकर परमात्मा के स्वरूप का निर्देश करती है, जिसको प्राप्त करने के लिए ऋषिगण, देवता तथा विद्वज्जन सर्वप्रथम सकाम और निष्काम कर्मों का अवलम्वन करते हैं ॥ २ ॥

तत्कर्म सत्यरतमव्ययमात्मनीनं
श्रेयोमयं विजयतेऽत्र सतामृषीणाम्।
आदर्शमात्रमखिलं य इदं श्रयन्ते
तां प्राप्य तेऽन्तकनिभांश्च पराजयन्ते ॥ ३ ॥

विद्यामूर्ति ऋषियों का सत्यनिष्ठ, अविनाशी, सर्वहित श्रेयोरूप वह कर्म भी इस जगत् में सर्वश्रेष्ठ है। आदर्शरूप उस कर्म का जो पूर्णरूप से सुसेवन करते हैं, वे पर-तत्त्वरूप परमात्मा का उस विद्यारूप ज्ञान को प्राप्त कर महाकाल (यमराज) जैसों को भी परास्त कर देते हैं ॥ ३ ॥

तेषां सुजीवनमिदं श्रुतिसारभूतं
माश्रित्य चैकतरमव्ययकाठकोत्थम्।
कृष्णप्रसादघिमिरेद्विज-काश्यपोऽहं
काव्यं तनोमि परतत्वगतार्थदृष्ट्या ॥ ४ ॥

उन महात्माओं के सुन्दर जीवन-चरित का, जो श्रुति (वेद) का सारभूत है और अविनश्वर काठकोपनिषद् से आविर्भूत है, अवलम्वन कर मैं काश्यपगोत्री कृष्ण-प्रसाद धिमिरे नामक ब्राह्मण ब्रह्मतत्त्व को प्रकट करने की अभिलाषा से काव्य की रचना करता हूँ ॥ ४ ॥

नैपालिकोऽहमिह सन्नत उच्चतत्त्व—
तद्ब्रह्मकृष्णचरितामृतकाव्यकर्ता।
विज्ञापये भवत ईश्वरदर्शनस्थान्
वेदान्तिनश्च रसपाननिमित्तमत्र ॥ ५ ॥

नैपाल-देश निवासी मैं यहाँ सत्पुरुषों के प्रति प्रणत हूँ। मैं परमतत्त्व परमब्रह्म-स्वरूप भगवान् श्रीकृष्ण के चरितों से सम्बद्ध श्री कृष्णचरितामृत नामक महाकाव्य का

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

रचयिता हूँ। भगवान् श्री विश्वनाथजी के दर्शनों के लिए प्रयत्नशील आप लोगों से तथा वेदान्तियों से इस (नाचिकेतस महाकाव्य) के रसपान के लिए प्रार्थना करता हूँ ॥ ५ ॥

तद्ब्रह्म चाव्ययमनन्तमतर्क्यमेकं
यद्दुर्गमं दुरभिलक्ष्यमुशन्ति विज्ञाः।
तच्चाऽत्र यन्मननतत्त्वविदां मनःसु
सम्यक् स्फुरेदिति विभाव्य तदुद्यतोऽहम् ॥ ६ ॥

वह ब्रह्म अव्यय, अनन्त, तर्कों का अविषय और अद्वितीय है जिसे विद्वज्जन दुष्प्राप्य एवं वाणी और मनका भी अगोचर कहते हैं। वह दुष्प्राप्य ब्रह्म भी जिसके मनन का तत्त्व जानने वालों के मन में भली-भाँति चमक उठे, ऐसा विचार कर मैंने इस काव्य रचना में यह उद्योग किया है ॥ ६ ॥

सत्याश्रयः सततशुद्धमना मनस्वी
सम्प्राप्त आत्मसुखमीशरतस्तपस्वी।
आसीत् पुरा परमतत्त्वविदामुपास्य
उद्दालको मुनिवरो विधिकल्प एकः ॥ ७ ॥

प्राचीन काल में सत्यवादी, सदा विशुद्ध-हृदय, महामना, आत्मानन्द को प्राप्त, भगवत्परायण, महान् तपस्वी उद्दालक नाम के एक मुनिश्रेष्ठ थे। परमतत्त्व के विज्ञाता महात्मा भी उनकी सेवा में तत्पर रहते थे ॥ ७ ॥

वाजःश्रवःसुतममुं प्रथितप्रभावं
तद्गौतमारुणमहर्षिकुलप्रदीपम्।
आश्रित्य चान्नधनदानकुवेरकल्पं
सन्ति स्म निर्भयमिता मुनयस्तदानीम् ॥ ८ ॥

वह वाजश्रवा के पुत्र गौतमारुण महर्षि के कुलदीपक थे। उनका प्रभाव चारों ओर फैला हुआ था। वे अन्न और धन दान करने में कुवेर के तुल्य थे। आश्रम के तदानीन्तन सब मुनिजन उनकी छत्र-छाया में अन्न और वस्त्र की चिन्ता से रहित हो निर्भय निवास करते थे ॥ ८ ॥

सर्वर्तुपुष्पफलदैस्तरुभिर्वृतेषु
रम्येषु शान्तिसुखदेषु सरित्तटेषु।
आसीत्तदाश्रम ऋषीश्वरसिद्धवर्यैः
संशोभमान उरुशक्तियुतैश्च सिद्धैः ॥ ९ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

उनका आश्रम सभी ऋतुओं में पुष्प और फल देने वाले वृक्षों से परिवेषित, अत्यन्त रमणीय एवं शान्ति और आनन्द देनेवाले नदी तट पर वसा था। वह ऋषीश्वर तथा सिद्ध प्रवरों एवं प्रचुर शक्तिशाली सिद्धों से सदा सुशोभित रहता था ॥ ९ ॥

यः सेव्यते स्म रमणीयतरो धरायां
शिष्यैस्तथामुनिगणैर्विबुधैर्बुधैश्च ।
हिंस्राः खलाश्च बहुधोग्रतरं स्वभावं
हित्वा स्म निर्गतभया विचरन्ति यत्र ॥१०॥

वह आश्रम पृथ्वी में अत्यन्त रमणीय था, उसमें मुनिगण, देववृन्द, विद्वज्जन और शिष्य संसारी लोग भी निवास करते थे। वहाँ जंगली हिंसक जन्तु तथा दुर्जन अपना उग्र स्वभाव त्याग, निर्भय होकर प्रायः इधर-उधर घूमते रहते थे ॥ १० ॥

आश्रित्य यं मुनिवरं सुरवृक्षकल्पं
देवास्तथा मुनिगणास्त इमेऽस्य शिष्याः ।
संप्रापुरीप्सिततमं निगमाऽऽगमस्थं
ब्रह्मात्मरूपमपि यद्गुरुतामवाप्य ॥११॥

कल्पवृक्ष तुल्य जिन उद्दालक मुनिवर की पुण्य संनिधि का आश्रय लेकर देवता, मुनिवृन्द तथा उनके निष्णात शिष्य जहाँ भोजनाच्छादनादि-रूप अभिलषित वस्तुयें प्राप्त करते थे वहीं उनको अपना गुरु बनाकर वेद शास्त्रों में निगूढ़ रूप से स्थित ब्रह्मात्मज्ञान भी प्राप्त करते थे ॥ ११ ॥

तत्रैकदा स मुनिराड् वृत आत्मनीनैः
शिष्यैर्युतो मुनिजनैर्निगमागमज्ञैः ।
ईजे परेशमिह विश्वजिता मखेन
सर्वस्वदक्षिणमयेन च कामदेन ॥१२॥

उस आश्रम में एक समय उन मुनिश्रेष्ठ उद्दालक ने अपना कल्याण चाहने वाले अपने शिष्यों तथा वेदशास्त्रों के मर्मज्ञ मुनियों के साथ स्वर्गसाधन विश्वजित् नामक यज्ञ से, जिसमें सर्वस्व दक्षिणा देने का विधान है, भगवान् परमेश्वर का यजन (पूजन) किया ॥ १२ ॥

तस्मिन्नुदारमनसा मुनिनाऽप्यनेन
शिष्यैःप्रदत्तमतुलं गुरुदक्षिणासु ।
सच्छ्द्धयोपहृतमर्थपदाऽभिधेयं
दत्तं विभज्य बहुधर्षिगणेभ्य एव ॥१३॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

उस याग में इन महामना उद्दालक मुनि ने शिष्यों द्वारा गुरु दक्षिणा के रूप में जो अतुल धनराशि दी थी वह सब धनराशि तथा अन्न विभाग करके बड़ी श्रद्धा के साथ ऋषियों को ही भेंट कर दिया ।। १३ ।।

सर्वस्वमित्यं प्रतिपाद्य तेभ्यो
वाजःश्रवा निर्मलतामवाप्य ।
सुशोभितोऽभूच्छरदो विलासे
मेघो यथा त्यक्तगृहीततोयः ।।१४।।

इस प्रकार ऋषियों को अपना सर्वस्व समर्पण कर वाजश्रवा (उद्दालक मुनि) अत्यन्त निर्मल होकर ऐसे शोभित हुए जैसे शरद् ऋतु के शुरू होने पर पहले गृहीत जल का त्याग कर मेघ सुशोभित होता है ।। १४ ।।

कृष्णप्रसादरचिते कठोपनिषदात्मके ।
ब्रह्मविद्यापरे काव्ये सर्गोऽयं प्रथमो गतः ।।१५।।

कृष्णप्रसाद घिमिरे विरचित कठोपनिषदात्मक ब्रह्मविद्यापरक काव्य में यह प्रथम सर्ग समाप्त हुआ ।। १५ ।।

ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

द्वितीय सर्गः

तत्पुत्रोऽप्रतिमो लोके नचिकेता इति श्रुतः ।
आसीद्बालोऽपि बृद्धानां मूर्धन्यः शान्तिदः सताम् ॥ १ ॥

उन्हीं मुनिराज उद्दालक का संसार भर में सुप्रसिद्ध नचिकेता नाम का एक अनुपम पुत्र था। वह बालक होने पर भी सज्जनों को शान्ति प्रदान करने वाला एवं बड़े ज्ञानवृद्ध तथा वयोवृद्धों का सिरमौर था ॥ १ ॥

निर्भयो निःस्पृहो वाग्मी पूजितो विबुधैर्बुधैः ।
सदा सत्यरतो ज्ञानी ब्रह्मोपासनतत्परः ॥ २ ॥

भय का उसमें स्पर्श तक न था, किसी वस्तु की चाह भी उसके मन में नहीं थी। वह बड़ा वाग्मी, सदा सत्य बोलने वाला तथा ज्ञानी था एवं ब्रह्मोपासना में सर्वदा निरत रहता था, इसलिए विद्वान् तथा देवता तक उसका संमान करते थे ॥ २ ॥

आत्मा वै पुत्रनामाऽस्ति वितर्क्येत्थं महामुनिः ।
न ददौ तं तु विप्राय स्वयज्ञे दक्षिणासु यत् ॥ ३ ॥

पुत्र तो आत्मा ही है, वह अपनी आत्मा से अतिरिक्त नहीं है, इसलिए उसे दक्षिणारूप में क्यों दूँ ? यह विचार कर महामुनि उद्दालक ने सर्वस्व दक्षिणा वाले विश्वजित् यज्ञ में उसे दक्षिणारूप में ब्राह्मण को अर्पण नहीं किया ॥ ३ ॥

तन्निभालयमानोऽसौ नचिकेताः प्रतिक्षणम् ।
अन्तर्हृदि समुद्विग्नश्चिन्तयामास सार्थकम् ॥ ४ ॥

यह सब देखते हुए उस नचिकेता को मन में वड़ी घबराहट हुई। इसी विषय को वह प्रतिक्षण सोचने लगा। उसका वह सोचना सप्रयोजन था निष्प्रयोजन नहीं ॥ ४ ॥

तदेतद्विश्वजिद्यज्ञे सर्वस्वं ददता सता ।
मत्पित्राऽप्यकृतं किञ्चित् प्रतिभात्यहमस्मि यत् ॥ ५ ॥

इस विश्वजित् यज्ञ में सर्वस्व का प्रदान करते हुए मेरे पिता द्वारा कुछ चूक हो गई है, ऐसा मुझे प्रतीत होता है, क्योंकि मेरा प्रदान शेष जो रह गया है ॥ ५ ॥

विश्वतोऽप्यधिकं वस्तु सोऽहमस्मि पितुः प्रियः ।
प्रेष्ठे मय्यवशिष्टेऽस्मिञ्छ्रेयः प्रेयश्च किं भवेत् ॥ ६ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

देने से शेष रह गया मैं पिता जी का अत्यन्त प्रिय हूँ, इसलिए में उनके लिए संसार के सब पदार्थों से अधिक श्रेष्ठ वस्तु हूँ। इस मुझ अत्यन्त प्रिय वस्तु के शेष रहने पर अर्थात् दक्षिणारूप में ब्राह्मणसात् न किये जाने पर मेरे पिता को इस यज्ञ से न प्रेय (सांसारिक सुख-भोग) ही प्राप्त होगा और न श्रेय (आत्यन्तिक कल्याण) मोक्ष ही प्राप्त होगा ॥ ६ ॥

ममत्वाऽऽक्रान्तसद्भावो मत्पिताऽहंवृतोऽन्वहम् ।
तद्ब्रह्म सच्चिदानन्दं कथं प्राप्नोत्यसाम्प्रतम् ॥ ७ ॥

(मैं देख रहा हूँ कि) मेरे पिता जी प्रतिदिन अहन्ता से आवृत हो रहे हैं, (इसलिए उनका सद्भाव (ब्रह्म-प्राप्तिरूप सदविचार) अहन्ता और ममता से दब गया है। (ऐसी स्थिति में) वे उस सच्चिदानन्द ब्रह्म को कैसे प्राप्त कर सकेंगे ? ओह यह अनुचित हुआ ॥ ७ ॥

विशुद्धममृतं तद्धि निष्किञ्चनमथाऽव्ययम् ।
संप्राप्तुं तादृशं भाव्यं यत्नेनाऽत्र बुभूषुणा ॥ ८ ॥

वह ब्रह्म विशुद्ध, अमृत, निष्किञ्चन एवं अविनाशी है। उस सत्यं शिवं सुन्दरं तत्त्व को प्राप्त करने के लिए वैसी ही निर्मल, निष्कलङ्क एवं शोभन प्रयत्न होना चाहिये ॥ ८ ॥

वृद्धाः प्रजननाशक्ताः क्षीणदुग्धरसामृताः ।
दक्षिणाप्ता इमा गावो विप्रैर्नीयन्त आश्रमम् ॥ ९ ॥

बूढ़ी, बछड़े उत्पन्न करने में असमर्थ एवं जिनका दुग्धरूपी अमृत क्षीण हो चुका है ऐसी दक्षिणारूप में प्राप्त ये गौएँ ब्राह्मणों द्वारा अपने-अपने आश्रमों को ले जाई जा रही हैं ॥ ९ ॥

दत्तं बहुविधञ्चैतद्वस्तुजातमपि ध्रुवम् ।
असमर्थमिवाऽऽभाति शान्तिदानार्थमन्ततः ॥१०॥

विविध प्रकार की दी गई यह दान-सामग्री भी निश्चय ही परिणाम में दाता को शान्ति प्रदान करने में असमर्थ-सी प्रतीत हो रही है ॥ १० ॥

शिथिलाङ्ग्य इमा गावो नश्वरा विषयाश्च ते ।
कथं हितं प्रकुर्वीरंस्तेभ्यो दत्ता अपि स्वतः ॥११॥

जीर्ण-शीर्ण अंगवाली ये गौएँ और नश्वर ये विषय, जो उन्हें ब्राह्मणों को स्वतः दिये गये हैं, उनका और पिता जी का हित कैसे करेंगे ॥ ११ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

दत्त्वा चैतादृशं वस्तु दाता नाप्नोति तत्सुखम् ।
न वा प्रतिग्रहीतारः प्राप्नुवन्ति च तद्धितम् ॥१२॥

ऐसी निकम्मी वस्तु प्रदान कर न तो दाता को उनके दान का फल सुख प्राप्त होता है और न प्रतिग्रह लेने वालों को दान का हितकारी फल प्राप्त होता है ॥ १२ ॥

लोकाः सन्ति गतानन्दा भौतिका इति नः श्रुतम् ।
त एव गतयस्तेषां भविष्यन्ति भविष्यति ॥१३॥

पाञ्चभौतिक (स्वर्ग आदि लोक) ब्रह्मानन्द विहीन हैं, ऐसा हमने सुना है। निकम्मी वस्तुओं के दाता तथा प्रतिग्रहीता लोगों के वे ही निरानन्द लोकगति (गमन स्थान) होंगे ॥ १३ ॥

वस्तु पङ्कमलाच्छन्नं वस्तुभिस्तत्पुरस्कृतैः ।
न शुद्धयति यथा तद्वद् यत्नोऽभूद्धाऽत्र दुःखदः ॥१४॥

जैसे पापरूपी मल से आवृत वस्तु पापरूपी मल से युक्त वस्तुओं से शुद्ध नहीं होती है अथवा जैसे कीचड़ से सनी वस्तु (वस्त्रादि) कीचड़ युक्त जलादि पदार्थों से साफ नहीं होती है, उसी प्रकार मेरे पिताजी का यह कर्मयोगरूपी प्रयत्न भी दुखदायी ही हुआ, यह बड़ खेद की वात है ॥ १४ ॥

मत्पितुः कर्मयोगोऽयं नामरूपात्मके भवे ।
नाप्नोति ज्ञानयोगस्य हन्त ! सीमानमप्यृ तम् ॥१५॥

सचमुच, नामरूपात्मक संसार में मेरे पिता जी का यह कर्म योग (विश्वजित् याग), खेद है, ज्ञानयोग की एक नोक भी प्राप्त नहीं कर सकता ॥ १५ ॥

तस्मात् तदेव सद्वस्तु प्राप्तव्यं पुरुषैरिह ।
यतिष्येऽहमिहाऽव्यग्रो लब्धुं तज्ज्ञातुमञ्जसा ॥ १६ ॥

इसलिए इस संसार में वही सच्चिदानन्द ब्रह्मरूप वस्तु ही पुरुषों को प्राप्त करनी चाहिये। मैं व्यग्रता रहित (अटल) होकर उसे अनायास सरलता से जानने और पाने के लिए अपने जीवन में प्रयत्न करूंगा ॥ १६ ॥

इत्यालोच्य गतो बालो विनयात् पितुरन्तिकम् ।
ततोऽवदन्नमस्यंस्तं सारभूतमिदं वचः ॥ १७ ॥

यह विचार कर बालक नचिकेता वड़े विनय के साथ अपने पिता के समीप गया। उन्हें प्रणाम करते हुए उसने सारभूत यह वचन उनसे कहा ॥ १७ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

ब्रूहि मां तात ! कस्मै त्वं दास्यसीह गतैषणः ।
ऋत्विजे वा सदस्याय याम्यहं दक्षिणात्तु यत् ॥१८॥

पूज्य पिताजी ! कृपया बताइये, तीनों प्रकार की एषणाओं—पुत्रैषणा, वित्तैषणा तथा लोकैषणा—से रहित आप इस यज्ञ में मुझे दक्षिणारूप में किसके लिए प्रदान करेंगे ऋत्विक् के लिए या सदस्य के लिए जिसके निकट मैं जाऊं ? ॥ १८ ॥

प्रियं प्राणसमं पुत्रं कथयन्तमिदं हितम् ।
अश्रृण्वन्निव तद्वाक्यमुपेक्ष्यैव स्थितो मुनिः ॥ १९ ॥

प्राणों के तुल्य प्रिय पुत्र को, जो यह हित वचन कह रहा था, अनसुना सा कर उसके वाक्य की उपेक्षा करके ही मुनि चुपचाप बैठे रहे ॥ १९ ॥

द्वित्रवारं गुरुप्रेम्णा मां कस्मै दास्यसीति यत् ।
व्याजहार सुतः सोऽयं क्रुद्धोऽभूज्जनकस्ततः ॥ २० ॥

पिता के प्रति अतिशय प्रेम से दो बार, तीन बार आप मुझे किसके लिए प्रदान करेंगे, ऐसा जो पुत्र ने कहा उससे पिता को क्रोध आ गया ॥ २० ॥

स्वभावो नैष बालस्य धाष्टर्यमस्येदमद्भुतम् ।
वाक्यं विचिन्तयंश्चैतद्वाग्वज्रं विससर्ज सः ॥ २१ ॥

यह बालक का स्वभाव नहीं है, इसका यह कथन अपूर्व धृष्टता है, ऐसा सोचते हुए मुनि ने वाणीरूपी वज्र पुत्र के ऊपर छोड़ ही दिया ॥ २१ ॥

मूलाधारस्थितां वाचं परां क्रोधमयीं सृजन् ।
"मृत्यवे त्वां ददामीति" स्वपुत्रं तं ततोऽब्रवीत् ॥ २२ ॥

मूलाधार में स्थित क्रोधमयी परा वाणी की सृष्टि करते हुए उन्होंने तदनन्तर "तुम्हें मैं मृत्यु (काल) के लिए देता हूँ" ऐसा अपने पुत्र नचिकेता से कहा ॥ २२ ॥

गुरोस्तद्वचनं श्रुत्वा नचिकेतास्त्वसंभ्रमः ।
गूढ़ं विचारयामास विविक्तेऽन्तर्हृदि, स्वयम् ॥ २३ ॥

पिता के उस वचन को सुनकर नचिकेता को किसी प्रकार की घबराहट नहीं हुई । उसने एकान्त में अपने पूत-हृदय में गहरा विचार किया ॥ २३ ॥

बहुषूत्तमशिष्येषु शिष्टाचारैर्गुरुप्रियः ।
उत्तमश्चास्म्यहं तद्वन्मध्यमेष्वस्मि मध्यमः ॥ २४ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

बहुत से उत्तम शिष्यों में अपने शिष्टाचार से मैं गुरु (पिताजी) का प्रिय और उत्तम हूँ और वैसे ही मध्यम शिष्यों में सदाचरण से मैं मध्यम हूँ। [समझ में नहीं आता गुरु जी मुझ पर क्रुद्ध क्यों हो गये ?] ॥ २४ ॥

ज्ञात्वाऽभिप्रायमेतेषामुपयुक्तं करोम्यहम् ।
प्राप्ताऽदेशानि कार्याणि सम्यक् साध्नोमि कार्यतः ॥ २५ ॥

इनका अभिप्राय जानकर इस विषय में जो उचित हो उसे कहता हूँ। गुरु जी द्वारा जिन कार्यों का आदेश मिल चुका है, उन्हें कार्यतः भली-भाँति सिद्ध करना मेरा कर्तव्य है ॥ २५ ॥

कदाचिदपि मान्यानां गर्ह्यः खेदकरस्त्वहम् ।
नाऽभूवं धर्मतः सोऽहं कथं स्यामधमस्त्विह ॥ २६ ॥

धर्मानुसार चलने वाला मैं आज तक कभी भी माननीय गुरुजनों का निन्द्य तथा उनके चित्त को दुःखित करनेवाला नहीं हुआ। ऐसा सदाचार शील मैं आज इस अवसर पर अधम (खोटा) कैसे होऊँ ? ॥ २६ ॥

तथाप्येष पिता मे हा ! गतस्नेह इवाऽत्र माम् ।
किमर्थमुक्तवान्छुष्कामीदृशीं वाचमप्यहो ? ॥ २७ ॥

फिर भी, आश्चर्य है ! इन मेरे पिताजी ने स्नेह-विहीन सा होकर यहाँ मुझ से ऐसी रूखी वाणी कैसे कह दी, इसका मुझे दुःख है ॥ २७ ॥

इतो न दृश्यते हेतुर्दत्तेन शिशुना मया ।
किं करिष्यत्यसौ मृत्युर्मां प्राप्याऽपि निरर्थकम् ॥ २८ ॥

इसमें मुझे कोई कारण नहीं दिखाई देता, मृत्यु के लिए समर्पित मुझ बालक से यह मृत्यु क्या करेगा ? निरर्थक मुझे पाकर उसका कोई प्रयोजन सिद्ध नहीं होगा ॥ २८ ॥

यद्वैष मां प्रदायाऽस्मै कमर्थं साधयिष्यति ।
भवेदत्र निदानं किं नाऽहं जाने यथार्थतः ॥ २९ ॥

अथवा ये मेरे पिता जी ही मुझे मृत्यु को अर्पण कर कौन सा प्रयोजन सिद्ध करेंगे। इसमें क्या हेतु है ? यह मैं यथार्थरूप से नहीं जानता ॥ २९ ॥

अथवा मत्पिता क्रोधादुक्तवांस्तदनर्थकम् ।
न ब्रुवन्ति महात्मानोऽनर्हमेवंविधं तु यत् ॥ ३० ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अथवा मेरे पिता जी क्रोध में आकर ही वह अनर्थ कह बैठे हों। यह भी संभव नहीं; क्योंकि महात्मा इस प्रकार का अशोभनीय वचन नहीं कहते हैं ॥ ३० ॥

उक्तं यदिह तत्तेन सूक्तं स्याच्च भविष्यति।
विभूयाद्धेतुमद्भूयः सत्पुत्रैः कार्यमस्य तत् ॥ ३१ ॥

उन्होंने जो अनर्थ वचन यहाँ कहा वह भविष्य में शुभ फलदायक उक्ति हो सकता है, फिर शुभ फल का हेतु भी हो सकता है, अस्तु, सत्पुत्रों को पिता के वचन का पालन करना ही चाहिये ॥ ३१ ॥

अहमत्राऽपि पश्यामि किमेतच्चोक्तवानहम्।
विचार्यैवं पिता मेऽसौ खिन्नोद्विग्नश्च तिष्ठति ॥ ३२ ॥

मैं भी यहाँ पर देखता हूँ, मैंने यह क्या कह डाला यह विचार कर मेरे पिताजी उदास और दुःखी हैं ॥ ३२ ॥

तस्मात्तदन्तिकं गत्वा तं समाश्वासयन्नहम्।
गृह्णाम्यनुमतिं गन्तुं मृत्योः सदनमेव तत् ॥ ३३ ॥

इसलिए उनके निकट जाकर उनको सान्त्वना (दिलासा) देता हुआ मैं उनसे मृत्यु के घर जाने की अनुमति प्राप्त करता हूँ ॥ ३३ ॥

इत्याऽऽलोच्य बुधो बालो नचिकेताः पितुर्मुनेः।
समुपेत्याऽन्तिकं प्राह प्रह्वेण शिरसा पुनः ॥ ३४ ॥

यह विचार कर विद्वान् बालक नचिकेता पिता श्री उद्दालक मुनि के निकट जाकर सिर नवाकर नम्रतापूर्वक फिर बोला ॥ ३४ ॥

पश्यतां भगवन्! स्वानां पूर्वजानां महात्मनाम्।
तत्सदाचरणं येन महात्मानोऽभवंश्च ते ॥ ३५ ॥

भगवन्! आप अपने पूर्वज महात्माओं का वह सदाचरण देखिये, जिससे वे महात्मा हुए ॥ ३५ ॥

सदाचरणशीलानां सदा सत्याऽभिधायिनाम्।
तेषामाधुनिकानाञ्च कर्मैवं सुप्रतिष्ठितम् ॥ ३६ ॥

सदाचरणशील, सदा सत्य बोलने वाले उनका तथा आधुनिक तपस्वियों का कर्म इसी प्रकार लोक में सुसंमानित हुआ ॥ ३६ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

तदुक्तिर्न कदाऽप्याऽऽसीन्मृषा न च भविष्यति।
भविष्यति महत्वस्य महत्वं चैतदेव हि ॥ ३७ ॥

उनकी उक्ति न भूतकाल में कभी असत्य हुई थी और न भविष्य में भी कभी असत्य होगी। महत्ता की यही महिमा है ॥ ३७ ॥

असत्यभाषिणो लोके बहवः सन्त्यसाधवः।
अजरत्वामरत्वे ते नाप्नुवन्ति कदाचन ॥ ३८ ॥

लोक में असत्य बोलने वाले बहुतेरे असाधु हैं। वे अजरत्व और अमरत्व कदापि प्राप्त नहीं कर सकते ॥ ३८ ॥

शष्पव्रीह्यादितुल्यास्ते कालजीर्णाः पुनः पुनः।
म्रियन्ते चाऽत्र जायन्ते लोकचक्रे भ्रमन्ति धिक्! ॥ ३९ ॥

घास-पात, धान-गेहूँ के पौधों की तरह वे वार वार काल से जीर्ण होकर मरते हैं और फिर यहाँ उत्पन्न होते हैं। वे सदा संसारचक्र में घूमते रहते हैं। ऐसा जीवन भी कोई जीवन है? ऐसे जीवन को धिक्कार है ॥ ३९ ॥

अनित्यं जीवनं तात! तदस्मिंस्तैः सदात्मभिः।
असत्याचरणं कर्तुं ह्ययोग्यमिति मे मतिः ॥ ४० ॥

पिताजी, जीवन अनित्य है, इसलिए इस अनित्य जीवन में सत्पुरुषों द्वारा असत्य आचरण करना उचित नहीं है, ऐसा मेरा विश्वास है ॥ ४० ॥

सच्चिदानन्ददं वस्तु बुधैर्न त्याज्यमत्र भोः!
श्रेयःस्यादेव तत्प्राप्तौ ह्यतो विज्ञापयाम्यहम् ॥ ४१ ॥

सच्चिदानन्दरूप परमतत्त्व का प्रदान करनेवाली वस्तु (सत्य) का विद्वानों को इस असार संसार में त्याग नहीं करना चाहिये। उसकी (सत्य की) अवाप्ति यानी आक्रमण होने पर अवश्यमेव श्रेय होगा, इसमें सन्देह नहीं। इसलिए मैं आपके चरणों में निवेदन करता हूँ ॥ ४१ ॥

देहि मह्यमनुज्ञां स्वां गन्तुं मृत्युमुखेऽन्ततः।
त्यज शोकं च दुःखं च सत्यवाग् भव सद्व्रत! ॥ ४२ ॥

पूज्यवर, कृपा कर आप मुझे मृत्यु के मुख में जाने की आज्ञा प्रदान कीजिये। हे सद्व्रत! आप शोक और दु.ख का त्याग कीजिये एवं सत्यवाक् होइये ॥ ४२ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

एतावदुक्त्वा विरराम बालक—
स्तमारुणिं तत्त्वमिदं प्रबोधयन् ।
श्रुत्वा तदेतस्य वचो महद्गतं
विचारयामास मुनिर्धृतव्रतः ॥ ४३ ॥

अरुण-कुल प्रदीप उद्दालक मुनि को यह तत्त्व बोध कराता हुआ बालक नचिकेता इतना कह कर चुप हो गया। उसका वह महत्त्वपूर्ण वचन सुनकर यज्ञ में दीक्षित उद्दालक मुनि विचार में पड़ गये ॥ ४३ ॥

युक्तं समुक्तं शिशुनाऽप्यनेन हा ?
किं निर्गतं मन्मुखरन्ध्रतस्तदा ।
निर्धारयाम्यत्र न कृत्यमेव तद्
दोलायितं मे मन एव सर्वथा ॥ ४४ ॥

बालक होते हुए भी इसने (नचिकेता ने) ठीक ही कहा। हाय, मेरे मुख-रूप छिद्र से उस समय क्या निकल गया ? अब इस विषय में मुझे क्या करना चाहिए यह निश्चय ही नहीं कर पा रहा हूँ। मेरा मन ही सब प्रकार से डांवाडोल हो रहा है ॥ ४४ ॥

इत्थं विचिन्त्य बहु सत्यरतो महात्मा
सत्याऽऽश्रयं स्वसुतमत्र परीक्ष्य सम्यक् ।
भूत्वा सहर्षं उपशान्तहृदेऽथ तस्मै
गन्तुं यमस्य सदनं प्रददावनुज्ञाम् ॥ ४५ ॥

इस प्रकार बहुत सोच-विचार कर सत्य-निष्ठ महात्मा ने सत्यनिरत अपने पुत्र का मृत्यु-मुख में जाने का निश्चय की भली-भाँति परीक्षा कर शान्त हृदय पुत्र को यम के घर जाने की सहर्ष अनुज्ञा दे दी ॥ ४५ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

कृष्णप्रसादरचिते कठोपनिषदात्मके ।
ब्रह्मविद्यापरे काव्येऽगात् सर्गोऽयं द्वितीयकः ॥ ४६ ॥

श्रीकृष्णप्रसाद घिमिरे द्वारा विरचित काठकोपनिषदात्मक ब्रह्मविद्या-परक काव्य में यह दूसरा सर्ग समाप्त हुआ ॥ ४६ ॥

ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

तृतीयः सर्गः

प्रसन्नचेता मुनिराजबालको
यमालयं गन्तुमनास्ततः परम् ।
तपोवनस्थं वटवृक्षमेककं
व्यपश्यदव्यग्रधिया पुरःस्थितम् ॥ १ ॥

पिताजी से आज्ञा पाने के बाद प्रसन्नचित हुए महामुनि उद्दालक ऋषि के पुत्र ने यमराज के सदन यमपुरी में जाने का विचार किया । धीर गंभीर बुद्धि से युक्त उसे अपने पिताजी के ही आश्रम में सामने स्थित एक वट का वृक्ष दिखाई दिया ॥ १ ॥

अयं प्रदेशोऽखिलसिद्धिकारको
संदृश्यते यन्मुनयो ब्रुवन्ति च ।
साध्नोमि कार्यं तदधःस्थितः क्षणाद्
विचार्य चेत्थं स ययौ तदन्तिकम् ॥ २ ॥

यह स्थान मुझे सम्पूर्ण सिद्धियाँ प्रदान करनेवाला प्रतीत होता है एवं मुनिजन भी ऐसा ही कहते हैं, अतः इस वट वृक्ष के नीचे बैठकर मैं क्षणभर में कार्य सिद्ध करता हूँ, ऐसा विचार कर वह उस वृक्ष के निकट गया ॥ २ ॥

तमूर्ध्वमूलं श्रुतिपर्णपूरितं
स्वस्मादधःशाखमतुल्यमद्भुतम् ।
गीतोक्तमश्वत्थमिवाऽव्ययं हितं
विभाव्य तन्मूलमधिष्ठितः शिशुः ॥ ३ ॥

उसकी जड़ें ऊपर को थीं, वह श्रुतिरूपी पत्तों से हरा भरा था एवं उसका शाखाएँ उससे नीचे की ओर फैली हुई थीं । उसे अनुपम और अपूर्व एवं भगवद्गीतोक्त अश्वत्थ के समान अविनाशी तथा हित मानकर बालक नचिकेता उसके तले बैठ गया ॥ ३ ॥

ततस्त्वसाविन्द्रियवर्गमात्मनो
नियम्य सम्यक् स्थिरवृत्तिमाश्रयन् ।
आत्मानमात्मन्यवरुद्धच यत्नतोऽ—
भवत् स्वयं स्थाणुरिवाऽचलोपमः ॥ ४ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

तदनन्तर उसने अपनी इन्द्रियों को भली-भाँति नियन्त्रित कर यानी रूप, रस, गन्ध आदि उनके विषयों से हटाकर अपने वश में कर एकाग्र वृत्ति का अवलम्बन करते हुए अपने मन प्रयत्नपूर्वक परमात्मा में स्थिर कर दिया और वह स्वयं स्थाणु (ठूंठ) के समान निश्चल हो गया ॥ ४ ॥

सिद्धस्वरूपं गतवानपि प्रभु—
स्तद्योगशक्त्यर्पितदिव्यशक्तिकः ।
मनः समालम्ब्य ततो यमालयं
विभावयामास हृदि स्वयंप्रभम् ॥ ५ ॥

सिद्धस्वरूप को प्राप्त हुए सामर्थ्यशाली नचिकेता ने, जिसमें उस योगशक्ति ने दिव्य शक्ति अर्पित कर दी थी, तदनन्तर मन का अवलम्बन कर स्वयं भासमान यम-लोक का हृदय में प्रत्यक्ष दर्शन किया ॥ ५ ॥

अतो विचित्रं समभावि तत्क्षणाद्
यमालयद्वारमियाय बालकः ।
निवृत्तसर्वेन्द्रियवृत्तिरात्मनो
व्यपश्यदात्मानमिहाऽऽगतं स्थितम् ॥ ६ ॥

उसके पश्चात् बड़ी आश्चर्यजनक घटना घटी, वह यह कि बालक नचिकेता तत्क्षण यमराज के भवन के दरवाजे पर जा पहुँचा । उसकी सब इन्द्रियों की वृत्तियाँ निवृत्त हो चुकी थीं । उसने अपने शरीर को यमराज-भवन के द्वार पर पहुंचा और बैठा हुआ देखा ॥ ६ ॥

भूमेरधःस्यात्तदुपर्य्यपां स्थितं
यदन्तरालेषु विराजितं महत् ।
विश्रूयते तद्गृहमस्य सद्गते—
र्यमस्य चाऽऽसीत् प्रियभृत्यसेवितम् ॥ ७ ॥

भूमि के नीचे और जल के ऊपर स्थित भूमि और जल के मध्य में विराजमान बड़ा विशाल यमराज का वह भवन प्रसिद्ध है । स्वामिभक्त प्रिय सेवक उसके चारों ओर विविध कार्यों में तैनात थे ॥ ७ ॥

दृष्ट्वैव तं बालकमद्भुतस्थितिं
स्फुरन्महाकान्तिमिवाऽग्निमुज्ज्वलम् ।
तद्वारपाला भयभीतचेतसः
पत्ये तदाख्यापयितुं ययुर्द्रुतम् ॥ ८ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अद्भुत अवस्थावाले, जिसकी महाप्रभा चारों ओर छिटक रही थी, अग्नि के समान उज्ज्वल उस बालक को देखते उसके द्वारपाल घबराये हुए-से उसके आवागमन-को स्वामी तक पहुँचाने के लिए झट-पट भागे ॥ ८ ॥

रिक्तं विलोक्याऽस्य सुखासनं तदा
तत्र स्थितां सूर्यसुतस्य गेहिनीम् ।
विज्ञापयामासुरमी यथातथं
तस्यै तमभ्यागतमागतं गृहे ॥ ९ ॥

स्वामी का सिंहासन रिक्त देखकर उन्होंने वहाँ पर स्थित यमराज की गृहिणी को घर में आये हुए उस अतिथि के आगमन की यथार्थरूप से खबर दी ॥ ९ ॥

श्रुत्वैव सा व्यग्रधिया स्खलद्गति-
श्चलत्कचा कृत्यपरायणा सती ।
पाद्याऽर्घ्यमादाय वटोः प्रपूजने
समागता द्वारममुं व्यलोकयत् ॥ १० ॥

अतिथि के आगमन की खबर पाते ही घबराई हुई सी वह सिर की चोटी बाँधे विना लड़खड़ाती हुई अतिथि के पूजन-रूप कार्य में तत्पर हो पाद्य, अर्घ्य आदि पूजन-सामग्री लेकर उसकी पूजा के निमित्त दरवाजे पर आई एवं उसके दर्शन किये ॥ १० ॥

सा भक्तिभावेन नताऽस्य पादयो—
र्ननाम यत्तां प्रसमीक्ष्य बालकः ।
त्वं काऽसि देवीत्यभिधाय पूर्ववद्
व्यतिष्ठताऽव्यग्रमना वटूत्तमः ॥११ ॥

पहले उसने भक्ति-भाव से प्रणत होकर अतिथि के चरणों में प्रणाम किया। वालक नचिकेता उसे देखकर देवी ! तुम कौन हो ? यह कहकर विना घबराये हुए पूर्ववत् स्थिरभाव से बैठा रहा ॥ ११ ॥

ततस्त्वसावाह वटो ! धृतव्रत !
जानीहि मां सूर्यसुतस्य गेहिनीम् ।
समागताऽभ्यागतकृत्यकर्मणि
प्रवृद्धतर्षा च विपूजयाम्यहम् ॥ १२ ॥

उसके पश्चात् यमराज की गृहिणी ने उससे कहा हे ब्रह्मचारीजी, हे वटुवर ! मुझे आप यमराज की गृहिणी जानें। अतिथि का पूजन करने की मेरी प्रबल अभिलाषा है। मैं वटुवर ! आपकी पूजा करना चाहती हूँ ॥ १२ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

गृहाण पाद्यं श्रमनाशनं हितं
चार्घ्यं तदेतद्भवताच्च शान्तये।
अमूम धन्या वयमद्य यद्वटो !
समागतस्त्वं गृहमेधिनां गृहे ॥ १३ ॥

हे वटुश्रेष्ठ ! मार्ग-श्रम दूर करनेवाला यह पाद्य (पादप्रक्षालनार्थ जल) ग्रहण कीजिये। यह पूजा-सामग्री आपके आराम (सुख) के लिए हो। आज हम धन्य हो गये, क्योंकि आप हम गृहस्थों के घर पधारे हैं ॥ १३ ॥

स्वीकृत्य शान्तं सकलं गृहान्तरं
वस्तुं च सानन्दमुपैहि सद्व्रत!।
तद्ब्रह्मलोकं विगतोऽस्ति मत्पति!
कार्यातिपातात्तत एष्यति द्रुतम् ॥ १४ ॥

हे ब्रह्मचारीजी ! आप इन सारी पूजा-सामग्री को स्वीकार कर घर के अन्दर आनन्दपूर्वक निवास के लिए चलिये। मेरे पतिदेव आवश्यक कार्यवश ब्रह्मलोक गये हुए हैं। वहाँ से वे शीघ्र ही लौटेंगे ॥ १४ ॥

निवेद्य तस्मै स्वगृहस्थितिं शुभां
तत्राऽप्यभावं स्वधवस्य दुःखदम्।
यदैव तं पूजयितुं प्रचक्रमे
तदैव सेयं वटुना निवारिता ॥ १५ ॥

अपने घर की सुन्दर व्यवस्था एवं उसमें अपने पति का क्लेशप्रद अभाव का निवेदन कर ज्यों ही वह वटु की पूजा करने के लिए उद्यत हुई तुरन्त वटु ने उसे रोक दिया ॥ १५ ॥

पश्चात् समुक्ता शिशुना यमप्रिया
समागमं यस्य कृते कृतत्वरः।
स एव नास्त्यत्र शुभे! तथास्थितौ
न पारयामीह ग्रहीतुमस्य ताम् ॥ १६ ॥

फिर बालक ने यमराज-गृहिणी से कहा—हे भद्रे, जिनके निमित्त मैं इतनी शीघ्रता से यहाँ आया हूँ, वे ही जब घर में नहीं हैं, ऐसी स्थिति में मैं यहाँ उनकी पूजा ग्रहण करने के लिए समर्थ नहीं हूँ ॥ १६ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

प्रयातु तस्माद्भवती स्वकर्मणि
द्वार्य्येव तिष्ठाम्यधुना शुभे ! त्वहम् ।
तावत्प्रतीक्षेऽनशनो धृतव्रतो
नायाति यावद्भगवान् यमो गृहे ॥ १७ ॥

अतः हे भद्रे ! आप जायँ और अपना कार्य करें । मैं इस समय दरवाजे पर ही रहता हूँ । मैं विना भोजन किये अनशन व्रत धारण कर तब तक उनकी प्रतीक्षा करूँगा जब तक भगवान् यमराज घर नहीं आ जाते ॥ १७ ॥

इत्येवमुक्त्वा गृहिणीं यमस्य तां
निमील्य नेत्रे द्विजराजबालकः ।
तस्थौ पुनर्ध्यानपथं समाश्रितो
निश्चित्य कर्तव्यमथाऽर्कजप्रियम् ॥ १८ ॥

द्विजबालक नचिकेता यमराज की गृहिणी से यह कह कर एवं यमराज के प्रिय कर्तव्य का निश्चय कर आँखें मूँद फिर ध्यान मार्ग का अवलम्बन कर बैठा रहा ॥ १८॥

अनश्नतस्तस्य तथाऽत्र तिष्ठतो
गतं क्षपाणां त्रितयं यमालये ।
इतो विलोक्याऽस्य शिशोर्विनिश्चयं
समाकुलाऽभूद् यमराजगेहिनी ॥ १९ ॥

वहाँ यम-सदन में अन्न-जल ग्रहण किये विना उस प्रकार बैठे हुए उसकी तीन रात्रियाँ व्यतीत हो गईं । इधर इस बालक का निश्चय देख कर यमराज-गृहिणी व्याकुल हो उठी ॥ १९ ॥

निशासु चेत्थं तिसृषूद्गतास्वयो
प्राप्ते चतुर्थेऽह्नि भास्करोदये ।
तद्ब्रह्मलोकात् ससुखं समागतं
प्रसन्नवक्त्रं स्वपतिं ददर्श सा ॥ २० ॥

तीन रात्रियों के इस प्रकार विना अन्न-जल ग्रहण किये व्यतीत होने पर चौथे दिन सूर्योदय के समय यमराज-गृहिणी ने ब्रह्मलोक से सानन्द लौटे हुए प्रसन्नवदन अपने पतिदेव को देखा ॥ २० ॥

दृष्ट्वैव तं प्राणसमं पतिं यमं
समाकुला तद्द्विजबालकव्रतात् ।
जगाम पार्श्वं तदमुष्य पादयो—
विलुंठ्य पूर्वं गतभीरुवाच सा ॥ २१ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

ब्राह्मण-बालक नचिकेता के अनशन व्रत से व्याकुल यमराज-गृहिणी ने प्राणतुल्य अपने पति यमराज को देखते ही उनके निकट जाकर और उनके चरणों में दण्डवत् प्रणाम कर निर्भय होकर उनसे कहा ॥ २१ ॥

दयानिधिस्त्वं प्रिय ! विश्वदेहिना—
मात्माऽस्यधीशोऽसि निशम्य मद्वचः ।
कुर्वत्र कर्तव्यमयत्नतो हितं
येनाऽऽप्नुवावाऽच्युतमच्युतं विभुम् ॥ २२ ॥

प्रियवर, आप दयासागर हैं, सब प्राणियों के आत्मा और स्वामी हैं । मेरे वचनों को सुनकर इस सन्दर्भ में हितकारी अपने कर्तव्य को विना प्रयास के कीजिये, जिससे हम दोनों कर्तव्य में च्युत न होकर सर्वशक्तिमान् भगवान् विष्णु को प्राप्त हों ॥ २२ ॥

ततस्सत्यलोकं गतवान् भवानितो
यदा तदैवाऽऽविरभून्महामहः ।
अस्मद्गृहद्वारमुपेत्य यत् प्रभो !
स्थैर्यं समालम्ब्य वितिष्ठतेऽधुना ॥ २३ ॥

हे प्रभो, जब आप यहां से सत्यलोक को गये तभी तभी महान् तेजःपुञ्ज का आविर्भाव हुआ । वह हमारे घर के दरवाजे पर आकर और स्थिर होकर इस समय वैठा है ॥ २३ ॥

तन्मूर्तिमान् वह्निरिवोज्ज्वलं प्रभो !
बभूव पश्चाद् द्विजबालरूपधृक् ।
विभ्रान्तचित्ताऽहमगां जलादिकां
स्वर्चां प्रगृह्य त्वरयाऽस्य पूजने ॥ २४ ॥

हे प्रभो, मूर्तिमान् अग्नि के समान उज्जल उस तेजः पुंज ने वाद में ब्राह्मण-बालक का रूप धारण किया । मैं घबराई हुई पाद्यादि पूजन-सामग्री लेकर शीघ्रता से उसके पूजन के निमित्त गई ॥ २४ ॥

गृहे तवाऽभावममुष्य पादयो—
र्निवेद्य चार्घ्यादि विगृह्य संस्थिता ।
साऽहं समुक्ता वटुना प्रभो ! तदा
मां ज्ञापय त्वं स्वपताविहाऽऽगतम् ॥ २५ ॥

हे प्रभो, घर में आपकी अनुपस्थिति का उसके चरणों में निवेदन कर अर्घ्यादि पूजा-सामग्री लेकर खड़ी मुझसे तब उस वटु ने कहा आप अपने पतिदेव को यह जता दीजिये कि मैं यहाँ आया हुआ हूँ ॥ २५ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अप्राप्य तद्दर्शनमन्तरा स्वतो
नाऽहं समर्थश्चलितुं पदादपि ।
योऽस्म्यत्र यस्यैव स एव मामिह
समर्थ आज्ञापयितुञ्च कर्मणि ॥ २६ ॥

पीड़ित की पीड़ा हरने वाला उनका दर्शन पाये बिना मैं एक कदम भी नहीं चल सकता, उन्हीं के कारण मैं यहाँ आया हूँ और मैं जिसका हूँ वे ही यहाँ मुझे किसी कार्य के लिए आज्ञा प्रदान में समर्थ हैं ॥ २६ ॥

तस्मादनश्नन्नपिवन् गतैषण
इहैव तिष्ठामि सुखं गृहेश्वरि! ।
यावत् स आगच्छति नेह कार्यत—
स्तावत्प्रतीक्षे" वटुरेष माऽवदत् ॥ २७ ॥

उस वटु ने मुझसे कहा—हे गृहस्वामिनी ! इस लिए विना भोजन किये तथा विना जल-ग्रहण किये मैं निष्काम होकर यहीं पर आराम से रहता हूँ । जब तक भगवान् धर्मराज अपने काम से यहाँ लौट नहीं आते तब तक मैं उनकी प्रतीक्षा करूँगा ॥ २७ ॥

स्वामिन् ! न जानाम्यहमस्य सद्गतेः
शिशोरभिप्रायममुं च कोऽस्त्यसौ ? ।
किमर्थमत्राऽऽगत इत्यपि प्रभो !
न वेद्म्यहं, वेद्मि वटुं त्वलौकिकम् ॥ २८ ॥

स्वामिन्, सुन्दर आचरण वाले इस वालक वटु का अभिप्राय मैं नहीं जानती हूँ और यह कौन है यह भी मैं नहीं जानती हूँ । नाथ ! यह किस लिए यहाँ आया है, यह भी मुझे विदित नहीं हो सका । किन्तु यह वटु अलौकिक है, यह मैं जानती हूँ ॥ २८ ॥

विज्ञापयाम्येव जगद्धितैषिणं
त्वां विप्रसत्कारपरं गृहस्थितिम् ।
यत्कृत्यमस्त्यत्र विमृश्य तद्धितं
करोतु शीघ्रं भगवान् स्वकार्यवित् ॥ २९ ॥

भगवन् ! जगत् के हितैषी तथा ब्राह्मणों का सत्कार करने वाले गृहस्थाश्रम में विराजमान आपको मैं गृहस्थिति की सूचनामात्र देती हूँ । इस सन्दर्भ में जो कर्तव्य हो उस हितावह कर्तव्य का विचार कर ;अपने कर्तव्य को जानने वालों में परम प्रवीण आप उसे शीघ्र सम्पन्न करने की कृपा करें ॥ २९ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

सोऽग्निः स्वयं विश्वगतोऽपि तेजसा
कुर्वन् पवित्रं गृहमेधिनां गृहम् ।
विधृत्य रूपं द्विजवालकस्य नो
द्वार्य्येव संतिष्ठत एत्य भाग्यतः ॥ ३० ॥

मैं समझती हूँ, वह स्वयं अग्नि हैं। विश्वव्यापी होते हुए भी अपने तेज से गृहस्थों के घर को पवित्र करते हुए ब्राह्मण-बालक का रूप धारण कर भाग्य से यहाँ आकर दरवाजे पर बैठे हैं ॥ ३० ॥

तस्मान्न यावत् प्रसृतं वटोर्महो
नाऽस्मान् दहत्यत्र मुनिप्रिय प्रभो ! ।
पाद्याऽर्घ्यमादाय तदन्तिकं गतो
भक्त्या वरैस्तावदमुं समर्चयं ॥ ३१ ॥

हे मुनिजन प्रिय, इस लिए जब तक इस वटु का चारों ओर फैला हुआ तेज हम लोगों को नहीं जलाता उससे पहले ही पाद्य, अर्घ्य लेकर उसके निकट गये हुए आप भक्तिभाव तथा वर प्रदान द्वारा उसकी पूजा कीजिये ॥ ३१ ॥

यस्याऽतिथिर्ब्राह्मण आगतो गृहे
तिष्ठत्यनश्नन् स गृहस्थ ईप्सितम् ।
अर्थांस्तथाऽन्यानपि योगरूपका—
ञ्जगत्पदार्थान् प्रतिहन्ति शाश्वतम् ॥ ३२ ॥

जिस गृहस्थ के घर में आया हुआ ब्राह्मण-अतिथि बिना भोजन किये रहता है वह गृहस्थ अपनी प्राप्त हुई अभीष्ट वस्तुओं, धनसम्पत्ति तथा प्राप्त होनेवाले जागतिक पदार्थों को संकट में डाल देता है ॥ ३२ ॥

तत्क्षेमयोगावपि नश्यतोऽचिराद्
यावस्य चास्तां मनसः प्रियौ हितौ ।
कृच्छ्रेण लब्धावपि नाशमेष्यतो
नाप्नोति ताभ्यां सुखमेष दुर्मतिः ॥ ३३ ॥

जो उसके मन के प्रिय और हित रहे वे क्षेम (प्राप्त पदार्थों का रक्षण) तथा योग (अप्राप्त पदार्थों की प्राप्ति) भी शीघ्र विनष्ट हो जाते हैं। बड़े कष्ट से उपार्जित भी वे सब धन-धान्य नाश को प्राप्त हो जाते हैं, उस दुर्मति गृहस्थ को उनसे सुख प्राप्त नहीं होता ॥ ३३ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

न तस्य वाणी मधुरा च सूनृता
भवत्यलं नाऽऽत्महितं समेति सा।
न सौख्यमाप्नोति च तादृशो जन :
पूर्तं तथेष्टादिकमस्य नश्यति ॥ ३४ ॥

उसकी वाणी में मिठास नहीं रहती, वह सर्वहृदय-ग्राहिणी तथा सर्वप्रिय भी नहीं रहती। उस गृहस्थ का पारलौकिक कल्याण भी नहीं होता एवं उसे ऐहिक सुख भी नहीं मिलता। उसके पूर्त (कूप, तालाब आदि का निर्माण और इष्ट (यज्ञादि) जनित पुण्य भी नष्ट हो जाते हैं ॥ ३४ ॥

स्वपूर्वपुण्योपचितं गृहादिकं
तद्वस्तु तत्पुत्रकलत्रबान्धवम्।
स्वतः क्षयं चैत्यतिथेरनादराद्
यतस्व तस्मात् प्रथमं हिताप्तये ॥ ३५ ॥

अतिथि का अनादर करने से पूर्वजन्म के पुण्यों से उपार्जित गृह आदि सम्पदा, पुत्र, स्त्री, वन्धु-वान्धव नष्ट हो जाते हैं एवं स्वयं भी वह विनष्ट हो जाता है। इसलिए सर्वप्रथम अपने हित (मंगल) की प्राप्ति के लिए यत्न कीजिये ॥ ३५ ॥

पत्न्या समुक्तं हितकृद्वचस्त्विदं
कृत्वा मनःस्थं श्रुतिमार्गतस्ततः।
भीतिस्वरूपो भगवान् यमोऽप्यसौ
भयोपपन्नां गिरमाह गेहनीम् ॥ ३६ ॥

तदुपरान्त पत्नी द्वारा कहे गये हितकारी वचनों को कर्ण-रन्ध्र से हृदयस्थ कर भयस्वरूप भगवान् यम ने भी भय से कम्पित सी वाणी में अपनी पत्नी से कही ॥ ३६ ॥

त्वरस्व शीघ्रं किमवेक्षसे प्रिये !
पाद्याऽऽदिकं चाहर तद्वटोः कृते।
गच्छामि सोऽहं पुरतोऽस्य हृद्गतं
करोमि पूर्णं समुपैहि मामनु ॥ ३७ ॥

प्रिये ! क्या देख रही हो, जल्दी करो। उस वटु के लिये पाद्यादि पूजा-सामग्री शीघ्र ले चलो। मैं उसके समीप जाता हूँ और उसकी कामना पूर्ण करता हूँ। तुम मेरे पीछे तदर्थ पूजा-सामग्री आदि भेंट लेकर आओ ॥ ३७ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

ततो गतोऽसौ द्रुतमेव तत्पुरः
समीपमाधाय तदर्हणादिकम् ।
प्रियाऽस्य तं संयमिनीपतिं पतिं
संभ्रान्तचित्तान्वगमच्चलकुचा ॥ ३८ ॥

तदनन्तर यमराज शीघ्र ही उस वटु के संमुख गये । उनकी प्रिय पत्नी, लड़खड़ाते गमन से संयमनी-पति (यमराज) पति के पीछे-पीछे कुचों को हिलाती हुई गई ॥ ३८ ॥

यमोऽस्मि सोऽहं कृतकिल्विषः सतां
भवद्विधानामभिवादये वटो !
तदन्तिकं प्राप्य वदन्तमन्तकं
सोऽपश्यदात्मप्रियमेनमद्भुत् ॥ ३९ ॥

भगवन् वटुवर ! मैं वह यम हूँ, जिसने आप ऐसे सत्पुरुषों का अपराध किया है, आपको प्रणाम करता हूँ । नचिकेता के निकट जाकर ऐसा कह रहे अपने प्रिय अद्भुत यमराज को बालक नचिकेता ने देखा ॥ ३९ ॥

कार्यातिपातादहमासमात्मनः
पुराद् वहिर्निर्गत एत्य चाऽधुना ।
समागतं त्वाऽशृणवं यदा तदा
त्वत्स्वागतार्थी समुपस्थितोऽस्मि भोः ! ॥ ४० ॥

हे वटुवर, आवश्यक कार्यवश मैं अपने नगर से वाहर गया हुआ था । अभी, घर आकर, मैंने जब आपका शुभागमन सुना तो आपकी सेवा में उपस्थित हुआ हूँ ॥ ४० ॥

दयस्व मे तावदिमां समर्हणां
गृहाण यामोऽद्य गृहान्तरं द्विजः ! ।
वार्ता करिष्याम इमा मनोहरा
दत्तावधाना वयमत्र संस्थिताः ॥ ४१ ॥

भगवन्, आप मुझे क्षमा कीजिये और कृपया मेरी यह पूजा ग्रहण कीजिये । चलिए, घर के भीतर चलें, जहाँ बैठकर हमलोग मनोयोग के साथ विविध मनोहर वार्तालाप करेंगे ॥ ४१ ॥

तं योगिभिर्वन्द्यमिवाऽग्निमद्भुतं
भक्त्या तथोक्त्वाऽथ विधाय वन्दनम् ।
प्रपूज्य चार्घ्यादिभिरेनमादृतं
नीत्वा गृहान्तः स सुखासनं ददौ ॥ ४२ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

योगियों द्वारा वन्दनीय, अग्नि के समान तेजस्वी उस अद्‌भुत वटु से भक्तिभाव-पूर्वक यह कह कर फिर सविनय वन्दना कर एवं पाद्य-अर्घ्य आदि से उसकी पूजा कर यमराज ने बड़े संमान के साथ उसे घर के भीतर ले जाकर बैठने के लिए आराम-देह आसन दिया ॥ ४२ ।

ततः प्रवृत्ताः परतत्त्वगाः कथा—
स्तयोः समक्षं · प्रवितिष्ठमानयोः ।
संश्रुत्य याः सच्छ्रुतिसारतामिता
हृष्यन्ति चाऽद्यावधि सद्‌बुधा अपि ॥ ४३ ॥

तदनन्तर आमने-सामने बैठे हुए उन दोनों की परमतत्त्व (ब्रह्म) सम्बधिनी कथाएँ आरंभ हुई । श्रुति की सारभूत जिन कथाओं का श्रवण कर आज तक विद्वद्वर भी हर्षित होते हैं ॥ ४३ ॥

तद्‌गौतमकुलोत्पन्नो नचिकेता महाधृतिः ।
दृष्ट्वा ब्रह्मण्यतामस्य हृष्टचित्तोऽभवत् तदा ॥ ४४ ॥

प्रख्यात गौतम-कुल में उत्पन्न महा धैर्यशाली नचिकेता यमराज की ब्रह्मण्यता को देखकर अत्यन्त प्रसन्न हुआ ॥ ४४ ॥

कृष्णप्रसादरचिते कठोपनिषदात्मके ।
ब्रह्मविद्यापरे काव्येऽगात् सर्गोऽयं तृतीयकः ॥ ४५ ॥

श्रीकृष्ण प्रसाद घिमिरे द्वारा विरचित कठोपनिषद्रूप ब्रह्मविद्या-प्रतिपादक काव्य में यह तीसरा सर्ग समाप्त हुआ ।

ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

चतुर्थः सर्गः

स्वागतं तव वटो ! शुभमस्तु
स्यात् सदैव कुशलञ्च भवेऽस्मिन् ।
प्रीणयन् द्विजशिशुं यमराजो
हृष्टमानस इदं तमवोचत् ॥ १ ॥

हे वटो ! आपका स्वागत है । आपका कल्याण हो । इस संसार में सदा आपका कुशल-मंगल हो । प्रसन्नचित्त यमराज ने ब्राह्मण-बालक को प्रसन्न करते हुए उससे यह कहा ॥ १ ॥

आगतोऽसि वटुरूपधरस्त्वं
वह्निरेव गृहमद्य न एतत् ।
यत्र नाऽऽसमहमेव गृहस्थो—
यन्निशम्य बहुधाऽस्मि च खिन्नः ॥ २ ॥

आज आप वटुरूपधारी अग्नि ही हमारे घर पधारे हैं । जहाँ गृहपति मैं ही अनुपस्थित रहा । यह देखकर मैं एक प्रकार से नहीं अनेक प्रकारों से दुःखित हूँ ॥ २ ॥

तिष्ठताऽत्र च शिशो ! भवताऽपि
यत्कृतं ह्यनशनादिककर्म ।
तच्च विश्रुतमहो ! क्षणदास्ता—
स्तिस्र इत्थमसमं गमिता हा ! ॥ ३ ॥

हे बालकरूपधारी अग्नि ! यहाँ पर रहते हुए आपने जो अनशनादि कार्य किया है, वह भी मैंने सुना । खेद है, तीन रात्रियाँ आपने इस प्रकार अनशन करते हुए असाधारणरूप से व्यतीत की ॥ ३ ॥

दुःखमेतदपरं वटुवर्य !
किं भवत्यहह ! कल्मषकारि ।
प्राप्तमत्र न मया तव पाद—
क्षालनादिकसुखं शुभकारि ॥ ४ ॥

हे वटुश्रेष्ठ, इससे बढ़कर दुःख क्या हो सकता है ? खेद है, महान् खेद है ! यह घटना मेरे लिए बड़ी पापकारी हुई, क्यों कि यहाँ मंगलकारी आपके चरण–प्रक्षालनादि का सुख मुझे नहीं मिला ॥ ४ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

तत्कृते तु भवता वरणीया
मत्त एव सुवरास्त्रय एते।
यान् प्रगृह्य शिशुरूपधरस्त्वं
स्याः प्रसन्न उरुशक्तियुतोऽग्निः ॥ ५ ॥

उसके प्रतिकार के निमित्त आपको मुझसे ही ये तीन सुन्दर वर माँगने होंगे। जिन वरों को ग्रहण कर बालकरूपधारी आप प्रसन्न तथा विपुल शक्तियुक्त अग्नि हो जायंगे ॥ ५ ॥

तत्क्षमस्व यदभूदपराधोऽ
ज्ञानतो गतवतो विधिलोकम्।
क्षेममस्तु मम चाऽत्र हितं स्यात्
प्राक् त्वमत्र च गृहाण वरांस्तान् ॥ ६ ॥

मैं ब्रह्मलोक गया हुआ था, अनजाने में मुझ से अपराध हुआ है, इसलिए आप मुझे क्षमा करें। मेरा यहाँ कुशल-मंगल और हित हो। सबसे पहले आप यहाँ उन तीन वरों को ग्रहण करें ॥ ६ ॥

एवमुक्त उचितं स यमेन
धर्मराजमवदन्नचिकेताः।
संस्मरन्निजगुरोः परितापं
स्वप्रियात्मजवियोगमपीह ॥ ७ ॥

यमराज इस प्रकार समुचित रूप से उक्त नचिकेता अपने पिताजी का अपने प्रिय पुत्र के वियोग और उससे उत्पन्न संताप का भी स्मरण करता हुआ यमराज से बोला ॥ ७ ॥

मृत्युदेव ! विजयस्व सदैवं
गौतमारुणिरसौ जनको मे।
विश्वजिन्मखममेयफलाढ्यं
सर्वदक्षिणमयं कृतवांश्च ॥ ८ ॥

हे धर्मराज, आपका सदा ऐसा ही उत्कर्ष (प्रभुत्व) वना रहे। मेरे पिता गौतम अरुण के वंशधर उद्दालक ऋषि ने असीम फलप्रद विश्वजित् नामक याग, जिसमें सर्वस्व दक्षिणा के रूप में दिया जाता है, किया ॥ ८ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

मां तदत्र भवते प्रियपुत्रं
दक्षिणासु ददता गुरुणाऽहम् ।
प्रेषितोऽस्मि भगवन्निह चैत्य
जातशान्तिरभवं तव कृत्यात् ॥ ९ ॥

भगवन् ! उस याग में मुझ प्रिय पुत्र को दक्षिणा रूप में आपके लिए देते हुए पिता जी ने मुझे यहाँ भेजा और यहाँ आकर आपके सत्कार से मुझे बड़ी शान्ति मिली है ॥ ९ ॥

प्राप्तमत्र च वरत्रयमेतद्
यद्भवान् नुदति मां वरणार्थम् ।
कामयेऽहमपि तत्त्रयमध्य
एकमत्र वरमुत्तमकल्पम् ॥ १० ॥

यहाँ ये तीन वर मुझे प्राप्त हुए हैं, जिन्हें वरने के लिए आप मुझे प्रेरित कर रहे हैं। मैं उन तीन वरों में से एक वर यह, जो शास्त्रोक्त मुख्य-पक्ष है, चाहता हूँ ॥ १० ॥

मत्पिताऽस्ति धृतमोह उपायैः—
र्बोधितोऽपि च मया नरलोके ।
किं कृतं कुजनवत् प्रियपुत्रं
मृत्यवे वितरताऽत्र मयेति ? ॥ ११ ॥

मैंने मनुष्य-लोक में विविध युक्तियों से अपने पिता जी को समझाया फिर भी दुष्ट-जन के तुल्य अपने प्रिय पुत्र को मृत्यु के लिए देते हुए मैंने यह क्या किया ? ऐसा उनका व्यामोह गया नहीं ॥ ११ ॥

तत्तदस्य कलुषं परितापो
मोह एष च विभो ! द्रुतमद्य ।
नाशमेतु गतभीर्मम कृत्ये
सोऽस्तु भूय ऋषिरत्र सुखी स्यात् ॥ १२ ॥

इसलिए हे विभो ! उनका वह कलुष (दुःखदायक) सन्ताप तथा यह व्यामोह आज शीघ्र नष्ट हो जाय। मेरे कारण हुआ उनका भय मिट जाय और वह ऋषिवर फिर पूर्ववत् संसार में सुखी हो जाय ॥ १२ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

यास्यहं गृहमितो भवदाज्ञां
प्राप्य यावदघहन्! स पिता मे।
पूर्ववद्भवतु मां प्रति भूयो
वृद्धकाम उपजातदयश्च ॥ १३ ॥

हे पापनाशिन् ! जब मैं आपकी आज्ञा पाकर यहाँ से घर जाऊं तो मेरे पिता उद्दालक ऋषि जी मेरे प्रति पूर्ववत् प्रचुर स्नेहवान् तथा दयालु हों ॥ १३ ॥

एवमस्तु स उवाच ततस्तं
प्रीणयन् मधुगिरा जनकस्ते।
पूर्ववद्भवतु मृत्युमुखात् त्वां
विज्ज्वरं प्रतिनिवृत्तमवेक्ष्य ॥ १४ ॥

तदनन्तर यमराजने शहद की भाँति मीठी वाणी से नचिकेता को प्रसन्न करते हुए एवमस्तु (ऐसा ही हो) कहा। तुम्हारे पिता मृत्यु-मुख से लौटे हुए तुम को दुःख रहित देखकर पूर्ववत् स्नेहवान् और दयालु हों ॥ १४ ॥

वरं तदन्यं च वरीतुमेन—
मचोदयन्मृत्युरसौ पुनस्तु।
विहस्य किञ्चित्तत एष बालोऽ
वृणोद्वरं कार्मिकवह्निबोधम् ॥ १५ ॥

यमराज ने उससे अन्य वर वरने के लिए उसे फिर प्रेरित किया तो जरा हँस कर उस बालक ने वह वर मांगा जिससे यज्ञीय-अग्नि का उसे बोध हो ॥ १५ ॥

कृष्णप्रसादरचिते कठोपनिषदात्मके।
ब्रह्मविद्यापरे काव्येऽगात् सर्गोऽपि चतुर्थकः ॥ १६ ॥

श्रीकृष्ण प्रसाद घिमिरे द्वारा विरचित कठोपनिषदात्मक ब्रह्मविद्या-प्रतिपादक काव्य में यह चौथा सर्ग समाप्त हुआ।

ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

पञ्चमः सर्गः

औद्दालकिर्द्विजवरः शिशुरेष भूय—
स्तं धर्मराजमवदद् गुणतोऽभिरामम् ।
वर्धस्व देव ! शुभकृत्यपरस्त्वमित्थं
मां प्रेरयस्त्यतुलशक्तिमिह ग्रहीतुम् ॥ १ ॥

उद्दालक मुनि के सुपुत्र द्विजश्रेष्ठ उस बालक ने दया, दाक्षिण्य, मधुर-भाषित्व आदि सद्गुणों से अत्यन्त मनोहर धर्मराज से कहा—हे देव, शुभ कर्म करने में तत्पर आप की सब प्रकार से अभिवृद्धि हो, जो आप मुझे इस प्रकार यहाँ अनुपम शक्ति ग्रहण करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं ॥ १ ॥

विश्रूयते सुखकरो भगवन्! सुराणां
तत्स्वर्गलोक ऋषिभिर्बहुधा विगीतः ।
यो याज्ञिकैर्हवनविद्भिरिहाऽपि मृत्योः
संप्राप्यतेऽनलमुखेन सुसाधनेन ॥ २ ॥

हे भगवन् ! सुखदायक देवताओं का वह स्वर्ग लोक, जिसकी ऋषिगण विविध प्रकारों से प्रशंसा करते हैं, बहुत प्रसिद्ध है। हे मृत्युदेव ! वह स्वर्ग हवन-विधि जानने वाले याज्ञिक लोगों द्वारा अग्निप्रमुख (अग्निप्रधान) सुसाधनों से यहां भी प्राप्त किया जा सकता है ॥ २ ॥

नास्तीह साध्वसमहो ! भवतः कुदृष्टे—
र्यन्मर्त्यलोक उरुदृष्टियुतात्तदस्ति ।
यत्रस्थदेवनिवहान्न जराऽपि शक्त्या
शक्ता प्रबाधयितुमत्र यथा सुखेन ॥ ३ ॥

हे देव, स्वर्ग में आपकी कुदृष्टि का भय नहीं है, जो मृत्यु-लोक में विशाल दृष्टि वाले आप से प्राप्त होता है। स्वर्ग में स्थित देववृन्द को बुढ़ापा भी अपनी शक्ति से पीड़ा पहुंचाने में समर्थ नहीं है जैसे कि वह मनुष्य-लोक में मनुष्यों को सुख पूर्वक पीड़ित करने में वह समर्थ है ॥ ३ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

क्षुतृट् च तानसफला परिपीडनार्थं
सानन्दकाश्च विषया विलसन्ति तेषु ।
नास्त्यत्र शोक उरुशक्तियुतश्च मोहः
स्वर्गोऽस्त्ययं सुखकरो ह्यजरामराणाम् ॥ ४ ॥

भूख और प्यास भी उन्हें (देवताओं को) पीड़ित करने में कामयाब नहीं होती आनन्द दायक सब विषय उन्हें अनायास प्राप्त रहते हैं। स्वर्ग में शोक तथा विपुल सामर्थ्य शाली मोह नहीं है। यह स्वर्ग जरा और मरण रहित देवताओं का सुख दायक है ॥ ४ ॥

तत्प्राप्तिसाधनभुवं शुभदाग्निविद्यां
विज्ञा वदन्ति दृढकर्ममयीं दुरापाम् ।
यां मर्त्यलोकमधिगम्य महर्षयोऽपि
संप्राप्तुमेव विधिवत् सततं यतन्ते ॥ ५ ॥

जानकार लोग दृढ़कर्मरूप मंगलमयी अग्निविद्याको उस स्वर्ग की प्राप्ति की साधनमूमि कहते हैं। मनुष्य-लोक में जन्म पाकर महर्षि जन भी जिस अग्निविद्या को प्राप्त करने के लिए निरन्तर विधिपूर्वक यत्न करते हैं ॥ ५ ॥

तां स्वर्गदां हिततमामपि तत्त्वतस्त्वं
वेत्स्येव नाथ ! तपसाऽस्ति च कीदृशी सा ।
तस्यां तथा भवति चाऽत्र धृतादरोऽहं
विज्ञापये हृदयगां तदिमां सदिच्छाम् ॥ ६ ॥

हे नाथ, स्वर्गसुख देनेवाली अत्यन्त हितकारिणी उस अग्निविद्या को अपने तपोबल से आप यथार्थ रूप से अवश्य जानते हैं। कृपया आप बतलावें, वह विद्या कैसी है ? उस अग्निविद्या में तथा आप में मेरा बड़ा आदर है, इसलिए मैं अपनी इस हार्दिक सदिच्छा का आपसे निवेदन करता हूँ ॥ ६ ॥

ते कर्मयोगिन उरुप्रतिभान्वितारच
मुह्यन्ति तन्मखविधौ च्युततन्त्रमन्त्राः ।
तां ज्ञातुमद्य कृतधीः स्वधृताधिकार—
स्त्वां प्रार्थये तदुपदेशमिह प्रदातुम् ॥ ७ ॥

विपुल प्रतिभा सम्पन्न वे कर्मकाण्डी भी जो तन्त्र (यज्ञ करने की सही रीति) तथा मन्त्र (यज्ञ में उपयुक्त मन्त्र) के ज्ञान से रहित हो गये हैं। यज्ञ विधान में भूल बैठते हैं। उस अग्निविद्या को जानने के लिए कृतनिश्चय तथा उसको जानने का अधिकारी मैं यहाँ उसका उपदेश प्रदान करने के लिए आपसे प्रार्थना करता हूँ ॥ ७ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

विज्ञाय यां सविधि यज्ञकृतो महान्तो
मर्त्या अपीश्वर! गताः सुरलोकमेवम् ।
तत्रत्यसौख्यमनुभूय सुरैः समाना
भूत्वा रमन्त इह चाप्तसमस्तकामाः ॥ ८ ॥

हे दिगीश्वर, जिस अग्निविद्या का सविधि ज्ञान प्राप्त कर यज्ञ करने वाले महान् मनुष्य भी स्वर्ग लोक में गये हैं । देवताओं के सदृश होकर तथा सब काम्य (अभिलषणीय) पदार्थों को प्राप्त कर स्वर्गीय सुख का अनुभव करते हुए स्वर्ग में आनन्दित होते हैं ॥ ८ ॥

कः स्यात्त्वदन्य उरुबुद्धियुतो महात्मा
तां ज्ञातुमत्र च समर्थतरो जगत्याम् ।
तस्मात् प्रभो ! तदुपदेशमयोवरो मे
देयो द्वितीय इह तद्भवता सुखाप्त्यै ॥ ९ ॥

इस जगत् में आपके सिवा विपुल बुद्धि सम्पन्न कौन दूसरा महात्मा उस विद्या को जानने में समर्थतर होगा ? इसलिए हे प्रभो, उस विद्या का उपदेश रूप दूसरा वर सुख प्राप्ति के लिए आप मुझे दीजिये ॥९॥

जानाम्यहं द्विजवरात्र हिताग्निविद्यां
तां स्वर्गभोगसुखदां यमराज आह ।
त्वां बोधयामि विशदं परमद्य बाल !
जानीहि सम्यगिह तद्विहितावधानः ॥ १० ॥

यमराज ने कहा—हे विप्रवर, स्वर्गभोग रूप सुख देनेवाली उस हितकारिणी अग्निविद्या को यहाँ मैं ही जानता हूँ । हे प्रियबालक, उसे खूब विशद रूप से मैं तुम्हें बतलाता हूँ । तुम खूब ध्यान देकर उसे भली-भाँति जान लो ॥१०॥

सैवाऽस्ति विप्र ! तदनन्तसुखात्मतत्त्व—
प्राप्तेर्निदानमिह चिन्मयसत्यरूपा ।
आधारभित्तिरनद्या च परन्त्वियं भो!
गुप्ता विराजति सतां शुभहृद्गुहासु ॥ ११ ॥

हे विप्रवर्य ! इस लोक में चिन्मय सत्य स्वरूप निर्मल वही विद्या उस निःसीम सुखरूप आत्मतत्त्व की प्राप्ति की आदिकारण रूपा और आधार भित्ति है । परन्तु यह विद्या सज्जन पुरुषों के मङ्गलमय हृदय गुफा में गुप्त है ॥११॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

तद्गुप्ततामतुलतां गुरुतां समुक्त्वा
स्वर्गप्रदां बहुसुखां तदिमां सुविद्याम् ।
निर्दर्शयंस्तमथ भूय उवाच विद्वान्
वैवस्वतः सविधि सद्गतरूपमस्याः ॥ १२ ॥

उस विद्या की गुप्तता, अनुपमेयता तथा महत्ता का भलीभांति प्रतिपादन कर फिर उस सुविद्या को स्वर्ग देने वाली तथा प्रचुर सुख देनेवाली बताते हुए विद्वान् सूर्य-सुत ने अग्निविद्या का स्वरूप सविधि उससे कहा ॥१२॥

निर्मीयते कथमिहाऽग्निकृते कलाढ्यं
कुण्डादि यत्र विधिवच्च समर्च्यतेऽग्निः ।
ता इष्टकाः कति लगन्ति भवन्ति चैताः
कीदृश्य आसु चयनं क्रियते कथञ्च ॥ १३ ॥

यहां इस अग्नि के लिए कलापूर्ण कुण्डादि का, जिसमें विधिपूर्वक अग्नि की पूजा की जाती है, निर्माण कैसे किया जाता है, कुण्डादि के निर्माण में वे ईंटे कितनी लगती हैं, वे आकार में कैसी होती हैं और उनमें चयन कैसे किया जाता है ? ॥१३॥

सर्वं यथातथमिदं प्रथमं समुक्त्वा
पश्चाज्जगाद यम एष शिशुं स्वशिष्यम् ।
तस्य स्मृतिं धृतियुतां प्रतिभां परीक्ष्य
जिज्ञासुतां च परतत्त्वमयीं विबोद्धुम् ॥ १४ ॥

यह सब पहले यथायोग्य अच्छी तरह बतलाकर यमने उसकी धैर्ययुक्त स्मरण शक्ति तथा प्रतिभा की परीक्षा लेकर उसकी परम तत्त्व की जिज्ञासुता जानने के लिए अपने शिष्य बालक नचिकेता से फिर कहा ॥१४॥

औद्दालके ! त्वमिह मां कथयस्व तावत्
प्रेम्णा मया निगदितां श्रुतपूर्वविद्याम् ।
नीता कथं श्रुतिपथं शिशुना त्वयाऽत्र
ज्ञाता च सा कथमिदं भण चैकवारम् ॥ १५ ॥

उद्दालक ऋषि-पुत्र हे नचिकेता, यहां पहले तुम मुझे यह बतलाओ कि मेरे द्वारा प्रेम से भली भांति समझाई गई एवं पहले तुमसे ध्यान पूर्वक सुनी गई अग्नि-विद्या बालक-रूप तुमने कैसी सुनी और कैसी जानी ? यह एक बार मुझे बतला दो ॥१५॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

इत्युक्त एष शिशुराह तमुक्ततत्त्वं
सर्वं यथातथमहो ! श्रुतपूर्वमस्मै ।
हृष्टोऽभवत्स्मरणशक्तिमलौकिकीं तां
जिज्ञासुतां च तदमुष्य समीक्ष्य मृत्युः ।। १६ ।।

आश्चर्य है, यमराज के यह कहने पर उस बालक ने यमराज द्वारा उपदिष्ट-तत्त्व (अग्नि विद्या-रहस्य) जो पहले सुना था आदि से अन्त तक ज्यों का त्यों उन्हें सुना दिया । बालक की उस अलौकिक स्मरण और जिज्ञासुता को जानकर यमराज बहुत खुश हुए ।।१६।।

स्नेहाद्गलद्धृदय एष पुनस्तमूचे
हृष्टोऽस्म्यहं स्मृतिमिमां प्रतिभां विभाव्य ।
तुभ्यं ददामि वरमेकमहं तदन्यं
यस्माच्छिशो ! तव भवेद्धृदयं प्रसन्नम् ।। १७ ।।

स्नेह से आर्द्रहृदय होकर यमराज ने फिर नचिकेता से कहा—हे प्रियवर बालक ! तुम्हारी इस स्मरण शक्ति और प्रतिभा को देखकर मैं बहुत संतुष्ट हूँ । तुम्हें उक्त तीन वरों से अतिरिक्त एक वर और देता हूँ, जिससे तुम्हारा हृदय प्रसन्न होगा ।।१७।।

तं त्वं निबोध मुनिराजसुपुत्र ! विद्व-
न्नद्य प्रभृत्यसमरूपधरोऽयमग्निः ।
ख्यातिं गमिष्यति भवेऽत्र तवैव नाम्ना
यं नाचिकेत इति लोकजना ब्रुवन्ति ।। १८ ।।

हे मुनिवर उद्दालक जी के सुपुत्र, हे विद्वद्वर ! उस वर को तुम जान लो । अनु-पमरूपधारी यह अग्नि आज से इस जगत् में तुम्हारे ही नाम से विख्यात होगी, लौकिक जनता इसे 'नाचिकेताग्नि' नाम से पुकारेगी ।।१८।।

अन्यं तदन्तरितमप्यकथं शृणु त्वं
तुभ्यं ददाम्यतुलमेष करोत्यभीष्टम् ।
देवत्वमाप्तुमजरामरतां तथेमां
विद्यास्त्रजं विविधयज्ञमयीं गृहाण ।। १९ ।।

उसके अन्तर्गत दूसरा वर भी, जो तुम्हारा अनुपम हित करेगा, मैं तुम्हें देता हूँ; उसे तुम सुनो । स्वर्गवासियों के तुल्य देवत्व तथा अजरता और अमरता प्राप्त करने के लिए विविध यज्ञ-यागरूप मणियों से परिपूर्ण इस विद्या-माला को तुम ग्रहण करो ।।१९।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

पश्चादनु तदनलात्मगतस्वरूपं
विद्याफलं च वदता दिनकृत्सुतेन ।
मालाममुष्य शुभकण्ठगतां विधाय
सोऽयं वटुः पुनरभाणि विभूष्य सम्यक् ॥ २० ॥

तत्पश्चात् उस अग्नि-विद्या को अपनी महत्ता और विद्या का फल नाचिकेता को बतलाते हुए सूर्यपुत्र यमराज ने माला बालक के गले में पहना उसको भली भाँति अलङ्कृत कर फिर उस वटुवर से कहा ॥२०॥

तन्नाचिकेतमनलं विधिवत्त्रिवार-
मृग्भिर्यजुर्भिरथ सामभिरात्मसंस्थम् ।
शान्त्या विभाव्य मखदानतपःस्वरूपं
कुर्वंस्त्रिकर्म जन एति परं विमुक्तः ॥ २१ ॥

नाचिकेत नामक उस अग्नि को विधिपूर्वक तीन वार ऋग्वेद की ऋचाओं यजुर्वेद के मन्त्रों और सामवेद-मन्त्रों से वह आतमसंस्थ है (मेरी आत्मा में स्थित है) शान्ति से ऐसी भावना कर यज्ञ, दान और तप रूप तीन कर्मों को करता हुआ मनुष्य जागतिक बन्धनों से विमुक्त हो परब्रह्म को प्राप्त होता है ॥२१॥

ब्रह्मोद्भवं विततमत्र भवे प्रकृष्टं
सृष्टिज्ञमीड्यमनलं परदेवमेनम् ।
विज्ञाय साधक इहाऽप्यवचित्य धृत्या
निष्कामकर्मरत आत्मरतिं समेति ॥ २२ ॥

ब्रह्म से उत्पन्न, सर्वव्यापक, इस जगत् में सर्वोत्कृष्ट, सृष्टितत्त्व को जाननेवाले स्तुतियोग्य परमदेवस्वरूप इस अग्नि को भली भाँति जानकर साधक इस लोक में भी उसका चयन कर धैर्यपूर्वक निष्काम कर्म में निरत होकर आत्मानन्द को प्राप्त करता है ॥२२॥

तद्ब्रह्म सर्वगतमव्ययमेकरूपं
ज्ञात्वा स्थितिं च तदमुष्य हितां वरेण्याम् ।
शान्तिं विमुक्तिरिति रूढपदां च लब्ध्वा
चैत्ये सुखे स रमतेऽत्र यथाऽहमस्मि ॥ २३ ॥

तब वह (साधक) सर्वव्यापक एक रूप (अद्वितीय) अविनाशी उस ब्रह्म को तथा उसकी हितकारिणी और वाञ्छनीय अर्थात् सर्वश्रेष्ठ स्थिति को जानकर एवं विमुक्ति कही जानेवाली शान्ति को प्राप्त कर मेरी तरह ब्रह्मानन्दरूप अनुपम सुख में रमता है ॥२३॥

६३८५

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

ता इष्टकाः कति लगन्ति भवन्ति ताश्च
कीदृश्य आसु चयनं क्रियते कथं तैः ।
निर्मीयते कथमिहाऽपि तदग्निकुण्डं
कृत्वाऽग्निसंचयनमत्र च मन्त्रविद्भिः ॥ २४ ॥

वे ईंटे कितनी लगती हैं, वे कैसी होती हैं, मन्त्रवेत्ता ऋषिमुनियों द्वारा उनमें चयन कैसे किया जाता है, वह कुण्ड कैसे वनाया जाता है एवं अग्निकुण्ड वनाकर उसमें अग्निसंचयन कैसे किया जाता है ? ॥२४॥

विद्वंस्तदेतदखिलं विधिवद्विविच्य
विज्ञाय चैनमसमात्मगतं त्रिवारम् ।
साध्नोति यः स जनिमृत्युमयाऽऽत्मपाशं
छित्त्वा सुखेन लभते तमनन्तलोकम् ॥ २५ ॥

हे विद्वन् ! यह सव विधिपूर्वक भली भाँति समझ-वूझकर आत्मगत इस अनुपम अग्नि को अच्छी तरह जानकर जो साधक सिद्ध कर लेता है, वह जन्म-मृत्युरूप बन्धनों को काट कर आनन्द से उस अनुपम ब्रह्म-लोक को प्राप्त करता है ॥२५॥

यां पृष्टवांस्त्वमिह मां शुभदाग्निविद्यां
तामुक्तवानहमपि द्विज ! नाचिकेताम् ।
ज्ञात्वा त्वमद्य समभूः सफलश्च तस्यां
याचस्व भूसुर ! तृतीयवरं ततोऽन्यम् ॥ २६ ॥

हे विप्रवर, तुमने यहां मुझसे जो कल्याणकारिणी अग्नि-विद्या पूछी थी मैंने भी तुमसे उस नाचिकेता नामकी अग्नि-विद्या का प्रतिपादन किया । उसे जानकर आज तुम उस विद्या में सफल भी हो गये हो । अव तुम उससे अतिरिक्त तीसरा वर मांगो ॥२६॥

कृष्णप्रसादरचिते कठोपनिषदात्मके ।
ब्रह्मविद्यात्मके काव्ये सर्गोऽयं पञ्चमो गतः ॥ २७ ॥

श्रीकृष्ण प्रसाद धिमिरे द्वारा विरचित कठोपनिषदात्मक ब्रह्मविद्या-प्रतिपादक काव्य में यह पाँचवाँ सर्ग समाप्त हुआ ।

ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

षष्ठः सर्गः

वैवस्वतात्प्राप्य वरं सुखावहं
तुष्टिप्रदं पूज्यगुरोः प्रियं हितम् ।
तामग्निविद्यामधिगम्य चार्भको
निरिन्धनो वह्निरिवाऽभवत् स्वतः ॥ १ ॥

यमराज से आनन्ददायक तथा आत्म-परितोषप्रद एवं अपने पूज्य पिताजी का हितकारी और सुखदायक वर पाकर एवं उस अनुपम अग्निविद्या को जानकर बालक नाचिकेता निर्धूम अग्नि के समान अपने आप चमक उठा ॥१॥

दृष्टैः श्रुतैर्लौकिकपारलौकिकै-
र्विनश्वरैस्तैर्विषयैः सुदुर्धरैः ।
उद्विग्नचेता वरयाचनात्मिकां
श्रुत्वा तदाज्ञां समभूत्तथा सुखी ॥ २ ॥

देखे गये (अनुभूत), सुने गये (श्रुत) ऐहिक और पारलौकिक विनश्वर उन-उन विषयों से, जिनका विनाश या वियोग किसी प्रकार रोका नहीं जा सकता, परेशान हुआ नचिकेता यमराज की वरयाचना-रूप आज्ञा सुनकर बहुत प्रसन्न हुआ ॥२॥

ततस्तृतीयं वरमात्मतत्त्वगं
लोकोत्तरं प्रश्नमयं प्रियङ्करम् ।
यथार्थतो ज्ञातुममुष्य सद्गतेः
पुरो न्यधादित्थमसौ सुधीर्वटुः ॥ ३ ॥

तदनन्तर उस मतिमान् वटु ने परम सुखदायक परमात्मतत्त्व-सम्बन्धी प्रश्नरूप तीसरा असाधारण वर, यथार्थरूप से जानने के लिए, धर्मराज के सामने इस प्रकार उपस्थित किया ॥३॥

विभो ! विपश्याम्यहमत्र देहिनां
मृतेषु देहेष्वतुलं तदाश्रितः ।
आत्मा स्वयं नश्यति, नेति केचन
वदन्ति नास्त्यस्ति च यच्छृणोम्यहम् ॥ ४ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

हे सर्वव्यापक मृत्युदेव ! मैं देखता हूँ कि इस जगत् में देहधारी प्राणियों के देहों के मरने पर उनमें असाधारण रूप से आश्रित आत्मा अपने आप नष्ट हो जाता है। कुछ लोग कहते हैं कि नष्ट नहीं होता। कोई कहते हैं उसका अस्तित्व रहता है और कोई कहते हैं नहीं रहता, ऐसा मैं सुनता हूँ ॥४॥

विद्वन् गुरो ! तत्र भवद्विनिर्णयं
श्रोतुं समिच्छामि यदस्ति सम्मतम्।
यत्स्वानुभूतं च भवेत् पुनः प्रभो !
तदेव मह्यं भगवान् वदेदिह ॥ ५ ॥

हे विद्वन्, हे गुरुवर ! उसके सम्बन्ध में आपका निर्णय सुनने की मेरी प्रवल इच्छा है। जो आपका सम्मत है और फिर जो आपका स्वानुभूत हो, हे प्रभो ! उसी का आप यहाँ मेरे लिए उपदेश दें ॥५॥

ज्ञात्वा रहस्यं च निशम्य तद्गतं
भवन्मतं श्रीमुखतो विनिःसृतम्।
युक्तं करोम्याऽऽत्मगतं निरूप्य तं
तत्त्वं तृतीयं वरमत्र देहि मे ॥ ६ ॥

आत्मा के इस रहस्य को जानकर और आपके श्रीमुख से निकाला हुआ अभिमत सुनकर आत्मा के सम्वन्ध में जो उचित होगा उसे मैं करूंगा। इसलिए आत्मसम्वन्धी प्रश्न का तत्व निरूपण कर आप मुझे तीसरा वर देने की कृपा करें ॥६॥

श्रुत्वा वटोः प्रश्नमिमं परात्मगं
महत्त्वपूर्णं श्रुतिभिः समादृतम्।
गूढं प्रशंसन् मनसैव बालकं
विचारयामास जनान्तकृद् यमः ॥ ७ ॥

वटु का महत्वपूर्ण श्रुतियों द्वारा सम्मानित आत्मसम्वन्धी इस गूढ़ प्रश्न को सुनकर मन ही मन बालक की प्रशंसा करते हुए जनता के संहारक यमराज ने विचार किया ॥७॥

बालोऽप्यबालप्रतिभान्वितोऽद्भुतो
विदृश्यते कीदृगसौ मनोहरः।
उद्घाटयत्याऽऽत्मगतं यमादपि
तत्त्वं विजिज्ञासत एष चाव्ययम् ॥ ८ ॥

यह बालक होता हुआ भी बूढ़ों की-सी प्रतिभा से संपन्न है। यह कितना सुन्दर और अद्भुत दिखता है। यह यम से भी आत्मसम्बन्धी रहस्य का खुलासा कराता है। यह अविनश्वर आत्मतत्त्व को जानना चाहता है ॥८॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

युक्तं परं तत्त्वधिकारिमात्रकैः
प्राप्यं प्रदेयं गुरुभिश्च तादृशैः ।
सद्वस्त्वपात्रे निहितं निहन्ति यन्—
निधातुरेव प्रतिभां तदाश्रिताम् ॥ ९ ॥

ठीक है, किन्तु आतमतत्त्व एकमात्र अधिकारी शिष्यों द्वारा प्राप्य एवं वैसे ही अधिकारी गुरुओं द्वारा वह प्रदेय भी है। सदस्तु यदि अपात्र में निहित की जाय तो निहित करने वाले गुरु की ही सद्वस्तु विषयक प्रतिभा को विनष्ट कर देती है ॥९॥

पूर्वं परीक्ष्ये तदमुं तु सत्कृतं
स्फुटं तदत्राऽनधिकारिणं यदि ।
प्राप्नोम्यहं चेन्न ददामि शान्तिदं
तदुत्तरं योगिवरैश्च दुर्लभम् ॥ १० ॥

अतः मेरे द्वारा सम्मानित इस वटु की पहले मैं अच्छी तरह परीक्षा लेता हूँ। यदि आतमतत्व के सम्बन्ध में इसे अनधिकारी पाऊंगा तो श्रेष्ठ महायोगियों को भी दुष्प्राप्य एवं शान्ति प्रदान करने वाला आतमसम्बन्धी प्रश्न का उत्तर नहीं दूंगा ॥१०॥

निष्कास्य सद्बुद्धिमिमां महाप्रभुः
सुदुर्धरो मृत्युरसौ तदुत्तरन् ।
दददभ्युवाचाऽवहितं शिशुं पुन—
र्दुर्ज्ञेयतामस्य निदर्शयंस्ततः ॥११ ॥

बड़ी कठिनाई से वश में आनेवाले महाप्रभु यमराज ने यह सद्युक्ति निकाल कर उसके आतमसम्बन्धी प्रश्न का उत्तर देने को उद्यत होते हुए उत्तर सुनने के लिए सावधान बालक नचिकेता से उसके आतमसम्बन्धी प्रश्न के उत्तर की दुर्ज्ञेयता बतलाते हुए फिर कहा ॥ ११ ॥

तदात्मतत्त्वं द्विजवर्य ! वस्तुतो
दुर्ज्ञेयमेवाऽऽत्मवतां सतामपि ।
दुर्बोधमव्यक्तमिदं प्रदृश्यते
ह्यगम्यमेभिश्च मुमुक्षुभिश्च तैः ॥१२ ॥

हे ब्राह्मण-श्रेष्ठ ! यह अव्यक्त आतमतत्त्व वस्तुतः शान्तचित्त महात्माओं को भी दुर्बोध तथा दुर्ज्ञेय ही दिखाई देता है। सचमुच, यह आतमतत्त्व इन शान्तचित्त भद्रपुरुषों तथा उन तपस्या-निरत मुमुक्षु जनों की भी पहुँच से परे है ॥ १२ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

लोकान्तरे तद्विषयं पुराश्रितै—
लोकोत्तरैर्देववरैश्च विश्रुतैः ।
कृत्वा विमर्शं बहुधा विचारितं
तथापि न ज्ञातमिदं यथार्थतः ॥ १३ ॥

प्राचीन काल में अन्यान्य लोकों में रहनेवाले बड़े विख्यात अलौकिक प्रतिभा-सम्पन्न पुरुषों तथा श्रेष्ठ-श्रेष्ठ देवताओं ने बहुत ऊहापोह कर आत्मतत्त्व का विचार किया, किन्तु फिर भी उनको यथार्थ रूप से उस तत्त्व का ज्ञान नहीं हुआ ॥ १३ ॥

मया प्रदत्तं त इदं वरत्रयं
सत्यं प्रदत्ते तदिमे वरद्वये ।
यदेक एवास्त्यवशिष्ट एष च
प्रदीयते ते द्विज ! साधु गृह्यताम् ॥ १४ ॥

हे विप्रवर, मैंने तुम्हें ये तीन वर दिये, यह सत्य है । उनमें से दो वर मैं तुम्हें दे चुका हूँ । अब एक ही वर चुकाना शेष है । इसे भी मैं तुम्हें देता हूँ । इसे अच्छी तरह ग्रहण करो ॥ १४ ॥

परन्तु काठिन्यममुष्य तद्गतां
दुर्ज्ञेयताञ्चाऽत्र विचारयन्नहम् ।
तदुक्तवानन्यमतः परं वरं
याचस्व विद्वन् ! यदि मन्यसे वरम् ॥ १५ ॥

परन्तु इस आत्मतत्त्व की कठिनता और इसकी दुर्ज्ञेयता का विचार करते हुए मैंने तुम से ये (उपर्युक्त) बातें कहीं । हे विद्वन् ! यदि उचित समझो तो इससे श्रेष्ठ बढ़ा-चढ़ा दूसरा वर मांगो ॥ १५ ॥

यथोत्तमर्णः प्रतिबाधतेऽनिशं
प्राप्याऽधमर्णं स्वधनाप्तये वटो! ।
तथैव मां न व्यथयाऽत्र तद्वरं
विसृज्य मय्येव तदन्यमाप्नुहि ॥ १६ ॥

हे वटो ! जैसे ऋणदाता ऋणी को पाकर अपने धन की प्राप्ति के लिए निरन्तर परेशान करता है वैसे तुम मुझे इस विषय में परेशान न करो । इस वर को मुझ में ही छोड़कर इससे अन्य वर प्राप्त करो ॥ १६ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

दुर्ज्ञेयतामस्य वरस्य सूक्ष्मतां
निशम्य बालो यमराजघोषिताम् ।
नोद्विग्नतां प्राप न चाप खिन्नता—
मौत्सुक्यमेवाऽत्र परं दधार सः ॥ १७ ॥

बालक नचिकेता यमराज द्वारा वर्णित इस वर की दुर्ज्ञेयता और सूक्ष्मता सुनकर न दुःखी हुआ और न उदास ही हुआ । उल्टे, उसकी उस वर के सम्बन्ध में उत्सुकता ही और अधिक बढी ॥ १७ ॥

तथैव निर्दिश्य दृढत्वमात्मनो
वरं प्रियं प्राप्तुममुं सदाग्रहः ।
असौ वटुर्भूय उवाच सादरं
वैवस्वतं तं परितोषयन्निदम् ॥ १८ ॥

अपनी दृढता का पूर्ववत् संकेत कर अपने प्रिय इसी वर को प्राप्त करने के लिए दृढ आग्रहवाला यमराज को प्रसन्न करता हुआ फिर आदर पूर्वक यह बोला ॥ १८ ॥

युक्तं विभो ! देववरैश्च योगिभि—
र्विमृश्य सम्यग् बहुधा विकल्पितम् ।
तथापि न ज्ञातमिदं वदत्यहो !
साक्षाद्भवान् यत्तदिदं महत्किल ॥ १९ ॥

हे सर्वव्यापक यमदेव ! ठीक है, श्रेष्ठ-श्रेष्ठ देवताओं तथा योगियों द्वारा बार बार भली भांति विचार-विमर्श कर उसे जानने की इच्छा की फिर भी आश्चर्य ! वह तत्त्व उन्हें ज्ञात नहीं हुआ, यह साक्षात् आप कहते हैं। इसलिए यह वर निश्चय ही महान् है ॥ १९ ॥

तस्मान्मयाऽप्यत्र च सूक्ष्मतामितं
तमेव लब्धुं वरमात्मतत्त्वगम् ।
विज्ञापनीयं भवते कृताऽऽदरं
जिज्ञासया तद्गतयाऽत्र सद्धिया ॥ २० ॥

इसलिए मुझे आत्मसम्बन्धी सूक्ष्मातिसूक्ष्म उसी वर को पाने के लिए उसे जानने की उत्कट इच्छा लिए उत्कण्ठित सद्बुद्धि से आदर के साथ आपसे प्रार्थना करनी है ॥ २० ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

विहाय चैनं वरमव्ययात्मकं
याचे किमन्यं क्षरतां समाश्रितम् ।
याञ्चा मदीया न भवेद्धतोदया
तदेव जिज्ञासत एष चान्तक ! ॥ २१ ॥

अविनाशी इस वर को छोड़ कर मैं विनाशशील अन्य कौन वर माँगू ! हे धर्मराज ! मेरी याचना उदित होते-होते मारी न जाय भगवन् ! यह आपका बालक उसी तत्त्व को जानना चाहता है ॥ २१ ॥

संत्यज्य वक्तारमहं भवादृशं
प्राप्नोमि कं तज्ज्ञजनं कथं कदा ।
अन्वेषणेऽप्यार्य ! जगत्रयेऽप्यहो !
ज्ञातं मया नास्ति भवादृशो जनः ॥ २२ ॥

मैं आप ऐसे वक्ता (उपदेशक) को छोड़ कर उस तत्त्व को भली भाँति जानने वाले किसे, कब और कैसे पाऊँ ! हे आर्य, तीनों लोकों में भली भाँति खोजने पर भी आपके तुल्य ज्ञाता पुरुष मुझे दिखाई नहीं देता ॥ २२ ॥

तस्माद्वरस्याऽस्य समो न दृश्यते
नास्त्यत्र किञ्चिच्च विनिश्चितं मया ।
अतोऽपि देयो भवता सुनिश्चितः
पूर्वोक्त एवैष वरोऽत्र मे विभो ! ॥ २३ ॥

इसलिए इस वर के तुल्य दूसरा वर मुझे दिखाई नहीं देता । इसके तुल्य जगत् में कुछ है ही नहीं, यह मैंने निश्चय कर लिया है । हे विभो ! इस कारण भी आप पूर्वोक्त सुविचारित यही वर मुझे देने की कृपा करें ॥ २३ ॥

तज्ज्ञानकाठिन्यमिमाञ्च सूक्ष्मतां
दुर्ज्ञेयताञ्चाऽस्य वटुर्विदन्नपि ॥
यदा व्यरंसीन्न ततः सुनिश्चितात्
तदैव साफल्यमवाप तत्र सः ॥ २४ ॥

वटुवर नचिकेता उस तत्त्व के ज्ञान की कठिनता, सूक्ष्मता तथा दुर्ज्ञेयता को जानता हुआ भी जब सुनिश्चित उस वर से विचलित नहीं हुआ तभी वह उस वर की प्राप्ति में सफल मनोरथ हुआ ॥ २४ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

ततोऽतिहृष्टो भगवान् यमोऽत्र तं
प्रलोभयन्नाह परीक्ष्य यत्नतः ।
आपातरम्येषु च विश्ववस्तुषु
ज्ञातुं शिशोरस्य मनःस्थितिं शुभाम् ॥ २५ ॥

तदनन्तर उस वटु की दृढ़ता को देखकर (मन ही मन) अत्यन्त प्रसन्न हुए यमराज ने सरसरी तौर से देखने में रमणीय लगने वाले जागतिक पदार्थों के विषय में प्रलोभित करते हुए कहा ॥ २५ ॥

ऋजुस्त्वमित्थं प्रतिभासि वस्तुत—
स्तदात्मतत्वस्य कृते ममाऽग्रतः ।
हठं प्रदर्श्यैव यदत्र भाषसे
त्यक्त्वा विशेषान् विषयान् भवात्मकान् ॥ २६ ॥

हे वटो ! तुम मुझे वस्तुतः बड़े भोंदू मालूम पड़ते हो क्योंकि सांसारिक अच्छे-अच्छे मूल्यवान् विषयों का त्याग कर उस आत्मतत्त्व के लिए मेरे समक्ष हठ दिखा कर जो इस प्रकार बोल रहे हो ॥ २६ ॥

ज्ञातेन तेनाऽपि शिशो ! करोषि किं
सत्यं शिशुस्त्वं विगतैषणोऽसि किम् ? ।
याचस्व मत्तोऽत्र तदन्यमीप्सितं
वरं त्वनेकाश्रितततां समाश्रितम् ॥ २७ ॥

हे बालक ! उस आत्मतत्त्व के जान लेने से भी तुम क्या करोगे ? सचमुच, तुम निरे बच्चे हो । क्या तुम निष्काम हो ? आत्मतत्त्व-सम्बन्धी वर से अतिरिक्त अनेक उत्तमोत्तम पदार्थों से युक्त जो अभीष्ट वर चाहो, मुझसे मांगो ॥ २७ ॥

ददाम्यहं तुभ्यमिमान् रथान् हयान्
कलत्रपुत्रांश्च गजादिभिर्वृतान् ।
धान्यं धनं रत्नसुवर्णमण्डितं
गृहादिकं चाप्नुहि मण्डलेशताम् ॥ २८ ॥

मैं तुम्हे ये सुन्दर रथ, घोड़े तथा हाथी आदि बहुमूल्य पदार्थों सहित स्त्री-पुत्र देता हूँ । तुम मुझ से धन धान्य, हीरा, पन्ना आदि रत्न, सोना आदि से विभूषित घर आदि एवं मण्डलेश्वरता तक प्राप्त कर सकते हो ॥ २८ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

वस्तूनि चैतानि विभोक्तुमञ्जसा
यदीहसे यावदमुत्र जीवनम् ।
मत्तो गृहाणेदमभीष्टमाशु भो !
तद्भुङ्क्ष्व भोगानतुलान् समर्पितान् ॥ २९ ॥

हे वटो ! इन सब वस्तुओं का आराम से उपभोग करने के लिए मर्त्यलोक में जितनी लम्बी आयु तुम चाहते हो तथा इन सब अभीष्ट पदार्थों को मुझ से शीघ्र ग्रहण करो । मेरे द्वारा अर्पित उन सब अनुपम भोगों को भोगो ॥ २९ ॥

एभिः समं भोगमयं महत्तरं
ददाति साम्राज्यमपीह ते यमः ।
त्यक्त्वा तमेकं वरमात्मतत्वगं
किमीहसे ? सर्वमिदं तदाप्नुहि ॥ ३० ॥

उस एक आत्म-सम्बन्धी वर को छोड़ कर इन (पूर्वोक्त) पदार्थों के साथ ही साथ विविध भोगों से सम्पन्न महान् से भी महान् साम्राज्य तक मैं (यमराज) तुम्हे यहां देता हूँ । जो तुम चाहो उस सबको मुझसे प्राप्त करो ॥ ३० ॥

तदात्मतत्वस्य महत्वमीदृशं
प्रदर्श्य गूढं नचिकेतसे यमः ।
दृष्ट्वा स्थिरं तत्र च तं प्रलोभयं—
स्तान् दिव्यभोगान् पुरतो न्यधात् पुनः ॥ ३१ ॥

उस आत्मतत्त्व का इस प्रकार का महत्त्व नचिकेता को परोक्षरूप से दर्शाकर और उसे अपनी मांग पर अटल देखकर नचिकेता को पुन प्रलोभित करते हुए यमराज ने वे विविध दिव्य भोग उसके सामने रखे ॥ ३१ ॥

तवस्तु विद्वन् ! भुवि दुर्लभा जनै—
र्भोगा विशिष्टा विषयाश्च वस्तुतः ।
सन्त्यत्र नाना दिवि चाऽपि विश्रुता—
स्त्वमद्य तानेव वृणीहि सद्व्रत ! ॥ ३२ ॥

अच्छा, हे वितद्वर बालक ! भूतल में यहां के लोगों को दुर्लभ वास्तव में उत्तम-उत्तम भोग और विषय यहां बहुत है । ये स्वर्ग में बहुत विख्यात भी हैं । तुम आज उन्हीं को वर लो ॥ ३२ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

या इन्द्रियेभ्यः परिपुष्टितुष्टिदाः
प्रिया रमण्यो विलसन्त्यहो ! दिवि ।
ताभिश्च तैस्तैर्विषयैश्च दुर्लभै—
रात्मानमेवं परिचारयस्व भो ! ॥ ३३ ॥

वाह ! स्वर्ग में इन्द्रियों को पुष्टि और तुष्टि प्रदान करने वाली अनुरागमयी मनोहर अप्सरायें हैं जो हावभाव-विलासों से यत्र तत्र इठलाती हैं उनसे तथा उन उन विविध दुर्लभ भोगों से तुम अपनी सेवा लो ॥ ३३ ॥

तन्नृत्यगीते रथवाजिसंयुते
वराप्सरोभिः समलङ्कृते शुभे ।
यन्मर्त्यलोके स्त इमे न बालक !
तवाऽत्र हृद्ये भवतो न किं भण ? ॥ ३४ ॥

रथ और घोड़ से युक्त श्रेष्ठ-श्रेष्ठ अप्सराओं से सुशोभित अत्यन्त रमणीय स्वर्ग के अप्सराओं सुन्दर नृत्य-गीत, जो मनुष्य-लोक में दुर्लभ हैं, हे प्रिय बालक ! कहो तो सही क्या तुम्हें प्रिय नहीं हैं ? ॥ ३४ ॥

यान् प्राप्तुमेवं मुनयो धृतव्रता
योगीश्वराश्चैव भवे भ्रमन्त्यहो ! ।
अप्राप्य तान् हन्त ! समाकुला भृशं
सन्त्यत्र तांस्तुभ्यमहं ददामि भोः ! ॥ ३५ ॥

हे बालकवर ! जिन उत्तम विषयों को प्राप्त करने के लिए मुनिजन तथा महान् योगी यम, नियमादि नाना व्रतों का पालन करते हुए संसार में भटकते हैं। खेद है, फिर भी उन विषयों को न पाकर बहुत अधिक व्याकुल हैं। उन्हें मैं तुम्हें देता हूँ ॥ ३५ ॥

यथेप्सितं सर्वमिदं भवात्मकं
तद्वस्तुजातं यदि मन्यसे वरम् ।
याचस्व मत्तोऽद्य ददामि तद्ध्यहं
यदीच्छसि त्यक्तुमिहात्मगं वरम् ॥ ३६ ॥

यदि तुम यहाँ आत्मतत्त्व सम्बन्धी वर को छोड़ देना चाहते हो तो ये सब जागतिक वस्तुएँ, जिनकी तुम्हें अभिलाषा हो, यदि तुम अच्छी मानो तो मुझसे मांगो। मैं आज प्रसन्नतापूर्वक उन्हें तुम्हें देता हूँ ॥ ३६ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

दयालुराचार्यवरो महामनाः
यमः स्वशिष्यं प्रथमं परीक्ष्य तम् ।
निर्दिश्य काठिन्यममुष्य सूक्ष्मतां
दुर्ज्ञेयतामस्य पुरो न्यधात् तथा ॥ ३७ ॥

दयावान् महामना श्रेष्ठतम आचार्य यमराज ने अपने शिष्य नचिकेता को पहले भलीभांति परीक्षा लेकर आत्मतत्त्व की कठिनता तथा सूक्ष्मता बतलाकर उस वर की दुर्ज्ञेयता उसके सामने रखी ॥ ३७ ॥

पुनस्तमेवं विषयैर्मनोहरैं—
स्तल्लौकिकालौकिकताङ्गतैरपि ।
प्रलोभ्य तेभ्यश्च शिशोर्हृदि स्वयं
वैराग्यमुद्भाव्य रराज सोऽन्तकः ॥ ३८ ॥

फिर, सारे संसार का संहार करने वाले यमराज बालक नचिकेता को लौकिक तथा अलौकिक मनोहर विषयों से प्रलोभित कर और स्वयं बालक के हृदय में उन-उन विषयों के प्रति वैराग्य उत्पन्न कर आनन्द में विभोर हो गये ॥ ३८ ॥

ततस्त्वसौ सत्यविनिश्चयो वटु—
स्तल्लौकिकालौकिकवस्तुमात्रकम् ।
अनित्यमात्मोन्नतिबाधकं धिया
विभाव्य तत्रैव मनो दधे पुनः ॥ ३९ ॥

तदन्तर दृढ निश्चयी उस बालक ने अपनी शुभ-बुद्धि से लौकिक और अलौकिक सभी पदार्थों को अनित्य तथा आत्मोन्नति में बाधक समझ कर फिर उसी आत्मतत्त्व में अपनी रुचि स्थिर की ॥ ३९ ॥

विचारयन् भूय इमान् सुदुर्लभान्
भोगानिहाऽमुत्र च तुच्छरूपकान् ।
क्षुद्रांशमात्रा अपि तद्वरस्य मे
नैते भवन्तीति विनिश्चयं ययौ ॥ ४० ॥

इस लोक और परलोक में अत्यन्त दुर्लभ होते हुए भी अनित्य होने के कारण असार (क्षुद्ररूप) इन भोगों के विषय में पुनः विचार करता हुआ नचिकेता इस निर्णय पर पहुंचा कि ये सब पदार्थ मेरे आत्मतत्त्व सम्बन्धी उस वर के छोटे से छोटा अंश भी नहीं हो सकते हैं ॥ ४० ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

दृढं विकुर्वंस्तदमुं विनिश्चयं
समर्थयञ्छ्रैष्ठ्यममुष्य नित्यताम् ।
न्यस्तं पुरोऽस्याऽऽत्मगतं च तद्वरं
प्रशंसमानो वटुरेनमब्रवीत् ॥ ४१ ।

अपने उस पूर्ववर्णित निश्चय को दृढ़ करते हुए तथा आत्मतत्त्व-सम्बन्धी वर की श्रेष्ठता और नित्यता की पुष्टि करते हुए उसी आत्मतत्त्व सम्बन्धी वर को यमराज के सम्मुख रखा और उस वर की प्रशंसा करते हुए यमराज से कहा ॥ ४१ ॥

श्रुतं विभो ! लौकिकपारलौकिकं
तद्वस्तुजातं भवता प्रशंसितम् ।
निरूपितं तच्च मया स्वरूपतोऽ-
नित्यं तथैतत्सकलं विनश्वरम् ॥

हे विभो ! आपके द्वारा बखानी गईं लौकिक अलौकिक सब वस्तुएँ मैंने सुनीं और उनके सम्बन्ध में भली भाँति विवेचन भी किया । वे सब वस्तुएँ मुझे स्वरूप से अनित्य तथा क्षणिक मालूम पड़ी ॥ ४२ ॥

इमानि सर्वाणि यथार्थतः प्रभो !
आपातरम्याणि विभावयाम्यहम् ।
तस्मात् स्वयं नश्वरदेहमाश्रितः
कथं वृणेऽहं ममतामयान्यहो ! ॥ ४३ ॥

हे देव ! इन सब वस्तुओं को मैं यथार्थ रूप से सर सरी तौर पर देखने में रमणीय समझता हूँ । इसलिए दुःख है, स्वयं नश्वर देह का आश्रय लेकर स्थित मैं ममतामय इन वस्तुओं का कैसे वरण कर सकता हूँ ? ॥ ४३ ॥

श्वोभाव एवाऽत्र विदृश्यते स्फुटं
तेषां च तस्मात् क्षणिकानि तान्यपि ।
प्रदीयते नित्यसुखं तथाविधै—
रनित्यभूतैर्विषयैः कथं पुनः ? ॥ ४४ ॥

आपके द्वारा दर्शाये गये उन लौकिक और पारलौकिक पदार्थों का श्वोभाव (दूसरे दिन अभाव) साफ दिखाई देता है, इसलिए वे भी क्षणिक हैं । फिर, उस प्रकार के अनित्य (क्षणिक) विषय नित्य सुख कैसे दे सकते हैं ? ॥ ४४ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

मर्त्येन्द्रियाणां त इमे सुदुर्धराः
शक्तीस्तदोजश्च विनाशयन्त्यहो ! ।
आश्रित्य यानत्र बुधोऽपि वस्तुतः—
स्तद्बन्धनं प्राप्य भृशं विमुह्यति ॥ ४५ ॥

मनुष्यों की इन्द्रियाँ उनको बड़ी कठिनाई से भी ग्रहण नहीं कर सकतीं। फिर, दुःख है, वे उनकी शक्ति और तेज को विनष्ट कर डालते हैं। जिन विषयों का अवलम्बन कर ज्ञानवान् पुरुष भी बन्धनरूप उन्हें पाकर उन पर रीझ जाता है ॥ ४५ ॥

यद्दीर्घजीवित्वमपि त्वया विभो !
वितीर्यते मे सुखदं न तद्ध्यपि ।
अनन्तकालस्य पुरस्तदस्ति किं
स्वल्पांश एवाऽस्य विधेरपि स्फुटम् ॥ ४६ ॥

भगवन्, आप जो दीर्घजीवन (लम्बी आयु) मेरे लिए दे रहे हैं निश्चय ही वह भी सुखदायक नहीं है। अनन्त काल के आगे उसकी क्या गणना है ? अनन्तकाल के सामने ब्रह्मा की आयु भी एकदम स्वल्पांश ही है ॥ ४६ ॥

तस्मात् प्रभो ! नाहमिमान् समर्थये
न कामये तान् क्षणिकांश्च नश्वरान् ।
ते नृत्यगीते सुतवाजिकुञ्जरा
दिव्या रमण्यश्च भवेयुरत्र ते ॥ ४७ ॥

हे प्रभो ! इस कारण मैं इनका (भोगों का) न समर्थन (पुष्टि) कर सकता हूं एवं न उन क्षणिक और नश्वर पदार्थों की मुझे चाह ही है। वे नृत्यगीत, स्त्री-पुत्र, घोड़े और हाथी एवं वे दिव्य (स्वर्गस्थ) मनोहर अप्सराएं यहाँ आप को ही मुअस्सर हों ॥ ४७ ॥

आश्चर्यमत्राऽपि पि च दृश्यतेऽनिशं
द्रव्यादिभिः पुत्रकलत्रबन्धुभिः ।
तृप्तो मनुष्यो न कदापि, कामिता
वह्निर्यथाऽऽज्याहुतिभिः प्रवर्धते ॥ ४८ ॥

आश्चर्य है, यहाँ भी निरन्तर यह देखा जाता है कि धन-दौलत आदि से, पुत्र, स्त्री तथा बन्धुओं से मनुष्य को कदापि तृप्ति नहीं होती जैसे अग्नि घृत की आहुति से बढती है वैसे ही इन धनादि से मनुष्य की कामना बढती जाती है ॥ ४८ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अपूर्णतामेव विभावयन् हृदि
तद्वन्धनव्यग्रधिया स लोलुपः ।
कर्माणि कुर्वन् विफलान्यहो ! क्वचित्
प्राप्नोति दुःखान्यसमानि वस्तुतः ॥ ४९ ॥

धन-दौलत का लालची मनुष्य अपने हृदय में अपनी अपूर्णता का विचार करता हुआ उन बन्धनभूत द्रव्यादि की अभिवृद्धि के लिये व्याकुल बुद्धि से विफल कर्म करता है। खेद है, कभी सुख के बजाय उन कर्मों से वह वास्तव में अतुलनीय दुःख ही पाता है ॥ ४९ ॥

तत्प्राप्नुयामाऽर्थमपि स्वजीवनं
सुखं चलत्यत्र च यावता विभो ! ।
तावन्मितं त्वत्पदमाश्रिता वयं
तुष्टाः स्म विप्रा न परं त्वनर्थदम् ॥ ५० ॥

आपके चरण-कमलों के आश्रित हुए हम जितने द्रव्य आदि से अपना जीवन निर्वाह सुखपूर्वक चल जाय उतना धन पा ही जायंगे। हम उससे अधिक अनर्थ की जड़ धन-दौलत आदि चाहते भी नहीं हैं, क्योंकि हम सन्तोषी ब्राह्मण जो हैं ॥ ५० ॥

म्रियेऽहमित्यादिभयं च मे गुरो !
नास्त्यत्र यन्मृत्युपदे त्वमव्ययः ।
विराजसे यावदिह स्वतन्त्रत—
स्तावज्जनोऽय च सुखेन जीवति ॥ ५१ ॥

हे गुरुवर ! मैं मर जाऊंगा, यह भय भी मुझे यहां नहीं है, क्योंकि जब तक इस मृत्यु-पद में स्वतन्त्र-रूप से आप विराजमान हैं तब तक यह जन भी सुख से जी सकता है ॥ ५१ ॥

त्यक्तुं शक्तोऽस्यहमद्य तं वरं
याचे न चाऽन्यं च तदन्यमत्र भो ! ।
विचार्य सम्यक् सुधिया विमृश्य यद्
गुरो ! मयाऽयाचि स तद् ददातु मे ॥ ५२ ॥

मैं आज आत्मतत्त्व सम्बन्धी उस वर का त्याग करने में समर्थ नहीं हूं। हे मृत्युदेव ! यहां पर उससे अतिरिक्त अन्य वर भी मैं नहीं मांग सकता। हे गुरुदेव ! भली-भांति सोच-विचार कर बुद्धिपूर्वक स्वस्थ चित्त से सोच-समझ कर जो वर मैंने मांगा है, उसे आप मुझे देने की कृपा करें ॥ ५२ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

निवेद्य तस्मै तदिदं मनोहरं
स्वान्तःस्थितं वाक्यमनन्यमीदृशम् ।
प्रदर्श्य चेत्थं स्ववरस्य सत्यतां
स्थिरीभवंस्तत्र पुनर्जगाद सः ॥ ५३ ॥

वह वटु यमराज के निकट ऐसा मनोहर और अनुपम हार्दिक वचन निवेदन कर तथा पूर्वोक्त प्रकार से अपने वर की श्रेष्ठता दिखला कर स्थिर होता हुआ फिर यमराज से बोला ॥ ५३ ॥

महामना देववरो भवादृशो
भवे भवेत् कोऽन्य उदारविक्रमः ।
अमोघसङ्गस्त्वजरामरस्तथा
परात्मगो ज्ञानमयः सुधीर्बुधः ॥ ५४ ॥

भगवन् ! महामना विख्यात प्रतापी आप ऐसा देवश्रेष्ठ इस जगत् में दूसरा कौन होगा ? आपका संग अमोघ फलदायक है, आप अजर और अमर हैं एवं परमात्मा को जाननेवाले ज्ञानमय सुमति तथा विद्वान् है ॥ ५४ ॥

एवंविधं त्वां समवाप्य सद्गुरुं
तथाविधं वस्त्वहितं विनश्वरम् ।
संयाचमानस्य ततोऽस्य दुर्मते—
रात्मोपघातो भविता ध्रुवं विभो ! ॥ ५५ ॥

हे प्रभो ! इस प्रकार सर्वगुण सम्पन्न आप ऐसे सद्गुरु को पाकर उस प्रकार की क्षणिक विनाशी अहितकारी वस्तु मांग रहे इस दुर्मति का उससे अवश्य आत्म-हनन होगा ॥ ५५ ॥

तस्मान्न याचे रथवाजिकुञ्जरान्
दिव्याः सुपत्नीश्च सुखानि तान्यपि ।
न कामयेऽन्यच्च तदन्यमात्मगं
वरं विहायाऽत्र तमेव देहि मे ॥ ५६ ।

हे देववर ! इसलिए मैं आत्मतत्त्व संवन्धी वर के सिवा रथ, घोड़े और हाथियों को नहीं मागता हूँ । दिव्य सुन्दर पत्नियों को तथा उनसे होनेवाले सुख को मैं नहीं चाहता हूँ एवं इनसे भिन्न दूसरी विनाशी रत्नादि वस्तुओं की भी मुझे चाह नहीं है, इसलिए कृपाकर मुझे वही वर दीजिये ॥ ५६ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

चराचराणां हृदयेष्ववस्थित—
आत्मानमाशङ्क्य विलीनतामितम् ।
मृतेषु देहेषु वदन्ति मानवा
अस्तित्त्वमस्याऽस्ति न चाऽस्ति यद्भुवे ॥ ५७ ॥

मनुष्य जगत् में चराचर जीवों के हृदय में स्थित आत्मा को, देहों के मरने पर आत्मा भी देह के साथ विलीन हुआ ऐसी आशंका कर, मृत कहते हैं, कोई देहों के मरने पर आत्मा का अस्तित्व कहते हैं और उसका अस्तित्व नहीं रहता ऐसा भी कहते हैं ॥ ५७ ॥

तदन्तकाऽस्मिन् विषये महत्तरे
विनिर्णयः कोऽस्ति भवन्मतो हितः ।
यः स्वानुभूतश्च भवेत्त्वया गुरो !
तमेव मां श्रावय सैष मद्वरः ॥ ५८ ॥

इसलिए हे जनान्तकारी देव ! इस महान् से भी बढकर विषय में आपका अभिमत हितकारी निर्णय क्या है ? हे गुरुवर ! जो आपके द्वारा स्वानुभूत हो उसी को मुझे सुनाइये । यही मेरा वह वर है ॥ ५८ ॥

सत्यं तदात्मगं तत्त्वं गुह्यमेवंविधं प्रभो ! ।
नचिकेता वृणीतेऽमुं नान्यमस्मात् ततो वद ॥ ५९ ॥

हे प्रभो ! इस प्रकार का वह सत्य आत्मसम्वन्धी तत्त्व गुह्य है । उसी वर को नचिकेता वरता (मांगता) है । इसलिए आप कृपया उससे अतिरिक्त वर मांगने को न कहिये ॥ ५९ ॥

कृष्णप्रसादरचिते कठोपनिषदात्मके ।
ब्रह्मविद्यापरे काव्ये षष्ठः सर्गोऽप्ययं गतः ॥ ६० ॥

श्रीकृष्ण प्रसाद घिमिरे द्वारा विरचित कठोपनिषदात्मक ब्रह्म-विद्या प्रतिपादक काव्य में यह छठा सर्ग समाप्त हुआ ॥ ६० ॥

ॐ शातिः शातिः शातिः

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

सप्तमः सर्गः

सोऽयं जगद्धरणविक्रम ईशकालो
निर्भीकमस्य मधुरं वचनं निशम्य।
दृष्ट्वा च तद्विषयवस्तुषु नष्टतृष्णं
तं प्राप्य शिष्यमतुलं समभूत् प्रसन्नः ॥ १ ॥

सारे संसार का संहार करने की शक्ति रखने वाले दक्षिण-दिशा के अधिपति प्रसिद्ध यमराज बालक नचिकेता का निर्भीक, मधुर वचन सुनकर, उसे उन-उन विविध भोग्य पदार्थों में निःस्पृह देख कर एवं उस असाधारण शिष्य को पाकर बहुत प्रसन्न हुए ॥ १ ॥

आत्मप्रियात्मजमिवाऽङ्कमधिष्ठितं तं
प्रेम्णा निरीक्ष्य कृतपूर्वपरीक्ष एष।
प्राप्ताधिकार इति चात्मनि संविभाव्य
प्रत्याह तुष्टहृदयेन स आत्मविद्याम् ॥ २ ॥

गोद में बैठे हुए अपने प्रिय पुत्र की तरह उसको (नचिकेता को) स्नेहसिक्त कृपार्द्र दृष्टि से निहार कर एवं पूर्व परीक्षित यह आत्मतत्त्व को जानने का अधिकारी है ऐसा निश्चय कर यमराज ने सन्तोष पूर्ण हृदय से वह आत्मविद्या उससे कही ॥ २ ॥

अस्या महत्वमितराभ्य उरुत्वशक्ति
संवर्धयंश्च यम एष रराज तत्र।
स्मृत्वा हरिं तदुपदेशममुं ददत् स
संलक्षितोऽत्र वटुना परमात्मरूपः ॥ ३ ॥

अन्य विद्याओं की अपेक्षा सर्व श्रेष्ठ इस विद्या (आत्मविद्या) का महत्त्व तथा विपुलशक्ति की अभिवृद्धि करते हुए वह (यमराज) वहाँ अत्यन्त सुशोभित हुए। हरि भगवान् का स्मरण कर उसका (आत्मविद्या का) उपदेश उसे (वटु-नचिकेता को) दे रहे यमराज को वटु ने परमात्मरूप देखा ॥ ३ ॥

शीर्ष्णा नतेन गुरुभक्तियुतेन तेन
संपश्यता ह्यनुपमं विभुकालमेनम्।
अश्रावि तन्मुखविनिर्गत एष शब्द
औद्दालके ! त्वमिह शृण्विति दत्तचित्तः ॥ ४ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

तदनन्तर इस सर्वव्यापक काल (यमराज) को अनुपम देखते हुए नत मस्तक गुरुभक्ति से सराबोर नचिकेता ने उनके मुँह से निकला यह शब्द सुना—'हे उद्दालक-कुमार ! तुम यहाँ सावधान होकर सुनो ॥ ४ ॥

अन्यासु योनिषु मनुष्यशरीरमेतत्
संमान्यते बहुफलाढ्यमिह प्रकृष्टम् ।
लब्धं स्वपुण्यनिवहैर्नहि कर्मणस्तं
भोक्तुं विपाकमिह विप्र ! विचारय त्वम् ॥ ५ ॥

अन्यान्य सब योनियों में बहुत से सुन्दर फलों से परिपूर्ण यह मनुष्य-शरीर इस जगत् में सर्वोत्कृष्ट माना जाता है। हे ब्राह्मण-कुमार ! यह अनुपम शरीर तुम्हें प्राप्त हुआ है। यह इस जगत् में कर्मों का फल भोगने के लिए नहीं है, इसका तुम विचार करो ॥ ५ ॥

साप्नोति सिद्धिमतुलामिह मर्त्य एष
एतेन चात्मफलदां कृतकर्मणस्ताम् ।
आश्रित्य यत्स्वहितसाधनरूपमेनद्
विज्ञा बुधाः प्रियजनैः सह तामवापुः ॥ ६ ॥

यह मनुष्य इस शरीर से सुकृतवान् पुरुष को आत्मतत्त्वरूप फल देनेवाली असाधारण सिद्धि प्राप्त कराता है। अपने हित के साधनभूत इस शरीर का आश्रय लेकर विज्ञ तथा प्रबुद्ध पुरुष अपने प्रिय जनों के साथ, भूतकाल में, उस सिद्धि को प्राप्त हुए हैं ॥ ६ ॥

वेदो जगाद जगति प्रथमं प्रसिद्धौ
मार्गावुभौ स्त इति यच्च वदन्ति तज्ज्ञाः ।
श्रेयस्तयोर्विलसतीह तदन्यदिष्टः
प्रेयो विराजति वटो ! सुखहेतुभूतः ॥ ७ ॥

सबसे पहले वेदने कहा—जगत् में सुख के साधनभूत दो मार्ग हैं। वेदज्ञ विद्वान् पुरुष भी ऐसा ही कहते हैं। उन दो मार्गों में से एक इष्ट श्रेय मार्ग है और दूसरा उससे भिन्न प्रेय मार्ग है ॥ ७ ॥

आत्यन्तिकी भवति दुःखनिवृत्तिरिष्टा
श्रेयः प्रियं तमवधारय मार्गमेकम् ।
सानन्दचिन्मयमथाऽव्ययमात्मरूपं
ब्रह्मात्वमेव विलसत्यसमं यदत्र ॥ ८ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

जिसमें स्वाभिलषित आत्यन्तिक (त्रिकालावाधित) दुःख निवृत्ति होती है उसे तुम एक (पहला) प्रिय श्रेयो मार्ग जानो । इसी में सच्चित्-आनन्दमय अविनाशी अनुपम आत्मरूप ब्रह्मत्व झलकता है, सुशोभित होता है ॥ ८ ॥

प्रेयस्तदन्यदितरेतरवद्धवैरा
आपातरम्यविषयास्त इमेऽपि सर्वे ।
दृष्टश्रुता विविधलोकगताश्च भोगाः
स्त्रीपुत्रवैभवयशांसि विभान्ति यत्र ॥ ९ ॥

उससे भिन्न प्रेयोमार्ग है, जिसमें आपस में परस्पर बद्धवैर (विरुद्ध) तथा सरसरी तौर से रम्य प्रतीत होनेवाले नाना प्रकार के ये सभी विषय, देखे गये तथा सुने गये विविध लोकों के भोग, स्त्री, पुत्र, धन, सम्पत्ति, यश आदि शोभा पाते हैं ॥ ९ ॥

मार्गाविमौ जगति रूढ़पदौ सदैवं
लग्नौ स्त आत्मन इहैव विकर्षणार्थम् ।
स्वान् स्वान् विशिष्टविषयान् नयतः स्वतन्त्रौ
तान् देहिनः स्वकृतकर्मफलेषु सक्तान् ॥ १० ॥

इस संसार में बद्धमूल (भलीभाँति जड़ जमाये हुए) ये दोनों मार्ग सदा ही आत्मा का अपनी-अपनी ओर आकर्षण करने के लिए संलग्न हैं । स्वतन्त्र ये दोनों मार्ग अपने द्वारा किये गये कर्मों के फलों में आसक्त उन सब जीवों को अपने-अपने विशिष्ट विषयों की ओर बलात् ले जाते हैं ॥ १० ॥

लोकास्तु विप्र ! विषयेषु विषात्मकेषु
भोगेषु बद्धहृदयाः क्षणिकेषु तेषु ।
भ्रान्ताः स्वतः प्रकृतिदुष्कृतिभिर्विमूढाः
श्रेयः पथं त्ववगणय्य भजन्त एनम् ॥ ११ ॥

इसलिए लोग इस जगत् में विषोपम भोगों में, क्षणिक-विषयों में अत्यन्त आसक्त हो, स्वतः भ्रान्त बन एवं अपनी प्रकृति (स्वभाव) तथा पापों से व्यामोह में पड़कर उस श्रेष्ठतम श्रेयोमार्ग की अवहेलना कर इस प्रेयो मार्ग के पथिक बनते हैं ॥ ११ ॥

किन्त्वत्र सन्ति विरलाः पुरुषा य इत्थं
प्रेयः पथं प्रियमिवाऽप्रियगं विहाय ।
श्रेयः पथं समधिगम्य जगत्प्रपञ्चं
तुच्छं विभाव्य ससुखं सकलं त्यजन्ति ॥ १२ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

किन्तु इस जगत् में इने-गिने थोड़े से पुरुष हैं जो प्रेयो-मार्ग का शत्रु से मिले हुए मित्र के समान परित्याग कर श्रेयो-मार्ग का अवलम्बन कर सारे जागतिक जञ्जाल को तुच्छ समझ कर सुखपूर्वक त्याग देते हैं ॥ १२ ॥

सांसारिकेषु विषयेषु विषज्जमाना—
स्तत्रैव वद्धहृदया विगतोच्चभावाः ।
ते दुर्हृदस्त्वहह ! नष्टपरात्मतत्त्वा
भ्रष्टा भवन्ति तत एषु सुखेषु सक्ताः ॥ १३ ॥

सांसारिक विषयों में चिपके हुए, उन्हीं में अत्यन्त आसक्त, जिनका अपने को उन्नति की ओर ले जाने का भाव नष्ट हो चुका है एवं आत्मतत्त्व की ओर भी जिनका झुकाव नहीं रहा ऐसे दूषित हृदयवाले जन, खेद है, श्रेयोमार्ग से भ्रष्ट होकर तुच्छ सांसारिक विषयों में आसक्त होते हैं ॥ १३ ॥

लोकान्तरेषु च पुनर्जनिषूत्क्रमेषु
विश्वासहीनमतयो बहवोऽत्र सन्ति ।
भोगेषु दत्तमतयः सुरदुर्लभं तत्
स्वं जीवनं तु पशुवद् विफलं नयन्ति ॥ १४ ॥

परलोक में, पुनर्जन्म में तथा प्राणोत्क्रमण में जिनका विश्वास नहीं है ऐसे बहुतेरे लोग इस जगत् में विद्यमान हैं । इस कारण उनकी बुद्धि सांसारिक भोगों में लगी रहती है । वे विषयी भोगासक्त पुरुष अपने देवदुर्लभ मानव-जन्म को पशुओं की भांति निष्फल कर देते हैं ॥ १४ ॥

हंसा यथा सुमनसोऽत्र विवेकिनस्तु
सम्यग् विविच्य तदुभे गुरुलाघवे च ।
श्रेयः प्रियं समवगृह्य महत्त्वपूर्णं
गच्छन्ति तत्पदमहो ! सदसत्परं यत् ॥ १५ ॥

किन्तु इस जगत् में जो धीर गम्भीर विचार शील पुरुष हैं, वे हंसों की भांति अर्थात् जैसे हंस क्षीर-नीर-विवेक करते है वैसे ही उन दोनों मार्गों का और उनके महत्त्व तथा क्षुद्रत्व का भलीभांति विचार कर महत्त्वपूर्ण हित और प्रिय-श्रेयोमार्ग का अवलम्बन कर, हर्ष की बात है ! सत् और असत् से पर उस परम-पद को प्राप्त करते हैं ॥ १६ ॥

भोगप्रियास्तदितरे त्वविवेकिनो हा !
प्रेयःपथं द्रुतफलप्रदमेव दृष्ट्वा ।
क्षेमं विविच्य सततं विषयात्मकं तं
योगं च लक्ष्यमभिगृह्य चरन्ति हन्त ! ॥ १६ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

श्रेयोमार्ग का अवलम्वन करने वाले विवेकी सत्पुरुषों से भिन्न भोगप्रिय अविवेकी पुरुष, दुःख है ! प्रेयोमार्ग को ही शीघ्र फल प्रदायक देखकर निरन्तर (अविच्छिन्न) विषयरूप क्षेम (प्राप्त विषय भोग का रक्षण) का विचार कर तथा योग (अप्राप्त विषय भोग की प्राप्ति) को लक्ष्य वनाकर यथेच्छ विचरण करते हैं ॥ १६ ॥

इत्थं प्रदर्श्य परमात्मसुखप्रदं तं
श्रेयःपथं तदितरञ्च विनिन्द्य गूढम् ।
औद्दालकेः सुगुणिताञ्च विरागिताञ्च
निर्दर्शयन् स पुनराह तमत्र तत्त्वम् ॥ १७ ॥

इस प्रकार आत्मसुख-दायक उस श्रेयोमार्ग का वर्णन कर और उससे भिन्न प्रेयोमार्ग की गूढरूप से निन्दा एवं उद्दालक ऋषि के कुमार नचिकेता की सदगुणवत्ता तथा विषय-भोग से वैराग्य का वखान करते हुए यमराज ने फिर उस आत्मतत्त्व का प्रतिपादन किया ॥ १७ ॥

सिद्धोऽसि वत्स ! बहुधाऽत्र परीक्षितस्त्वं
हंसो यथाऽसि चतुरश्च महाविवेकी ।
भोगा न शेकुरहहा ! परिपूर्णकामं
वैराग्ययुक्तमिह यं तु विकर्षणार्थम् ॥ १८ ॥

प्रियवर ! तुम सिद्ध हो । तुम्हारी इस सिद्धि प्राप्ति के विषय में तरह-तरह से तुम्हारी परीक्षा ले चुका हूँ । जैसे हंस क्षीर-नीर के विवेक में चतुर तथा महाविवेकी है वैसे ही तुम भी श्रेयोमार्ग और प्रेयोमार्ग में से एक के चयन में महाचतुर और महान् विवेचक हो । सचमुच, तुम वैराग्ययुक्त और पूर्णकाम हो, इसलिए जागतिक भोग तुम्हें अपनी ओर खींचने में सक्षम नहीं हुए, यह बड़ी प्रसन्नता की बात है ॥ १८ ॥

येष्वत्र योगिन इमे मुनयो बुधाश्च
दृष्टा निमग्नमनसः स्वकृतप्रयत्नाः ।
मज्जन्ति कूपजलजीवनिभास्तदत्र
निर्लिप्त एव समभूर्विगतैषणस्त्वम् ॥ १९ ॥

इस जगत् में जिन भोगों में इन महान् योगियों का, महामुनियोंका तथा विद्वज्जनों का मन निमग्न (डूवा हुआ अर्थात् ललचाया) रहता है, जिन भोगों के लिए उनका महान् प्रयत्न देखा गया है एवं उनमें वे कूप के जल-जीवों के तुल्य डूब जाते हैं । किन्तु विषय-भोगों में निःस्पृह तुम उन विषय-भोगों से जल से कमल-पत्र के समान निर्लि ही रहे, यह कम आश्चर्य की बात नहीं है ॥ १९ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

तस्मात्तमक्षरमनन्तमचिन्त्यशक्ति
ब्रह्माऽऽख्यमीशमसमं सुकृतव्यवस्थम् ।
मायाऽऽश्रितं परममायमतर्क्यमेकं
श्रोतुं स्फुटं त्वमसि वत्स ! धृताऽधिकारः ॥ २० ॥

इस लिए, हे प्रियवत्स ! अविनाशी असीम, अविचिन्त्य शक्ति, उपमारहित, माया द्वारा आश्रित, स्वयं मायारहित, ऊहापोह-रूप तर्क द्वारा अज्ञेय (अनुमान के अविषय) अद्वितीय, ब्रह्मनामक परमेश्वर का, जिन्होंने जगत् को सृष्टि, स्थिति और संहार की सुन्दर व्यवस्था की है, श्रवण करने के लिए तुम पूर्ण अधिकारी हो ॥ २० ॥

कृष्णप्रसादरचिते कठोपनिषदात्मके ।
ब्रह्मविद्यापरे काव्ये सर्गोऽयं सप्तमो गतः ॥ २१ ॥

श्री कृष्णप्रसाद धिमिरे द्वारा विरचित कठोपनिषदात्मक ब्रह्मविद्या-प्रतिपादक काव्य में यह सातवाँ सर्ग समाप्त हुआ ॥ ७ ॥

ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अष्टमः सर्गः

विद्याऽविद्ये साधने द्वे इह स्तो
नित्यं भिन्ने दत्त एते फले ते।
ये चाऽन्योन्यं संविरुद्धे च भूयः
स्वे स्वे स्थाने प्राणिनः कर्षतोऽत्र ॥ १ ॥

इस जगत् में विद्या और अविद्या दो साधन है। ये दो साधन नित्य भिन्न, भिन्न फल प्रदान करते हैं। वे दोनों परस्पर पूर्णरूप से विरुद्ध हैं एवं अपनी-अपनी जगह अर्थात् अपने अधिकार-क्षेत्र में जीवों को खींचते हैं ॥ १ ॥

भोगासक्ता देहिनस्तेऽत्र विद्वन् !
साध्याच्छ्रेयोमार्गरूपात् पतन्ति।
विद्यारूपे तत्र गन्तुं त्वशक्ताः
संसारेऽस्मिन् जन्ममृत्यू भजन्ति ॥ २ ॥

हे विद्वन् ! वे भोगासक्त जीव इस जगत् में श्रेयोमार्गरूप साध्य (विद्यारूप साधन से प्राप्य) से च्युत हो जाते हैं। विद्यारूप तत्त्व में पहुंचने में अक्षम होकर इस संसार में जन्म और मृत्यु के भाजन बनते हैं अर्थात् "पुनरपि जननं पुनरपि मरणं पुनरपि जननीजठरे शयनम्" के चक्र में पड़ जाते हैं ॥ २ ॥

त्यागासक्ता बुद्धिमन्तस्तु विप्र !
प्रेयोमार्गं नैव पश्यन्ति भूयः।
श्रेयोमार्गं तत्समाश्रित्य नित्यं
विद्यारूपेऽनन्तसौख्ये चरन्ति ॥ ३ ॥

किन्तु हे विप्रवर ! भोगों के त्याग में आसक्त अर्थात् भोगविरक्त मतिमान् पुरुष प्रेयोमार्ग की ओर दृष्टिपात तक नहीं करते हैं। वे अत्यधिक महत्त्वपूर्ण श्रेयोमार्ग का आश्रय लेकर सदा विद्यारूप क्लेश-लेशशून्य असीम सुख में विचरण करते हैं ॥ ३ ॥

सिद्धस्त्वं भो ! साधिकारश्च तस्मिन्
विद्यारूपे साधने दत्तचित्तः।
तुच्छान् भोगांस्त्यक्तवान् यत्तदा त्वां
ते शेकुर्नो क्षेप्तुमस्मिन् प्रलोभ्य ॥ ४ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

हे वटो ! तुम सिद्ध हो, इसमें सन्देह नहीं। असीम सुख आत्मतत्त्व के ज्ञान में तुम्हारा पूर्ण अधिकार है। विद्यारूप साधन में तुम दत्तचित्त हो अर्थात् तुम्हारा पूरा ध्यान है। जब तुमने तुच्छ जागतिक विषय-भोगों को दुतकार दिया तो वे (विषय-भोग) लालच देकर तुम्हे अनर्थ के मूल प्रेयोमार्ग में ढकेलने में समर्थ नहीं हुए ॥ ४ ॥

अन्धा अन्धैर्नीयमानाः सुदूरं
लक्ष्यं श्रेयस्ते कथं प्राप्नुवन्ति।
किं वा तत्स्यात्, कुत्र तत्स्यात्, कथं स्याद्
विभ्रान्ता ये मोहगर्ते पतन्ति ॥ ५ ॥

अन्धों द्वारा बहुत दूर ले जाये जा रहे अन्धों की तरह वे श्रेयोमार्गरूप लक्ष्य को कैसे प्राप्त कर सकते हैं ? जो वह श्रेयोमार्ग क्या है, कहाँ है और कैसा है ? इस विषय में भी विशेषरूप से भ्रान्त हैं। आखिर उनका मोहरूपी गढे में गिरना निश्चित है ॥ ५ ॥

नानाविघ्नैः प्रेष्ठरूपैस्तदेभि—
र्योगक्षेमैर्द्वेषरागादिभिश्च।
पीडयन्ते ते कर्मभिः स्वैर्विनिन्द्यैः
क्लिश्यन्ते हा ! तुच्छयोनिष्वतस्तु ॥ ६ ॥

विघ्नबहुल (जिनमें नाना प्रकार की विघ्न-बाधाएं हैं) अपने अत्यन्त प्रिय इन योग (अप्राप्त की प्राप्ति) और क्षेम (प्राप्त का संरक्षण) से तथा राग, द्वेष आदि से वे लोग पीडित होते हैं, और मरने के बाद अपने निन्दनीय दुष्कर्मों से कूकुर-शूकर आदि तुच्छ योनियों में क्लेश पाते हैं ॥ ६ ॥

धिक् ! तॉंल्लुब्धान् पण्डितंमन्यमानान्
भोगासक्तान् क्रोधकामेषु मग्नान्।
भग्नान् कष्टैर्व्याप्तचित्तान् सुमूढान्
श्रेयोमार्गं गच्छतो ये क्षिपन्ति ॥ ७ ॥

अपने को पण्डित मानने वाले, सांसारिक विषयभोगों में आसक्त, क्रोध और कामना के दलदल में डूबे हुए, क्षत-विक्षत देह वाले एवं विविध कष्टों से जिनका चित्त भरा है, ऐसे मूढ़ों को धिक्कार है ! जो श्रेयोमार्ग के पथिक सत्पुरुषों की निन्दा करते हैं ॥ ७ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

देवप्रार्थ्यं जीवनं नाशयन्तो
विद्यारूपाच्छ्रेयसो मार्गतो ये।
भ्रष्टाः सक्ताः पुत्रपत्न्यादिकेषु
प्रेयोमार्गेष्वत्र मूढाः पतन्ति ॥ ८ ॥

देवताओं से भी प्रार्थनीय अपना मानव-जीवन विनष्ट कर रहे जो मूढ़ पुरुष विद्यारूप श्रेयोमार्ग से भ्रष्ट होकर प्रेयोमार्ग में पुत्र, पत्नी आदि में आसक्त हैं इस जगत् में उनका विनिपात अवश्यंभावी है ॥ ८ ॥

तेषां स्वान्ते सद्विचारोऽपि नास्ति
लोकाश्चाऽन्ये सन्ति नानेति भूयः।
येषां स्रष्टा पालको नाशकश्च
ह्यस्तीत्येवंरूपिणी भाति नो धीः ॥ ९ ॥

उनके मन में सद्विचार भी नहीं है। अन्यान्य वहुतेरे लोक हैं एवं उनकी सृष्टि करनेवाला, पालन करने वाला तथा संहार करनेवाला भी कोई है ! इस प्रकार को सद्-बुद्धि भी उनमें नहीं झलकती है ॥ ९ ॥

वार्तेवं नो तेषु देहावसाने
सोऽहं यास्यामीति लोकान्तरेषु।
नानायोनिष्वत्र धृत्वाऽऽत्मदेहं
कष्टं भोक्तुं तान् भ्रमिष्याम्युदेति ॥ १० ॥

देहान्त होने पर मुझे दूसरे लोकों में जाना पड़ेगा, यहां अपने शरीर को छोड़कर मैं कष्ट भोगने के लिए नाना योनियों में भ्रमण करूँगा इस प्रकार का विचार भी उनके मन में नहीं आता है ॥ १० ॥

प्रत्यक्षं यद्दृश्यते तद्धि नित्यं
सत्यं विश्वं दृश्यमानप्रपञ्चम्।
नास्त्यन्यं तद्भिन्नमानुश्रवं यत्
स्यादात्माऽऽख्यं तन्मृषैवेति मूढाः ॥ ११ ॥

मूढ़ जन कहते हैं–जो प्रत्यक्ष दिखाई देता है, वही नित्य है। दृश्यमान विश्व-प्रपञ्च सत्य है, उससे भिन्न और कुछ नहीं है। श्रुति-प्रतिपादित जो आत्मा नामक तत्त्व है वह मिथ्या ही है ॥ ११ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

भोक्तव्यं तल्लौकिकं सौख्यमत्र
यावत्प्राप्तं बुद्धिमावं तदेव ।
दृष्टं केनाऽस्त्यत्र लोकान्तरं तद्
यद्भीतानां कल्पनैवं चकास्ति ॥ १२ ॥

उस लौकिक सुख का, जितना मिला हो भोग करना चाहिये । यही बुद्धिमत्ता है । उन लोकान्तरों को यहाँ किसने देखा है ? यह सब डरपोकों की कल्पना की चमक है ॥ १२ ॥

एवंरूपां धारणां भावनाश्च
धृत्वा स्वान्ते भोगवुद्ध्याऽत्र सक्ताः ।
तुच्छा दुष्टाः प्राणिनो ध्वान्तपूर्णे
वम्भ्राम्यन्ते विश्वचक्रे मयैवम् ॥ १३ ॥

इस प्रकार की भावना और धारणा को मन में संजोकर भोग-वुद्धि से इस संसार में फंसे हुए तुच्छ और दुष्ट प्राणियों को मैं इस जन्म मृत्युरूप संसारचक्र में इस प्रकार वार-वार खूब घुमाता हूँ ॥ १३ ॥

इत्थं क्रूरान् भोगसक्तान् कुमर्त्यान्
संनिन्द्यैवं नास्तिकांश्चाऽत्र लुब्धान् ।
देवो धर्मस्त्वाह भूयस्तदात्म—
तत्त्वश्रैष्ठ्यं तद्विदां दुर्लभत्वम् ॥ १४ ॥

इस प्रकार यहाँ भोगों में फँसे हुए निष्ठुर, लालची, तथा नास्तिक कुपुरुषों की निन्दा कर धर्मराज ने फिर उस आत्मतत्व की श्रेष्ठता और आत्मतत्त्व के ज्ञाता पुरुषों की दुर्लभता का निरूपण किया ॥ १४ ॥

धन्यस्त्वं भो वत्स ! सा ब्रह्मविद्या
सर्वोच्चैवं राजते विश्वभित्तौ ।
गुप्ताऽलभ्या स्तौषि यां लब्धुमित्थं
दुर्विज्ञेयां स्वानुभूत्यैकरूपाम् ॥ १५ ॥

हे प्रियवर ! तुम धन्य हो । जिसे पाने के लिए तुम इस प्रकार स्तुति करते हो उसब्रह्म विद्या का विश्वरूप आधार में सर्वोच्च स्थान है । वह अत्यन्त गुप्त और अलभ्य है । उसे जानना अत्यन्त कठिन है । आत्मा की अनिभूति ही उसका एकमात्र स्वरूप है ॥ १५ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

नैषा विद्या विप्र ! साधारणीह
दुस्तर्क्यैवं सत्प्रशंस्याऽप्यगम्या ।
श्रेयोमार्गं या नयत्यत्र मर्त्या—
नानन्दाऽऽख्यं ब्रह्म सच्चित्स्वरूपम् ॥ १६ ॥

हे विप्रकुमार ! यह विद्या, जो इस लोक में मनुष्यों को सच्चित् आनन्द स्वरूप ब्रह्मनामक श्रेयोमार्ग में पहुँचाती है, कोई मामूली वस्तु नहीं है । बड़े बड़े सन्त महात्मा इसकी प्राप्ति के निमित्त प्रशंसा करते हैं फिर भी यह अज्ञेय और दुस्तर्क्य ही हैं ॥ १६ ॥

अस्याश्चर्चां श्रोतुमप्यत्र सम्यङ्
नैते दुष्टाः प्राप्नुवन्तीह सक्ताः ।
प्रेयोमार्गेष्वेषु भोगेषु रक्तै—
र्मर्त्यैः प्रेष्ठैस्तादृशैः सङ्गता ये ॥ १७ ॥

सांसारिक भोगों में फंसे हुए ये दुष्ट जन, जो प्रेयोमार्ग में इन विविध भोगों में अनुरक्त हैं और वैसे ही अपने प्रियतम मनुष्यों का संग करते हैं, इस विद्या की चर्चा को तक भलीभांति सुनने के लिए भी नहीं पाते ॥ १७ ॥

सायं यावत् प्रातरारभ्य चर्चां
कुर्वन्तस्ते तुच्छभोगादिकानाम् ।
श्रेयोमार्गं प्रापिकायास्तदस्या—
स्तत्वं श्रोतुं नैव काङ्क्षन्त्यहो ! यत् ॥ १८ ॥

प्रातःकाल से लेकर सायंकाल तक तुच्छ भोगादि की ही चर्चा कर रहे वे लोग खेद है, श्रेयोमार्ग में पहुँचाने वाली इस विद्या के रहस्य को सुनने की इच्छा ही नहीं करते हैं ॥ १८ ॥

श्रुत्वाऽप्येनां तेषु केचित् कथञ्चित्
भोगैस्तैस्तैर्दूषिता हन्त ! चित्ते
तां विन्यस्तुं ज्ञातुमस्या रहस्यं
नैते तुच्छाः शक्नुवन्तीह तस्मात् ॥ १९ ॥

उनमें से कुछ लोग इस ब्रह्मविद्या को किसी तरह सुन कर भी, खेद है, प्रेयोमार्ग के उन-उन (विविध) भोगों से दूषित रहने के कारण वे तुच्छ जन उसे हृदय में धारण करने तथा उसके रहस्य को जानने के लिए सक्षम नहीं होते हैं ॥ १९ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

केचित्तेभ्यो बुद्धिमन्तो मनुष्याः
श्रुत्वा किञ्चित् तां प्रबुद्धचन्ति भूयः ।
तेषां मध्येऽप्यत्र केचिन्महान्तो
विद्यां तत्तां चैव जानन्ति किञ्चित् ॥ २० ॥

उसे अधिक बुद्धिमान् कुछ मनुष्य उस विद्याका श्रवण कर उसे कुछ समझ लेते हैं। उनसे भी कतिपय महान् लोग इस जगत् में उस विद्या और उसके रहस्य को कुछ, कुछ जान पाते हैं ॥ २० ॥

कश्चित् कश्चित् स्यात् पुनस्तेष्वपीह
तद्विज्ञाता तद्विदां सत्प्रसादात् ।
येन स्वान्तं ब्रह्मतत्त्वेन तेन
सम्यक् पूतं स्याच्च पूता जनिश्च ॥ २१ ॥

फिर, उनमें से भी कोई विरला ही उस विद्या के तत्त्व को जानने वाले ज्ञानियों के परम अनुग्रह से उसका विज्ञाता होता है। उस ब्रह्मतत्त्व के ज्ञान से चित्त पूर्णरूप से पवित्र (विशुद्ध) होता है और जन्म भी परिपूत (सफल) होता है ॥ २१ ॥

आचार्यात् स्वाल्लब्धबोधः स विद्वान्
यः स्याद्वक्ता तादृशो दक्षशिष्टः ।
कुत्र प्राप्यो दुर्लभो मर्त्यलोके
ब्रूयाद् योऽसावात्मतत्त्वं सुचारु ॥ २२ ॥

अपने आचार्य से जिसे ब्रह्म-ज्ञान प्राप्त हुआ है वैसा कुशल और शिष्ट वह विद्वान् कहाँ मिल सकता है ? मनुष्य-लोक में तो वैसा मनुष्य अत्यन्त दुर्लभ है जो आत्मतत्त्व का सुचारु रूप से उपदेश दे सके ॥ २२ ॥

साश्चर्यः स्याद् ब्रह्मणस्तत्त्वमित्थं
सम्यग् ज्ञाता ह्यद्भुतो मर्त्य एषः ।
द्रष्टुं ज्ञातुं वाऽप्यमुष्मिंस्तदेभि—
र्मर्त्यैर्नाऽसौ शक्य एवंविधस्तु ॥ २३ ॥

जो ब्रह्म के तत्त्व ज्ञान का इस प्रकार भली भांति जानकार हो ऐसा मनुष्य आश्चर्यरूप है, अद्भुत है। मर्त्यलोक में ये मनुष्य इस प्रकार के ब्रह्मतत्त्व-ज्ञाता को देख भी नहीं सकते हैं। यदि कोई हो भी तो उसे पहचान नहीं सकते है ॥ २३ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

श्रुत्वा पूर्वं साधु मन्तव्य एष
आत्मा पश्चाद् ध्येय इत्थं निरूप्य ।
तत्तां ज्ञाता, किन्तु मार्गोऽत्र विद्वन् !
दुष्प्राप्योऽतो ब्रह्मतत्वं सुगुप्तम् ॥ २४ ॥

आत्मा का पहले ब्रह्मतत्त्व के ज्ञाता गुरु के मुख से भली भाँति श्रवण करना चाहिये, फिर अपने हृदय में उसका भली-भांति मनन करना चाहिये, तत्पश्चात् उसका ध्यान करना चाहिये । तदन्तर जैसा गुरु-मुख से सुना, अपने हृदय में मनन किया और जैसा ध्यान किया वैसा ही उसका निरूपण करना चाहिये । तब जाकर मानव आत्मतत्त्व का ज्ञाता होता है, किन्तु इस जगत् में यह सब दुर्लभ है । इसलिए ब्रह्मतत्त्व अत्यन्त गुप्त है ॥ २४ ॥

इत्थं निरूप्य भगवद्गतमात्मतत्त्वं
दुर्ज्ञेयताश्च तदमुष्य विबोधयंस्तम् ।
मृत्युः क्षणं स्थिरवचाः प्रवभूव तस्मै
ब्रह्मोपदेशमतुलं प्रददद्धृदैव ॥ २५ ॥

इस प्रकार परमात्मस्वरूप उस आत्मतत्त्व का निरूपण कर उसकी दुर्ज्ञेयता नचिकेता को समझाते हुए एवं असाधारण आत्मतत्त्व का हृदय से ही उसे उपदेश देने के लिए उद्यत यमराज क्षणभर के लिए चुप हो गये ॥ २५ ॥

कृष्णप्रसादवरचिते कठोपनिषदात्मके ।
ब्रह्मविद्यापरे काव्ये सर्गोऽगादष्टमोऽप्यसौ ॥ २६ ॥

श्री कृष्ण प्रसाद घिमिरे द्वारा निर्मित कठोपनिषदात्मक ब्रह्मविद्या-प्रतिपादक काव्य में यह आठवाँ सर्ग समाप्त हुआ ।

ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

नवमः सर्गः

अव्यक्तसंज्ञादपि तत्त्वतः परं
सूक्ष्माऽतिसूक्ष्मं परमात्मशब्दितम् ।
तत्त्वं यदेतद्विलसत्यदःश्रितं
विश्वप्रपञ्चं द्विजबाल ! तच्छृणु ॥ १ ॥

हे विप्रकुमार ! अव्यक्त नामक तत्त्व से भी परे अत्यन्त सूक्ष्म जो यह परमात्म तत्त्व है जिस पर यह सारा विश्व टिका हुआ है, उसका अब तुम श्रवण करो ॥ १ ॥

दुर्बोधमेतन्नितरां सुदुर्गमं
विज्ञेन धीरेण विनोपपादितम् ।
न ज्ञायते लोकजनैर्न बुध्यते
यद्बुद्धिभिस्चाऽपि न गृह्यते द्विज ! ॥ २ ॥

हे विप्रवर ! यह तत्त्व अत्यन्त कठिन है, बड़े कष्ट से भी समझ में नहीं आ सकता । वहाँ तक पहुँचना भी, एवरेष्ट की चोटी में पहुँचने से भी कहीं बढ़कर कठिन है । जब तक कोई तत्त्वज्ञानी विद्वान् उसका भली भाँति उपपादन न कर दे, शिक्षण न कर दे तब तक लौकिक जनों को न उसका ज्ञान हो सकता है और न वे उसको ग्रहण ही कर सकते हैं । उनकी बुद्धि ही इतनी स्थूल है कि वह उसको ग्रहण नहीं कर सकती है ॥ २ ॥

तत्तत्त्वमल्पज्ञजनैः सुविस्तृतं
व्याख्यातमप्यत्र श्रृणोति यः स्फुटम् ।
सोऽप्यस्य तत्तां प्रतिबुध्यते न हि
साफल्यमाप्नोति न किञ्चिदप्ययम् ॥ ३ ॥

इस लोक में अल्पज्ञ जनों द्वारा उस तत्त्व का यदि खूब विस्तार के साथ उपपादन किया गया हो एवं सुननेवाला भी खूब ध्यान देकर उसका श्रवण करे तो भी वह तत्त्व उसकी समझ में नहीं आता । तत्त्वज्ञान में उसे तनिक भी सफलता प्राप्त नहीं होती ॥ ३ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

बुधादविश्रुत्य सविस्तरं पुन-
र्विशेषतो ज्ञायत एव नैव तत् ।
श्रुत्वैव तस्मात् स्वगुरोरनुग्रहाद्
विबुध्यते स्वात्मनि यत्सदाग्रहात् ॥ ४ ॥

तत्त्वज्ञानी विद्वान् से विस्तारपूर्वक सुने विना आत्मतत्त्व विशेषरूप से कदापि नहीं जाना जा सकता है। तत्त्वज्ञ विद्वान् गुरु के मुख से सुनकर ही गुरु के अनुग्रह से आत्मा के विषय में निरन्तर आग्रहवान् (दृढ़) रहने से वह ज्ञात हो सकता है ॥ ४ ॥

पुनस्तमाहाऽत्र यमः स्वयं प्रभु-
स्तदाग्रहं तं च समीक्ष्य सन्मतम् ।
अहं प्रसन्नोऽस्मि शिशो ! तवेदृशीं
दृष्ट्वा च सद्बुद्धिमिमां स्थितिं तथा ॥ ५ ॥

स्वयं सर्वोच्च अधिकारी धर्मराज ने नचिकेता का आत्म विषयक सज्जनाभिमत अपूर्व आग्रह देखकर आत्मविद्या के विषय में फिर उससे कहा—हे प्रिय बालक ! तुम्हारी सद्बुद्धि तथा यह निष्ठा देखकर मैं प्रसन्न हूँ ॥ ५ ॥

निष्ठेदृशी बालक ! नाऽप्यते बुधै-
स्तर्कैर्वितर्कैरसदाग्रहादिभिः ।
उदेति या तज्ज्ञजनानुसङ्गत-
स्तत्सेवनाद्वा भगवत्कृपावशात् ॥ ६ ॥

हे प्रिय बालक ! ऐसी उत्तम निष्ठा विद्वानों को भी अनुमानों (कल्पनाओं) से, युक्तियों से और हठ धर्मिता से प्राप्त नहीं हो सकती जो तत्त्वज्ञ सज्जनों की संगति से सन्त महात्माओं की सेवा से तथा भगवत्कृपा से आविर्भूत होती है ॥ ६ ॥

श्रुत्वा तदेभ्यः परमात्मतत्त्वगां
विद्यामिमां विश्वगतौ शुभप्रदाम् ।
सविस्तरं कर्णविलान्मनःस्पृशं
कुर्वञ्जनः शान्तिमुपैति चाव्ययाम् ॥ ७ ॥

हे प्रियवत्स ! संसार-भ्रमण में कल्याणकारिणी परमात्म-तत्त्व सम्बन्धिनी इस विद्या को तत्त्वज्ञानी सत्पुरुषों से विस्तारपूर्वक सुनकर कान के छिद्रों से अपने हृदय में प्रविष्ट करता हुआ पुरुष अक्षय शान्ति प्राप्त करता है ॥ ७ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

सत्सङ्गमाप्यैव यदात्मनोऽखिलं
तत्त्वं विजिज्ञासत एष यत्नवान् ।
तदैव यत्नोऽस्य विजृम्भते पुन-
स्तद्ब्रह्मतत्त्वं च नयत्यमुं परम् ॥ ८ ॥

आत्मतत्त्व की प्राप्ति के लिए यत्न करने में संलग्न यह (जिज्ञासु पुरुष) जब सत्संगति पाकर ही आत्मतत्त्व का पूर्ण रहस्य जानना चाहता है, तभी उसका यत्न पूर्ण-रूप से सफल होता है। उसका प्रयत्न हो उसको यहां से ब्रह्मतत्व की ओर ले जाता है ॥ ८ ॥

तल्लौकिकालौकिकवस्तुभिः शिशो !
अनित्यनित्यै रसदाग्रहैरपि !
प्रलोभयंस्त्वाऽत्र पराजितस्त्वया
सोऽहं यमोऽप्यन्तकरूपधृक् स्वतः ॥ ९ ॥

हे प्रिय वालक ! उन-उन अनित्य होने पर भी नित्य सी प्रतीत होनेवाली लौकिक और अलौकिक (दिव्य) वस्तुओं से अपने अनुचित दवाव से भी तुम्हें प्रलोभन में डालता हुआ मैं यमराज भी, जो कि सारे संसार का संहारक अन्तक-रूपधारी हूँ, आज तुम से स्वतः पराजित हुआ ॥ ९ ॥

सद्धारणस्त्वं विगतैषणस्तया
सन्निष्ठ एवं स्थिरधीः सदाग्रहः ।
प्रष्टा भवेन्मे प्रियशिष्य ईदृश
एतत् कृपालुं भगवन्तमर्थये ॥ १० ॥

तुम्हारी वुद्धि उत्तम है। तुम निःस्पृह हो, इसी से सांसारिक विविध विपय-भोग तुम्हें विचलित नहीं कर सके। सत् (आत्मतत्त्व) में तुम अनुरक्त हो, तुम स्थित प्रज्ञ हो एवं तुम्हारा सत् (आत्मतत्त्व ज्ञान) के विपय में बड़ा आग्रह है। ऐसा ही प्रिय-शिष्य मुझ से पूछने वाला हो, यह मेरी दयालु भगवान से प्रार्थना है ॥ १० ॥

निबोध विद्वन्निह तथ्यमस्ति य-
न्निर्देशयंस्तत् स्वहितं वदाम्यहम् ।
निष्कामभावः श्रुतिसम्मतो भवे
जयत्यहो ! यं श्रित ईदृशोऽभवम् ॥ ११ ॥

हे विद्वान् वालक ! इस जगत में जो सारभूत तथ्य वस्तु है उसे तुम भली भांति जान लो। उसका तुम्हारे लिए उपदेश करता हुआ मैं वह तत्त्वभूत स्वहित तुमसे कहता

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

हूँ। इस जगत् में वेदसंमत निष्काम-भाव सर्वश्रेष्ठ है, जिसका आश्रय लेकर मैं ऐसा (पितृपति लोकपाल धर्मराज) हुआ हूँ ॥ ११ ॥

तल्लौकिकालौकिककर्मणां फल-
स्वरूपभूता विषया विभूतयः ।
नश्यन्त्यवश्यं क्षणिका मता अतोऽ
नित्या ददत्यत्र न नद्धितं फलम् ॥ १२ ॥

इस कारण लौकिक और अलौकिक कर्मों के फलभूत ऐहिक और पारलौकिक विषय तथा धन-दौलत का विनाश होना निश्चित है, इसलिए वे सब क्षणिक कहे गये हैं। क्षणिक होने से ही अनित्य वे इस लोक में हितकारी फल नहीं देते हैं ॥ १२ ॥

तन्नाचिकेताग्निरयं यथाविधि
सर्वं प्रबुद्ध्यैव मया चितो द्विज ! ।
इत्थं ह्यनित्यैरपि नित्यमव्ययं
तदाप्तवानक्षरमक्षरं परम् ॥ १३ ॥

यह सब सोच-विचार कर ही मैंने इस नाचिकेत अग्नि की विधि-विधान से पूजा अर्चा की है। इस प्रकार अनित्य कर्मों से भी मैंने उस नित्य अक्षर, अविनाशी परम तत्त्व को प्राप्त किया है ॥ १३ ॥

तच्छक्तिमाश्रित्य सुदुर्लभां शुभां
निर्लिप्त एवं स्थित उन्नतार्थकः ।
साध्नोमि कार्यं जगदन्तकाऽभिधं
प्रगृह्य सन्नाम तदर्चने रतः ॥ १४ ॥

अत्यन्त दुर्लभ तथा मंगलकारिणी उसकी शक्ति का अवलम्बन कर ऊँच उद्देश्य वाला हो इस प्रकार निर्लिप्तभाव से स्थिर होकर एवं भगवन्नाम-ग्रहण और भगवत्पूजा में निरत होकर मैं यह जगत्संहारक कार्य सम्पन्न करता हूँ ॥ १४ ॥

निष्कामभावोऽधिगतोऽमुनाप्यहो !
सर्वात्मभावेन बुभूषुरत्र च ।
इत्थं प्रशंसन् निभृतं धिया पुन-
स्तं साधिकारं समवेक्ष्य सोऽब्रवीत् ॥ १५ ॥

आश्चर्य है, इस बालक को भी निष्काम भाव ज्ञात है। यह इस जगत् में सब प्रकार से भविष्णु है। इस प्रकार मन ही मन गुप्त रूप से उसकी प्रशंसा कर तथा उसे अधिकार सम्पन्न जानकर फिर यमराज उससे बोले ॥ १५ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

द्विजेन्द्रवाल ! त्वमसीह सर्वथा
सद्बुद्धियुक्तो विगतैषणस्तथा ।
भोगान् सुदिव्यानपि लौकिकैः सह
यस्त्यक्तवान् निःस्पृह उन्नतो धिया ॥ १६ ॥

हे विप्रराज-वालक ! तुम इस जगत् में सब प्रकार से सद्बुद्धियुक्त और निःस्पृह हो । तुमने लौकिक विषय-भोगों के साथ दिव्य भोगों को भी दुतकार दिया है । निस्संदेह तुम निःस्पृह महामना हो ॥ १६ ॥

दिव्यानिमान् दातुमहं समुद्यतः
प्रलोभयंस्त्वा वहुदीर्घजीवनान् ।
त्वमस्त्यजः किन्त्वहिवत् स्वकञ्चुकान्
प्रारब्धभुक् सिद्ध इव स्वयोगतः ॥ १७ ॥

तुम्हें ललचाता हुआ मैं सुदीर्घकाल स्थायी इन विविध दिव्य-भोगों को देने के लिए प्रस्तुत था, किन्तु तुमने प्रारब्धानुसार जो कुछ प्राप्त हो उसी से जीवन-निर्वाह करनेवाले सिद्ध के समान मानसिक वृत्तियों के संयम से वैसे ही त्याग कर दिया जैसे सांप अपनी केचुल का त्याग करता है ॥ १७ ॥

दृष्टा मया तत्र तवाऽधिकारिता
श्रेष्ठा स्वतो निःस्पृहता च तेष्वहो ! ।
स्थिरोऽभवस्तत्र च बुद्धिमान् स्थिर-
स्त्वं साधिकारोऽसि तदर्थलब्धये ॥ १८ ॥

उस आत्मविद्या में तुम्हारी अधिकारिता की मैंने भली भांति परीक्षा कर ली है । उन ऐहिक और पारलौकिक दिव्य-भोगों में तुम्हारी स्वाभाविक निःस्पृहता वहुत ऊँचे दर्जे की है । तुम अपनी आत्मतत्त्व विषयक वर की मांग पर अटल रहे । तुम वड़े वुद्धिमान् हो । स्थिर हो, आत्मतत्त्व की प्राप्ति में तुम्हारा अधिकार अक्षुण्ण है ॥१८॥

सिद्धोऽसि धन्योऽसि विहाय तानहो !
प्रार्थ्यान् सुरैर्योगिवरैश्च दुर्लभान् ।
तान् सिद्धिसंघांश्च विभूतिसंचयां-
स्त्वमत्यजां ज्ञातुमनन्तमव्ययम् ॥ १९ ॥

मेरे प्रिय वालक ! आश्चर्य है, देवता भी जिनके लिए तरसते हैं, वड़े वड़े योगी लोगों को भी जो दुर्लभ हैं ऐसी उत्तम सिद्धियों तथा उन श्रेष्ठतम विभूतियों का तुमने त्याग कर दिया एवं उस आत्मतत्त्व को जानने के लिये तुम्हारा दृढ़ निश्चय रहा ॥१९॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

तस्मात् परब्रह्मपदाभिधं महः
शीघ्रं त्वदन्तःकरणे निवेशयन् ।
प्रवच्म्यहं तद्बहुधा विराजितं
भवाऽऽत्मकं चाऽप्यभवं सुरूपितम् ॥ २० ॥

इस लिये परब्रह्म नामक उस सत् चित्-आनन्दमय विशिष्ट तेज को शीघ्र तुम्हारे अन्तःकरण में प्रविष्ट कराता हुआ मैं विविध रूपों से विराजमान उस महान् तेज का तुम्हें उपदेश देता हूँ। जगदात्मक तथा जगद्भिन्न रूप से उसका भली भाँति निरूपण किया गया है ॥ २० ॥

निबोध वत्सेह सुखं त्वमञ्जसा
सुदुर्गमं विश्वमिदं वनोपमम् ।
हिंस्रैरुपेतं बहुनामरूपकै-
रज्ञैरपारं प्रबुधैस्तु पारगम् ॥ २१ ॥

हे मेरे प्रिय बालक ! तुम उसे यहाँ यथार्थरूप से सुखपूर्वक जान लो। यह सारा संसार गहन वन के समान अत्यन्त सुदुर्गम है। बहुत नाम-रूपी हिंस्रजीवों से युक्त है। अज्ञानी जन इसे पार नहीं कर सकते किन्तु ज्ञानी पुरुष अनायास इसके पार पहुँच जाते हैं ॥ २१ ॥

तथाऽप्यमुष्मिन् परमात्मनः प्रभोः
पूर्णांश आभाति निवेशितोऽव्ययः ।
स्वयं प्रविश्याऽत्र तदुत्तमं महो
विराजते स्थावरजङ्गमाऽऽदिषु ॥ २२ ॥

फिर भी सबके अधिपति परमात्मा का इस संसार में स्थापित अविनश्वर पूर्ण अंश विराजमान है। वही सर्वश्रेष्ठ तेजरूपी परमात्मा इसमें प्रविष्ट होकर चर और अचर सकल जीवों में विराजमान हैं ॥ २२ ॥

चराऽचराणां हृदयेष्ववस्थितो
वह्निर्यथा दारुषु भाति चिन्मयः ।
तथाऽप्यमात्मा स्वहृदि स्थितं च तं
नैनं परात्मानमवैति मोहितः ॥ २३ ॥

जैसे काष्ठों में अग्नि गुप्तरूप से विराजमान है वैसे ही वह सत् चित् आनन्द परमात्मा चर-अचर जीवों के हृदय में स्थित है किन्तु मायामोहित जीव अपने हृदय में स्थित उस परमात्मा को नहीं जानता है ॥ २३ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अलौकिकी शक्तिरियं जयत्यहो !
तद्ब्रह्मणो ह्यावरणात्मिकाऽस्ति या।
तामेव मायेति वदन्ति योगिन-
स्तयैव गुप्तं न विदृश्यते हि तत् ॥ २४ ॥

यह अलौकिक शक्ति आश्चर्य है, महान् आश्चर्य है सब से बढ़ कर है, इसलिए प्रणम्य है। जिसने परब्रह्म परमात्मा के ऊपर परदा डाल रखा है अर्थात् उसे परदे के भीतर छिपा रखा है जिससे वहां तक मन और वाणी तक की पहुँच नहीं है। उसी शक्ति को योगीजन माया कहते हैं। उसी से आवृत वह सच्चित् आनन्दमय तत्त्व लोगों को दिखाई नहीं देता है ॥ २४ ॥

गुप्ता सुविद्येयमतो द्विजर्षभ !
सुदुर्लभं दर्शनमेव देहिभिः।
अस्या महत्त्वं तदिदं विजृम्भते
प्रतिक्षणं किन्त्वभितश्चराचरम् ॥ २५ ॥

हे विप्रवर ! इसलिए यह अनुपम सुन्दर विद्या गुप्त है। जीवों को तो इसका दर्शन ही दुर्लभ है। इसकी यह महत्ता चर-अचर सम्पूर्ण जगत् में चारों ओर व्याप्त है ॥ २५ ॥

विशुद्धमात्मप्रतिभान्वितं मनो
बुद्ध्यानियम्याऽत्र निवेशयन् बुधः।
शृण्वंस्तदर्थं गुरुतां विभावयन्
पूर्वं तदस्यां स्थितधीर्भवत्यसौ ॥ २६ ॥

विशुद्ध यानी काम, क्रोधादि दोषों से रहित तथा आत्मतत्त्व की धारणा में समर्थ मनको, बुद्धि से बाहरी सकल विषयों से नियन्त्रित कर, आत्मविद्या में लगाता हुआ बुद्धिमान् पुरुष पहले गुरु-मुख से उसका श्रवण करता हैं, फिर हृदय में निरन्तर चिन्तन करता है, तब जाकर यह उस विद्या में निश्चलमति होता है ॥ २६ ॥

पश्चात् स्थिरत्वान् मननात् तदात्मनि
पूर्णं परं ब्रह्म निरूपयन् पुनः।
सूक्ष्मं स्वतः प्राप्य तदेव शाश्वतं
तौ हर्षशोकौ च जहाति तल्लयः ॥ २७ ॥

तदुपरान्त उस आत्मतत्त्व के मन में स्थिर होने पर निरन्तर उसका मनन करने से अपने हृदय में उस सूक्ष्मतम पूर्ण पर ब्रह्म का दर्शन करता हुआ साधक उस शाश्वत

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

तत्त्व को प्राप्त कर सत्-चित् आनन्दमय उस तत्त्व में तल्लीन होकर हर्ष और शोक दोनों का त्याग करता है ॥ २७ ॥

तत्प्राकृतैरावरणैरहर्निशं
व्याप्तं सुदुर्दर्शमिदं महामहः ।
अर्थैरनर्थैर्विरतं पुरातनं
तद्ब्रह्म पश्यत्यतुलं तदैव सः ॥ २८ ॥

प्रकाशरूप वह महान् तत्त्व रात-दिन निरन्तर मायिक आवरणों से आवृत है, इसलिए उसके दर्शन कर सकना अत्यन्त कठिन है। वह पुरातन परम तत्त्व सुकृत और दुष्कृतों से विरहित है। उस अनुपम ब्रह्मरूप तत्व को साधक तभी प्राप्त कर सकता है जब कि पूर्वोक्त मार्ग से चले ॥ २८ ॥

अध्यात्मयोगस्त्वयमेव दुर्गमो
यद्दुर्लभो योगिभिरप्यहो ! द्विज ! ।
यमत्र विज्ञाय गुरोरनुग्रहाज्
ज्ञाता तदेव प्रभवत्यसावपि ॥ २९ ॥

हे विप्रकुमार ! यह अध्यात्मयोग अत्यन्त ही दुर्लभ है और तो और योगियों के लिए भी वह दुर्लभ है। गुरु के अनुग्रह से इस लोक में जिसका पूर्ण ज्ञान प्राप्त कर साधक भी वही (परब्रह्म ही) हो जाता है ॥ २९ ॥

वटो ! तदप्यात्मगतं शुभप्रदं
दिव्योपदेशं समवाप्तुमव्ययम् ।
तज्ज्ञं गुरुं प्राप्य बुभूषुरात्मनो-
स्तच्छ्रद्धया संशृणुयाद् धृतादरः ॥ ३० ॥

हे प्रतिभावान् वटु ! यद्यपि वह अतिदुर्लभ है तथापि आत्मसम्बन्धी कल्याणकारी अविनश्वर उस दिव्य उपदेश को प्राप्त करने के लिए संयमी भविष्णु पुरुष आत्मविद्या के विज्ञाता गुरु को प्राप्त होकर श्रद्धा तथा आदर से उसका श्रवण करे ॥ ३० ॥

गत्वा विविक्ते तत आत्मनो हितं
विभाव्य शान्तं स्वगुरूपदेशितम् ।
स्वान्तःस्थमात्मानमिमं यथार्थतो
निरीक्ष्य बुद्ध्या विरमेत् स्वकृत्यतः ॥ ३१ ॥

तदनन्तर एकान्त प्रदेश में जाकर शान्तिपूर्वक अपने हित का विचार विमर्श कर अपने गुरुदेव के द्वारा उपदिष्ट अपने हृदय में स्थित आत्मा का अपनी बुद्धि से यथार्थरूप में दर्शन कर कृतकृत्य होकर अपने कार्य से विरत हो जाय ॥ ३१ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

एवं च सञ्जातगतिः परात्मनि
तद्ब्रह्मतत्त्वे स्थिरवृत्तिमाश्रयन् ।
आनन्दसच्चिन्मयरूपतामित—
स्तदेव भूत्वा तत एष राजते ॥ ३२ ॥

इस प्रकार जिस साधक की परमात्मा के विषय में गति हो चुकी वह तदनन्तर उस ब्रह्मतत्व में स्थिर चित्तवृत्ति के धारणा करता हुआ सत्-चित्-आनन्दमय स्वरूपता को प्राप्त हो स्वयं भी ब्रह्म ही हो सुशोभित होता है ॥ ३२ ॥

तद्विप्रवर्य ! तवचाऽपि परात्मनोऽस्य
प्राप्तेर्निदानमिह योगिवरैर्दुरापम् ।
द्वारं सुखं विवृतमद्य विदृश्यतेऽत्र
मन्ये समर्थ इह रोद्धुमिदं न कश्चित् ॥ ३३ ॥

इसलिए, विप्रवर ! तुम्हारा भी इस परमात्मा की प्राप्ति में आदि कारणभूत द्वार, जो इस जगत् में महायोगियों को भी दुर्लभ है, सुखपूर्वक खुला हुआ दिखाई दे रहा है। मेरी समझ में इसमें विघ्न-वाधा डालने की किसी में सामर्थ्य नहीं है ॥ ३३ ॥

कृष्णप्रसादरचिते कठोपनिषदात्मके ।
ब्रह्मविद्यापरे काव्ये सर्गोऽयं नवमो गतः ॥ ३४ ॥

श्रीकृष्ण प्रसाद घिमिरे द्वारा विरचित कठोपनिषदात्मक ब्रह्मविद्या-प्रतिपादक काव्य में यह नवां सर्ग समाप्त हुआ ॥ ९ ॥

ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

दशमः सर्गः

आत्मानं द्विजतनयोऽथ साधिकारं
मन्वानस्तदिह, निशम्य तन्महत्वम् ।
संहृष्टो रविसुतमेनमाह भूयो
जिज्ञासुः स्वहितमदः परात्मतत्त्वम् ॥ १ ॥

इसके पश्चात् अपने को उस आत्म-विद्या का अधिकारी मानता हुआ विप्रकुमार नचिकेता आत्मविद्या का महत्व सुनकर बहुत प्रसन्न हुआ। आत्मकल्याणकारी उस आत्मतत्व को जानने का इच्छुक वह सूर्यपुत्र धर्मराज से फिर बोला—॥ १ ॥

संतुष्टो मयि भगवान् यदीह तत्त्वं
तद् ब्रूयात् परमपरं यदस्ति देव ! ।
भिन्नं स्यात् पुनरिह तच्छुभाशुभाच्च
तैः कार्यैस्तदितरवस्तुभिश्च नित्यम् ॥ २ ॥

हे देव, हे धर्मराज ! यदि आप मेरे ऊपर प्रसन्न हैं तो पर और अपर ब्रह्म, जो इस लोक में पुण्य और पाप से परे तथा कार्य और कारण से भिन्न और नित्य है, को मुझसे कहने की कृपा करें ॥ २ ॥

ऐकात्म्यं स्वरसगतं परात्परं च
सानन्दं प्रकृतिविभिन्नमात्मनीनम् ।
जानाति प्रचुरमथो भवान् यदेतत्
सत्तत्त्वं प्रवदतु मां सतथ्यमत्र ॥ ३ ॥

हे देव ! पर कहे जानेवाले तत्वों से भी पर, प्राकृत पदार्थों से भिन्न, आत्मकल्याणकारी, आत्मानन्दमय, अद्वितीय सत् तत्व को, जिसे आप प्रचुररूप में जानते हैं, खुलासा करते हुए मुझसे कहने की कृपा करें ॥ ३ ॥

तत्प्रश्नं समुदितमेवमाकलय्य
पूर्णात्मा रवितनयः प्रसन्नचेताः ।
व्याख्यातुं परपुरुषं परात्मनिष्ठं
संस्मृत्य स्वहृदि शिशुं पुनस्तमूचे ॥ ४ ॥

इस प्रकार समुचित रीति से पूछे गये इसके प्रश्न को सुनकर पूर्णात्मस्वरूप प्रसन्नचित सूर्यपुत्र धर्मराज ने उस तत्व का उपदेश देने के लिए परम पुरुष परमात्मा

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

का अपने मन में स्मरण कर आत्मा के विषय में परम निष्ठा वाले उस बालक से कहा—॥ ४ ॥

ब्रह्माख्यं जगति ततं परेशतत्त्वं
निर्देष्टुं परमपरञ्च रूपमस्य ।
धर्मोऽत्रावददथ तत्प्रतीकमेन-
मोङ्कारं सकलममुष्य वाचकं प्राक् ॥ ५ ॥

धर्मराज ने सबसे पहले सारे जगत् में व्याप्त ब्रह्मनामक परमात्म तत्व का तथा उसके पर और अपर रूप निर्देश करने के लिए परब्रह्म के वाचक तथा उसके प्रतीकरूप सब कलाओं से युक्त ओंकार को कहा ॥ ५ ॥

छन्दांसि स्वहितममोघमेकरूपं
यत्तत्त्वं सह निगमाऽऽगमैः स्वरूपैः ।
सम्पाद्य स्वगतधियाऽवलोक्य सम्यक्
बुद्ध्वैवं द्विज ! विरमन्ति कृच्छ्रतस्तत् ॥ ६ ॥

हे विप्रकुमार ! सारे छन्द आत्महितकारी सर्वोत्कृष्ट अद्वितीय जिस परमतत्त्व का अपने स्वरूप-भूत निगम और आगमों के साथ प्रतिपादन कर फिर अपनी अन्तर्मुख बुद्धि से अपने में भली भांति उसका साक्षात्कार कर वह ऐसा ही है, यह निश्चय कर कष्टमय कार्यकलाप से विरत होते हैं ॥ ६ ॥

पूर्णानां तदखिलसत्यसाधनानां
सन्तोषव्रततपसां शमादिकानाम् ।
सल्लक्ष्यं गुरुतरमेकनिष्ठमाद्यं
यत्प्राप्तौ पुनरिह साधका यतन्ते ॥ ७ ।

सब सत्य साधनों का, संपूर्ण सन्तोष, व्रत और तपस्याओं का एवं सब शम, दम, यम, नियम आदि का वही एकमात्र श्रेष्ठतम आदिभूत सल्लक्ष्य है, जिसकी प्राप्ति के लिए साधक जन इस लोक में निरन्तर जनत करते हैं ॥ ७ ॥

यन्निष्ठा द्विजशिशवो व्रतं चरन्ति
ब्रह्मैतत् परमपरं स्वशब्दवाच्यम् ।
वच्मि त्वामहमिह चाक्षराक्षरेण
त्वेकेन द्विज ! शृणु शान्त "ओं" तदस्ति ॥ ८ ॥

हे द्विजश्रेष्ठ ! जिस तत्त्व पर निर्भर होकर ब्राह्मण-बालक ब्रह्मचर्य आदि व्रत धारण करते हैं, जिसका दूसरा नाम आत्मा है वह ब्रह्म परब्रह्म और अपर-ब्रह्म भेद से

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

दो प्रकार का है। उसे मैं एक अविनश्वर अक्षर से कहता हूँ तुम शान्त (सावधान) होकर सुनो—वह अक्षर है ॐकार ॥ ८ ॥

ब्रह्मै तद् व्यपगतनामरूपमेकं
तत्त्वज्ञैस्तदपि यदुच्यते स्वभावात् ।
सम्पन्नं बहुविधरूपनामभिश्च
सर्वेशं कृतफलदं जगद्भूच्च एवम् ॥ ९ ॥

जो यह ब्रह्म तत्त्वज्ञानी पुरुषों द्वारा स्वभावतः नाम और रूप से रहित अद्वितीय कहा जाता है वह भी जागतिक जीवों को उनके द्वारा किये गये सुकृत और दुष्कृत कर्मों का फल देनेवाला बहुत से रूप और नामों से सम्पन्न सर्वेश्वर हो जाता है ॥ ९ ॥

तत्तेभ्योऽप्यधिकशुभं तदस्य नाम
ह्योङ्कारो विलसति पूर्णरूप एषः ।
यन्नामी प्रभवति नामतः समानो
भेदोऽतः स्वत उभयोर्यदेव तद्धि ॥ १० ॥

इसलिए पर, अपर, ब्रह्म, सर्वेश्वर इन नामों से भी अधिक महत्त्वपूर्ण कल्याणकारी उसका वह नाम पूर्णरूप (सकल कलाओं से युक्त) यह ॐकार जगत् में जगमगाता है। चूंकि नामी (नामवाला) नाम के समान होता है, इसलिए नाम और नामी दोनोंका अभेद स्वतःसिद्ध है, अतः जो यह ॐकार है वही वह ब्रह्म है, इसमें सन्देह नहीं ॥ १० ॥

ओङ्कारस्तदथ परात्मनः स्वरूपं
सद्भावं प्रकटयतीह निर्विशेषम् ।
सम्पूर्णं परपुरुषं तदेव सौम्य !
सत्तत्त्वं प्रथयति यत् त्रिकालसत्यम् ॥ ११ ॥

अतः ओङ्कार परमात्मा का रूप है। वह निर्विशेष (विशेषण विशेष्य विरहित-अखण्ड) ब्रह्मतत्त्व को प्रकट करता है, उसका प्रतिपादन करता है। ओङ्कार ही त्रिकालबाधित नित्य पूर्ण परम-पुरुषरूप सत्तत्त्व (सत्-चित्-आनन्द रूप ब्रह्म) को प्रकाशित करता है ॥ ११ ॥

ब्रह्मैवं परमपरं वदन् स दिव्य
ओङ्कारो जयति भवे धृतार्थसिद्धिः ।
यन्मध्ये सुखकरमेकमव्ययं तद्
व्याश्रित्य प्रभवति साधकोऽत्र सिद्धः ॥ १२ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

इस प्रकार पर, अपर ब्रह्म का प्रतिपादन करने वाला यह दिव्य ओङ्कार, जो अपने में सर्वविध सिद्धियाँ धारण करता है, इस जगत् में सर्वोत्कृष्ट होने से प्रणम्य है। जिसमें स्थित आनन्दप्रद एक अद्वितीय अविनाशी तत्त्व का आश्रय लेकर साधक इस जगत् में सिद्धि प्राप्त कर लेता है ॥ १२ ॥

सत्तत्त्वं परसुखदं द्वयोः प्रतीक—
मोङ्कारं समुखमुपास्य सिद्ध एषः।
यद्वाञ्छत्यसमधिया तदेव तूर्ण
भूत्वाऽसौ प्रभवति तन्मयोऽवसाने ॥ १३ ॥

परब्रह्म और अपर ब्रह्म दोनों का प्रतीकरूप परमानन्द प्रदान करने वाले सत् चित् आनन्द स्वरूप ओङ्कार की सुख पूर्वक उपासना कर साधक सिद्ध हो जाता है। सिद्धि को प्राप्त हुआ वह (साधक) अपनी असाधारण बुद्धि से जो होना चाहता है शीघ्र वही होकर अन्त में ब्रह्ममय हो जाता है, ब्रह्मीभूत हो जाता है ॥ १३ ॥

आत्माऽयं द्विजवर ! हेतुरत्र मुख्य
आधारो भवति च तद्गतो यदि स्यात्।
तत्प्राप्तौ तदितरकारणं त्वनहं
नास्त्येव स्वगतधियाऽवलोकनेऽपि ॥ १४ ॥

हे विप्रप्रवर ! इस जगत् में सकल चराचर जीवों का मुख्य हेतु यह आत्मा ही है। यदि साधक उसके शरणागत हो सके तो वही उसका मुख्य आधार भी होता है। आत्मगत बुद्धि से भली भाँति अवलोकन करने पर भी उस ब्रह्म की प्राप्ति में शरणागति से अन्य श्रेष्ठ उपाय कोई नहीं है ॥ १४ ॥

तस्मात् त्वमात्मानमिमं परात्परं
स्वाऽऽलम्बनं निश्चिनु बीजमव्ययम्।
ब्रह्माण्डसञ्चालकमीश्वराभिधं
तद्ब्रह्म विज्ञातुममोघसाधनम् ॥ १५ ॥

अतएव तुम पर से भी पर जगद्वीज अविनाशी इस आत्मा को अपना अवलम्बन चुनो। सारे ब्रह्माण्ड के संचालक ईश्वर नामक ब्रह्म को जानने के लिये यह अचूक साधन है। १५ ॥

अष्टाङ्गयोगैः समुपार्जितैर्जितैः
स्वैरिन्द्रियैः स्वात्मनि लब्धलक्षणम्।
विमृश्य तच्छन्तमया धिया द्विज !
विचारय त्वं शरणागतिं श्रितः ॥ १६ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

हे मेरे प्रिय विप्रकुमार ! भली भाँति अभ्यस्त यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधिरूप आठ अंग वाले योग से अपने वश में की हुई इन्द्रियों से अपनी आत्मा, जिसका स्वरूप उपलब्ध हुआ है ऐसे, उस ब्रह्म का अपनी कल्याण-कारिणी सद्बुद्धि से सोच-समझ कर शरणागति को प्राप्त हुए तुम उसका चिन्तन करो ॥ १६ ॥

ज्ञात्वा रहस्यमिदमव्ययमेकरूपं
सच्चिन्मयं विदिततत्व इहैव तिष्ठन् ।
शान्ति परां समधिगम्य सुखेन सिद्धः
सच्छ्रद्धया विलसतीह परात्मतत्त्वे ॥ १७ ॥

हे वटो ! अद्वितीय अविनाशी सत् चित् मय इस तत्त्व को जानकर विदित-वेद्य हुआ साधक यहीं पर स्थित होते हुए सुखपूर्वक सिद्धि प्राप्त कर तथा परम शान्ति लाभकर उत्तम श्रद्धा से परमात्म-तत्त्व में मगन होता है ॥ १७ ॥

कृष्णप्रसादरचिते कठोपनिषदात्मके ।
ब्रह्मविद्यापरे काव्ये सर्गोऽयं दशमो गतः ॥ १८ ॥

श्रीकृष्ण प्रसाद घिमिरे द्वारा विरचित कठोपनिषदात्मक ब्रह्मविद्या प्रतिपादक काव्य में यह दसवां सर्ग समाप्त हुआ ॥ १० ॥

ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

एकादशः सर्गः

तद्ब्रह्मणोऽखिलततस्य विशुद्धमेव—
मोङ्काररूपमपरं परमप्यतुल्यम् ।
निर्दिश्य सम्यगिह धर्म उवाच भूयः
प्रश्नानुसारममुमात्मगतस्वरूपम् ॥ १ ॥

सब चर अचर जीवों में पर ब्रह्म का विशुद्ध पर अपर अतुलनीय ओङ्काररूप इस प्रकार भली भांति उसे (नचिकेता को) बताकर धर्मराज ने फिर उसके प्रश्न के अनुसार उससे आत्मतत्व का स्वरूप कहा ॥ १ ॥

आत्मैष तात ! विततोऽखिलहृद्गुहासु
योनिष्वनेकविधमूर्तिषु चैकरूपः ।
शुद्धोऽव्ययः सततमुक्त उपाधिभिस्तैः
साक्षी स्वयं प्रभुरिहाऽऽत्मरतिर्विबुद्धः ॥ २ ॥

हे वत्स ! यह आत्मा सकल जीवों के हृदय-रूपी गुफाओं में व्याप्त है। मनुष्य, पशु, पक्षी आदि योनियों में तथा विविध प्रकार के देहों में एक रूप है। देश, काल, अवस्था आदि रूप तथा बाल्य, यौवन-वार्धक्य आदि उपाधियों से नित्य-मुक्त है। विविध देहों में रहने पर भी यह उनके पापादि मल से अस्पष्ट, विशुद्ध, अविनाशी, आत्माराम, नित्य शुद्ध, बुद्ध और मुक्त, सर्वसाक्षी तथा स्वयं प्रभु है ॥ २ ॥

यावत्तथाविधममुं परितो विमृश्य
ज्ञात्वा तदस्य गुरुताञ्च विभिन्नताञ्च ।
सर्वेभ्य उन्नतमिमं न विबुद्धचतेऽसौ
नोदेति तावदिह साधकचित्त एषः ॥ ३ ॥

जब तक उस प्रकार के इस आत्मा का भली भाँति विचार कर इसके महत्त्व तथा जागतिक सकल अनित्य पदार्थों से विभिन्नता (विलक्षणता) को जानकर साधक सबसे श्रेष्ठ इसको अच्छी तरह नहीं जान लेता तब तक यह साधक के चित्त में आविर्भूत नहीं होता है ॥ ३ ॥

तद्भाव एव ससुखं स्फुरतीह नाऽत्र
यावन्न वेद परमात्मगतस्वरूपम् ।
ज्ञातुं स्पृहा भवति नैव बलीयसी सा
यावच्च नश्वरगुणानुपसेवतेऽसौ ॥ ४ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

जब तक साधक परमात्मा का स्वरूप नहीं जान लेता तब तक आत्मभाव उसके हृदय में अनायास स्फुरित नहीं होता एवं जब तक साधक जागतिक विषयों का सेवन करता है तब तक उसमें उसे जानने की बलवती अभिलाषा ही उदित नहीं होती है ॥ ४ ॥

त्यक्त्वा तदन्यनसमं परतत्त्वरूपं
स्वानन्दमात्रमनुभूतिपथप्ररूढम्
सम्यग् विभाव्य हृदि शन्तमया धियैव
तिष्ठेत् परं सुखमवाप्य स आत्मसंस्थम् ॥ ५ ॥

साधक पुरुष उससे अन्य विषय आदि का त्याग कर अतुलनीय (असाधारण), आनन्दमात्र, अपने अनुभव पथ में आरूढ हुए परमात्म तत्त्व का अपने हृदय में कल्याणकारिणी बुद्धि से ही भली भाँति चिन्तन कर, आत्मगत परम सुख को प्राप्तकर सुस्थित हो ॥ ५ ॥

आत्माऽविनाश्यविकृतोऽमर एकरूपो
नित्यो विभिन्न उरुशक्तियुतश्च तात ! ।
तन्नामरूपमयविश्वपदार्थकेषु
श्रेष्ठोऽद्वयोऽमृतमयो न च तेषु सक्तः ॥ ६ ॥

हे वत्स ! आत्मा अविनश्वर निराकार, निर्विकार, अजर-अमर एकरस, नित्य, भेद रहित, महान् शक्ति से युक्त है । नाम-रूपमय जगत्पदार्थों में सर्वश्रेष्ठ अद्वितीय और अमृतमय है । जागतिक पदार्थों में उसकी आसक्ति नहीं है ॥ ६ ॥

संबन्धहीन उपशान्तगतिश्च तेषु
स्वस्य प्रकाशविशदो न च तैः प्रकाश्यः ।
आदर्शरूप उपमादिविहीन एको
द्रष्टा स्वयं सकलवस्तुगतो विभाति ॥ ७ ॥

जागतिक पदार्थों से उसका कोई सम्बन्ध नहीं है एवं जागतिक जीवों की उसमें गति भी नहीं है । वह अपने प्रकाश से प्रकाशित स्वयंप्रभ है, जागतिक पदार्थ सूर्य, चन्द्र, आदि से वह प्रकाश्य नहीं है । वह आदर्शरूप, उपमान रहित अद्वितीय सर्वसाक्षी स्वयं सब वस्तुओं में व्याप्त होकर विराजमान है ॥ ७ ॥

नात्मैधते न च वटो ! म्रियतेऽथवाऽसौ
न क्षीयते व्यभिचरत्यथ जायते वा ।
नास्याऽस्ति कार्यमथवा न च कारणञ्च
यो निष्क्रियो विलसतीह सदात्मभावात् ॥ ८ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

हे वटुवर ! यह आत्मा न तो बढता है, न मरता है, न घटता है, न जन्म लेता है और न क्षयादि विकारों को ही प्राप्त होता है। इसका न कोई कार्य है न कोई कारण ही है। निष्क्रिय यह सदा आत्मरूप से इस जगत् में विराजमान है ॥ ८ ॥

देहे मृतेऽपि तदधिष्ठितदिव्यभावः
सैषोऽत्र राजति विहाय तमन्यदेहे ।
लोका वदन्त्यमुमहो ! मृत एष चेति
हन्ता स इत्यपि मृषैव तदुक्तिरेषा ॥ ९ ॥

देह के मर जाने पर भी उसमें दिव्य-भाव से स्थित वह आत्मा मृत देह का त्याग कर दूसरे शरीर में विराजमान होता है। लोग इसको लक्ष्यकर कहते हैं हाय ! यह मर गया है। यह इसका हन्ता (मारनेवाला) है, यह जो कहते हैं उनकी यह उक्ति भी मिथ्या ही है ॥ ९ ॥

आत्मस्वरूपमिदमव्ययमेकरूपं
जानन्ति ते न च कदापि कुतर्कनिष्ठाः ।
शिष्टा अपीह भवभावविदूषितान्ता
भ्रान्ता भ्रमन्ति बहुधा ममताविमूढाः ॥ १० ॥

कुतर्क-परायण लोग यह आत्मस्वरूप अविनाशी एकरस है, यह तथ्य कदापि नहीं जानते हैं। सांसारिक विषयों से दूषित अन्तःकरण वाले शिष्ट जन भी अहन्ता और ममता के चक्कर में पड़कर इस जन्म-मरण रूप संसार में अनेकों चक्कर काटते हैं ॥ १० ॥

आत्मा न हन्यत उपायशतैश्च सोऽयं
हन्ता न चैष भवति द्विज ! वस्तुतोऽत्र ।
तत्त्वं प्रबुद्धय न च संशृणुयाद्बुभूषु—
स्तेषां कथामपि भवभ्रमणैकनिष्ठाम् ॥ ११ ॥

हे विप्रवर ! यह आत्मा एक नहीं सैकड़ों उपायों से भी दूसरों के द्वारा नहीं मारा जा सकता। वास्तव में इस संसार में यह हन्ता (मारने वाला) भी नहीं हो सकता है। भविष्णु साधक पुरुष तत्व को जानकर उनकी एकमात्र संसार के आवा-गमन में आस्था रखने वाली कथा तक न सुने ॥ ११ ॥

आपातरम्यविषयेषु विनश्वरेषु
भोगेष्वदत्तमनसो दृढलब्धलक्ष्याः ।
सत्साधका विदधते परनित्यबुद्धिं
तस्मात् सदाऽऽत्महितचैत्यपथं श्रितास्ते ॥ १२ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

सरसरी तौर से रमणीय मालूम पड़नेवाले वास्तव में विनश्वर विषय भोगों में जिन्होंने कभी ध्यान नहीं दिया एवं अपना श्रेष्ठ लक्ष्य जिन्होंने दृढ़ता के साथ प्राप्त किया हैं वे उत्तम साधक जन परम नित्य तत्त्व में ही अपनी बुद्धि स्थिर करते हैं, इसी से उन्होंने सदा अपना हितकारी ज्ञानमार्ग का अवलम्बन किया है ॥ १२ ॥

नित्यत्त्वमात्मन इदं परिबुद्धय सम्यग्
ज्ञात्वा स्थिर्ति च पुनरस्य विशुद्धवृत्या ।
निःसारतां क्षणिकतां विषयादिकानां
स्वान्ते विभाव्य विरमेद्विबुधः स्वकृत्यात् ॥ १३ ॥

मतिमान् पुरुष आत्मा की इस नित्यता का भली भांति ज्ञान प्राप्त कर फिर विशुद्ध बुद्धिवृत्ति से इसकी स्थिति को खूब अच्छी तरह समझ-बूझकर एवं विषय-भोगों की सार-हीनता तथा विनश्वरता का अपने मन में दृढ़ निश्चय कर अपने सांसारिक कृत्यों से विरत हो ॥ १३ ॥

इत्थं विवर्ण्य विशदं शुभमात्मरूपं
तत्प्राप्त्युपायमिममेव निरूप्य गूढम् ।
उद्भाव्य भूसुरशिशोर्हृदये प्रगाढां
जिज्ञासुतां यम उवाच परात्मतत्त्वम् ॥ १४ ॥

धर्मराज ने इस प्रकार मंगलमय आत्मरूप का विशदरूप से वर्णन कर, इस आत्मतत्त्व की प्राप्ति का उपाय, जो अत्यन्त गुप्त है—का निरूपण कर एवं ब्राह्मणकुमार नचिकेता के हृदय में गहरी जिज्ञासा उभाड़ कर उससे परमतत्त्व कहा ॥ १४ ॥

आब्रह्मकीटगतविग्रहहृद्गुहायां
जानीहि तात ! विलसत्यतुलोऽयमात्मा ।
सूक्ष्माऽतिसूक्ष्म इह चाऽप्यणुरूप एकोऽ
णुभ्योऽपि सूक्ष्मतम ईश्वर एव साक्षात् ॥ १५ ॥

हे प्रिय बालक ! तुम यह निश्चय जानो कि अतुलनीय यह आत्मा ब्रह्मा से लेकर कीड़े-मकोड़ों तक के शरीर में स्थित हृदय-गुफा में विराजमान है । यह अद्वितीय आत्मा सूक्ष्मातिसूक्ष्म अर्थात् अणुओं से भी अणु–अतिसूक्ष्म तक है । यही साक्षात् ईश्वर है ॥ १५ ॥

सान्निध्यमाश्रित इहाऽपि च बद्धजीवो
जानाति नैनमनघाऽत्र विनष्टदृष्टिः ।
भोगेषु सक्तहृदयो दृढमोहपाशै—
र्बद्धोऽवशो भ्रमति योनिषु चक्रवद्धा ! ॥ १६ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

हे पुण्यात्मन् ! यहाँ बद्धजीव आत्मा की संनिधि में रहकर भी ज्ञानदृष्टि-विहीन होने के कारण इस आत्मा को नहीं जानता है, क्योंकि जागतिक विषय भोगों में उसका हृदय आसक्त है। मजबूत मोह (अज्ञान) रूपी पाशों (फन्दों) से बँधा हुआ अतएव परवश जीव, खेद है, कोड़ों-मकोड़ों की भाँति चक्र के ठीक विविध योनियों में चक्कर काटता है ॥ १६ ॥

धिक् ! तादृशं पुरुषजीवनिकायमेवं
विज्ञानहीनमसुखं परिपूर्णबोधम् ।
स्वं जीवनञ्च बहुदुःखयुते भवेऽस्मिन्
व्यर्थं क्षिपन्तमनवाप्य तदात्मतत्त्वम् ॥ १७ ॥

विज्ञान-विहीन उस प्रकार के पुरुष-समुदाय को धिक्कार है, जो अनुपम परिपूर्ण बोधयुक्त उस आतमतत्त्व को न जानकर अपने बहुमूल्य जीवन को इस प्रकार विविध दुःखों से परिपूर्ण इस संसार में व्यर्थं बिता रहा है ॥ १७ ॥

किन्त्वत्र साधक इहैव विवेचनैः स्वै—
रात्मानमेव तदवस्थमपि द्विजेन्द्र ! ।
आनन्दहेतुमखिलेश्वरमादिदेवं
सच्चिन्मयं परिविबुद्धय भवत्यशोकः ॥ १८ ॥

हे विप्रवर ! किन्तु बुद्धिमान् साधक इस विषय में, इसी जन्म में, अपने श्रवण, मनन, निदिध्यासन आदिरूप, विविध विवेचनों द्वारा हृदय-गुहा में सुषुप्त अपने आत्मा को ही आनन्द का हेतु, सबका अधिपति और सत्-चित्-आनन्दमय आदिदेव जानकर शोकरहित होता है ॥ १८ ॥

पश्चात् स एव कृतकृत्य उदारभावाज्-
ज्ञानाच्च लब्धदय ईश्वरतः कृतज्ञात् ।
जानाति चैवमणुरूपमणुभ्य एव
सोऽयं महानिह महत्स्विति तन्मयत्वात् ॥ १९ ॥

फिर वही साधक अपनी उदारता तथा ज्ञानवश आभारी (कृतज्ञ) हुए ईश्वर का अनुग्रह प्राप्त कर कृतकृत्य हो अणुओं से भी अणुरूप उस आत्मा को जानता है। यह पर आत्मा तन्मय होने से महान् से भी महान् है ॥ १९ ॥

तद्ब्रह्म पूर्णममृतं परमात्मसंज्ञ—
माभात्यतोऽखिलजगत्सु विरुद्धधर्मम् ।
सूक्ष्माऽतिसूक्ष्ममथ विप्र ! महामहच्च
शङ्कैव नास्ति पुनरस्य महत्वमेतत् ॥ २० ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

हे विप्रवर ! परमात्मा नामका वह अविनाशी ब्रह्मपूर्ण है । इसीसे सम्पूर्ण जगतों में वह सूक्ष्म से सूक्ष्म तथा महान् से भी महान् यों परस्पर विरुद्ध धर्मवाला प्रतीत होता है । फिर, उसकी परिपूर्णता के कारण ही, इन विरुद्ध धर्मों में किसी को शङ्का ही नहीं होती है । यही उसका महत्त्व है ॥ २० ॥

लीलैव दृश्यत इयं बहुधोर्जितैवं
तस्येश्वरस्य निजशक्त्युपबृंहितस्य ।
पूवर्षयो हृदि निरुध्य मनो विशुद्धं
तत्रैव ता भवगताः ससुखं व्यपश्यन् ॥ २१ ॥

अपनी विपुल निरुपम शक्ति से उत्कर्ष के सर्वोन्नत शिखर पर आरूढ उस परमेश्वर की इस प्रकार विविध प्रकारों से यह लीला ही दृष्टिगोचर होती है । प्राचीन ऋषि-महर्षियों ने अपने विशुद्ध मन को हृदय में नियन्त्रित कर अर्थात् रूपादि जागतिक विषयों की ओर झुकने से रोक कर संसार में फैली हुई उन लीलाओं का अपने हृदय में ही सानन्द साक्षात्कार किया था ॥ २१ ॥

स्वे धाम्नि तत्परसुखेऽतुलशक्तियुक्ते
सुप्तः स्थितोऽपि भगवान् धृतदिव्यरूपः ।
श्रुत्वैव भक्तरवमार्तियुतं कृपालु—
रुद्धर्तुकाम उपगच्छति तान् सुदूरात् ॥ २२ ॥

उस परम सुखमय अतुल-शक्ति सम्पन्न अपने परम धाम में शेष-शय्या पर सानन्द सोये हुए भी दयामय भगवान् भक्तों की आर्तवाणी सुनते ही दिव्यरूप धारण कर उनका कष्ट से उद्धार करने की इच्छा से बहुत दूर से भी उनके निकट पहुँच जाते हैं ॥ २२ ॥

तद्व्यापकोऽयमतुलो गुणगौरवाढ्यः
सर्वत्र चैकरस उन्नतकृत्यशाली ।
सानन्दचैत्य उरुगीतपदः परात्मा
सोऽयं विराजत उपाधिविहीन ईशः ॥ २३ ॥

दया, दाक्षिण्य, औदार्य, गाम्भीर्य, मार्दव आदि गुणगणों से गौरवशाली, सर्वव्यापक, सर्वत्र एकरस, अनुपम, धर्म-संस्थापन, अधमनाश, असुरसंहार, सन्त-समुद्धार आदि ऊंचे दर्जे के कार्यों से सुशोभित, जिनके उदार कार्य महान् पुरुषों द्वारा प्रशंसित हैं, ऐसे सच्चिदानन्दमय, उपाधिहीन, ईश्वरपदवाच्य वह परमात्मा सर्वत्र विराजमान हैं ॥ २३ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

तं ब्रह्मरूपभगवन्तमनन्तवीर्यं
विज्ञातुमत्र विधिवद्द्विज ! साधिकारः ।
मद्भिन्न उत्तमगुणो नहि विद्यतेऽन्य—
श्चेदस्ति सोऽस्ति भगवानतुलोऽस्ति योऽस्ति ॥ २४ ॥

हे विप्रवर ! अनंतशक्तिशाली उन ब्रह्मस्वरूप भगवान् को विधिवत् जानने के लिए पूर्ण अधिकार सम्पन्न मेरे सिवा उत्तम गुण वाला दूसरा कोई नहीं हैं । यदि कोई है तो वह अनुपम गुण संपन्न भगवान् ही हैं ॥ २४ ॥

तद्देहिनां विविधदेहगतोऽप्यमद्धा
भिन्नः सदैव सकलेभ्य उदात्तलीलः ।
नित्योऽव्ययः समरसः सुखदः समेषा-
मात्मैव भूषयति सर्वमिदं प्रपञ्चम् ॥ २५ ॥

इसलिए सब देहधारियों के विविध देहों में स्थित, सब देहों से निस्सन्देह सदैव भिन्न महालीला वाला, नित्य, अविनाशी, समरस तथा सबको सुख देने वाला यह परमात्मा ही सारे प्रपञ्च को विभूषित करता है ॥ २५ ॥

साक्षी समस्तगत एक उरुक्रमोऽसौ
द्रष्टाऽशरीर्यपि विभाति च बद्धवद् यः ।
नैतादृशः परमथाऽपि कुबुद्धिभिस्तैः
पाखण्डिभिश्च परतत्त्वमनीक्षमाणः ॥ २६ ॥

सब जीवों के घट-घट में व्याप्त, सबके शुभाशुभ कर्मों का अवलोकन करनेवाला, महाबलशाली, सर्वसाक्षी, अद्वितीय यह आत्मा अशरीरी होने पर भी शरीरधारी जीवों में रहने से बद्ध सा मालूम पड़ता है । परन्तु वह वैसा है नहीं । फिर भी कुमति तथा पाखण्डी-जन उसे परतत्त्व के रूप में नहीं देख पाते हैं ॥ २६ ॥

तत्प्राकृतैर्गुणगणैरिह कालदेशै—
रप्राप्तभव्यगतिरीश्वर एष आत्मा ।
ब्रह्मेति सद्विदिततत्त्व उदारभावो
ज्ञानी कदापि न विषीदति लोकधर्मैः ॥ २७ ॥

उन मायिक गुणगणों से तथा परिच्छिन्न जिसका मंगलमय अवलम्ब (आश्रय) प्राप्त नहीं हो सकता एवं सर्वैश्वर्यशाली यह आत्मा ही वह त्रिकालाबाधित ब्रह्म है, यह तत्त्व जिन्हें विदित हो चुका ऐसे महामना ज्ञानी पुरुष शोक, मोह आदि लोक-धर्मों से दुःखी नहीं होते हैं ॥ २७ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

एतन्महापुरुषलक्षणमुच्चसंस्थं
सम्यङ् निरूप्य हृदयेऽस्य शिशोर्निवेश्य ।
भूयोऽप्युवाच भगवान् यम ईशतत्त्वं
ज्ञातुं सुखेन तमुपायमथाऽऽप्तिहेतुम् ॥ २८ ॥

इस ऊँचे दर्जे के महापुरुष-लक्षण का भली भाँति प्रतिपादन कर और उस बालक नचिकेता के हृदय में बैठाकर फिर भगवान् यमराज ने ईश्वर-तत्त्व को सुखपूर्वक जानने के लिए उसकी प्राप्ति में हेतुभूत उपाय उससे कहा ॥ २८ ॥

न प्राप्यतेऽयमतुलो गुणगृघ्नुरात्मा
सत्साधनेन विहितेन च पौरुषेण ।
यं स्वीकरोति दयते च विभुः स एव
प्राप्नोति नान्य उरुगीतपदो हि योऽसौ ॥ २९ ॥

यम, नियम, आसन, प्राणायाम, ध्यान, धारणा, समाधि तथा श्रवण, मनन, निदिध्यासन आदि गुणगणों द्वारा ज्ञानगोचर होनेवाला यह अनुपम आत्मा विधिविहित यज्ञ-यागादि साधनों से तथा पराक्रम से प्राप्त नहीं हो सकता है । यह विभु जिसे पूर्वोक्त गुणगणों से अपनाता है या जिस पर सहज कृपा करता है वही इसको प्राप्त कर सकता दूसरी नहीं ॥ २९ ॥

यस्येदृशं सुमहिमानमतुल्यमेवं
सच्छ्रद्धयाऽहमिह पूर्णमवर्णयं त्वाम् ।
एतादृशः प्रभुरयं परमात्मरूपो
लब्धुं न शक्य इह दिव्यविभूतिभिश्च ॥ ३० ॥

जिसकी ऐसी असाधारण सुन्दर महिमा का मैंने इस प्रकार यहाँ तुमसे श्रद्धापूर्वक सविस्तर वर्णन किया है इस प्रकार का परमात्मरूपी यह प्रभु दिव्य विभूति सम्पन्न पुरुषों को भी प्राप्त नहीं हो सकता है ॥३०॥

न ज्ञायते पुनरयं बहुशास्त्रविद्भि-
र्धृष्टं कृतैः प्रवचनैश्च न मेधया वा ।
नाऽयं वृणोति पुनरेनमयत्नतो य-
स्तर्कैस्तमाप्तुमिह चेच्छति युक्तियुक्तैः ॥ ३१ ॥

यह आत्मा बहुत शास्त्रों के विज्ञाता पुरुषों द्वारा नहीं जाना जा सकता, न धृष्टतापूर्वक किये गये व्याख्यानों से अथवा न धारणासम्पन्न बुद्धि से ही जाना जा सकता है । फिर जो विना प्रयत्न युक्तियुक्त तर्कों से उसे पाने की इच्छा करता है उसका वरण यह आत्मा नहीं करता, इसमें कहना ही क्या है ? ॥ ३१ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

सद्बुद्धिरस्म्यहमिति प्रथिताभिमानो
नैनं समेति पुनरेष न लभ्यते च।
विज्ञैस्तथा श्रुतधरैश्च निसर्गतो ये
मन्यन्त आत्मसदृशो न च कश्चिदस्ति ॥ ३२ ॥

मैं बड़ा सुमति हूँ, बड़ा बुद्धिमान् हूँ, इस प्रकार का जिसे बड़ा अभिमान हो वह इस आत्मा तक नहीं पहुँच सकता। फिर विशेष विद्वान् तथा स्वभावतः तीक्ष्ण बुद्धि, जिन्हें यह अभिमान हो कि हमारे सदृश विद्वान् या बुद्धिमान् कोई नहीं है, पुरुष भी इसे नहीं पा सकते हैं ॥ ३२ ॥

सोऽहं ब्रुवन्ति पुनरत्र विवेकहीना
ये नाम पामरजना न च तैश्च लभ्यः।
आभास एव न च तस्य विभाति तेषां
चैत्ये कुबुद्धिहतसत्यपरात्मतत्त्वे ॥ ३३ ॥

फिर, इस संसार में विचार विवेक विहीन तथा जड़मति पुरुष जो "सोऽहम्" (वह मैं हूँ) रटते हैं, उनसे भी वह आत्मा प्राप्त नहीं किया जा सकता है। कुमति से सत्य (त्रिकालाबाधित) पर आत्मतत्त्व जिसमें विनष्ट हो चुका ऐसे उनके हृदय में उसकी झलक तक नहीं पड़ती है ॥ ३३ ॥

आत्माऽत्मनैव सुखलभ्य इदं रहस्यं
जानीहि तद् द्विजवराऽत्र हितं तव स्यात्।
आत्मानमेव विनिवेद्य परात्मने यः
संतिष्ठते दयत एव स एनमित्थम् ॥ ३४ ॥

हे विप्रवर ! आत्मा अपने से ही सुखपूर्वक प्राप्त होने योग्य है, इस रहस्य को तुम जान लो, इससे तुम्हारा कल्याण होगा। जो साधक अपने आत्मा को ही परमात्मा के चरणों में अर्पित कर डालता है उसके ऊपर ही वह (परमात्मा) इस प्रकार की दया करता है ॥ ३४ ॥

तेनैव लभ्य उरुपूज्य ! तदेष आत्मा
ब्रह्मस्वरूपमिममाशु मयत्नतो यः।
ध्यात्वा सुखेन हृदये परिचिन्त्य तत्त्वं
तथ्यं विचारयति विस्मृतदेहगेहः ॥ ३५ ॥

हे महामहनीय विप्रदेव ! उसी साधक के द्वारा यह आत्मा प्राप्य है जो अपने देह और गेह की सुधि-बुधि भूल कर ब्रह्मस्वरूप इस आत्मा को विना प्रयत्न प्राप्त करने के लिए सुख से उसका ध्यान कर, हृदय में उस तत्त्व का चिन्तन कर सत्यस्वरूप उसका विचार करता है ॥ ३५ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

प्राप्यः सुखं भवति तेन च येन विद्वन् !
आत्मानमस्य शरणाऽऽगतमाकलय्य ।
अस्मै समर्प्य निरहंममताऽभिमानात्
संस्थीयते स्वगतबुद्धयवलोकनेन ॥ ३६ ॥

हे विद्वन् विप्रकुमार ! जो इस ब्रह्मस्वरूप परमात्मा के शरणागत होकर अहन्ता और ममता के अभिमान के विना इसके लिए अपने आत्मा (जीवात्मा) को अर्पित कर आत्मनिष्ठ बुद्धि के निरीक्षण-परीक्षण के साथ चौकन्ना (सतर्क) रहता है उसके द्वारा वह सुख-प्राप्य होता है ॥ ३६ ॥

तस्मै ददाति ससुखं भगवान् परात्मा
स्वात्मानमेव परिदर्शितचैत्यरूपः ।
मायामयावरणमस्य तदैव हन्त !
सूर्योदये तम इवाऽत्र विनाशमेति ॥ ३७ ॥

भगवान् परमात्मा उसे (साधक) को अपना चिन्मय स्वरूप दिखलाकर अपने स्वरूप को ही सुखपूर्वक प्रदान करते हैं । हर्ष है, तभी साधक का मायिक आवरण वैसे ही विनष्ट हो जाता है जैसे सूर्योदय होने पर अन्धकार विनष्ट हो जाता है ॥ ३७ ॥

कैर्लभ्यते न भगवान् हरिरेष आत्मा
ब्रह्मस्वरूप इदमप्यवधारय त्वम् ।
दुर्वृत्तयो द्विज ! कदाचरणैरुपेताः
संप्राप्नुवन्त्यहह ! तं न कदापि विद्धि ॥ ३८ ॥

हे विप्रवर ! यह ब्रह्मस्वरूप, भगवान् हरि किन लोगों को प्राप्त नहीं हो सकते हैं, यह भी तुम निश्चय कर लो । खेद है, दुराचारी, दुष्ट विचारवाले दुर्जन उसे कदापि प्राप्त नहीं कर सकते है ॥ ३८ ॥

ये सन्ति दुष्टहृद उत्तमतत्त्वहीना
दुष्टा असत्सु विषयेषु रता विमूढाः ।
नित्यं ह्यशान्तमनसो निजकृत्यदृप्ता
लिप्ताः स्वपुत्रधनमानमदान्विताश्च ॥ ३९ ॥

जो लोग दुष्ट हृदय, श्रेष्ठ यथार्थ ज्ञान से विहीन, विनश्वर क्षणिक विषय-भोगों में उलझे हुए, विषयरूप से मूढ, नित्य अशान्तचित्त, अपने दुष्कृत्यों से गर्वीले, पापलिप्त तथा पुत्र, धन, सम्मान के मद में चूर हैं वे उसे कदापि प्राप्त नहीं कर सकते हैं ॥ ३९ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

तं तादृशं सुखदमक्षयतत्त्वमेनं
स्वात्मानमप्यतिविहाय सुखैकहेतुम् ।
मज्जन्त इन्द्रियसुखेष्वनिशं ह्यशान्ता
विभ्रान्तचेतस इमं न विदन्ति धिक् ! तान् ॥ ४० ॥

सुखदायक, अविनश्वर तत्त्वरूप, आनन्द के एकमात्र कारण उस प्रकार के इस अपने आत्मा का भी परित्याग कर निरन्तर अशान्त रहने वाले लोग क्षणिक इन्द्रिय-सुखों में विभोर होते हैं। विशेष रूप से भ्रमपूर्ण चित्त होकर वे इसे (आत्मा) को नहीं जानते हैं उन्हें धिक्कार है ॥ ४० ॥

तर्कैः स्वबुद्ध्युपनतैः सदुदारभावैः
सद्वीक्षणैश्च मनसा स्ववशीकृतेन ।
ब्रह्मात्मतत्त्वमिदमात्मनि तच्च नो ये
वाञ्छन्ति तेऽपि न विदन्ति च तं द्विजेन्द्र ! ॥ ४१ ॥

हे मेरे प्रिय द्विजश्रेष्ठ ! जो लोग अपनी तर्कों की ओर अधिक झुकी बुद्धि से उपस्थित किये गये तर्कों से सुन्दर अनुकूल विचारों से, श्रेष्ठ सुन्दर निरीक्षणों से तथा वशीभूत मन से अपने हित इस ब्रह्मात्मतत्त्व को नहीं चाहते हैं वे भी उसे नहीं जान पाते ॥ ४१ ॥

ते तद्विधस्य परतत्त्वमयस्य विष्णोः
प्राप्तुं कृपामनधिकारिण एव विद्वन् ! ।
क्लिश्यन्ति हन्त ! विषयैः परिपीड्यमाना
नास्तीह किञ्चिदपि निश्चितताम्पेताः ॥ ४२ ॥

हे विद्वद्वर मुनिबालक ! खेद है, जो जागतिक विषयों से पीडित होकर क्लेशमय जीवन व्यतीत कर रहे हैं, इस जगत् में ऐहिक सुख से अतिरिक्त कुछ नहीं है ऐसे निश्चय-वान् हैं, वे भी उस प्रकार के परम-तत्त्व स्वरूप विष्णु भगवान् की कृपा प्राप्त करने के अधिकारी नहीं हैं ॥ ४२ ॥

तद्ब्रह्मतत्त्वमवगम्य निशम्य पूर्वं
बुद्ध्वा विचार्य च वटो ! परतत्त्वगेऽस्मिन् ।
स्थानं समाप्तुमिह के च न ते समर्था—
स्तत्कारणं त्वमथ संशृणु शान्तवृत्तिः ॥ ४३ ॥

हे वटुश्रेष्ठ ! इस लोक में उस ब्रह्मतत्त्व को पहले गुरुमुख से सुनकर, भली भाँति हृदयंगम कर तथा बुद्धि से उसका परिचिन्तन करके भी इस आत्मतत्त्व-ज्ञान में स्थान प्राप्त करने में कौन समर्थ नहीं होते हैं और उसका कारण है क्या यह तुम शान्त चित्त होकर सुनो ॥ ४३ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

एतत्सुदुर्लभमनुष्यशरीरकेऽपि
तद्धर्मधारकवपुर्द्विज ! भूसुराणाम् ।
सत्क्षत्रियोचितवपुश्च सुपालकानां
द्वे साधने भवत एनमिहाऽवगन्तुम् ॥ ४४ ॥

हे विप्रवर ! इस अत्यन्त दुर्लभ मनुष्य-शरीर में भी ब्राह्मणों का वह धर्म धारण करनेवाला शरीर तथा क्षत्रियों का उत्तम क्षत्रिय कर्मोचित शरीर-ये दो आत्मा का अवगमन (ज्ञान) करने के लिए साधन हैं ॥ ४४ ॥

किन्तु द्विजेन्द्र ! परशक्तियुतस्य तस्य
ग्रासे उभे भवत एव निमेषमात्रात् ।
वार्तैव काऽन्यवपुषां भवभक्षणाऽर्थो
दृप्तोऽपि काल उपसेचनमेव यस्य ॥ ४५ ॥

किन्तु हे विप्रवर ! ये दोनों परम पराक्रमशाली ब्रह्मस्वरूप परमात्मा के पलक भर में ग्रास (कवल) होते हैं, अन्य शरीरों की तो बात ही क्या है ? जगद्भक्षण ही जिसका एकमात्र प्रयोजन है ऐसा दृप्त (गर्वीला) काल भी उसका केवल उपसेचन (चटनी) है । उसको भी पलक भर में वह चट कर दे सकते हैं ॥ ४५ ॥

तेषां तदस्य च विनाशक ईशदेवः
संहारकश्च जगतां प्रलयैकरूपः ।
ज्ञातुं न शक्यत उपायशतैः कथञ्चित्
तैः प्राकृतैश्च विषयैर्मनुजैर्द्विजेन्द्र ! ॥ ४६ ॥

हे विप्र ! वह ब्रह्मस्वरूप ईश्वर ब्राह्मण, क्षत्रिय आदि देहियों के तथा काल के भी विनाशक हैं तथा एकमात्र प्रलयरूपी वह सारे जगतों के संहारक भी हैं । इस प्रकार के महाशक्तिशाली वह प्राकृत मानव तथा प्राकृत विषयों से सैकड़ों उपायों द्वारा भी ज्ञात नहीं हो सकते है ॥ ४६ ॥

ब्रूहि त्वमेव जगतां स्थितिमुच्चरूपां
ज्ञातारमेनमसमाव्ययबोधहेतुम् ।
ज्ञातुं समर्थ इह कोऽत्र भवेद्ध्रुवस्थो
ह्याब्रह्मकीटगतदेहिषु लब्धतत्त्वः ॥ ४७ ॥

ब्रह्मा से लेकर कीड़े-मकौड़ तक की विविध योनियों में जन्मे विविध जीवों में से जिसे तत्त्वज्ञान प्राप्त हो चुका हो ऐसा संसार स्थित क्या कोई है जो सब जगतों की उच्चतर अवस्थाओं (गतिविधियों) के ज्ञाता अनुपम, अविनाशी तथा तत्त्वज्ञान के एकमात्र हेतु इन्हें (परमात्मा को) जानने के लिए समर्थ हो ? तुम्हीं कहो ॥ ४७ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

तस्माद् यमत्र दयते भगवाननन्त-
स्तद्ब्रह्मकृष्ण उरुगीतपदः परात्मा ।
भक्तः स एव शरणागत आत्मवृत्त्या
जानाति हृद्गतममुं विततं जगत्सु ॥ ४८ ॥

इसलिए इस जगत् में परब्रह्म परमात्मा रूप भगवान् श्रीकृष्ण, जिनकी महा-महिमा बड़े-बड़े महात्माओं द्वारा गाई गई है एवं जिनका आदि और अन्त नहीं है, जिस पर दया करते हैं वही उनके शरणागत हुआ भक्त सभी जगतों में व्याप्त उनको आत्मवृत्ति से हृदय में स्थित जानता है ॥ ४८ ॥

ज्ञेयः स्वशक्त्या न भवत्ययं प्रभुः
सच्चित्स्वरूपोऽव्यय ईश्वरो विभुः ।
आब्रह्मकीटात्मगतैश्च देहिभि-
रतर्क्यशक्तिर्भगवान् प्रसीदतात् ॥ ४९ ॥

ब्रह्मा से लेकर कीड़े-मकोड़े तक के शरीर में स्थित जीवों द्वारा सत्-चित्-आनन्द स्वरूप, अविनाशी, सर्वव्यापक, सर्वविध ऐश्वर्यसम्पन्न यह प्रभु अपनी शक्तियों से ज्ञेय नहीं होते हैं । वह यह तर्कों द्वारा अज्ञेय भगवान् प्रसन्न हों ! ॥ ४९ ॥

कृष्णप्रसादरचिते कठोपनिषदात्मके ।
ब्रह्मविद्यापरे काव्ये सर्गश्चैकादशो गतः ॥ ५० ॥

श्रीकृष्ण प्रसाद घिमिरे द्वारा विरचित कठोपनिषदात्मक ब्रह्मविद्या-प्रतिपादक काव्य में यह एकादश सर्ग समाप्त हुआ ॥ ५० ॥

ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

द्वादशः सर्गः

इत्थं परात्माऽऽत्मविभेदरूपकं
विवर्ण्यं तत्त्वं त्वनयोः स्थितिं पराम् ।
निर्दिश्य चैनं फलमप्यसौ यमः
वभूव शान्तः क्षणमत्र तं स्मरन् ॥ १ ॥

इस प्रकार परमात्मा और आत्मा का विभेदक तत्त्व (लक्षण) वतलाकर तथा इन दोनों की उच्चतम स्थिति का निर्देश कर भगवान् यमराज ने पहले उनके ज्ञान का यथार्थ (सही-सही) सारा फल भी नचिकेता को वतलाया ॥ १ ॥

प्राप्तुं तथाब्रह्म मनोज्ञमीप्सितं
सत्साधनं चैवमनूद्य यत्नतः ।
तन्नित्यसम्बन्धमिमं तदाश्रयं
विवर्णयिष्यन् पुनराह सोऽन्तकः ॥ २ ॥

परम मनोहर तथा अभीष्टतम उस पर ब्रह्म परमात्मा को पाने के लिए, वड़े जतन से, उत्तम साधन नचिकेता से कहकर यमराज ने परमात्मा और आत्मा का नित्य सम्बन्ध तथा आगे आत्मा का परमात्मा के आश्रित रूप से वर्णन करने के लिए फिर कहा ॥ २ ॥

ते ज्ञानिनो ब्रह्मविदश्च साग्नयो
ब्रह्मर्षयश्चैव गृहस्थमानवाः ।
महानुभावा अपरे च योगिनो
वदन्ति सिद्धान्तमिमं सुनिश्चितम् ॥ ३ ॥

प्रसिद्ध ब्रह्मवेत्ता ज्ञानी जन, अग्निहोत्री ब्रह्मर्षि लोग, महानुभाव गृहस्थ मनुष्य तथा अन्यान्य महामहिम योगी जन सुविचारित इसी सिद्धान्त को कहते हैं ॥ ३ ॥

नृदेहमेवंविधमाद्यसाधनं
सुदुर्लभं जीवदयालुनाऽमुना ।
प्रदत्तमस्मै निजपुण्यकर्मभिः
प्राप्तं ह्यनेनेति विभाव्य तद्धितम् ॥ ४ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

इस प्रकार का गौरवशाली अत्यन्त दुर्लभ यह मानव-देह उच्चतम लक्ष्य में पहुँचने के लिए प्रथमश्रेणी का साधन है। जीवों पर अनुग्रह करने वाले परमपिता परमात्मा ने जीव के हित को ध्यान में रखकर इसे जीव के लिए प्रदान किया है एवं जीव ने भी अपने पूर्वोपार्जित पुण्य कर्मों से इसे प्राप्त किया है ॥ ४ ॥

तदत्र हृद्गेहगुहास्त्ववस्थितं
प्रेम्णा सखायं तमिमं सतां गतिः ।
अतर्क्यं एषोऽनुसरन् वटो ! तरौ
बीजं यथा संस्थित आत्ममायया ॥ ५ ॥

इसलिए सन्तों की परम गति यह अतर्क्य परमात्मा इस शरीर में हृदयरूपी गृह की गुफा में प्रेम से स्थित अपने मित्र इस आत्मा का अनुसरण करता हुआ वृक्ष में बीज के समान अपनी माया से इस में स्थित है ॥ ५ ॥

ततस्त्रिकालेऽप्यनवाधितं महः
संश्रित्य सच्चिन्मयमव्ययं हितम् ।
स्वपूर्वपुण्योपचितं शुभात्मकं
तत्कर्मणां सत्फलमत्त एव तौ ॥ ६ ॥

तदन्तर त्रिकालावाधिक परम सत्य सच्चिन्मय अविनश्वर हितकारी वह परम-ज्योति:स्वरूप इस शरीर का आश्रय लेकर अपने पूर्वोपार्जित सत्कर्मों के मंगलमय सत्फल का परमात्मा और आत्मा दोनों भोग करते हैं ॥ ६ ॥

परन्तु वैषम्यमिहैव दृश्यते
ब्रह्मात्मनोर्देहगुहां प्रविष्टयोः ।
साक्षी परात्मा तु वसत्यसङ्गतो
भूत्वाऽपि भोक्ता पृथगेव वस्तुतः ॥ ७ ॥

परन्तु देहरूपी गुहा में प्रविष्ट हुए ब्रह्म (परमात्मा) तथा आत्मा में यहाँ (कर्म फल-भोग में) विषमता देखी जाती है। वह ब्रह्म (परमात्मा) जो साक्षी है, वह भोक्ता होकर भी भोग्य वस्तुओं में आसक्ति न होने के कारण कर्मफल से लिप्त नहीं होता है ॥ ७ ॥

भोक्तृत्वमस्याऽस्ति तथैव सद्गते-
र्लीलामयं जन्म यथाऽजल्पिनः ।
तान् देहिनः पाययतीह सोऽप्यज-
श्चैत्यामृतं तच्छुभकर्मजं स्वतः ॥ ८ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

सन्तों के परमगतिरूप ब्रह्म (परमात्मा) का भोक्तृत्व वैसा जैसा कि अजन्ता भगवान् का लीलामय जन्म है। वह अजन्ता भगवान ही उन देहधारियों को उनके शुभ पुण्य कर्मों से उत्पन्न चिदानन्दामृत अपने आप पिलाते हैं ॥ ८ ॥

जीवस्त्वयं कर्मफलं समश्नुत
आसक्तिसङ्गौ न जहाति तत्र च।
मोहैः प्रमादैश्च तथा विबध्यते
सोऽहंममत्वाभिनिवेशतस्तथा ॥ ९ ॥

किन्तु जीव (जीवात्मा) कर्मफलों का भोग करता है और उनमें मोह और प्रमाद से आसक्ति तथा अनुराग का त्याग नहीं करता एवं उनमें अहन्ता-ममता के अभिनिवेश (उत्कट अभिलाषा) से बँधता है ॥ ९ ॥

एवं स्थितौ साकमिमौ परस्पर—
मैकात्म्यमाप्तौ च विरुद्धधर्मिणौ।
छायातपौ तात ! यथा मनोमयौ
यौ तिष्ठतो भूय इहाऽपि भूसुर ! ॥ १० ॥

हे प्रियवर बालक ! इस प्रकार शरीररूपी गुफा में साथ-साथ स्थिति परस्पर एकरूपता को प्राप्त होकर भी मनोमय छाया ओर आतप के तुल्य विरुद्ध धर्मवाले होकर फिर इसी (शरीर-गुफा) में दोनों निवास करते हैं ॥ १० ॥

छायेव जीवः प्रतिभाति वस्तुतः
स्वल्पप्रकाशोऽल्पमतिर्दुराशयः।
शुद्धः परात्माऽऽतपवत्समुज्ज्वलः
पूर्णप्रकाशश्च महामतिः स्वतः ॥ ११ ॥

जीव वास्तव में अल्पप्रकाश वाला, अल्पमति तथा अशुद्ध अन्तःकरण वाला है, अतः वह छाया के तुल्य है एवं परमात्मा स्वतः पूर्णप्रकाश, महामति और विशुद्ध है, अतः वह आतप के तुल्य समुज्ज्वल है ॥ ११ ॥

स्वमित्रजीवाय वरेण्यतेजसा
ज्ञानं प्रदत्तं ह्यमुना कृपालुना।
तेनैव येनाऽप्यमृतत्वचिन्मये
प्राप्ते सुखेनाऽऽत्र विभात एव भोः ! ॥ १२ ॥

परमोत्तम तेज से सम्पन्न उस परम कारुणिक परमात्मा ने अपने मित्र जीव के लिए ज्ञान प्रदान किया, जिससे उसे अमृतत्व और चिन्मयत्व सुखपूर्वक प्राप्त हुए। इसी कारण, हे द्विजश्रेष्ठ ! वे दोनों जीव में शोभित होते हैं ॥ १२ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

तत्तात ! छायासु किलास्त्यलौकिकः
स्वल्पप्रकाशोऽप्यथवा समेधितः ।
प्राप्तः स वैशिष्ट्यमिताऽऽतपस्य तद्
विदृश्यते दर्पणदर्शने तु यत् ॥ १३ ॥

हे मेरे प्रिय विप्र वालक ! छाया (छायारूप जीवों) में जो अलौकिक तेज है वह चाहे स्वल्पप्रकाश वाला हो चाहे प्रचुर प्रकाश हो, आतपरूप परमात्मा की ही विशेषता को प्राप्त छाया (प्रतिविम्व) है । जैसे कि दर्पण देखने पर छाया दिखाई देती है बिम्व का ही दर्पण में प्रतिविम्व दिखाई देना है । दर्पण में दिखाई देनेवाला प्रतिविम्व विम्व से अतिरिक्त नहीं होता है ॥ १३ ॥

रहस्यमेवं ह्यवगम्य यत्नतः
स्वशक्तिसामर्थ्यगताभिमानकम्
निरस्य सर्वं परमात्मरूपकं
तद्ब्रह्म संचिन्त्य रमेत तत्र सः ॥ १४ ॥

इस प्रकार के रहस्य को जतन से हृदयंगम कर अपनी शक्ति और सामर्थ्य का अभिमान त्यागकर सव कुछ परमात्मारूपी वह ब्रह्म ही है, ऐसा निश्चय कर साधक उसमें रम जाय ॥ १४ ॥

मन्तव्यमेवं परमार्थमद्भुतं
कृत्वा निदिध्यासनमस्य सद्गतेः ।
द्रष्टव्यमस्यैव समुज्ज्वलं महः
सत्यं चिदानन्दमयं स्वतः स्फुरत् ॥ १५ ॥

इस प्रकार के अद्भुत परमार्थभूत ब्रह्म का निदिध्यासन कर इसी सत्य चिदानन्दमय अपने आप स्फुरित होते (चमचमाते) हुए अत्यन्त उज्ज्वल तेज का साक्षात्कार करना चाहिए ॥ १५ ॥

तथाविधं ब्रह्म च लब्धुमव्ययं
सत्साधनं त्वेकमिदं प्रदृश्यते ।
परात्मनस्तच्छरणागतिं श्रितो
जीवः प्रजीव्यादमृतत्त्वमाश्रयन् ॥ १६ ॥

उक्तप्रकार के अविनाशी ब्रह्म को प्राप्त करने लिए एकमात्र उत्तम साधन यही दिखलाई देता है कि जीव परमात्मा के शरणागत होकर उन्हीं के अमृतत्व पर निर्भर होकर जीवे ॥ १६ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

उद्दिश्य तद्ब्रह्म निदर्शनं श्रयन्
तत्प्रार्थनारूपममुं च दर्शयन् ।
सगद्गदां वाचमुवाच सोऽन्तक-
स्तद्भक्तिनम्रः शरणागतिं श्रितः ॥ १७ ॥

ब्रह्म के उद्देश्य से उदाहरण प्रस्तुत करते हुए (अर्थात् ब्रह्म की प्राप्ति इस प्रकार हो सकती है, ऐसे दृष्टान्त नचिकेता के सामने उपस्थित करते हुए) एवं प्रार्थना का स्वरूप शिक्षार्थ इसे (नचिकेता को) दर्शाते हुए परमात्मा की भक्ति से विनम्र एवं शरणागति को प्राप्त यमराज गद्गद वाणी से बोले ॥ १७ ॥

अये परात्मन् भगवन् ! दयस्व नः
शक्तिं च सामर्थ्यमिह प्रदेहि नः ।
तन्नाचिकेताग्निसुसेवनोत्सुका-
स्त्वां प्राप्नुयाम त्वरया भवे वयम् ॥ १८ ॥

हे परमात्मन् हे ! भगवन् हमारे ऊपर अनुग्रह कीजिये, हमें यहाँ शक्ति और सामर्थ्य प्रदान कीजिये, जिससे सांसारिक जीवन में नाचिकेताग्नि के सेवन में अत्यन्त उत्सुक हम शीघ्र आपको प्राप्त हों ॥ १८ ॥

ज्ञात्वा यथावत्तव तत्त्वमद्वयं
सिन्धुं तितीर्षोर्भवरूपमद्भुतम् ।
प्लवस्वरूपं पदपद्ममाश्रिता
गच्छेम पारं कुरु तद्दयां प्रभोः ! ॥ १९ ॥

हे भगवन् ! आपका अद्वयतत्त्व यथार्थ रूप से जानकर अद्भुत संसाररूपी सागर को पार करने की इच्छा वाले पुरुष के लिए नौकारूप आपके चरण कमलों के आश्रित हमलोग अपार संसार सागर के पार हो जायँ । हे प्रभो ! ऐसी आप कृपा करें ॥ १९ ॥

तदक्षयं ब्रह्म भवान् महत्तरं
सूक्ष्माऽतिसूक्ष्मं च विनिर्भयं हितम् ।
तस्माद्भवन्तं प्रणयेन सङ्गता
भवेम बोद्धुं सफलास्तवोदयम् ॥ २० ॥

भगवन् ! आप सूक्ष्म से भी अत्यन्त सूक्ष्म, भयरहित, हितकर्त्ता, महान् से भी महान् वह अक्षय ब्रह्म हैं, इसलिए हम प्रेम से आपके निकट आये हैं, आपके शरणागत हुए हैं । हम आपके स्वरूप को (परिपूर्णता को) समझने में सफल मनोरथ हों ॥२० ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अनेन मन्त्रेण विभुं तमव्ययं
प्रणम्य भक्त्या विगलन्मना यमः ।
तं शिक्षयित्वा विरराम तत्क्षणं
दयालुतामस्य विभावयन् हृदि ॥ २१ ॥

यमराज, भक्तिभाव से जिनका मन पिघल रहा था एवं जो अपने हृदय में परमात्मा की परम दयालुता का प्रत्यक्ष अनुभव कर रहे थे, उन अविनाशी प्रभु को भक्ति के साथ प्रणाम कर नचिकेता को "परमात्मा की भक्ति का स्तुति यों करनी चाहिये" ऐसी सीख देकर तत्क्षण मौन हो गए ॥ २१ ॥

कृष्णप्रसादरचिते कठोपनिषदात्मके ।
ब्रह्मविद्यापरे काव्ये सर्गोऽयं द्वादशोऽप्यगात् ॥ २२ ।!

श्री कृष्णप्रसाद घिमिरे द्वारा विरचित कठोपनिषदात्मक ब्रह्मविद्या-प्रतिपादक काव्य में यह बारहवाँ सर्ग समाप्त हुआ ॥ २२ ॥

ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

त्रयोदशः सर्गः

यमस्तं वटुं शान्तगम्भीरभावं
समीक्ष्यैव तुष्टश्च योग्यं स्वशिष्यम् ।
उवाचाऽथ भूयः प्रियः सज्जनानां
तथैवाऽप्रियश्चाऽसतां दण्डहस्तः ॥ १ ॥

योग्यतम अपने शिष्य उस वटु को शान्त और गंभीर-भाव से युक्त देखकर ही यमराज अत्यन्त संतुष्ट हुए । तदनन्तर सज्जन पुरुषों के प्रिय तथा असज्जनों के अप्रिय दण्डधारी (यमराज) फिर वोले ॥ १ ॥

निबोध त्वमात्मानमेवंविधं भो !
परात्मप्रियं निर्विकारं तथाऽपि ।
वियुक्तश्चिरेणाऽस्य सङ्गादसाधु-
र्भ्रमत्येष दुःखेन विश्वं समन्तात् ॥ २ ॥

हे मेरे प्रिय वालक ! तुम आत्मा को इस प्रकार का अर्थात् परमात्मा का प्रिय मित्र तथा निर्विकार जानो तथापि परमात्मा के संग से चिरकाल से वियुक्त अत एव विकारवान् (दूषितान्तःकरण) हुआ यह आत्मा दुःख से संसार में इधर उधर चारों ओर भटकता फिरता है यानी निरन्तर आवागमन के चक्कर में फँसा है ॥ २ ॥

तदेतद्वनं विश्वसंज्ञं विशालं
स्वदुःखौघहेतुं महाभीतियुक्तम् ।
अनर्थैरनेकैर्विहिंस्रैरुपेतं
विहीनं च सत्यैरसत्यैः समेतम् ॥ ३ ॥

यह संसार नामक वन वड़ा विशाल है, यह दुखों की राशि का जनक तथा महा-भयों से युक्त है, अनेक अनर्थरूपी घातुक जानवर इसमें रहते हैं । यह सत्य व्यवहारों से शून्य एवं असत्य व्यवहारों से भरा पड़ा है ॥ ३ ॥

सुखस्याऽऽप्तिहेतोर्वटो ! जीव एष
भ्रमन्नित्थमायाति यात्यत्र तत्र ।
न तद्विन्दतेऽसौ परं दुखमात्रं
ह्यनर्थं च लब्ध्वा भवत्यत्र दुःखी ॥ ४ ॥

हे प्रिय वटु ! यह जीव सुख की प्राप्ति के लिए इस प्रकार इधर उधर भटकता है यहाँ आता है वहाँ जाता है । वह सुख नहीं पाता केवल दुःखमात्र अनर्थ पाकर इस संसार में दुःखी होता है ॥ ४ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

न यावल्लभेताऽस्य सङ्गं सुखाढ्यं
चिदानन्दसत्यं न तावत्सुखी स्यात् ।
दयालुः स चेमं निरीक्ष्याऽस्य दुःखं
ददौ मर्त्यदेहं तदस्मै सुखाढ्यम् ॥ ५ ॥

जीवात्मा को जवतक परमात्मा का सुखपूर्ण सत्-चित् आनन्द रूप संग प्राप्त नहीं होता तव तक वह सुखी नहीं हो सकता । दयालु परमात्मा ने इसका यह दुर्दशापूर्ण दुःख देखकर इसे सुख-सुविधा से पूर्ण मनुष्य-शरीर दिया ॥ ५ ॥

इमं देहरूपं रथं विद्ध्यपूर्वं
सुयोग्यं च सत्साधनैः पूर्णमेवम् ।
तदस्मिन् नियुक्तेन्द्रियाश्वाः समन्तान्
मनःप्रग्रहा दुर्ग्रहाः सन्ति सर्वे ॥ ६ ॥

हे प्रियवर वटु ! इस मनुष्य-शरीर को तुम परम उपयोगी तथा उत्तम साज-सामग्री से परिपूर्ण अद्भुत रथ जानो । इसमें चारोंओर इन्द्रियरूपी घोड़े जुते हुए है. मन उनकी लगाम है, वे सवके सव घोड़े वड़े दुर्दान्त है ॥ ६ ॥

तदेषां वटो ! निग्रहार्थं नियुक्तोऽ-
स्त्यसौ सारथिर्बुद्धिरूपो विशिष्टः ।
रथस्थं तमात्मानमेवं स्वमित्रं
विभूष्यैव तत्याज चेत्थं तथोक्त्वा ॥ ७ ॥

हे प्रिय वटु ! उन दुर्दान्त घोड़े को राह में लाने के लिए यह बुद्धिरूपी उत्कृष्ट सारथि नियुक्त है । इस प्रकार अपने मित्र उस आत्मा को रथ में वैठा और विभूषित कर परमात्मा निम्न निर्दिष्ट प्रकार से उपदेश देकर उससें जुदा हुए ॥ ७ ॥

प्रिय ! त्वं विशेषेण बुद्धिस्वरूप—
मिमं सारथिं सन्नियुज्यैव धृत्या ।
रथस्थः समीक्ष्याऽस्य सौन्दर्यमात्रं
समागच्छ मत्सन्निधिं शीघ्रमेव ॥ ८ ॥

हे प्रिय मित्र आत्मन् ! तुम विशेष रूप से इस बुद्धिरूपी सारथि को ही रथ के परिचालनार्थ नियुक्त कर रथस्थ हो इस जगत् की केवल सुन्दरता मात्र देख कर शीघ्र ही मेरे समीप लौट आओ ॥ ८ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

स्वकीयं महो रूपशीले च धाम
सदा चिन्तनीयानि भूयस्त्वयाऽपि ।
अविस्मृत्य मां चाऽत्र गन्तव्यमित्थं
सखे ! वर्तितव्यं न चेदात्मघातः ॥ ९ ॥

हे मित्र, तुम्हें भी अपने तेज, स्वरूप, शील और धाम का सदा खूब ध्यान रखना चाहिये, मेरा विस्मरण किये विना यहाँ इस प्रकार चलना चाहिये, इस प्रकार वर्ताव करना चाहिये नहीं तो आत्मघात हो जायगा ॥ ९ ॥

कदश्वा इमे त्वां नयन्तीह सौम्य !
कुमार्गानिमानर्थसंज्ञानर्थान्
मनःप्रग्रहेणाऽमुनाऽऽक्रष्टुमेतान्
नियोज्यः सुखं सारथिर्बुद्धिरूपः ॥ १० ॥

हे सौम्य जीवात्मन् ! ये दुष्ट घोड़ तुम्हें यहाँ कुमार्ग में तथा इन अर्थ नामधारी अनर्थों की ओर ले जायँगे । इस मनरूपी लगाम से इन्हें सुखपूर्वक अपनी ओर या सन्मार्ग में खींचने के लिए बुद्धिरूपी सारथि को सदा प्रेरणा करते रहना ॥ १० ॥

दृढं बोधितो जीव एव स्वमित्रं
निरीक्ष्यैव तुष्टो गुणैः पूरितोऽस्य ।
समास्थाय दिव्यं रथं मर्त्यदेहं
विमुक्तः स्वमित्रेण विश्वाध्वनीह ॥ ११ ॥

परमात्मा द्वारा भली भाँति खूब समझाया गया यह जीव अपने मित्र परमात्मा को देखकर बहुत प्रसन्न हुआ और उनके गुणों से भरा हुआ वह मनुष्य देहरूपी दिव्य रथ पर बैठा कर अपने मित्र परमात्मा द्वारा संसार-मार्ग में छोड़ा गया ॥ ११ ॥

तदित्थं स भोक्तृस्वरूपस्ततस्तु
सुखं प्रस्थितः सारथिं नोदमानः ।
वटो ! स्वार्थकल्पेष्वनर्थेषु मूढो
भृशं भ्रान्तचित्तोऽपतद् यत्र जीवः ॥ १२ ॥

हे वटो ! तत्पश्चात् भोक्तारूप वह जीवात्मा अपने सारथिको रथ हाँकने के लिए प्रेरित करता हुआ इस प्रकार संसार-मार्ग में सानन्द रवाना हुआ । किन्तु वहाँ वह मूढ जीव अत्यन्त भ्रान्त चित्त होकर अपने मित्र परमात्मा का सदुपदेश भूल बैठा एवं स्वार्थ से प्रतीत होने वाले अनर्थों में जा गिरा ॥ १२ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

परात्मानमेवंविधं स्वं सखायं
चिदानन्दसत्यं स विस्मृत्य भूयः ।
स्वलक्ष्यात् परिभ्रष्ट एभिर्विमोहैः
स्वसम्वन्धिनां स्नेहपाशैश्च बद्धः ॥ १३ ॥

चिदानन्द सत्यस्वरूप अपने प्रिय मित्र परमात्मा का विस्मरण कर वह फिर अपने लक्ष्य से भ्रष्ट हो गया और शाखा-प्रशाखारूप में फैले हुए इन विविध अज्ञानों से तथा अपने सगे-सम्वन्धियों के स्नेहपाशों से बँध गया ॥ १३ ॥

पुनस्तेन जीवेन चाऽत्राऽऽगतेन
न दत्ता शुभा प्रेरणाऽत्राऽपि तस्मै ।
रथस्याऽस्य यः सारथिर्भव्य आसीत्
स चाऽपीह विभ्रष्ट एभिर्गृहीतः ॥ १४ ॥

यहाँ आये हुए उस जीव ने इसके देहरूपी रथ का जो बुद्धिरूपी उत्कृष्ट सारथि था उसे अच्छी प्रेरणा (नसीहत) नहीं दी फिर वह भी यहाँ पर भ्रष्ट होकर मोह के फन्दों से जकड़ा गया ॥ १४ ॥

प्रमत्तस्ततोऽसौ मनःप्रग्रहांस्ता—
नसंयम्य तस्यन्द्रियाश्वानदान्तान् ।
अनैषीद्धि शब्दादिभोगेषु तं तैः
सुखं संगृहीतोऽभवद्धीदृशोऽत्र ॥ १५ ॥

तदुपरान्त प्रमादी हुआ वह सारथि मनरूपी लगाम वाले उसके इन्द्रिय रूपी दुष्ट घोड़ों की रोकथाम न कर उसे शब्दादि भोगों द्वारा वह सुख पूर्वक जकड़ा गया और ऐसा बँध गया ॥ १५ ॥

ततश्चैष जीवो भवस्थैरनेकै—
रनर्थैरसंभाव्यरूपैः प्रविद्धः ।
प्रयत्नैः स्वकृत्यैश्च तान् प्राप्तुकामः
स्वमित्रं न सस्मार दत्तोपदेशम् ॥ १६ ॥

तत्पश्चात् यह जीव जिनकी संभावना भी नहीं की जा सकती, ऐसे सांसारिक अनेक अनर्थों से विंध गया अपने प्रयत्नों और कार्यों से उन्हें प्राप्त करने की इसे इच्छा हुई । जिस प्रिय मित्र परमात्मा ने इसे हित उपदेश दिया गया था उसका भी उसे स्मरण नहीं रहा, उसे भी यह भूल गया ॥ १६ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

विहाय स्वमित्रं चिदानन्दसत्यं
परात्मानमेवं तदस्येन्द्रियाणि ।
किमर्थं ह्यनर्थेषु सक्ता विलग्ना—
स्तदत्राऽस्त्ययं हेतुरेतं शृणु त्वम् ॥ १७ ॥

हे विप्रवर ! चिदानन्द सत्य रूप अपने प्रिय मित्र परमात्मा का परित्याग कर इसकी इन्द्रियाँ इस प्रकार अनर्थों में क्यों तल्लीन हुई ? इसका यह कारण है, उसे तुम सुनो ॥ १७ ॥

रथाकर्षका अश्वकास्ते द्विजेन्द्र !
विदृश्यन्त एवाऽत्र विघ्नाः स्वतन्त्राः ।
यथा बुद्धिमान् सारथिस्तान् कदश्वान्
नयत्यत्र च प्रग्रहैः संप्रगृह्य ॥ १८ ॥

तथैवेह ते चेन्द्रियाश्वाश्चरन्तो
नयन्ति प्रभुं स्वान् मनोज्ञान् पदार्थान् ।
गलत्प्रग्रहा भ्रष्टयन्तार एते
क्षिपन्ति ह्यमुं मोहगर्ते विशाले ॥ १९ ॥

हे विप्रश्रेष्ठ ! रथ को खींचने वाले वे दुष्ट घोड़ ही यहाँ पर स्वतन्त्र विघ्न दिखाई देते हैं । यहाँ बुद्धिमान् सारथि जैसे उन दुष्ट घोड़ों को लगाम से रोक थाम कर गन्तव्य स्थान की ओर ले जाता है, वैसे ही चलते हुए वे इन्द्रिय रूपी घोड़ अपने प्रभु को (रथस्थ स्वामी जीवात्मा को) अपने मनोज्ञ सुन्दर पदार्थों को ओर ले जाते हैं । यदि घोड़ों की लगाम टूट जाय या उनका सारथि भ्रष्ट हो जाय तो ये अपने स्वामी रथस्थ जीव को बड़े भारी अज्ञान रूपी गड्ढे में फेंक देते हैं ॥ १८, १९ ॥

तदर्थी रथी नोदयेद्बुद्धिरूपं
निजं सारथिं वत्स ! तन्निग्रहार्थम् ।
स्वलक्ष्यं नयेद् येन सोऽप्यश्ववर्गान्
प्रभुं प्रापयेयुः सुखं ब्रह्म तं च ॥ २० ॥

इस लिए रथ में स्थित जीवात्मा बुद्धि रूपी अपने सारथि के आचरण पर नजर रखता हुआ उसे इन्द्रिय रूपी घोड़ों को अपने काबू में रखने के लिए प्रेरणा (आदेश-उपदेश) देता रहे । जिससे वह भी घोड़ों को अपने लक्ष्य पर ले जावे और वे घोड़े अपने स्वामी को सुखपूर्वक ब्रह्म तक पहुँचा दें ॥ २० ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

एतावदुक्त्वा विरराम सोऽन्तकः
स्मृत्वा भवभ्रान्तमतीन् कुदेहिनः ।
कुर्वंश्च तद्भावममुं शिशुं श्रितं
रराज योगस्मृतकृष्णसन्निधिः ॥ २१ ॥

बस ! इतना कह कर यमराज मौन हो गये । फिर, संसार में भ्रान्त मतिवाले कुत्सित पुरुषों की दुर्दशा का स्मरण कर इस (नचिकेता रूप) ऋषि बालक के मन में आत्मभाव को स्थापित करते हुए योग द्वारा जिन्हें भगवान् कृष्ण की संनिधि का स्मरण हो गया ऐसे वह अत्यन्त शोभित हुए ॥ २१ ॥

कृष्णप्रसादरचिते कठोपनिषदात्मके ।
ब्रह्मविद्यापरे काव्ये गतः सर्गस्त्रयोदशः ॥ २२ ॥

श्रीकृष्णप्रसाद घिमिरे द्वारा विरचित कठोपनिषदात्मक ब्रह्मविद्याप्रतिपादक काव्य में यह तेरहवाँ सर्ग समाप्त हुआ ।

ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

चतुर्दशः सर्गः

विलब्धसंज्ञोऽथ यमो महाप्रभुः
प्रसन्नचित्तं समवेक्ष्य बालकम् ।
तदात्मतत्त्वं प्रतिपन्नमात्मना
तमाह भूयो मधुराक्षरैः प्रियैः ॥ १ ॥

तदनन्तर भगवान् का ध्यान टूटने पर महाशक्ति शाली यमराज ने प्रसन्नचित्त बालक नचिकेता पर स्नेह-पूर्ण दृष्टि डाल कर अपने द्वारा विज्ञात वह आत्म तत्त्व मधुर अक्षर युक्त प्रिय वचनों से उससे फिर कहा ॥ १ ॥

तस्माद्बटो ! शन्तमया धियाऽऽत्मनः
श्रेयः परीप्सुः परिचिन्त्य सुस्थिरम् ।
बुद्धया नियम्यैव मनश्चलद्गति
कुर्याद् वशस्थान्यखिलेन्द्रियाण्यपि ॥ २ ॥

मेरे प्रिय वटु ! इसलिए अपना मंगल चाहने वाला साधक कल्याणकारिणी बुद्धि से भली भाँति विचार कर चञ्चल मन को बुद्धि से अपने नियन्त्रण में कर अपने सब इन्द्रियों को भी अपने वश में करे ॥ २ ॥

जीवस्य बुद्धिः शुभवृत्तिभिश्रिता
विवेकयुक्ता भवतीह चेद् द्विज ! ।
हृषीकवृन्दं मनसा सहैव सा
प्रचोदयत्यात्मगतं हितं प्रति ॥ ३ ॥

हे विप्रबालक ! यदि इस जगत् में जीव की बुद्धि शुभ वृत्तियों से पूर्ण और विवेकवती हो तो वह मन के साथ ही नेत्र आदि सब इन्द्रियों को अपने हितकारी आत्म-तत्त्व की ओर प्रेरित करती है ॥ ३ ॥

धृत्या विवेकस्मृतिसंयमादिभि—
र्यस्येन्द्रियाणीह भवन्ति नो वशे ।
भवत्यशक्तः स परात्मदर्शने
विशुद्धवृत्या परिशोधितोऽपि यः ॥ ४ ॥

जिसकी इन्द्रियाँ इस लोक में धैर्य, विवेक, स्मृति, संयम आदि से अपने वशीभूत न हों, विशुद्ध वृत्ति से अत्यन्त शुद्ध हुआ भी वह परमात्मा के साक्षात्कार में अधिकारी नहीं होता ॥ ४ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

तस्मादलब्ध्वैव परात्मनः सुखं
स्खलन्नयं जीव इतस्ततो भृशम् ।
दुःखान्महादुःखमवाप्य दुर्नयात्
पतत्यसौ हा ! भवहीनयोनिषु ॥ ५ ॥

इसलिए परमात्मा के साक्षात्कार उत्पन्न होने वाले सुख (आनन्द) को न पाकर इधर उधर खूब ठोकर खाता हुआ यह जीव अपनी दुर्नीतिसे एक दुःख से दूसरे महादुःख को प्राप्त कर संसार की नीच योनियों में गिरता है, यह महान् खेद की बात है ॥ ५ ॥

तद्विश्वचक्रं पुनरस्य कर्मतः
प्राप्तं यदेतन्न वियुज्यते चिरम् ।
स जन्ममृत्यू प्रतिगृह्य तद्वशो
भ्रमत्यहो ! कष्टमिदं दुरुद्धरम् ॥ ६ ॥

यह संसार-चक्र, जो इस जीव के कर्मों से इसको प्राप्त हुआ है, चिरकाल तक छूटता नहीं है । खेद है, कर्मों का वशीभूत होकर जीव जन्म और मृत्यु के फन्दे में पड़कर निरन्तर आवागमन चक्कर काटता है । इस कष्ट से उद्धार होना बड़ा कठिन है ॥ ६ ॥

द्विजेन्द्र ! तस्माद्विपरीतमस्य यः
समाचरत्यत्र मनोऽनुयोगतः ।
विवेकितामात्महितां प्रगृह्य तां
सबुद्धिमादाय विजृम्भते हि सः ॥ ७ ॥

हे द्विजश्रेष्ठ ! जो जीव अपनी हितकारिणी विवेकिता का अवलम्बन कर मनोयोग से उपर्युक्त क्रम से विपरीत आचरण करता है वह सद्बुद्धि को प्राप्त कर दिन दूना रात चौगुना सन्मार्ग की ओर बढ़ता है ॥ ७ ॥

तयैव बुद्धा प्रतिविम्बितां स्थितिं
परात्मनोऽनन्तगुणस्य हृत्तटे ।
ध्यात्वा सुखं शान्तिमवाप्य शाश्वतीं
तद्ब्रह्मतत्त्वे रमते गतव्ययः ॥ ८ ॥

उसी सद्बुद्धि से अनन्त गुणवाले परमात्मा की हृदय में प्रतिविम्बित स्थिति को जान कर उसका सुख पूर्वक ध्यान कर तथा अक्षय शान्ति प्राप्त कर उस ब्रह्मतत्त्व में रम जाता है, उसकी सांसारिक सारी व्यथाएँ मिट जाती है ॥ ८ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

निष्कामभावं समधिष्ठितोऽप्यसौ
करोति कर्माण्यपि दुष्कराण्यहो ! ।
बाधन्त एनानि न तं परात्मगं
तज्जन्ममृत्यू च विनश्यतो ध्रुवम् ॥ ९ ॥

निष्कामभाव में स्थित ज्ञानी पुरुष यदि अकार्य भी कर्म करता है तो परमात्म-निष्ठ उस ज्ञानी को वे कर्म दुःखित नहीं करते एवं उसके जन्म और मरण का चक्र भी अवश्य ही मिट जाता है ॥ ९ ॥

प्रारब्धकर्मण्यखिले क्षयं गते
निष्कामभावादिह शान्तिमत्तया ।
सिद्धः स पश्यत्यसमं भवोद्भवं
तद्व्यापकं ब्रह्म जगन्मयं स्वयम् ॥ १० ॥

सम्पूर्ण प्रारम्भ कर्मों के नष्ट होने पर इस जगत् में निष्कामभाव के कारण सिद्धिको प्राप्त हुआ वह साधक तव संसार की उत्पत्ति के हेतु उस अनुपम सर्वव्यापक ब्रह्म को जगन्मय देखता है ॥ १० ॥

मनुष्यमात्रेण तदर्थमव्यथं
कार्यः प्रयत्नः सततं द्विजोत्तम ! ।
परात्मनस्तत्कृपयाप्त ईदृशो
मनुष्यदेहः करणीय आर्तिहृत् ॥ ११ ॥

हे विप्रश्रेष्ठ ! मनुष्य मात्र को उसके लिए (आत्मसाक्षात्कार के लिए) निरन्तर अथक प्रयत्न करना चाहिये । परमात्मा की उस असीम कृपा से प्राप्त हुए ऐसे महिमा-सम्पन्न मनुष्य-शरीर को दुःख विनाशकारी बनाना चाहिये ॥ ११ ॥

तदर्थमेव प्रयतेत कोविदो
दिवानिशं लब्धपरात्मदर्शनः ।
तत्प्राप्तिमार्गेण बुभूषुरात्मवान्
सदाऽप्रमत्तो विचरेद्भुवाऽध्वनि ॥ १२ ॥

विद्वान् पुरुष उसके लिए (आत्मसाक्षात्कार के लिए) ही निरन्तर रात दिन प्रयत्न करे । आत्मसाक्षात्कार-लाभ कर चुकने पर भविष्णु आत्मज्ञानी पुरुष सदा सावधान होकर संसार मार्ग में ब्रह्मप्राप्ति के मार्ग से विचरण करे ॥ १२ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

विनश्वरो देह इतः प्रतिक्षणं
नश्यत्यहो ! सोऽपि सुदुर्लभो द्विज ! ।
यः प्राप्य चेमं पशुवद्विमूढता—
मुपेत्य भुंक्ते विषयान् स नश्यति ॥ १३ ॥

हे विप्रवर ! देह विनश्वर है, वह भी अतिदुर्लभ मानव-देह प्रतिक्षण नष्ट हो रहा है। जो इस दुर्लभ मानव-देह को पाकर मूढ़तावश पशुओं की भाँति विषयों का भोग करता है वह अवश्य नष्ट होता है यानी उसका अधःपात अवश्य होता है ॥ १३ ॥

विवेकशक्ति भगवत्कृपावशा-
ल्लब्ध्वाऽपि सक्तस्य जगत्सु सन्ततम् ।
सद्बुद्धिहीनस्य जनस्य दुर्गतिः
सुनिश्चितैवं भविता च बन्धनम् ॥ १४ ॥

भगवान् परमात्मा की कृपा से विवेकशक्ति पाकर भी जो निरन्तर सांसारिक विषयों में आसक्त है। उस सद्बुद्धि-विहीन मनुष्य की दुर्गति निश्चित ही है और उसका बन्धन भी अवश्यंभावी है ॥ १४ ॥

दृष्टाः श्रुतास्ते विषया मनोहरा
आपातरम्याः क्षणिका विनश्वराः ।
विचार्य बुद्धया स्वमनो निरुध्य न
संतिष्ठते चेत् स विनश्यति द्रुतम् ॥ १५ ॥

संसार में देखे गये और पुराणादि में सुने गये वे स्रक्, चन्दन, वनिता, अमृत आदि विषय देखने में मनोहर सरसरी तौर पर रमणीय लगनेवाले क्षणिक और विनाशी है, बुद्धि से ऐसा विचार कर अपने मन को विषयों की ओर झुकने से रोक कर यदि सावधानी से नहीं रहे तो वह शीघ्र ही नष्ट हो जाता है ॥ १५ ॥

प्रारब्धमश्नन् विगतैषणत्रयो
दृष्टश्रुतेभ्यो विरतो विनिर्भयः ।
सदिच्छ आप्तुं विभुमित्रमात्मनो
देही प्रसीदत्यधिकं स्वयोगतः ॥ १६ ॥

प्रारब्ध कर्म फलों का भोग करता हुआ लोकैषणा, वित्तैषणा तथा पुत्रैषणा— इन तीन एषणाओं से रहित, दृष्ट तथा श्रुत विषयों से विमुख निर्भय देही जिसे आत्मा के परम मित्र परमात्मा को प्राप्त करने की सदिच्छा है, अपने संयम से अत्यधिक प्रसन्न रहता है ॥ १६ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

सत्कर्म कुर्वन् भगवन्तमव्ययं
निष्कामभावेन समाश्रितो ह्यसौ ।
तद्रूपलीलास्मरणैः समेधितां
सद्बुद्धिमास्थाय भवत्यनन्यदृक् ॥ १७ ॥

उत्तम कर्म करता हुआ तथा अविनाशी भगवान् का निष्कामभाव से आश्रय लिया हुआ यह जीव भगवान् के विविध रूप, लीलाएँ तथा कृतियों से वृद्धि को प्राप्त हुई अपनी बुद्धि का अवलम्बन कर भगवान् से अतिरिक्त अन्य किसी वस्तु की ओर दृष्टिपात नहीं करता है ॥ १७ ॥

निष्ठामिमां प्राप्य विभोः कृपां तथा
स्व जीवनञ्चैव कृतार्थमाश्रयन् ।
आत्मा समेत्यत्र सुखं परं पदं
ब्रह्माभिधस्याऽऽत्मसमं परात्मनः ॥ १८ ॥

इस अनन्यनिष्ठा तथा भगवान् की दया प्राप्त कर अपने जीवन को कृतार्थ करता हुआ जीव इस लोक में ब्रह्मनामक परमात्मा के अपने तुल्य (परमात्मतुल्य) परम पद को सुख से जाता है ॥ १८ ॥

कृष्णप्रसादरचिते कठोपनिषदात्मके ।
ब्रह्मविद्यापरे काव्ये गतः सर्गश्चतुर्दशः ॥ १९ ॥

श्रीकृष्णप्रसाद घिमिरे द्वारा विरचित कठोपनिषदात्मक ब्रह्मविद्या परक काव्य में यह चौदहवाँ सर्ग समाप्त हुआ ॥ १९ ॥

ॐ शान्तिः शान्तिः शान्ति

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

पञ्चदशः सर्गः

बलवानिन्द्रियग्रामो दुष्टश्चासौ निसर्गतः ।
असन्मार्गप्रियो नित्यमर्थलुब्धो विदृश्यते ॥ १ ॥

यह इन्द्रियों (नेत्र, कान, नाक, जीभ और त्वचा) का संघात बड़ा बलवान् और दुष्ट है । इसे स्वभावतः असन्मार्ग प्रिय है एवं यह नित्य धन (रूप, शब्द, गन्ध, रस और स्पर्शादि विषयों) का बड़ा लालची दिखलाई देता है ॥ १ ॥

वटो ! तमेनमभ्यस्तादसन्मार्गादृभृशं प्रियात् ।
कृत्वा स्वान्तर्मुखं धैर्यात् स्वहिते प्रयतेत सः ॥ २ ॥

हे प्रिय वटु ! जीव, पूर्वोक्त इन्द्रिय-संघात को चिरकाल से अभ्यस्त इसके अत्यन्त प्रिय असन्मार्ग से हटाकर तथा धैर्य से अन्तर्मुख कर अपने हित के लिए प्रयत्न करे ॥ २ ॥

तदुपायममुं वक्तुं साधिकारं गुरुप्रियम् ।
त्वामहं प्रयते तात ! तं निशामय यत्नतः ॥ ३ ॥

हे मेरे प्रिय ! तुम अधिकारी हो और गुरु के प्रिय हो, इसलिए तुमसे उसका यह उपाय कहने के निमित्त मैं यत्नवान् हूँ । तुम उस उपाय का ध्यान देकर श्रवण करो ॥ ३ ॥

तदिन्द्रियगणेभ्यो हि शब्दादिविषया इमे ।
बलवन्तो विराजन्ते तानाक्रष्टुं क्षमा द्विज ! ॥ ४ ॥

हे विप्र ! ये रूप, शब्द, गन्ध, रस स्पर्श आदि विषय पूर्वोक्त इन्द्रिय-संघात से बहुत अधिक बलवान् हैं, इसमें सन्देह नहीं, क्योंकि ये इन्द्रियों को अपनी ओर आकृष्ट करने में पूर्णरूपेण सक्षम हैं ॥ ४ ॥

तेभ्यः संरक्षणार्थं तान् स्वात्मयोगेन साधकः ।
मनसा संन्निरुध्यैवं चिन्तयेत् परमं महः ॥ ५ ॥

साधक पुरुष इन्द्रिय-समुदाय को विषयों से बचाने के लिए अपनी आत्मा से संबद्ध अर्थात् स्वात्मा में तल्लीन मन से इस प्रकार रोक कर परम तेजरूपी परमात्मा का चिन्तन करे ॥ ५ ॥

विषयेभ्यःपरं चित्तं बलवच्च महत् पुनः ।
ततोऽपि च परा बुद्धिर्भृशं बलवती हि सा ॥ ६ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

तदत्र धीरया बुद्धया स्वं मनो वशमानयेत् ।
रागद्वेषादिभिर्हीनं प्रकुर्वन् विरमेत् सुधीः ॥ ७ ॥

विषयों से चित्त पर (श्रेष्ठ) है और वह महाबलवान् है, उससे भी पर (श्रेष्ठ) बुद्धि है और वह अत्यन्त बलवती है। इसलिए मतिमान् पुरुष इस जगत् में स्थिर बुद्धि से मन को अपने वश में करे फिर उसे राग, द्वेष आदि से विहीन करते हुए सांसारिक विषयों से विमुख हो जाय ॥ ६, ७ ॥

एवमात्मा परो बुद्धेरधिष्ठाता महाबलः ।
स्वेप्सितं कर्म कुर्वन्ति ते तस्याऽऽज्ञानुवर्तिनः ॥ ८ ॥

इसी प्रकार आत्मा बुद्धि से पर (श्रेष्ठ) है वह बुद्धि का अधिष्ठाता और महाबलवान् है। वे (इन्द्रिय समुदाय, मन और बुद्धि) आत्मा के आज्ञाकारी होकर अपना अपना अभीष्ट कार्य करते हैं ॥ ८ ॥

तस्मात् तां स्वात्मनः शक्तिं स्वात्मन्येवानुभूय च ।
तत्तद्बुद्धयादिकं वस्तु संतिष्ठेत नियम्य सः ॥ ९ ॥

इसलिए अपने आत्मा की उस परम शक्ति का अपने में स्वयं अनुभव कर इन्द्रिय-संघात, मन, बुद्धि आदि तत्-तत् वस्तुओं को अपने नियन्त्रण में रख कर वह स्थित रहे ॥ ९ ॥

इन्द्रियाणि मनो बुद्धिं वशे संस्थाप्य यत्नतः ।
परात्मतत्त्वदृक् सोऽयं ब्रह्मतत्त्वं विपश्यति ॥ १० ॥

इन्द्रिय-समुदाय, मन और बुद्धि को जतन से अपने वश में कर एक मात्र परमात्म-तत्त्व पर लक्ष्य रखने वाला साधक ब्रह्मतत्त्व-साक्षात्कार कर सकता है ॥ १० ॥

परमत्र निबोध त्वं तत्त्वमेकं तदात्मनः ।
परमव्यक्तसंज्ञं यद्वर्तते बलवन्महत् ॥ ११ ॥

परन्तु तुम यहाँ पर आत्मा का एक परम तत्व जान लो जो बड़ा बलवान् है और जिसे अव्यक्त कहते हैं ॥ ११ ॥

तदेव प्रकृतिं विद्धि यां मायां कथयन्ति भोः ! ।
या स्वीयावरणैर्जीवमाच्छादयति नित्यशः ॥ १२ ॥

हे विप्रवर वटु ! उसी को तुम प्रकृति जानो, जिसे लोग माया कहते हैं। जो अपने आवरणों से जीवको नित्य आच्छादित करती है यानी आवृत करती है ॥ १२ ॥

चराचरात्मकं विश्वं यया व्याप्तमहर्निशम् ।
सोऽयं जीवगणश्चात्र मूढोऽकार्य्यंनया वटो ! ॥ १३ ॥

हे वटुवर ! सचराचर सारा जगत् माया से निरन्तर व्याप्त है। जगत् में इस माया ने ही सब जीवों को मूढ बना रखा है ॥ १३ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

विश्वचक्रं भ्रमत्येष तस्या यो वशमागतः ।
नाऽशक्नत् स्वं ततस्त्रातुं यस्मिन् नाऽधिकृतो ह्यसौ ॥ १४ ॥

जो जीव उसके वश में आ गया वह संसार चक्र में भटकता फिरता है यानी पुनरपि जननं पुनरपि मरणं पुनरपि जननी-जठरे शयनम्, के चक्कर में पड़ जाता है। उससे अपना त्राण पाने के लिए सक्षम नहीं होता है। जब तक कि वह परमात्मज्ञान का अधिकारी न हो जाय ॥ १४ ॥

शिशुवर्य ! तदव्यक्तात् परोऽसौ बलवान् महान् ।
परात्मा प्रेरकः स्वामी प्रधानपुरुषेश्वरः ॥ १५ ॥

हे श्रेष्ठतम वटु ! उस अव्यक्त से यह महान् पर है और बड़ा बलिष्ठ है। वही परमात्मा, सारे जगत् का प्रेरक और स्वामी है एवं वही प्रधान-पुरुषेश्वर है ॥ १५ ॥

सोऽयं ब्रह्म त्वनिर्देश्यं श्रीकृष्णाभिधमव्ययम् ।
विराजतेऽतुलं ब्रह्मन् ! परशक्तियुतं भवे ॥ १६ ॥

हे ब्रह्मन् ! वही यह श्रीकृष्ण नामक अविनाशी अनिर्देश्य (अवर्णनीय) ब्रह्म है। पराशक्ति से पूर्ण अनुपम वह संसार में सर्वत्र कण-कण में विराजमान है ॥ १६ ॥

बलं ज्ञानं क्रिया शक्तिरस्यैवाऽत्र विजृम्भते ।
नामरूपादिभिर्युक्तं ब्रह्मं तत् परमद्भुतम् ॥ १७ ॥

इस जगत् में इसी के बल, ज्ञान, क्रिया और शक्ति का विजृम्भण (प्रसार) हो रहा है। नाम-रूप आदि से युक्त यह ब्रह्म परम अद्भुत है ॥ १७ ॥

सर्वेषामपि तत्त्वानां परमाधारमव्ययम् ।
परात्मानमिदं विद्धि व्रज तच्छरणं त्वतः ॥ १८ ॥

हे वटुवर ! इसे तुम सभी तत्त्वों का परम आधार अविनाशी परमात्मा जानो, अतः तुम इसकी शरण में जाओ ॥ १८ ॥

सर्वे जीवा मृतप्राया ब्रह्मकीटान्तगा द्विज ! ।
तान् सञ्जीवयते तद्धि स्वांशभूतान् स्ववीक्षणैः ॥ १९ ॥

हे विप्रवर ! ब्रह्मा से लेकर कीड़े-मकोड़े पर्यन्त सब जीव मृत प्रायः है। वह ब्रह्म ही अपने अंशस्वरूप उन जीवों को अपने दयार्द्र निरीक्षणों से जीवित करता है ॥ १९ ॥

नोपायो विद्यते तात ! स्वात्मोद्धारस्य वस्तुतः ।
अगत्वा शरणं तस्य नेमे शक्ताः स्वमोक्षणे ॥ २० ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

हे मेरे प्रियवर ! वस्तुतः अपने आत्मा के उद्धार में परमात्मा के शरणागत होने के सिवा कोई दूसरा उपाय नहीं है । परमात्मा की शरण में गये विना ये जीव अपने मोक्षण में अर्थात् क्लेशमय जगत् से मुक्ति पाने में, समर्थ नहीं हैं ॥ २० ॥

मायाजवनिका सैषा तस्यैवाऽनुग्रहेच्छया ।
उपैति क्षणतो विद्वन् ! सर्वतो भाति सा भवे ॥ २१ ॥

यह मायारूपी पर्दा परमात्मा की ही अनुग्रहेच्छा से क्षण भर में हट जाता है । हे विद्वद्वर ! परमात्मा की वह अनुग्रहेच्छा संसार में सर्वत्र झूलझूलाती है ॥ २१ ॥

सर्वान्तर्याम्यदस्तत्त्वं देहिनां हृद्गुहास्थितम् ।
मायावरणकाच्छन्नं ज्ञायते न कदिन्द्रियैः ॥ २२ ॥

सबका अन्तर्यामी यह तत्त्व देहधारी जोवों की हृदयरूपी गुफा में स्थित है । माया के आवरण से आच्छन्न (ढका) होने के कारण कुत्सित विषय-प्रवण इन्द्रियों से जाना नहीं जाता है ॥ २२ ॥

सूक्ष्मबुद्धचा य आत्मानमवगाह्य वितिष्ठते ।
स एव कृपया तस्य तत् स्वात्मन्येव पश्यति ॥ २३ ॥

जो मनुष्य सूक्ष्म-बुद्धि से आत्मा का ज्ञान प्राप्त कर स्थित होता है वही उसकी कृपा से उसे अपनी आत्मा में ही देखता है ॥ २३ ॥

तदस्मिन् विषये विद्वन् ! श्रद्धाभक्तिपुरस्कृतः ।
साधको ब्रह्म तत् प्राप्य ह्यनन्तं सुखमश्नुते ॥ २४ ॥

हे विद्वन् ! इसलिए इस विषय में श्रद्धा और भक्ति से युक्त साधक उस ब्रह्म को प्राप्त कर (उसका साक्षात्कार कर) अनन्त (असीम) सुख प्राप्त करता है ॥ २४ ॥

इत्थं विवर्ण्य तदिदं यम एव देव
औद्दालकिं शरणमागतमात्मनस्तम् ।
भूयोऽप्युवाच परतत्त्वमिदं सुखाप्त्यै
सत्साधनं सुकरमत्र सुधीभिरेवम् ॥ २५ ॥

इस प्रकार भगवान् यमराज ने इस (ब्रह्म) का वर्णन कर अपनी शरण में आये हुए उद्दालक ऋषि के पुत्र नचिकेता से परम तत्त्व परमात्मा को सुख पूर्वक प्राप्ति के लिए सुमति पुरुषों द्वारा सुगमता से करणीय उत्तम साधन फिर भी इस प्रकार कहा ॥ २५ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

कृष्णप्रसादरचिते कठोपनिषदात्मके ।
ब्रह्मविद्यापरे काव्ये सर्गः पञ्चदशो गतः ॥ २६ ॥

श्रीकृष्ण प्रसाद घिमिरे द्वारा विरचित कठोपनिषदात्मक ब्रह्मविद्या-परक काव्य में यह पन्द्रहवाँ सर्ग समाप्त हुआ ॥ २६ ॥

ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

षोडशः सर्गः

तस्माद् द्विजेन्द्र ! परबुद्धियुतो मनुष्यो
रुद्धेन्द्रियाणि मनसैव तदर्थगानि ।
संस्थाप्य तन्मन इहाऽव्ययतत्त्व ईशे
स्वं स्तम्भयेत् सुकृतधीः प्रथमं तदाप्त्यै ॥ १ ॥

हे विप्रवर ! इसलिए सद्‌बुद्धिसम्पन्न पुण्यात्मा मनुष्य अपने विषयों (रूप, शब्द, गन्ध, स्पर्श, रस आदि) की ओर दौड़ने वाली इन्द्रियों को मनसे ही उनके अपने विषयों से रोककर और उस मन को इस अविनाशी पर तत्त्व ईश्वर में स्थिर कर उस परतत्त्व की प्राप्ति के लिए पहले अपने को भी उसी तत्त्व में स्थिर कर दे ॥ १ ॥

तत्रैव साधक उपायत आत्मसंस्थं
संकल्पहीनमतुलं स्वमनो विशुद्धम् ।
बुद्धया नियम्य धृतलक्ष्य उपारमेत
विज्ञान आत्मनि विहाय तदन्यदृष्टिम् ॥ २ ॥

तदनन्तर साधक पुरुष यम, नियम, प्राणायाम आदि उपायों से आत्मा में स्थिर हुए संकल्प-विकल्प विहीन अतएव विशुद्ध अतुलित मन को अपनी बुद्धि से उसी विज्ञान-स्वरूप आत्मा में नियन्त्रित कर आत्मा से अतिरिक्त शब्दादि विषयों में दृष्टिपात न कर एवं लक्ष्यभूत तत्त्व को पकड़ कर सांसारिक विषयों में सर्वथा आसक्तिरहित हो जाय ॥ २ ॥

अभ्यासतः सुचिरमत्र निविश्य पूर्वं
ज्ञानस्वरूपगतबुद्धिमिमां प्रगृह्य ।
जीवात्मनीह सुखदृष्टविशुद्धवृत्तौ ।
संस्थापयेत ससुखं प्रविलाप्य धीरः ॥ ३ ॥

धीर-गंभीर साधक पुरुष पहले पूर्वोक्त रीति से चिरकाल तक विज्ञान-स्वरूप आत्मा में अपने मन को स्थिर कर ज्ञानरूप आत्मा में स्थिर हुई बुद्धि का अवलम्बन कर अभ्यासयोग से गीतोक्त-रीति के अनुसार सब जागतिक पदार्थों का प्रविलय कर सुखपूर्वक भलीभांति जिसकी विशुद्ध-वृत्ति जांची जा चुकी हो ऐसे इस जीवात्मा में हित तक पहुँचानेवाली उक्त बुद्धि को स्थापित करे ॥ ३ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

सच्चिन्मये तदखिले परमात्मतत्त्वे
चिद्ब्रह्मणीह परिर्बाधितसर्वभावः ।
स्वात्मानमेव विनिवेश्य मुहूर्तमात्रात्
सोऽहं तदित्यनुभवाद्विरमत्यमुस्मात् ॥ ४ ॥

तदनन्तर सच्चिदानन्दमय सर्वस्वरूप परमात्मतत्त्वभूत इस ब्रह्म में "सर्वमिदं ब्रह्म" यों सर्वात्मकता को दृढ़ कर चुका हो ऐसा साधक उस ब्रह्म में स्वयं अपने को प्रविष्ट कर एक क्षण मात्र से प्राप्त हुए "वह ब्रह्म मैं हूँ" इस प्रकार के प्रत्यक्षात्मक अनुभव से इस विश्वप्रपञ्च से विरत हो जाता है ॥ ४ ॥

संदिश्य बालकममुं सुखलब्ध्युपायं
सत्साधनं च परमत्र विभून्न इत्यम् ।
यैषा श्रुतिर्वदति देहिन आत्मतत्त्वं
निर्दिश्य तान् प्रति स आह यमस्तदुक्तिम् ॥ ५ ॥

सर्वव्यापक पर ब्रह्म परमात्मा की सुखपूर्वक प्राप्ति का उपायभूत वह श्रेष्ठ साधन बालक नचिकेता को इस प्रकार बतला कर उन धर्मराज ने जो यह श्रुति देहियों को लक्ष्य कर उनके प्रति आत्मतत्त्व का प्रतिपादन करती है उसकी उक्ति (वचन) कही ॥ ५ ॥

संसारिणः ! शृणुत जन्मशतेभ्य इत्थं
यूयं विषीदत दृढं गलितात्मभावाः ।
तज्जाग्रताऽत्र शयिताः स्थ भृशं स्वशय्यां
त्यक्त्वाऽऽत्ममोहनमयीं गुणगामनर्थाम् ॥ ६ ॥

अरे ओ संसारी जीवो ! कान खोलकर सुन लो, तुम लोग सैकड़ों नहीं-नहीं हजारों जन्मों से अपनी आत्मशक्ति को खोकर घोर विषाद में पड़े हो । यहाँ सोने में तुम लोगों ने बहुत समय गँवा, बहुत सोये; अब अपने को बेसुध करने वाली त्रिगुणात्मिकता अनर्थकारिणी शय्या का त्याग कर उठो, जागो ! ॥ ६ ॥

नैवाऽर्थ एष परमार्थ उपायविद्भिः
प्राप्तव्य उन्नतधिया परतत्त्वसंस्थः ।
प्राप्ता मनुष्यतनुरत्र भवद्भिरेषा
साध्नोति कार्यमपरं च विभोर्दयेद्धा ॥ ७ ॥

हे संसारी जीवो, मानवो ! यह संसार अनर्थ है । पर ब्रह्म परमात्मा में स्थिति ही (सर्वात्मना विलय) परमार्थ है । उपाय जानने वाले पुरुषों को अपनी प्रशस्त बुद्धि

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

से उसी को प्राप्त करना चाहिये। आप लोगों ने इस जन्म में यह दुर्लभ मनुष्य-शरीर पाया है। यह परमात्म-प्राप्ति का परम साधन है और इसके अतिरिक्त प्रभु की बलवती दया है ॥ ७ ॥

तद्दुर्लभां तनुमिमां समवाप्य दिष्ट्या
व्यर्थं न काल इह यापयितव्य ईदृक्।
त्यक्त्वा प्रमादमसकृत् परिवेक्षणीयः
स्वात्मा परात्मगततत्त्व इदं हि लक्ष्यम् ॥ ८ ॥

भाग्य से इस दुर्लभ मानव-शरीर को पाकर यह बहुमूल्य काल इस प्रकार व्यर्थ नहीं गँवाना चाहिये। लापरवाही का परित्याग कर हमारी आत्मा की वास्तविक लगन परमात्मा में है या नहीं, यह एक बार नहीं बार बार जाँचना चाहिये। यही इस मानव जीवन का लक्ष्य होना चाहिये ॥ ८ ॥

तच्छीघ्रमत्र कुरुताऽव्ययतत्त्वमेकं
तद्ब्रह्म लब्धुमिह गच्छत विज्ञपार्श्वम्।
तेषां सदुक्तिनिवहैरुपदेशगर्भैः
संस्थापयेत हृदि विश्वगतप्रपञ्चम् ॥ ९ ॥

इसलिए इस विषय में शीघ्रता करो, विलम्ब करना उचित नहीं है। उस अद्वितीय अविनाशी तत्त्व ब्रह्म को प्राप्त करने के लिए तत्त्वज्ञानी के समीप जाओ उनके उपदेश पूर्ण प्रवचनों से अपने हृदय में निर्विकार ब्रह्म को स्थापित करो ॥ ९ ॥

यत्तत्त्वमेव गहनं तदमुष्यरूपं
दुर्बोधमेकरसमव्ययमद्वितीयम्।
तादृग्भिरेव विबुधैः परतत्त्वविद्भि—
र्ज्ञातं प्रदेयमपि तैरितरैरचिन्त्यम् ॥ १० ॥

जो तत्त्व स्वभावत. अत्यन्त गंभीर है, उसका अद्वितीय एकरस निराकार निर्विकार रूप भी अत्यन्त दुर्ज्ञेय है। परमात्मतत्त्व के ज्ञाता अत्यन्त दुर्लभ और दुर्विज्ञेय विद्वानों को वह ज्ञात है। वैसे ही तत्त्वज्ञ लोगों द्वारा वह प्रेक्ष्य है। उनसे विपरीत (भिन्न) लोगों द्वारा तो उसका चिन्तना करना भी कठिन है जानना और देना तो अलग रहा ॥ १० ॥

पन्थान एव कुटिलास्तदमुत्र गन्तुं
हिंस्रैर्युता विषयगास्त इमे क्षुरप्राः।
आयान्ति भो! प्रचुरभीतियुतेषु तेषु
यूयं कथं तदभिगच्छत रुद्धमार्गाः? ॥ ११ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

हे संसारी मानवो ! वहां पहुँचने के मार्ग भी टेढ़े-मेढ़े और ऊबड़-खाबड़ हैं, शेर, बाघ, भालू आदि घातक जीवों से भरे पड़े हैं और शब्दादि विषयों की ओर ले जाने वाले हैं एवं उनमें तलवार की धार के तुल्य तीखे विषय सामने आते हैं। अनेक प्रकार के भयों और झंझटों से भरे उन मार्गों में विघ्न-बाधाएँ (रुकावट) उपस्थित होने के कारण आप लोग कैसे जा सकेंगे ? ॥ ११ ॥

तन्निर्भयं शृणुत गच्छत चेदमुष्मि-
स्तद्ब्रह्मविच्चरणपङ्कजगन्धमाप्य ।
आघ्राय तं सुमनसां दययाप्तदीक्षा
यूयं तदाप्नुत वरेण्यपथं सुखेन ॥ १२ ॥

हे संसारी मानवो ! यदि तुम वहाँ जाना चाहते हो तो सुनो ! ब्रह्मज्ञानी पुरुषों के चरण-कमल की गन्ध पाकर उसका अनुभव कर तथा विद्वानों की दया से व्रतदीक्षा लेकर निर्भय होकर जाओ। अवश्य तुम्हें उसकी प्राप्ति होगी। इस उत्तम मार्ग का अवलम्बन करो ॥ १२ ॥

स्वात्मानुभूतपरतत्त्वपरात्मबोधा—
स्तद्ब्रह्मणः स्वगतशक्तिबलेद्धवीर्याः ।
ते निर्दिशन्ति सुपथं तु इहैव चान्ये
युष्मद्विधा अनधिकारिण एव तत्र ॥ १३ ॥

जो महापुरुष स्वयं श्रेष्ठ तत्त्वरूप परब्रह्म परमात्मा का साक्षात्कार कर चुके हों एवं आत्मशक्ति के बल से जिनकी आध्यात्मिक शक्ति बढ़ी चढ़ी हो, वे सन्त पुरुष यहीं पर आप लोगों को उस ब्रह्म के सुगम मार्ग का उपदेश दे सकते हैं, लेकिन आपके सदृश ही अज्ञानान्धकार में डूबे हुए अन्य पुरुष उस ब्रह्म-मार्ग का निर्देश करने के अधिकारी नहीं हैं ॥ १३ ॥

एतद्विधस्य परमात्मन आप्तिहेतुः
पन्था ह्यभूत् कथमिहाऽगतिकस्तदेषाम् ।
इत्यत्र तं द्विजशिशुं तदमुष्यरूपं
सन्निर्दिशन् स्थिरमतिर्यम आह भूयः ॥ १४ ॥

इस प्रकार के परमात्मा की प्राप्ति का मार्ग इन संसारी जीवों के लिए यहां अगम्य कैसे हो गया ? इस विषय में उस विप्रकुमार नचिकेता से उसका स्वरूप बतलाते हुए स्थिर बुद्धि यमराज ने फिर कहा ॥ १४ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

तद्ब्रह्मणो निखिलपूर्णगतेः स्वरूपं
सच्चिन्मयं विलसतीदृशमत्र विप्र ! ।
स्वात्मानुभूतिषु विभाव्यमतुल्यमेकं
स्वानन्ददं जनमनोवचनैरगम्यम् ॥ १५ ॥

हे विप्रकुमार ! सब जीवों के उत्कृष्ट गन्तव्य स्थान उस परब्रह्म परमात्मा का ऐसा सच्चिन्मय स्वरूप इस जगत् में अपनी निराली छटा रखता है। अद्वितीय और अनुपम वह (स्वरूप) एकमात्र आत्मानुभूति-गम्य है। एवं परमानन्द दायक वह मानवों के मन और वचनों का अगोचर है ॥ १५ ॥

शब्दादिभिर्विरहितं हतनामरूपं
सर्वप्रकाशकमचिन्त्यमथाप्रकाश्यम् ।
निर्धूमवह्निरिव विस्फुरदोजसेद्ध—
मास्वाद्यमात्रमसमं परितः स्फुरद् यत् ॥ १६ ॥

अचिन्त्य तथा तेज से ओतप्रोत वह शब्द, स्पर्श, रूप, रस तथा गन्ध से रहित है, नाम और रूप से विहीन है। सब का प्रकाशक है किन्तु वह किसी से प्रकाश्य नहीं है, स्वयं प्रकाश है एवं निर्धूम अग्नि के तुल्य सदा प्रकाशमान है चारों ओर देदीप्यमान एवं अनुपम वह गूँगे के गुड़ के समान एकमात्र अनुभवगम्य हैं ॥ १६ ॥

जीवात्मनोऽपि परमक्षयतामुपेतं
तथ्यं सदैकरसमिष्टमतीन्द्रियञ्च ।
पूर्णं प्रपूर्णबलशक्तिभिरिद्धसम्पत्
स्वच्छं सदिच्छमविनाश्यविकारि तद्धि ॥ १७ ॥

वह (ब्रह्म तत्त्व) जीवात्मा से भी पर, निर्विकार शाश्वत सदा एक रस (आनन्दरूप) परम प्रिय, इन्द्रियों का अगोचर, अखण्ड बल और शक्ति से परिपूर्ण, सर्वैश्वर्य-सम्पन्न, विशुद्धतम, अप्रतिहत इच्छा वाला एवं अक्षय है ॥ १७ ॥

जानाति योऽत्र तमिमं परमस्य हेतुं
सांसारिको जन उपायविदां सकाशात् ।
मत्तोऽन्तकात् स न बिभेति तदेनदाप्य
स्वात्मानमेव परिरक्षति चात्मघातात् ॥ १८ ॥

जो संसारी पुरुष उपाय जानने वाले विद्वानों से इस परम तत्त्वरूप ब्रह्म की प्राप्ति के हेतुभूत, उपाय को जान लेता है वह उसको जानकर संसार के संहारकारी

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

मुझसे (यमराज से) भय नहीं खाता वरन् आत्मघात से अपनी रक्षा ही करता है ॥ १८ ॥

षड्भिर्विकारनिवहैश्च विमुक्तमेनं
सच्चित्स्वरूपमय चाऽऽत्मगतं निरूप्य ।
मर्त्योऽमरो भवति चाऽन्यजनाद्विभिन्न—
स्तल्लीन आस्त उभयेश्वरतां गतोऽद्धा ॥ १९ ॥

छह प्रकार के (सत्ता, उत्पन्न होना, वृद्धि को प्राप्त होना, परिणाम को प्राप्त होना, क्षीण होना तथा नाश को प्राप्त होना) भाव विकारों से रहित (निर्विकार) सच्चित् आनन्द स्वरूप इसका (ब्रह्म का) अपनी आत्मा में साक्षात्कार कर मरणशील मनुष्य अमर तथा अन्य जनों से भिन्न हो जाता है एवं जीवात्मा तथा परमात्मा की एकतारूप उच्चस्थिति को प्राप्त होकर निःसन्देह उसी में लीन हो जाता है ॥ १९ ॥

अत्र श्रुतिर्गदति—मृत्युमुखाच्च्युतोऽयं
ब्रह्मोपदेश ऋषिगौतमवंशजाय ।
सच्छिक्षणार्थमुपयुक्त इहाऽऽत्मगम्यः
प्राचीन एव न तु नूतन एष सृष्टः ॥ २० ॥

इस सन्दर्भ के विषय में भगवती श्रुति कहती है—धर्मराज के मुख से विनिःसृत इस ब्रह्मोपदेश का यहाँ ऋषिश्रेष्ठ गौतम के वंशधर नचिकेता को सत् (ब्रह्म) का शिक्षण प्रदान करने के लिए उपयोग किया गया है । यह एकमात्र आत्मानुभूति से ज्ञातव्य विषय प्राचीन है, मानव कल्याण द्वारा नूतन गढ़ा हुआ नहीं है ॥ २० ॥

सद्धर्म एव समयात्तदनन्तकल्पा—
दाब्रह्मकीटमभितः प्रचलन्नुपैति ।
आख्यानमेतदपरं परमात्मसंस्थं
संचिन्त्य चास्य मननात्तदनन्तमेति ॥ २१ ॥

यह शाश्वत धर्म असीम कल्प (ब्रह्मा का १ दिन या मनुष्यों के १००० युग) समय से ब्रह्मा (हिरण्यगर्भ) से लेकर कीड़े-मकौड़े पर्यन्त चलता आ रहा है । परमात्मा सम्बन्धी इस सर्वोत्तम आख्यान का भली भाँति चिन्तन कर साधक इसके मनन से उस अनन्त ब्रह्म को प्राप्त होता है ॥ २१ ॥

प्रसङ्गमेतं सरहस्यमद्भुतं
शृणोति वा श्रावयतीह यो बुधः ।
विज्ञाय तत्त्वं परमात्मनः पदं
प्राप्नोति सोऽप्यत्र सदव्ययं महः ॥ २२ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

जो विद्वान् पुरुष इस लोक में रहस्यपूर्ण इस अद्भुत कथानक को स्वयं सुनता है अथवा अन्य जिज्ञासुओं को सुनाता है वह भी परमात्म तत्त्व को भली भाँति जानकर उस दिव्य अक्षय धाम को प्राप्त होता हैं, इसमें सन्देह नहीं है ॥ २२ ॥

श्रद्धापरो भक्तिसमन्वितः पुमान् ।
पूर्णं तदानन्त्यमिदं समश्नुते ।
सम्प्राप्य तद्‌ब्रह्म तदस्यशक्तिभिः
समेधते ब्रह्ममयः समेधते ॥ २३ ॥

श्रद्धासम्पन्न भक्ति-भाव से पूर्ण पुरुष उस ब्रह्म को प्राप्त कर अखण्ड आनन्त्य (अनन्तता) का उपयोग करता है, ब्रह्ममय हो जाता है। ब्रह्म की—सी शक्तियों से सम्पन्न होकर भूमा हो जाता है, परमोन्नत पद प्राप्त करता है ॥ २३ ॥

कृष्णप्रसादरचिते कठोपनिषदात्मके ।
ब्रह्मविद्यापरे काव्ये सर्गोऽयं षोडशोऽप्यगात् ॥ २४ ॥

श्रीकृष्ण प्रसाद घिमिरे द्वारा विरचित कठोपनिषदात्मक ब्रह्मविद्या परक काव्य में यह सोलहवां सर्ग समाप्त हुआ ॥ २४ ॥

ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

सप्तदशः सर्गः

तद्ब्रह्म द्विजवर ! सर्वगं महद्धि
जीवानां हृदयगुहास्थितं च सूक्ष्मम् ।
एभिस्तत् किमिति विदृश्यते न भूयो
जिज्ञासा प्रभवति चेच्छृणु त्वमत्र ॥ १ ॥

हे द्विजश्रेष्ठ नचिकेता ! यह ब्रह्म सर्वत्र कण-कण में व्याप्त और महान् है। सब प्राणियों की हृदयरूपी गुफा में विराजमान है और सूक्ष्म है। फिर भी सर्वत्र व्याप्त, महान् से भी महान् एवं सबके निकटतम ब्रह्म को ये संसारी जीव क्यों नहीं देख पाते ? यह जिज्ञासा यदि तुम्हें हो तो इस विषय में तुम समाधान सुनो ! ॥ १ ॥

गन्धान्ता विषयरसा हृषीकगम्याः
संसृष्टा गुणगणतो ह्यनेन बाह्याः ।
तान्येषां विषयसुखानि भोक्तुमेवं
सक्तास्ते विषयिन आत्मपाततोऽपि ॥ २ ॥

इसने (परब्रह्म-परमात्मा ने) सत्व आदि गुणों से गन्ध पर्यन्त (शब्दादि गन्धान्त अर्थात् शब्द, स्पर्श, रूप, रस और गन्ध) विषय स्वादों जो तत् तत् इन्द्रियों द्वारा भोग्य और वाह्य हैं, की सृष्टि की। इन इन्द्रियों उन विषय सुखों को वे विषयी पुरुष अपना पतन करके भी इस प्रकार भोगने के लिए आसक्त हैं ॥ २ ॥

इत्थं तान् प्रकटितगौरवांस्तदर्थान्
संसृज्य स्वगतगुणेन तेन भूम्ना ।
संसारे विषयविषैर्युते सुधाभे
स्वात्माब्धौ सदसति चात्यजि द्विजेन्द्र ! ॥ ३ ॥

हे द्विजवर! उस सर्व व्यापक परमात्मा ने आत्मगत गुणों से (सत्त्वादि गुणों से) उन विषयों को, जिन्होंने विषयी पुरुषों को अपनी-अपनी ओर आकर्षित करने के कारण अपना गौरव प्रकट किया है, सृष्टि कर उन्हें विषयरूपी विषों से परिपूर्ण, जीव भेद से सत् असत्, अमृततुल्य तथा आत्मानन्द के सागररूप इस संसार में छोड़ दिया ॥ ३ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

निर्माणमेषां समभूत् परात्मन—
स्तद्देहिनामात्महितं भवेदिति ।
सुसाधनैरेभिरहर्निशं त्विमे
समाप्नुयुस्तत्पदमात्मशान्तिदम् ॥ ४ ॥

परमात्मा द्वारा इन इन्द्रियों का निर्माण इस निमित्त हुआ कि इन से देहधारी जीवों का हित हो । इन उत्तम साधनों से रात-दिन परमात्मा-प्राप्ति के निमित्त प्रयत्न कर रहे, ये जीव आत्मा को शान्ति प्रदान करने वाले ब्रह्मपद को प्राप्त हों ॥ ४ ॥

परं हृषीकाणि विहाय तत्पदं
सच्चिन्मयं शान्तिदमव्ययात्मकम् ।
पतन्त्यहो ! तद्विषयेष्वहर्निशं
दुःखात्मकांस्तानवितर्क्य भूसुर ! ॥ ५ ॥

हे भूदेववर ! किन्तु इन्द्रियां सच्चिदानन्दमय शान्ति प्रदान करनेवाले अविनाशी उस परमपद की सर्वथा उपेक्षा कर रात-दिन उन विषयों में ही लपकती रहती हैं । ये विषय परक क्लेशप्रदायक हैं इसका उन्हें विचार ही नहीं आता ॥ ५ ॥

विवेकहीनानि च तानि दुर्धरा—
ण्यापातरम्येषु कृतश्रमाण्यहो ! ।
बहिर्मुखान्यात्मसुखं विसृज्य तत्
क्लेशप्रदानेव भजन्त आरुणे ! ॥ ६ ॥

इन्द्रियाँ बहिर्मुख हैं, वाह्य वस्तुओं को ही देख सकती हैं, अन्तरात्मा की ओर उनका लक्ष्य नहीं है, वे विवेक-विचार से विहीन हैं, उन्हें कावू में लाना भी अत्यन्त दूभर है । सरसरी तौर पर रमणीय मालूम पड़ने वाले विषयों की ओर ही उनका झुकाव तथा भागदौड़ रूपी श्रम रहता है, हे इसलिए आरुणे ! वे अनुपम आत्मसुख का त्यागकर दुःखात्मक विषयों का ही सेवन करती हैं ॥ ६ ॥

अन्तर्यामिणमात्मानं न पश्यन्ति यथार्थतः ।
बहिर्मुखानि तानीमान् विषयानेव भुञ्जते ॥ ७ ॥

हे नचिकेता ! वास्तव में इन्द्रियाँ बहिर्मुख हैं, इसलिए वे अन्तर्यामी आत्मा को नहीं देख पातीं, विषयों की ओर ही उनका लक्ष्य रहता है, उन्हीं का वे सेवन करती हैं ॥ ७ ॥

साधकेनाऽत्र सद्वृत्या वर्तितव्यमतो द्विज ! ।
तानि कृत्वाऽन्तर्मुखानि संतिष्ठेत विवेकतः ॥ ८ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

हे विप्रकुमार ! इसलिए साधक को इस विषय में सन्तों की जीवनचर्या से रहना चाहिए। विवेक पूर्वक इन्द्रियों को अन्तर्मुख कर स्थिर होकर बैठ जाना चाहिये ॥ ८ ॥

सत्सङ्गे नैव वर्तेत स्वाध्यायादिभिरन्वहम् ।
विशुद्धनियताहारो विभोः शरणमाश्रयन् ॥ ९ ॥

साधक प्रतिदिन विशुद्ध और नियत आहार ग्रहण कर प्रभु की शरण का अवलम्बन करता हुआ सत्संग तथा स्वाध्याय आदि से समय व्यतीत करे ॥ ९ ॥

आपातरम्यविषयेषु विनश्वरेषु
सक्ता विशेषत इमे पुरुषाः स्वलभ्यात् ।
तच्चिन्मयाद्विभुपदाद्विकलं च्यवन्ति
मूर्खा हि ते स्वनरजन्म मुधा क्षिपन्ति ॥ १० ॥

नश्वर, सरसरी तौर पर रमणीय मालूम पड़ने वाले विषयों में विशेषरूप से आसक्त हुए ये मूर्ख जन अपने प्रयत्न से प्राप्त होनेवाले उस चिन्मय ब्रह्मपद से हतोत्साह होकर च्युत होते हैं, वे मूर्ख अपने मानव-जन्म को व्यर्थ गँवाते हैं ॥ १० ॥

तेषां करालतरकालमयेन तेन
सम्पाद्यते विविधयोनिषु जन्म तावत् ।
यावद्भुवो विलसतीश्वरताविमूढा—
स्तेऽप्यत्र दुःखवहलाः क्षपयन्ति कालम् ॥ ११ ॥

अत्यन्त भीषण कालरूप वह परमात्मा उनका विविध योनियों में तब तक जन्म कराता है जब तक यह संसार रहता है एवं अपने स्वामित्व के घमण्ड से मूढ हुए वे जीव भी विविध दुःखों से पीड़ित होकर काल-यापन करते हैं ॥ ११ ॥

ते बुद्धिमन्त इह ये स्वगभीरबुद्धया
संचिन्त्य तद्विषयदुर्गमतां विबुध्य ।
सक्तास्तदत्र निजजीवनमेव सर्वं
दत्वा विहाय विषयान्, विरमन्ति कृच्छ्रात् ॥ १२ ॥

इस जगत् में वे लोग बुद्धिमान् हैं जो अपनी धीर-गंभीर बुद्धि से भली भाँति सोच विचार कर उस विषय की (ब्रह्मपद की) दुर्गमता जानकर सर्वतोभावेन तल्लीन हो शब्दादि सब विषयों को त्यागकर अपना सम्पूर्ण जीवन ही तदर्थ समर्पित कर सांसारिक कष्टों से छुट्टी पा जाते हैं ॥ १२ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

लब्ध्वा चैतन्मानुषं जन्म भव्यं
संचिन्त्यं तद्ब्रह्म सच्चित्स्वरूपम् ।
तेनैवाऽत्राऽऽनन्द एभिर्मनुष्यै—
रात्मन्येव प्राप्यते स्वात्मयोगात् ॥ १३ ॥

कल्याणकारी यह मनुष्य-जन्म पाकर, सच्चिदानन्दस्वरूप उस परब्रह्म परमात्मा का चिन्तन करना चाहिए। उस चिन्तन द्वारा ही ये मनुष्य इस लोक में अपने आत्म-योग से आत्मा में ही आनन्द प्राप्त कर लेते हैं ॥ १३ ॥

एतद्बुद्ध्वा बुद्धिमन्तोऽत्र विद्वन् !
त्यक्त्वा सर्वं नश्वरं तद्विमृश्य ।
कृत्वैतानि स्वेन्द्रियाणि स्वसंस्था—
ण्यन्तर्गाणि ब्रह्म संचिन्तयन्ति ॥ १४ ॥

हे विद्वद्वर नचिकेता ! इस जगत् में बुद्धिमान् पुरुष यह सब जानकर विषयादि वस्तुवृन्द को नश्वर समझकर उन सब का परित्याग कर अपनी सब इन्द्रियों को अन्तर्मुख कर ब्रह्म का चिन्तन करते हैं ॥ १४ ॥

तेनैवाऽन्तर्लब्धबोधप्रभावात्
स्वात्मानन्दं मानसे संविभाव्यम् ।
सच्चिद्रूपा आत्मसद्भाववन्त—
स्ते तत्साम्यं प्राप्य शान्त्या रमन्ते ॥ १५ ॥

उक्त ब्रह्मचिन्तन से भीतर अन्तःकरण में लब्धबोध के प्रभाव से स्वात्मानन्दरूप उस परमात्मा को प्राप्तकर आत्मा के सद्भाव (अस्तित्व) से सम्पन्न हो सच्चिद्रूप हो जाते हैं। तदन्तर वे उस परमात्मा के सदृश होकर परम शान्ति के साथ आनन्दमग्न हो जाते हैं ॥ १५ ॥

कृष्णप्रसादरचिते कठोपनिषदात्मके ।
ब्रह्मविद्यापरे काव्ये सर्गः सप्तदशो गतः ॥ १६ ॥

श्रीकृष्ण प्रसाद घिमिरे द्वारा विरचित काठकोपनिषदात्मक ब्रह्मविद्या प्रतिपादक काव्य में यह सत्रहवाँ सर्ग समाप्त हुआ ॥ १६ ॥

ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अष्टादशः सर्गः

ते मैथुनान्ता विषया मनोहरा
ज्ञायन्त एभिर्गुणकर्ममिश्रितैः ।
तैरिन्द्रियैर्यद्ध्यनुभूयते स्फुटं
ज्ञानात्मकं ब्रह्म विचारयाऽत्र तत् ॥ १ ॥

शब्द, स्पर्श, रूप आदि मैथुनान्त मनोहर विषय गुण और कर्म से मिश्रित इन इन्द्रियों द्वारा जाने जाते हैं । इन्हीं इन्द्रियों द्वारा अखण्ड बोधरूप वह ब्रह्म भी अनुभूत होता है । हे वटो ! इस विषय में आगे तुम विचार करो ॥ १ ॥

यज्ज्ञानशक्त्यैव जगद्गतार्थका—
स्तद्भिन्नभावाश्च तदुद्भवा द्विज ! ।
नित्या अनित्या इति चाऽन्तरात्मनि
बुद्ध्यन्त एवाऽत्र सुखं विवेकिभिः ॥ २ ॥

हे विप्रवर ! इस संसार में जिस ब्रह्म की ज्ञान शक्ति से ही विवेकशील पुरुषों द्वारा ब्रह्म से सृष्ट जगत् के सब पदार्थ तथा उनसे भिन्न भाव वे चाहे नित्य हो चाहे अनित्य, अपने अन्तरात्मा में सुखपूर्वक जाने हो जाते हैं ॥ २ ॥

विचार्यमाणे भववस्तुवैभवे
जगत्पदार्थाः क्षणिका विनाशिनः ।
लभ्यं परं प्रापयितुं तदव्ययं
न शक्नुवन्तीह कदापि भूसुर ! ॥ ३ ॥

हे विप्रदेव ! सांसारिक पदार्थों की चमकदमक पर शान्त चित्त से यदि विचार किया जाय तो सबके सब सांसारिक पदार्थ विनश्वर अतएव क्षणिक उतरेंगे । वे यहाँ उस अविनाशी चरम लक्ष्य पर साधक को पहुँचाने में कदापि सक्षम नहीं हो सकते ॥ ३ ॥

औद्दालके ! त्वं तदिहाऽव्ययात्मिकां
तामात्मविद्यां परतत्त्वमाश्रिताम् ।
यां पृष्टवान् मां सुखदामनन्यतः
सेमां विजानीहि जगद्गतात्मिकाम् ॥ ४ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

हे उद्दालक ऋषि के कुल-तिलक ! तुमने मुझ से यहाँ परतत्त्वरूप ब्रह्म से सम्बन्ध रखने वाली असाधारण रूप से जीवों को सुख देनेवाली, जगत् की ध्येयरूप अविनाशिनी उस आत्मविद्या को जो पूछा था, वह यही आत्मविद्या है, यह जानो ॥ ४ ॥

स्वप्ने तथा जाग्रति दृश्यतामितं
जगत्प्रपञ्चं सकलं कलानिधेः ।
कृपावशाज्जीवगणैर्यदत्र भो !
स्वात्माऽनुभूत्या क्रियते विदृश्यते ॥ ५ ॥

हे विप्रवटु ! स्वप्नावस्था में तथा जाग्रत् अवस्था में दृश्यता को प्राप्त हुए इस सारे के सारे जगत्प्रपञ्च को कला (कारीगरी) के सिन्धु परब्रह्म परमात्मा की कृपा से यहाँ जीवों द्वारा अपनी आत्मा में अनुभव किया जाता है एवं विशेषरूप से दर्शन किया जाता है ॥ ५ ॥

विज्ञानलेशोऽपि स एभिरीश्वरात्
संप्राप्त एवेति विचारसिन्धुषु ।
निमज्य गाढं परिलोकिते स्वतोऽ
नुभूयते ब्रह्म महर्द्धिमच्च तत् ॥ ६ ॥

''जीवों को ईश्वर से वह विज्ञान कण भी प्राप्त ही है, यदि वे विचाररूपी सागर में गहरी डुबकी लगा कर देखें तो उन्हें स्वतः परम उत्कृष्ट विभूति सम्पन्न उस ब्रह्म का अनुभव हो सकता है ॥ ६ ॥

तस्मात् परं ब्रह्म सदैकतामितं
व्याप्तं च सर्वत्र जगत्सु विस्तृतम् ।
विभाव्य विज्ञाय स साधकोऽनिशं
जहाति शोकं मलवच्छुभायतिः ॥ ७ ॥

इसलिए साधक पुरुष एकता को प्राप्त अर्थात् अद्वितीय परम ब्रह्म सदा सर्वत्र व्याप्त है, जगत् में बिखरा है यानी काल-परिच्छेद तथा देश-परिच्छेद से रहित है ऐसा निरन्तर विचार कर एवं जान कर शोक को मल के तुल्य त्याग देता है और उसका भविष्य मंगलमय हो जाता है ॥ ७ ॥

श्रेयस्करं देहिन आत्मशान्तिदं
तज्जीवनं कर्मफलप्रदं तथा ।
सखायमेकं जगतः प्रशासकं
तद्भाविभूतेष्वनुगं स्मरेत् सदा ॥ ८ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

साधक, जीवमात्र का कल्याण करनेवाले, आत्मा को शाश्वत शान्ति प्रदान करने वाले, सब जीवों के जीवन रूप, जीवों को उनके कर्मो का फल प्रदान करने वाले एकमात्र मित्र, जगत् के प्रशासक, भूत, वर्तमान तथा भविष्यकाल के अनुगामी अर्थात् सदा स्थायी उस ब्रह्म का सदा स्मरण करे ॥ ८ ॥

औद्दालके ! ब्रह्म तदव्ययं परं
जानन्ति ये नाम नरा विशेषतः ।
नैतान् प्रबाधन्त इमे विनश्वरा
जगत्पदार्था विरमन्ति ते स्वतः ॥ ९ ॥

हे उद्दालक ऋषि के सुपुत्र बालक ! उस अविनाशी पर ब्रह्म को जो लोग विशेष-रूप से जानते हैं उन्हें ये विनश्वर जगत्पदार्थ पीड़ित नहीं करते हैं, वे सब अपने-आप छूट जाते हैं ॥ ९ ॥

ये नाम तत्स्वात्मनि सूक्ष्मरूपतः
स्थितं विभाव्यैव दुरूहमद्भुतम् ।
अविष्क्रियं सद्ध्यनुभूय वस्तुत—
स्तिष्ठन्ति तेऽप्यत्र भवन्ति तत्समाः ॥ १० ॥

जो लोग दुर्विज्ञेय अद्भुत (आश्चर्यमय) उस तत्त्व को अपनी आत्मा में सूक्ष्म-रूप से स्थित जान कर उस निर्विकार त्रिकालाबाधित तत्त्व (ब्रह्म) का वस्तुतः अनुभव कर यहाँ स्थित हैं वे भी ब्रह्म-तुल्य ही हैं ॥ १० ॥

सदा विशोकाः सकलार्थसाधका
आनन्दरूपाः समतामितास्तथा ।
सच्चिन्मयाः प्राणिन आत्मरूपका
धन्या हि ते स्वात्मसुखाः कृतक्रियाः ॥ ११ ॥

सदा शोक और दुःख रहित, सब जीवों के कार्य में सहायता पहुंचाने वाले, आनन्द स्वरूप, सब पर समदृष्टि रखने वाले (समदर्शी), सच्चिन्मय आत्मा (पर-मात्मा) के प्रतिरूप व प्राणी (मानव) आत्माराम, धन्य तथा कृतकृत्य हैं ॥ ११ ॥

यन्मामपृच्छस्त्वमिहाऽव्ययात्मकं
तद्ब्रह्म चैतद्धि विभावयाऽत्र भोः ! ।
अवर्णयंस्त्वामहमप्यनुत्तमं
तदात्मविद्याञ्च सुखावहाव्ययाम् ॥ १२ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

हे विप्रवटुवर ! जिस अव्ययात्मक तत्त्व (ब्रह्म) के विषय में तुमने मुझसे प्रश्न पूछा था, वह ब्रह्म यह है, यह तुम यहाँ स्पष्टरूप से जान लो। मैंने तुम से उस सर्वोत्तम तत्त्व का तथा सुखदायिनी और अनपायिनी आत्मविद्या का वर्णन किया ॥ १२ ॥

आब्रह्मकीटात्मगताः शरीरिणो
जगत्पदार्थाः सकलाः कलाश्च ताः।
बभूवुरस्मात् परतत्त्वसंज्ञकात्
तदेकशेषाः प्रभवन्ति चान्ततः ॥ १३ ॥

ब्रह्मा (हिरण्यगर्भ) से लेकर कीड़े-मकोड़े पर्यन्त सब देहों में स्थित सब जीव, जगत् के सब पदार्थ तथा सब कलाएँ इसी पर ब्रह्म परमात्मा से उत्पन्न हैं और अन्त में उन सब में से वही एक मात्र शेष रह जाता है और सब कराल-काल की गाल में समा जाते हैं ॥ १३ ॥

अनन्तकालत्वमितात्तदेकतो
जगन्त्यनेकान्यभवन् द्विजर्षभ !।
विनोद एकोऽस्य विराजते भृशं
तदत्र तच्छक्तिमतो यदृच्छया ॥ १४ ॥

हे विप्रवर ! अनन्त (असीम) कालरूपता को प्राप्त हुए एकमात्र उस ब्रह्म से असंख्य जगत् उत्पन्न हुए। उस सर्वशक्तिमान् की स्वेच्छा से यह एक मात्र उसका विनोद (लीला) ही है ॥ १४ ॥

विराट्स्वरूपं तदमुष्य शोभते
न भिन्नमस्मात् किमपीह दृश्यते।
समष्टिरूपेण विराजितं च तद्
विवेकिभिर्व्यष्टितयोपगृह्यते ॥ १५ ॥

उस परमात्मा का यह विराट् रूप शोभा पा रहा है इस से अतिरिक्त यहाँ कुछ भी नहीं दिखाई देता है। समष्टिरूप से विराजमान उस परमात्मा का विवेकशील विद्वज्जनों द्वारा व्यष्टिरूप से ग्रहण किया जाता है ॥ १५ ॥

तत्सत्यकामं जगतो हृदि स्थितं
परेश्वरं सन्महिमानमद्भुतम्।
विज्ञाय मर्त्योऽमृतमश्नुते चिरं
यत्पृष्टवांस्त्वं तदवेहि सद् वटो ! ॥ १६ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

सत्यकाम, सत्यसंकल्प, जगत के सब जीवों के हृदय में स्थित, उत्तम महिमा से युक्त, आश्चर्यरूप उस परमेश्वर को जान कर मनुष्य सदा के लिए अमर हो जाता है। हे वटो ! जिस सत्य पदार्थको तुमने मुझसे पूछा था, उस सन् चित् को तुम जानो ॥ १६ ॥

कृष्णप्रसादरचिते कठोपनिषदात्मके ।
ब्रह्मविद्यापरे काव्ये सर्गश्चाष्टादशो गतः ॥ १७ ॥

श्रीकृष्ण प्रसाद घिमिरे द्वारा चिरचित कठोपनिषदात्मक ब्रह्मविद्या प्रतिपादक काव्य में यह अठारहवाँ सर्ग समाप्त हुआ ॥ १७ ॥

ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

ऊनविंशः सर्गः

रूपकेणाऽथ तद्‌ब्रह्म देव्यदित्याः स्वरूपतः ।
वटुं निर्देशयन्नाह ब्रह्मशक्तिधरो यमः ॥ १ ॥

इसके पश्चात् देवी—अदिति के स्वरूप से रूपक द्वारा उस ब्रह्म का वटु के लिए निर्देश करते हुए ब्रह्मविद्या में पारंगत यमराज ने कहा ॥ १ ॥

ब्रह्मणः सत्यसंकल्पात् सर्वस्यादौ द्विजर्षभ ! ।
सेयं भगवती देवी प्रादुर्भूता मनोमयी ॥ २ ॥

हे विप्रश्रेष्ठ ! सबसे पहले ब्रह्म के सत्य-संकल्प से यह मनोमयी भगवती-षड्विध ऐश्वर्य से परिपूर्ण-देवी (अदिति) प्रादुर्भूत हुई ॥ २ ॥

महती साऽव्यया सूक्ष्मा प्राणिनां बीजरूपिणी ।
सर्वेषां जीवनाऽऽधारा सर्वदेवस्वरूपिणी ॥ ३ ॥

यह अविनश्वर देवी (अदिति) 'महतो महीयान्' श्रुति के अनुसार महत्त्वगुण-युक्त तथा 'अणोरणीयान्' श्रुति से सूक्ष्म, सब प्राणियों की बीजरूपा, सब जीवों की जीवनाधार एवं सर्व देवमयी है ॥ ३ ॥

ततः सैषा महामाया महाशक्तिधराऽम्बिका ।
आविवेश सुखं पूर्वं ब्रह्माण्डेऽस्मिन् हिरण्मये ॥ ४ ॥

तत्पश्चात् यह महाशक्ति-धारिणी महामाया अम्बिका सबसे पहले इस हिरण्मय-ब्रह्माण्ड में सुखपूर्वक प्रविष्ट हुई ॥ ४ ॥

परस्परमनुस्यूते ब्रह्मशक्ती उभे समे ।
अभिन्ने नामरूपाभ्यां चकास्तः स्म सुदुर्धरे ॥ ५ ॥

परस्पर ओत-प्रोत, नाम और रूप से अभिन्न अत एव कठिनाई से पहिचान में आने वाले वे दोनों शक्ति और ब्रह्म देदीप्यमान हैं ॥ ५ ॥

गन्धस्येव धराशक्तिर्भूमेर्गन्ध इवाऽव्ययः ।
अभूतां ते उभे तत्र भृशमेकात्मके द्विज ! ॥ ६ ॥

हे विप्रवर ! गन्ध की धराशक्ति की तरह एवं भूमि के नित्य गन्ध की तरह (अर्थात् जैसे गन्ध और धरा शक्ति एवं भूमि और गन्ध दोनों एकात्मक हैं वैसे ही) वे दोनों वहां पर अत्यन्त एकात्मक (एकरूप) हो गये ॥ ६ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

भेदो नाऽभूत्तयोर्विप्र ! शक्तिशक्तिमतोस्तदा ।
एवं ते समजायेतां नामरूपात्मके पुनः ॥ ७ ॥

हे विप्रवर ! तब उन शक्ति और शक्तिमान् में भेद नहीं रहा इस प्रकार के वे दोनों फिर नाम-रूपात्मक होकर उत्पन्न हो गये ॥ ७ ॥

सच्चिदानन्दरूपे ते नित्ये स्वात्मसुखान्विते ।
एधेते हृद्गुहास्वत्र प्रविष्टे देहिनां वटो ! ॥ ८ ॥

हे वटो ! सच्चिदानन्द स्वरूप, नित्य आत्मानन्द से परिपूर्ण वे दोनों यहाँ देह-धारियों की हृदयरूपी गुफा में प्रविष्ट हो वृद्धि को प्राप्त होते हैं ॥ ८ ॥

एवं ब्रह्म ह्यभूदेकं स्वात्मशक्त्यैव बृहितम् ।
अनेकनामरूपाभ्यां प्रपूर्णं प्राणिनां हितम् ॥ ९ ॥

इस प्रकार अपनी शक्ति से ही वृद्धि को प्राप्त एक (अद्वितीय) ब्रह्म अनेक नाम और रूपों से परिपूर्ण होकर प्राणियों का हितकारी हुआ ॥ ९ ॥

आत्मविद्याप्रसङ्गेन यत्पृष्टोऽहमिह त्वया ।
मया त्वदुदितं विद्धि तामिमां ब्रह्म तच्च सत् ॥ १० ॥

हे वटो ! यहाँ तुमने आत्मविद्या के सिलसिले में जो मुझसे पूछा, वह मैंने तुम से कहा—इसे (अदिति को) तुम आत्म-विद्या जानो और उसे-ब्रह्म को—सत् तत्त्व जानो ॥ १० ॥

गर्भिण्या उदरे बीजं संस्कृतं प्रवितिष्ठते ।
पुष्टं शुद्धान्नपाद्यनाद्यैः संस्कारैश्च विवर्धते ॥ ११ ॥
तद्बीजं कालतो भूयः श्रद्धाप्रीतिसमन्वितम् ।
गर्भतः शिशुरूपेण बहिर्निःसरति द्विज ! ॥ १२ ॥
यथा तथैव तं विद्धि वह्निप्रज्वालनेऽपि भोः ! ।
अरण्योर्मन्थनादेव स निःसरति यत्नतः ॥ १३ ॥

जैसे हे विप्रवर ! गर्भवती नारी के पेट में संस्कृत-वीर्य स्थित रहता है। वह शुद्ध खाद्य और पेय पदार्थों तथा सीमन्तोन्नयनादि संस्कारों से पुष्ट होकर दिन पर दिन बढ़ता है। फिर वह संस्कृत-बीज श्रद्धा और प्रीति से युक्त होकर समय पर गर्भ से नन्हे शिशु के रूप में बाहर निकलता है। हे विप्रवर ! वैसे ही तुम अग्नि को प्रज्वलित करने में भी विधि समझो। प्रयत्न से दो अरणियों को परस्पर रगड़ने से ही वह बाहर प्रकट होती है, निकलती है ॥–१३ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

वेदज्ञैः संस्कृतः सोऽयं प्रवृद्धोऽश्नन् हवींषि भो ! ।
नयते यजमानादीन् स्वेष्टं प्रति स्वमार्गतः ॥ १४ ॥

वेदज्ञ विद्वानों द्वारा मत्रों से संस्कार-युक्त की गई वह अग्नि हविर्द्रव्यों की प्राहुतियों से वृद्धि को प्राप्त होती है। तदनन्तर यजमान आदि को मनके अभीष्ट लोक में अपने मार्ग से पहुँचाती है ॥ १४ ॥

सोऽयं वह्निः परं ब्रह्म तत्प्रतीकश्च वस्तुतः ।
तस्याऽऽराधनतत्त्वं तद्व्येतद्वैतद् विचारय ॥ १५ ॥

यह वह्नि परब्रह्म है। वास्तव में वह परब्रह्म का प्रतीक है। उसका आराधना तत्त्व भी वही है। यही वह परब्रह्म है। इसका तुम विचार करो ॥ १५ ॥

यस्य प्रसादाद् भगवान् सूर्यः प्राकट्यमाप्तवान् ।
उदयास्तमयौ भुङ्क्ते यल्लीलानियमाद्विज ! ॥ १६ ॥

हे विप्रवर ! जिसके आग्रह से सूर्य भगवान् ने अपना प्राकट्य प्राप्त किया है। उन्हीं के लीलारूप नियम से वह उदय और अस्त को प्राप्त होते हैं ॥ १६ ॥

स एव विश्वसृग् देवः सर्ववेदमयो विभुः ।
आत्मन्याधाय सर्वाणि दैवतानि चकास्ति हि ॥ १७ ॥

विश्व की सृष्टि करने वाले, सर्व वेदमय, सर्व व्यापक वही देव (परब्रह्म परमात्मा) अपने में सब देवताओं को रख कर शोभित हैं ॥ १७ ॥

नामरूपात्मकं वस्तु प्राणवन्तोऽपि देहिनः ।
चकासन्ति तदाधाराः स्वेषु कर्मसु नित्यशः ॥ १८ ॥

इस जगत् की सभी नामरूपात्मक वस्तुएँ, प्राणधारी सभी जीव उन पर निर्भर होकर अपने अपने कार्यों में संलग्न हो झलमला रहे हैं ॥ १८ ॥

एवमाद्यन्तहीनोऽसौ भगवान् हरिरीश्वरः ।
इत्थं विजृम्भते नित्यं सर्वात्मा सर्वगः प्रभुः ॥ १९ ॥

इस प्रकार आदि (जन्म) और अन्त (विनाश) से रहित, सर्वत्र व्याप्त, सर्वात्मा, सब के स्वामी एवं सर्वशक्तिमान् भगवान् हरि नित्य विकसित हो रहे हैं ॥ १९ ॥

अन्तर्याम्येष विश्वात्मा सर्वेषामेक आश्रयः ।
तेषां दिव्या गतिश्चायं नियन्ता कालरूपतः ॥ २० ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

सर्वात्मा सबके अन्तर्यामी ये भगवान् ही सब के एकमात्र आधार हैं, ये ही सब की एकमात्र कल्याण कारिणी दिव्य गति हैं एवं कालरूप से सबके नियन्ता भी यही हैं॥ २० ॥

तदस्य नियमानेवं व्यवस्था अपि गौतम!।
अतिक्रामयितुं सक्तो न कोऽप्यस्ति समोऽपि वा ॥ २१ ॥

हे गौतम कुल प्रदीप ! इसलिए इनके नियमों एवं व्यवस्थाओं का कोई उल्लंघन नहीं करता है और न ऐसा कर सकने में समर्थ ही कोई दृष्टि गोचर होता है ॥ २१ ॥

सर्वे स्वात्मार्पणेनेत्थं तस्याऽधीनाः स्वकर्मतः ।
यतन्ते तं परात्मानं प्राप्तुमत्र प्रयत्नतः ॥ २२ ॥
तथापि परमात्माऽयं लभ्यते न कदाचन ।
न च ज्ञातुं समर्थास्ते महिमानं तमद्भुतम् ॥ २३ ॥

सब जीव इस प्रकार स्वात्मा के समर्पण द्वारा उस परमात्मा के अधीन हैं एवं यद्यपि वे शास्त्रविहित अपने-अपने कर्मों से उस परमात्मा को प्राप्त करने के निमित्त जी-जान से प्रयत्न करते हैं। तथापि यह परमात्मा उन्हें कदापि प्राप्त नहीं होता है। उस परमात्मा की अद्भुत महिमा को तक वे जान नहीं सकते हैं ॥ २२, २३ ॥

एवंविधो हरिः सैष परं ब्रह्माऽभिधीयते ।
विज्ञैस्तदस्य तत्त्वज्ञैरेतद्वैतत् परं महः ॥ २४ ॥

इस प्रकार के ये हरि भगवान् इनके तत्त्व को जानने वाले विद्वज्जनों द्वारा पर ब्रह्म कहे जाते हैं। यही वह परम ज्योति है, जिसके विषय में तुमने मुझ से प्रश्न किया था ॥ २४ ॥

स सर्वशक्तिमान् विष्णुर्निदानं सर्वदेहिनाम् ।
स्वयंप्रकाश ईशोऽस्ति ब्रह्मरूपेण चैधते ॥ २५ ॥

वह सर्वशक्तिमान विष्णु भगवान् ही सब देह धारियों के आदि कारण, स्वय प्रकाश एवं सर्वैश्वर्य सम्पन्न हैं। वही ब्रह्मरूप से अभिवन्दनीय है ॥ २५ ॥

यथा पृथ्व्यादिलोकेषु दृश्यतेऽन्यश्रुतादिषु !
लोकेष्वपि च सर्वत्र शक्तिमत्त्वाच्चकास्ति हि ॥ २६ ॥

वे जैसे पृथिवी आदि लोकों में अपनी महिमा से प्रकाशमान हैं वैसे ही अन्यान्य सुने गये यानी श्रुति-पुराणादि में प्रतिपादित लोकों में भी सर्वत्र प्रशस्त शक्ति-सम्पन्न होने के कारण प्रकाशमान हैं ॥ २६ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

इत्थं लोका अनन्तास्ते सृज्यन्तेऽनेन गौतम ! ।
पाल्यन्ते च यथाकालं संह्रियन्ते विनोदतः ॥ २७ ॥

हे गौतमकुल-कमलभास्कर ! इस प्रकार अनगिनत लोकों का उनके द्वारा सर्जन होता है एवं समय में उनका संहार किया जाता है । यह सव उनका मनोविनोद खेल है ॥ २७ ॥

परं ब्रह्म स एवैकः सर्वात्मा समदृक् स्वतः ।
ब्रह्माण्डेष्वखिलेष्वत्र व्याप्त इत्थमजोऽव्ययः ॥ २८ ॥

वह एक (अद्वितीय) सर्वात्मा समदर्शी इन सकल ब्रह्माण्डों में इस प्रकार स्वतः व्याप्त है । अजन्ता और अविनाशी (आद्यनादिविहीन) वही ब्रह्म है ॥ २८ ॥

स एकश्चाऽप्यनेकेन नाम्ना रूपेण लीलया ।
विनोदेनात्मनः क्रीडन् जृम्भते विश्ववस्तुषु ॥ २९ ॥

अपने विनोद के लिए क्रीड़ा करते हुए वह प्रभु (सर्वेश्वर) एक (अद्वितीय) होने पर भी अपनी शाश्वत लीला से अनेक नाम और रूपों से विश्व की सकल वस्तुओं में व्याप्त हैं, बिखरे हैं ॥ २९ ॥

पश्यन्नपि तथैवैतं स्नेहमोहप्रमादतः ।
तस्मिन्नारोप्य नानात्वमीक्षमाणः पतत्यसौ ॥ ३० ॥

यह संसारी जीव ठीक उसी प्रकार उनका दर्शन करता हुआ भी स्नेह, मोह और प्रमाद से उनमें नानात्व का आरोप कर उन्हें देखता है तो उसका पतन हो जाता है ॥ ३० ॥

तद्विधाः प्राप्नुवन्तीह जन्ममृत्यू निरन्तरम् ।
वशं ममाऽन्तकस्याऽपि विश्वचक्रं भ्रमन्ति च ॥ ३१ ॥

उनमें नानात्व का आरोप कर उन्हें पुत्र, कलत्र, मित्र, शत्रु आदि के रूप में देखनेवाले संसारी जीव सबके संहारक मृत्युरूप मेरे वशीभूत होकर निरन्तर जन्म और मरण के चक्कर में पड़ते हैं । उनका संसार-चक्र में भ्रमण कभी बन्द नहीं होता ॥ ३१ ॥

तस्मात् त्वमत्र तद्विद्धि जगज्जालं चराचरम् ।
व्याप्तं चान्तर्बहिर्येन तद्रूपकमिदं च तत् ॥ ३२ ॥

इसलिए यह सारा का सारा चराचर जगज्जाल (जगत्प्रपञ्च) बाहर और भीतर जिससे व्याप्त है तद्रूप ही है । वही यह ब्रह्म है यह तुम जानो ॥ ३२ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

परब्रह्मात्मनस्तस्य तत्तत्त्वं पूर्णमद्वयम् ।
मनसैव विशुद्धेन ज्ञायतेऽखिलहृद्गतम् ॥ ३३ ॥

उस परब्रह्म परमात्मा का वह अद्वितीय पूर्ण तत्त्व, जो सबके घट-घट में विद्यमान है, विशुद्ध मन से ही जाना जा सकता है ॥ ३३ ॥

तदेकमात्रं परिदृश्यमानं
विराजते विश्वमिदं द्विजेन्द्र ! ।
पूर्णं स्वतः शक्तिमतो विभून्नो
विलोकय त्वं तदिमं स्वदृष्ट्या ॥ ३४ ॥

हे द्विजराज ! यह दिखाई दे रहा सम्पूर्ण जगत् एकमात्र तद्रूप (ब्रह्मरूप) है। सर्वव्यापक उस शक्तिमान् से स्वतः पूर्ण है । यह तुम अपनी दृष्टि से देखो ॥ ३४ ॥

प्रपञ्च एषोऽपि विदृश्यते स्फुटं
तत्तत्त्वयुक्तः परिपूर्ण उन्नतः ।
प्रेक्षस्व सम्यग् विषया इमेऽपि भो !
अनेन भिन्ना न विभान्ति भूसुर ! ॥ ३५ ॥

हे भूदेव ! यह सारा प्रपञ्च, जो स्पष्टरूप से दृष्टिगोचर हो रहा है, उस तत्त्व से युक्त है, उसी से परिपूर्ण है और उसी से चैतन्य-लाभ कर खड़ा है। तुम भली भाँति जान लो, ये विषय भी जो भास रहे हैं इससे भिन्न नहीं हैं ॥ ३५ ॥

मोहादहंममत्वाच्च ये पश्यन्त्यन्यथाऽत्र ते ।
मन्मृत्योर्मृत्युमाप्यैवं विषीदन्त्यनिशं भवे ॥ ३६ ॥

जो लोग अज्ञान तथा तज्जन्य अहन्ता और ममता से इससे विपरीत दृष्टि रखते हैं, वे मुझ मृत्यु (काल) से मृत्यु (मरण) को प्राप्तकर संसार चक्र में निरन्तर इसी प्रकार दुःखित होते हैं ॥ ३६ ॥

कृष्णप्रसादरचिते कठोपनिषदात्मके ।
ब्रह्मविद्यापरे काव्येऽगात्सर्गोऽप्यूनविंशकः ॥ ३७ ॥

श्रीकृष्णप्रसाद घिमिरे द्वारा विरचित कठोपनिषदात्मक ब्रह्मविद्या परक काव्य में यह उन्नीसवाँ सर्ग समाप्त हुआ ॥ ३७ ॥

ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

विंशः सर्गः

तत्तात ! जीवगणमित्र उरुक्रमोऽसौ
सर्वप्रियो हितकरश्च चराचराणाम् ।
आत्मा सहैव विभुनाऽविकलेन धाम्ना
साम्ना च तिष्ठति समोऽखिलहृद्‌गुहासु ॥ १ ॥

हे मेरे प्रिय वत्स ! इस कारण सकल जीव समुदाय के मित्र, अतुलित विपुल शक्तिशाली (या वामनावतार में विपुल पाद विक्षेप डग रखनेवाले) सबके प्रिय, चराचर सब जगतों के हितकारी वह आत्मा परम ज्ञानयुक्त तेज और शान्ति से महा-महिमशाली होकर सब जीवों की हृदयरूपी गुफा में समान रूप से स्थित है ॥ १ ॥

सूक्ष्मो न चैष न महान् न च दृष्टरूपः
साकार एष न निराकृतिरप्यमुष्मिन् ।
या देहिनां भवति संस्कृतिरात्मगम्या
धत्ते स्वरूपमपि सोऽत्र तदानुकूल्यम् ॥ २ ॥

यह परमात्मा न सूक्ष्म है, न महान् है, न इसका रूप रंग ही किसी ने देखा है, न यह साकार है और न निराकार ही है। देहधारियों में श्रद्धा और भक्ति के साथ संस्कारानुसार जिसकी जैसी आत्मभावना होती है उसके अनुकूल यह अपना रूप धारण कर दर्शन देता है ॥ २ ॥

सूक्ष्मेषु सूक्ष्मतर एष विभुः परात्मा
तद्वन्महत्सु च महत्तर एव भूयः ।
मर्त्येषु तदृधृदयमध्यगतो ह्यनन्तः
स्वाङ्गुष्ठरूपपरिमाणमयो विभाति ॥ ३ ॥

यह घट-घट व्यापी परमात्मा सूक्ष्मों से भी सूक्ष्मतर है, फिर वैसे ही महानों से भी महत्तर है (यह अर्थ "अणोरणीयान् महतो महीयान्" इस श्रुति के अनुसार पञ्चमी के स्थान पर षष्ठी मानकर किया हुआ है। यथा श्रुत सप्तमी विभक्ति के अनुसार यह महान् जीवों में महत्तर तथा सूक्ष्म जीवों में सूक्ष्मतर है। सकल मानवों में उनकी हृदयरूपी गुहा में स्थित यह अनन्त परमात्मा अंगूठे के बराबर ज्योतिरूप में विराजमान है ॥ ३ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

योनिष्वनेकविधमूर्तिषु मर्त्यदेह—
स्तज्ज्ञानकारणमिहाऽपि च साधिकारः।
तन्मर्त्यदेहहृदयं परमस्य पुंस
आवास इत्यभिहितो ह्युपलब्धिपात्रम् ॥ ४ ॥

अनेक प्रकार के छोटे बड़े शरीरों से युक्त नानाविध योनियों में मानव-शरीर परमात्मा के ज्ञानार्जन का कारण है। इसलिए मनुष्य ही उसके ज्ञान के लाभ का अधिकारी है। वह मनुष्य देह की हृदयरूपी गुफा परम पुरुष परमात्मा का आवास-स्थान है, इस कारण श्रुति ने उसे ही परमात्मा की उपलब्धि (ज्ञान) का पात्र कहा है ॥ ४ ॥

व्यष्टिस्वरूप इह सोऽथ समष्टिरूपो
ब्रह्माण्डतामित उभे चतदस्य रूपे।
विज्ञाय चैतदुपजातगतिर्मुमुक्षु—
र्निन्दां स्तुतिं च विजहाति परं समेति ॥ ५ ॥

यह परमात्मा व्यष्टिस्वरूप है तथा ब्रह्माण्ड-रूपता को प्राप्त होने से समष्टिरूप भी है, इसलिए ये दोनों उसके रूप हैं। यह जानकर सद् बुद्धिसम्पन्न हुआ मुमुक्षु पुरुष किसी की निन्दा तथा स्तुति करना त्याग देता है और परब्रह्म को प्राप्त करता है ॥ ५ ॥

यज्ज्ञातुमत्र विबुधा मुनयो बुधाश्च
ते योगिनोऽपि नियताः सततं यतन्ते।
तद्ब्रह्मतत्त्वमतुलं परमात्मगम्यं
जानीहि भूय इदमेव पुराऽभिपृष्टम् ॥ ६ ॥

जिस परम तत्त्व का ज्ञान प्राप्त करने के लिए देवता, मुनिजन, विद्वद्वर तथा सिद्ध योगी जन मन, वचन और शरीर को नियन्त्रित कर निरन्तर जतन करते हैं, अतुलित पर ब्रह्मतत्त्व को, जो केवल आत्म-संवेद्य है, फिर तुम जानो। यही तुमने पहले मुझसे पूछा था ॥ ६ ॥

तद्देहिनां हृदि कृतस्थितिरीश एष
त्रैकालिके गतिविधौ सुखमत्र वेत्ति।
नित्यं स्वतन्त्र उरुशक्तियुतो नियन्ता
ज्योतिर्मयः प्रथितदिव्यगतिर्विभुर्यः ॥ ७ ॥

देहधारियों की हृदयरूपी गुफा में स्थित यह ईश्वर प्राणियों की त्रैकालिक गति-विधियों को सुखपूर्वक जानते हैं जो विभु, नित्य स्वतन्त्र विपुलतम शक्ति सम्पन्न सबके नियन्ता तथा ज्योतिर्मय है—एवं जिनकी दिव्य गति सर्वत्र प्रख्यात है ॥ ७ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

सूर्याग्निकान्तिरिव चोष्णगतिप्रकाशो
विप्रेन्द्र ! नैष न च लौकिकतेजसेद्धः ।
नीलेन निर्मलतरेण विलक्षणेन
धाम्ना युतो विगतदोषमलश्च योऽस्ति ॥ ८ ॥

हे विप्रवर ! इन परमात्मा की गति तथा प्रकाश सूर्य और अग्नि की कान्ति के समान उष्ण (गर्म) नहीं है एवं वह लौकिक तेज से (सूर्य, अग्नि आदि के तेज से) प्रदीप्त नहीं है। वह स्निग्ध नील (शीतल) अत्यन्त निर्मल तथा विलक्षण (अवर्णनीय) तेज से युक्त एवं दोष तथा मल से रहित है ॥ ८ ॥

न क्षीयते च समये समयेऽन्यवत् स
नित्यं सदैकरस एष परात्मतत्त्वम् ।
यं स्पृष्टवांस्त्वमिह मां द्विजबाल ! तं तद्
ब्रह्मेति विद्धि सकलेषु गतस्वरूपम् ॥ ९ ॥

हे मेरे प्रिय द्विजबालक ! वह अन्य क्षणिक वस्तुओं की भाँति समय-समय पर घटते नहीं (क्षीण नहीं होते) हैं यह परमात्मा सदा एक रस है। जिसके विषय में तुमने मुझसे यहाँ प्रश्न किया था उसे तुम वह ब्रह्म जानो, जिसका स्वरूप सब जीवों में व्याप्त है ॥ ९ ॥

वर्षाजलं पतितमत्र गिरेः शिलासु
निम्नोन्नतासु विगतं परितो विसर्पत् ।
लक्ष्यं समेति सकलाः सरितो विसर्पत् ।
तत्रत्य गन्धमचलागतमप्यशेषम् ॥ १० ॥

तद्वत् स चैव विभुरीश्वर एकरूपोऽ
द्वैतोऽपि नामगुणरूपयुतो विभाति ।
देवासुरेषु नृषु देहिषु नित्यमेवं
सृष्टेषु जीवनिवहेषु भृशं चकास्ति ॥ ११ ॥

जैसे यहाँ पर्वत की शिलाओं में गिरा हुआ वर्षा का निर्गन्ध जल इधर-उधर बहता हुआ उबड़-खाबड़ भूमि-खण्डों में पहुंच कर वहाँ-वहाँ की भूमिगत सम्पूर्ण गन्ध (सुगन्ध या दुर्गन्ध) लेकर अपने लक्ष्यभूत विभिन्न नदियों पर पहुंचता है ठीक वैसे ही वास्तव में यह सर्वव्यापक ईश्वर भी एकरस तथा अद्वितीय होता हुआ भी देवता, असुर, मनुष्य आदि विभिन्न देहधारी सिरजे हुए जीव-समुदाय में विराजमान होकर नाम, रूप और गुणों से युक्त प्रतीत होता है ॥ १०, ११ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

ये नाम विप्र ! तदवस्थममुं प्रकल्प्य
चोपासते गुणविकल्पितभेदबुद्धचा ।
ते प्राप्नुवन्ति कृतकर्मविपाकमस्मिन्
संप्राप्ततज्जनुष आत्मगुणानुकूल्यम् ॥ १२ ॥

हे विप्रवर ! जो लोग अव्यय अद्वितीय उस परमात्मा की उस अवस्था की कपोल-कल्पना कर सत्त्व आदि गुणों से कल्पित भेदबुद्धि में उसकी उपासना करते हैं वे इस लोक में प्राप्त हुए उस जन्म के अपने गुण और कर्मों के अनुरूप किये गये पुण्य-पाप कर्मों का फल प्राप्त करते हैं ॥ १२ ॥

ते तासु योनिषु शिशो ! परिगृह्य जन्म
भुक्त्वा स्वकर्मफलमत्र च पीड्यमानाः ।
मृत्युं तथाऽऽप्य जनिमृत्युमये भवेऽस्मिन्
नित्यं भ्रमन्ति न च तत्सुखमाप्नुवन्ति ॥ १३ ॥

हे प्रिय बालक ! वे संसार में उन उन योनियों में जन्म-ग्रहण कर विविध दुःखों से दुःखी होते हैं एवं अपने कर्मों का फल भोगकर, मृत्यु को प्राप्त हो जन्म-मरणमय इस संसार चक्र में निरन्तर भ्रमण करते रहते हैं। इस प्रकार चक्कर काट रहे उन्हें वह अनुपम आत्मानन्द कभी प्राप्त नहीं होता है ॥ १३ ॥

वर्षाजलं सुविमलं यदि तादृशेषु
स्वच्छेषु चेन्मिलति तद्भवतीह तद्वत् ।
आत्माऽपि निर्मल उपोढगतिस्तदैक्यं
प्राप्नोति निर्गुणतया हतनामरूपः ॥ १४ ॥

जैसे अत्यन्त स्वच्छ वर्षा का जल वैसी ही स्वच्छतम वस्तुओं में मिलता है तो वह वैसा ही स्वच्छ रहता है। उसमें कलुषता नाम मात्र को भी नहीं घुसती वैसे ही निर्मल आत्मा भी यम, नियम आदि तथा श्रवण, मनन आदि से परमात्मा के निकटस्थ होकर निर्गुण होने के कारण नाम, रूप हटाकर उस पर ब्रह्म परमात्मा में अभेद को प्राप्त हो जाता है, विलीन हो जाता है ॥ १४ ॥

सम्यग् विमृश्य तदिदं पुरुषोत्तमाख्यं
ब्रह्माऽपरं हृदि विभाव्य विसृज्य सर्वम् ।
सच्चिन्मयो मननतत्त्वविदात्मरूप—
स्तादात्म्यमेति दृढबोधमवाप्य सोऽन्ते ॥ १५ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

यह सब अच्छी तरह विचार कर, परब्रह्म परमात्मा का हृदय में ध्यान कर अन्य सब असार बाह्य वस्तुओं का परित्याग कर मनन-तत्त्व का परिज्ञाता सत्पुरुष अन्त में दृढ़ बोध प्राप्त कर सच्चिदानन्दमय आत्मरूप होकर पर ब्रह्म में तादात्म्य (अभेद) को प्राप्त होता है ।। १५ ।।

कृष्णप्रसादरचिते कठोपनिषदात्मके ।
ब्रह्मविद्यापरे काव्ये विंशः सर्गोऽप्यसौ गतः ।। १६ ।।

श्री कृष्णप्रसाद घिमिरे द्वारा विरचित कठोपनिषदात्मक ब्रह्मविद्या परक काव्य में यह बीसवां सर्ग समाप्त हुआ ।। १६ ।।

ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

एकविंश सर्गः

रम्येयं मानवी मूर्तिः पुरी चौका समुज्ज्वला ।
यस्यामेकादश द्वारः सन्ति भिन्नपथाः शृणु ॥ १ ॥

हे प्रिय वत्स ! यह मनुष्य शरीर एक रौनकदार सुन्दर नगरी है । इसमें विभिन्न मार्गवाले ग्यारह फाटक (दरवाजे) हैं । उन्हें तुम सुनो ॥ १ ॥

द्वे नेत्रे नासिकारन्ध्रे द्वौ कर्णौ मुखमेककम् ।
ब्रह्मरन्ध्रं तथा नाभिर्गु ह्यशिश्नाविति द्विज ! ॥ २ ॥

हे विप्र ! वे ये हैं—दो नेत्र, दो नासिकरन्ध्र, दो कान, एक मुख और एक ब्रह्मरन्ध्र ये सात कण्ठ से ऊपरी भाग के द्वार हैं तथा नाभि, मलद्वार, तथा मूत्रद्वार ये तीन नाभि से नीचे भाग के द्वार हैं ॥ २ ॥

सा चौका नगरी तस्य परब्रह्मात्मनो हरेः ।
यस्यां वसति सर्वात्मा व्यष्टिरूपधरो विभुः ॥ ३ ॥

वह परब्रह्म परमात्मा—रूप हरि की एक नगरी है, जिसमें व्यष्टिरूप धारण करनेवाले भगवान् सर्वात्मा निवास करते हैं ॥ ३ ॥

अजोऽपि रमते तत्राऽविनाश्यविकृतोऽक्षतः ।
विशुद्धैकरसत्वेन समत्वेनाऽव्ययेन च ॥ ४ ॥

उसमें अविनाशी, अविकारी अक्षय, अजन्मा परमात्मा विशुद्ध एकरसता, समता तथा अव्ययात्मकता-रूप से रमते हैं ॥ ४ ॥

विशेषेण तथाऽप्यत्र राजधान्यां नरेन्द्रवत् ।
जीवानां चैत्य—प्रासादे शान्तरूपो वितिष्ठते ॥ ५ ॥

यद्यपि शान्तरूप वह परमात्मा सर्वत्र कण-कण में विद्यमान है तथापि राजधानी में राजा की तरह, राजा का सारे राज्य में आधिपत्य होने पर भी राजधानी में राजा के तुल्य इस शरीर में विशेषरूप से जीवों के हृदयरूपी राजमहल में वह स्थित रहता है ॥ ५ ॥

रहस्यमिदमाज्ञाय जीवितेऽस्मिन्छरीरके ।
प्रसाद्य साधनैः साध्यं साधकः सिद्धिमृच्छति ॥ ६ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

इस शरीर के प्राणयुक्त रहते रहते इस रहस्य को जानकर साधक पुरुष साधनों द्वारा साध्य (भगवान्) को प्रसन्न कर सिद्धि प्राप्त करता है ॥ ६ ॥

शोकमोहादयस्तत्र प्रभवन्ति न च द्विज ! ।
साधकः साध्यलीनो हि तद्वद्भवति वस्तुतः ॥ ७ ॥

हे विप्रवर ! साधक पुरुष जब साध्य (भगवान्) में तल्लीन हो जाता है तब उसमें शोक, मोह आदि प्रभुत्व नहीं जमा सकते, तब वह वास्तव में साध्यवान् हो जाता है ॥ ७ ॥

संसारवन्धनं तस्य विनश्यति क्षणात् पुनः ।
जीवन्मुक्तो भवत्यत्र विदेहोऽमृतमश्नुते ॥ ८ ॥

फिर तो उसका संसार-रूप वन्धन क्षण भर में विध्वस्त हो जाता है एवं वह जगत् में जीवन्मुक्त हो जाता । देहरहित होने पर अमृत (मुक्ति) प्राप्त करता है ॥ ८ ॥

सच्चिदानन्दकं ब्रह्म सर्वंव्यापकमव्ययम् ।
सम्पद्यते स एवेह त्वत्पृष्टं चैतदेव तत् ॥ ९ ॥

वही इस जगत् में सर्वव्यापक, निर्विकार सच्चिदानन्दरूप ब्रह्म हो जाता है । तुमने जिसके सम्वन्ध में मुझसे प्रश्न किया था वही यह है ॥ ९ ॥

अथ सर्वात्मनस्तस्य ह्यचिन्त्यस्याऽव्ययस्य च ।
तत्सर्वव्यापितां प्राह तं वटुं बोधयन् यमः ॥ १० ॥

इसके पश्चात् धर्मराज ने वटु नचिकेता को उस परब्रह्म का बोध कराते हुए उस सर्वस्वरूप अचिन्त्य अव्यय परमात्मा की सर्वव्यापकता बतलायो ॥ १० ॥

गुणैः प्राकृतिकैरेभिरस्पृश्यो विभुरीश्वरः ।
स्वविशुद्धे परे धाम्नि स्वयंज्योतिश्चकास्ति हि ॥ ११ ॥

सर्वव्यापक स्वयंप्रकाश ईश्वर जो प्राकृतिक (प्रकृतिजन्य) गुणों से अपृश्य हैं अछूते हैं, अपने अत्यन्त विशुद्ध परमपद में देदीप्यमान हैं ॥ ११ ॥

परं ब्रह्म महानेष पुरुषोत्तम एव च ।
आब्रह्मकीटभूतानां जीवनाधारमक्षयम् ॥ १२ ॥

ये महान् पुरुषोत्तम ही परब्रह्म हैं । ब्रह्मा से लेकर कीड़े-मकोड़े पर्यंत जीवों के अविनाशी जीवनाधार हैं ॥ १२ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

वसुनामा महज्ज्योतिरन्तरिक्षविहार्य्यसौ ।
सोऽयं योऽ तिथिरूपेण गृहस्यानेति गौतम ! ॥ १३ ॥

हे गौतम वंश प्रदीप ! अन्तरिक्ष में विचरण करनेवाली वसुनायक महान् ज्योति भी यही है । यह अतिथि के रूप से गृहस्थों के घर में आते हैं ॥ १३ ॥

सोऽग्निश्च दीप्तिमान् विप्र ! यज्ञवेद्यां प्रतिष्ठितः ।
समन्त्राहुतिदः सोऽयं तद्भोक्ता चैष सिद्धिदः ॥ १४ ॥

हे विप्र ! दीप्तिमान् अग्नि भी वही है । यज्ञवेदी में स्थित होकर वही मन्त्रपूर्वक आहुति प्रदान करनेवाला है, वहीं आहुतियों का भोक्ता है और वही सिद्धि देने वाला है ॥ १४ ॥

नृषु संतिष्ठमानोऽयं शक्त्योन्नयति तान् भृशम् ।
अत्येति देवतापितृंस्तद्रूपे संस्थितोऽप्यसौ ॥ १५ ॥

हे वटुवर ! मनुष्यों में स्थित हुए यह उन्हें अपनी शक्ति से उन्नति की ओर आगे बढ़ाते हैं ॥ १५ ॥

स एवाऽऽकाशसंव्यापी सत्यकामो महामनाः ।
दुर्धरो दुर्गमश्चैत्यः सत्यः सत्यपथाश्रितः ॥ १६ ॥

आकाशव्यापी वही प्रभु सत्यसंकल्प और महामना हैं । दुर्धर और दुर्गम भी वही है । सब प्राणियों के हृदय में स्थित वही सत्य और सत्यमार्गाधार हैं ॥ १६ ॥

जलेष्वयं महामत्स्यः शुक्तिशङ्खस्वरूपधृक् ।
औषधीनां प्रभुर्बीजं जीवनं विश्वकर्मदृक् ॥ १७ ॥

वहुचर्चित वही प्रभु जल में महामत्स्य, शुक्ति (सीप) और शङ्खरूप धारण करने वाले हैं । वही प्रभु ओषधियों के बीज और जीवरूप है एवं सारे विश्व के जीवों के कर्मकलाप के द्रष्टा हैं ॥ १७ ॥

यज्ञेषु फलदो यज्ञो यन्त्रात्मा तन्त्रगो विभुः ।
मन्त्ररूपो हविर्भोक्ता होता स यजमानकः ॥ १८ ॥

यज्ञों में यज्ञफल देनेवाले यज्ञ भगवान् भी वही प्रभु हैं, वही तन्त्रों में यन्त्रस्वरूप हैं । मन्त्ररूप भी वही प्रभु हैं, हवि के भोक्ता अग्नि, होता और यजमान भी वही प्रभु हैं ॥ १८ ॥

प्रकटीकुरुते सैष आत्मानं पर्वतेष्विह ।
नानानदनदीरूपात् स्रोतोरूपाच्च गौतम ! ॥ १९ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

वही प्रभु यहाँ पर्वतों में विविध प्रकार के नद और नदियों के रूप से एवं सोते और झरनों के रूप से अपने को प्रकट करते हैं ॥ १९ ॥

सैष इष्टिषु सर्वासु तत्त्वं श्रेष्ठतरं पुनः ।
परात्परतरं तथ्यं तं तु नात्येति कश्चन ॥ २० ॥

फिर, वही प्रभु इष्टियों में सर्वोत्कृष्ट तत्त्व हैं । परसे भी पर सत्यरूप वही हैं । उनका उलंघन कोई नहीं कर सकता है ॥ २० ॥

प्राणापानौ शरीरेऽस्मिन् कुर्वाते या क्रिया वटो ! ।
तथा जडपदार्थेषु यत्कर्तृत्वं च दृश्यते ॥ २१ ॥
तस्याऽव्ययस्य चिच्छक्त्या दिव्यप्रेरणया च भोः ! ।
तानि ताश्च भवन्त्यत्र तत्र हेतुर्महानसौ ॥ २२ ॥

हे वटुवर ! इस शरीर में प्राण (शरीरस्थ पाँच प्रकार के वायुओं में से हृदय मे स्थित वायु) और अपान (मलद्वार स्थित वायु) जो क्रियायें करते हैं एवं जड़ पदार्थों में जो कर्तृत्व दिखाई देता है वे सब क्रियायें तथा तत्तत् जीवों के जो कर्म जगत् में दिखाई देते हैं वे सब उस निर्विकार प्रेरणास्रोत परमात्मा की चित्-शक्ति तथा दिव्य प्रेरणा से ही होते हैं ! एकमात्र वही महान् इनके होने में हेतु हैं ॥ २१-२२ ॥

यथा तात ! नृपः कश्चिद् भृत्यानूर्ध्वमधः स्वतः ।
नयत्यत्र तथैवाऽसौ प्राणापानौ करोति च ॥ २३ ॥

हे मेरे प्रिय बालक ! जैसे कोई राजा अपने नौकर-चाकरों को ऊपर नीचे अपने आप करता है उनकी उन्नति या अवनति करने में दूसरे के परतन्त्र नहीं होता वैसे ही यह प्रभु भी स्वतः प्राण और अपान को ऊपर और नीचे क्रमशः करता है ॥ २३ ॥

अचिन्त्यशक्तिमानेष सर्वाः शारीरिकाः क्रियाः ।
प्रकरोति तथैवैताः संचालयति तैर्गुणैः ॥ २४ ॥

अचिन्त्य-शक्ति सम्पन्न यह प्रभु ही सब शारीरिक क्रियाओं को अपने आप करते हैं एवं वैसे ही उन सब शारीरिक क्रियाओं का उन गुणों से संचालन भी करते हैं ॥२४॥

भजन्यचरणाब्ज तं जगतां पतिमीश्वरम् ।
विद्वन्नुपासते सर्वे हृदयस्थितमात्मनः ॥ २५ ॥

हे विद्वद्वर ! सब जगतों के एकमात्र स्वामी जिनका चरणारविन्द भजन करने योग्य है, अपने हृदयरूप गुफा में स्थित परमात्मा की सब उपासना करते हैं ॥ २५ ॥

तमन्तर्यामिनं विप्र ! स्वान्तर्बाह्येन्द्रियेश्वरम् ।
नित्यमाराधयन्ते ते स्वाधिष्ठातारमक्षयम् ॥ २६ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

हे प्रियवर ! अपनी अन्तर और सब इन्द्रियों के अधिपति उन अन्तर्यामी अक्षय परमात्मा की, जो अपने अधिष्ठाता हैं, आधार हैं, सब लोग नित्य आराधना करते हैं ॥ २६ ॥

नियतैः सावधानैस्तैर्निषेधविधिरूपिणी ।
तदाज्ञा चोह्यते धैर्यात् स्थैर्यात् सम्पाद्यते पुनः ॥ २७ ॥

अपने वशीभूत (नियन्त्रित) अपने कार्य में सतर्क (सजग) उनमें अर्थात् आन्तर और बाह्य इन्द्रियों द्वारा उस प्रभु की निषेध और विधिरूप आज्ञायें धैर्यपूर्वक शिरोधार्य की जाती है और दृढ़तापूर्वक पूर्ण की जाती हैं ॥ २७ ॥

गमनाऽऽगमने कुर्वञ्जीवात्माऽसौ शरीरके ।
बाध्यते मोहमापन्नो विषयैश्च कदिन्द्रियैः ॥ २८ ॥

यह जीवात्मा इस तुच्छ शरीर में गमन और आगमन (जाना-आना) करता हुआ मोह पाश में फँसकर दुर्विनीत इन्द्रियों तथा लुभावने विषयों द्वारा बन्धन में पड़ जाता है ॥ २८ ॥

वर्तमानं शरीरं स्वं प्रहास्यन्नेष आत्मना ।
सहैव नयति प्राणान् विषयान्द्रियाणि च ॥ २९ ॥

अपने वर्तमान शरीर का परित्याग करता हुआ यह प्रभु (जीवात्मा) प्राणों को, इन्द्रियों को और उनके विषयों को अपने साथ ही ले जाता है ॥ २९ ॥

कथ्यते सा मृतावस्था देहिनां दुःखदायिनी ॥
आत्मव्यामोहिनी चैषा स्वसंस्कारानुबन्धिनी ॥ ३० ॥

देहधारियों को क्लेशदायिनी वह मृतावस्था कही जाती है। वह अवस्था जीवात्मा को व्यामोह में डालनेवाली तथा संस्कारों का अनुसरण करनेवाली है ॥ ३० ॥

धृत्वा साधारणीं दृष्टिं वीक्षमाणे तदा वटो !
दृश्यते न विशेषस्तु नाऽवशिष्टश्च लक्ष्यते ॥ ३१ ॥

हे वटुवर ! साधारण दृष्टि से देखने पर वहाँ कुछ भी विशेष लक्षित नहीं होता और कुछ बचा हुआ भी दृष्टिगोचर नहीं होता ॥ ३१ ॥

परं त्वत्र निविष्टोऽयं जीवात्मा ब्रह्मशक्तिधृक् ।
नित्यः सर्वगतः सूक्ष्मो बहिर्निःसरति द्विज ! ॥ ३२ ॥

परन्तु हे द्विजवर ! तब इस शरीर में स्थित ब्रह्मशक्ति धारण करनेवाला अव्यय सर्वगत सुसूक्ष्म यह जीवात्मा बाहर निकल जाता है ॥ ३२ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

एनमुद्दिश्य विप्रेन्द्र ! मृतोऽयं नाऽस्ति चाऽस्ति च ।
वादश्चलति लोकानां नैकरूपो निरर्थकः ॥ ३३ ॥

हे विप्रश्रेष्ठ ! इसी के उद्देश्य से यह मर गया है, नहीं है और है, ऐसी अनेक प्रकार की निरर्थक बकवाद लोगों की चलती हैं ॥ ३३ ॥

तृतीयेन वरेणाऽत्र पृष्टोऽयं विषयस्त्वया ।
मयाऽपि कथितः सैष ब्रह्म तद्धंस एव सः ॥ ३४ ॥

तीसरे वर से यहाँ यही विषय मुझसे पूछा था, वह यह मैंने तुमको बतलाया । यह हंस ही वह ब्रह्म है ॥ ३४ ॥

कृष्णप्रसादरचिते कठोपनिषदात्मके ।
ब्रह्मविद्यापरे काव्ये चैकविंशोऽप्यसौ गतः ॥ ३५ ॥

श्रीकृष्णप्रसाद घिमिरे द्वारा विरचित कठोपनिषदात्मक ब्रह्मविद्या परक काव्य में यह इक्कीसवां सर्ग समाप्त हुआ ॥ ३५ ॥

ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

द्वाविंशः सर्गः

अथ क्षणं शान्त उवाच बालकं
प्रसन्नचित्तं समवेक्ष्य सोऽन्तकः ।
निर्दिश्य शास्त्रीयविधानसत्कृतं
तत्पृष्टतत्त्वं पुनरन्यरूपतः ॥ १ ॥

इसके अनन्तर वह यमराज क्षणभर मौन होकर उस बालक नाचिकेता को, ज्ञान-लाभ होने से, प्रसन्नचित्त देखकर उसके द्वारा पूछे गये तत्त्व का फिर अन्य प्रकार से शास्त्रीय-विधि समर्थित उत्तर वोले ॥ १ ॥

श्वो वाऽद्य वा गौतम ! देहिनां ध्रुवं
तद्देहनाशोऽत्र विनिश्चितः स्वतः ।
तदन्तकृत् सोऽहमिहास्म्यधिष्ठित
आब्रह्मकीटान् न जहामि देहिनः ॥ २ ॥

हे गौतम ऋषि के वंशांकुर ! देहधारियों के विनश्वर देह का आज या कल स्वतः विनाश होना निश्चित है। उनका विनाश करनेवाला मैं (यमराज) इस सन्दर्भ में अधिकृत (प्राप्ताधिकार) हूँ। मैं ब्रह्मा से लेकर कीड़े-मकोड़े तक किसी भी प्राणी को नहीं छोड़ता हूँ ॥ २ ॥

प्राणन्ति नैतेऽन्यपदार्थसंग्रहैः
प्राणैरपानैश्च तदिन्द्रियैरपि ।
तज्जीवतत्त्वेन निरीक्षिता इमे
प्राणन्ति यज्जीवनकारणं हि तत् ॥ ३ ॥

ये देहधारी जीव अन्यान्य पदार्थों के संग्रह से नहीं जीते हैं, एवं प्राण, अपान तथा तत्-तत् इन्द्रियों से भी जीवित नहीं रहते। उस जीवतत्त्व से निरीक्षित होने पर ही ये जीवित रहते हैं। इनके जीवन का हेतु वही जीवतत्त्व है ॥ ३ ॥

प्राणस्तथाऽपान उभौ तदाश्रितौ
समेधमानौ तत आप्तजीवनौ ।
जीवो यदा याति विहाय विग्रहं
तदा समं यान्त्यमुनेन्द्रियाण्यपि ॥ ४ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

प्राण और अपान वायु दोनों जीवतत्त्व के आश्रित हैं और दोनों ने अपना जीवन (अस्तित्व) उसी से प्राप्त किया है एवं दोनों उसी से वृद्धि को प्राप्त होते हैं। जीव जब शरीर का त्यागकर चला जाता है तब प्राण, अपान और सब इन्द्रियाँ भी जीव के साथ चली जाती हैं ॥ ४ ॥

ब्रवीम्यहं त्वामथ गुह्यमेककं
देहे मृते तद्गत एष जीवक ।
प्रियोऽसि मे गच्छति कुत्र कीदृशो
भंवत्ययं चैकमनाः शृणु द्विज ! ॥ ५ ॥

हे वटुवर ! तुम मेरे प्रिय हो, इसलिए अब मैं तुमसे एक गोपनीय तत्त्व कहता हूँ, देह के मर जाने पर उसमें स्थित यह जीव कहाँ जाता है और कैसा होता है; इस बात को तुम ध्यान देकर सुनो ॥ ५ ॥

शुभाशुभे कर्म विकुर्वतश्चिरं
जीवस्य संस्कारवशाद्विवर्धिता ।
तद्वासना शिक्षणपद्धतिश्च सा
समेति चैनं गुरुशास्त्रसङ्गजा ॥ ६ ॥

चिरकाल से शुभ और अशुभ (पुण्य और पाप) कर्म कर रहे जीव के संस्कारों के कारण बढ़ी हुई शुभाशुभ कर्मों की यह वासना तथा गुरु और शास्त्र के संसर्ग से उत्पन्न शिक्षण-पद्धति इस जीवात्मा के साथ जाती है ॥ ६ ॥

स ताः गृहीत्वैव शरीरमन्यकं
ग्रहीतुमायाति विसृज्य तां तनुम् ।
तत्प्रेरितोऽन्ते विवशोऽयमेकको
निर्याति तांस्तान् विषयान् निषेवितुम् ॥ ७ ॥

वह उन्हें शुभाशुभ (कर्मवासनाओं तथा शिक्षा-पद्धति के) साथ लेकर अन्य देह का ग्रहण करने के लिए उस पूर्व देह का त्याग कर उक्त वासना आदि से प्रेरित होकर अन्त में विवशता वश अकेला ही कृत शुभाशुभ कर्मों से प्राप्त होने वाले उन शुभाशुभ विषयों का भोग करने के लिए बाहर निकल पड़ता है ॥ ७ ॥

तद्योग्यदेहं समवाप्तुमुत्सुको
जीवः पितुः शुक्रपथाश्रितो द्विज ! ।
गर्भं स्वमातुः प्रतिगम्य संस्थितो
भवत्यहो ! कालविवर्धितः स्वतः ॥ ८ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

हे विप्रश्रेष्ठ ! शुभ और अशुभ कर्मों के फलों के उपभोग योग्य शरीर को प्राप्त करने के लिए उत्सुक हुआ जीवात्मा पिता के वीर्य के आश्रित होकर अपनी माता के गर्भ में जाकर स्थित होता है और वहाँ, आश्चर्य है, अपने आप समय से वृद्धि को प्राप्त होता है ॥ ८ ॥

शुभाशुभे तद्विधकर्मणी पुन—
येषां समे संभवतो विशेषतः ।
ते संभवन्तीह मनुष्ययोनिषु
तेषां हि योग्यं नरजन्म वस्तुतः ॥ ९ ॥

फिर, जब शुभ और अशुभ फल देनेवाले शुभ और अशुभ कर्म लोगों के बराबर (तुल्य) होते हैं, वे विशेषरूप से मनुष्य योनि में उत्पन्न होते हैं। वास्तव में मनुष्य-जन्म ही उनके योग्य है ॥ ९ ॥

पापाधिका न्यूनशुभास्तु जीवका
भवन्ति विद्वन् ! पशुपक्षिणस्त्विह ।
तेभ्यो निकृष्टा जडयोनिसंभवा
नित्यं विषीदन्त्यगतामुपागताः ॥ १० ॥

किन्तु हे विद्वद्वर ! जिन लोगों के अशुभ कर्मों (पापों) की मात्रा अधिक और शुभ कर्मों (पुण्यों) की मात्रा कम होती है वे जीव यहाँ पशु और पक्षी होते हैं। उनसे गये गुजरे (यानी जिनके पापों की मात्रा ही बहुत अधिक हो) जड़ योनियों में उत्पन्न होनेवाले वे जीव स्थावरता (पेड़, पौधे, लता आदि रूप) को प्राप्त होकर निरन्तर दुःख भोगते हैं ॥ १० ॥

इत्थं समाभाष्य रहस्यमद्भुत—
मुद्घाटयिष्यन् स जगद्विभोर्गतिम् ।
स्वरूपमीशित्वमथाऽस्य सद्गतेः
कर्तृत्वमप्याह तथैव सोऽन्तकः ॥ ११ ॥

इस प्रकार अद्भुत रहस्य बतलाकर जगत् के प्रभु भगवान् की चर्या (लीला) का उद्घाटन करनेवाले भगवान् धर्मराज ने इसके बाद सज्जनों के गतिरूप भगवान् का स्वरूप, ऐश्वर तथा कर्तृत्व भी नचिकेता से कहा है ॥ ११ ॥

जीवात्मनां विश्वभुवां द्विजर्षभ !
कर्मानुसारेण फलानुसन्धिनाम् ।
तद्योग्यकर्तृत्वगुणैर्धितो विभुः
सोऽयं परात्मा प्रकरोति तत्समम् ॥ १२ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

हे विप्रश्रेष्ठ ! अपने अपने कर्मों के अनुसारी फलों के उपभोग के उपयुक्त शरीर का गवेषण करनेवाले संसार में उत्पत्यमान जीवात्माओं के कर्मफलोपभोगयोग्य शरीर के निर्माण में प्रावीण्यरूप गुण से सम्पन्न सर्वव्यापक वह परमात्मा उनके अनुरूप ही देहादिका निर्णय करते हैं ॥ १२ ॥

यद्यस्य कर्मास्ति समेधितं यथा
यस्याऽस्ति येच्छा दृढवासनात्मिका ।
तत्तस्य तस्याश्च तथैव विश्वदृक्
करोति पूर्तिं नियमानुसारतः ॥ १३ ॥

विश्व के द्रष्टा परमात्मा जिस जीव का वृद्धि को प्राप्त जैसा कर्म रहता है और जिसकी दृढ़वासनारूप जैसी इच्छा होती है उसके उस कर्म की तथा उस वासना की, नियमानुसार, वैसी ही पूर्ति करते हैं ॥ १३ ॥

जागर्ति सोऽयं सततं स्वतेजसा
जीवेषु सुप्तेषु लयं गतेष्वपि ।
तेषां विलुप्तेऽपिच बोध आत्मनः
प्रज्ज्वालयंस्तं महिमानमेधते ॥ १४ ॥

यह परमात्मा निरन्तर अपने तेज से जागरूक रहते हैं, जीवों के सो जाने पर सुषुप्ति अवस्था में संज्ञाहीन हो जाने पर भी एवं मूर्च्छा आदि में उनके ज्ञान के लुप्त हो जाने पर भी अपनी उत्तम महिमा को सदा देदीप्यमान रखते हुए वे विराजते हैं ॥ १४ ॥

विज्ञानमस्याऽत्र न लुप्यते परं
नित्यं हि तत्तस्य वटो ! समेधते ।
तत्त्वं स एवाऽत्मपरं विशुद्धिमत्
सत्यं शिवं ब्रह्म च तद्ध्यनश्वरम् ॥ १५ ॥

हे वटुवर ! परमात्मा का वह परम विज्ञान कभी लुप्त नहीं होता । उनका वह झूलमलाता हुआ विज्ञान निरन्तर प्रकाशमान रहता है । वही आत्मा परमविशुद्धमान् तत्त्व है । अविनश्वर सत्य, शिव और ब्रह्म भी वही है, इसमें सन्देह नहीं है ॥ १५ ॥

नित्यामृतं तं परमात्मरूपिणं
स्वानन्दसत्यं निगदन्ति योगिनः ।
लोकाः समस्ता अमुमेव चाश्रिताः
प्राणन्ति चेष्टन्त इमे भवोदये ॥ १६ ॥

योगी नित्ययुक्त परमात्मरूपी उसी तत्त्व को स्वानन्दरूप सत्य कहते हैं । संसार का सृष्टि के समय ये सब लोक उन्हीं का आश्रय पाकर जीते हैं एवं नाना प्रकार की चेष्टाएँ करते हैं ॥ १६ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

लीलाप्रियः स्वात्मघनोऽयमव्यय—
स्तज्जीववृन्दानि विनर्तयत्यहो ! ।
यन्निर्मितांस्तान् नियमाञ्छरीरिणो
वहन्ति मूर्ध्ना परिपालयन्ति च ॥ १७ ॥

वह आनन्दघन अविनाशी परमात्मा क्रीड़ाप्रिय हैं। क्रीड़ा उनको बड़ी प्रिय है। क्रीड़ार्थ ही उनकी यह जगत्सृष्टि है। वह जीव-समुदाय की सृष्टि कर उन्हें खूब नचाते हैं, यह आश्चर्य की बात है। जिनके बनाये हुए नियमों को शरीरधारी सिर झुका कर धारण करते हैं और हृदय से उनका पालन करते हैं॥ १७॥

न केऽपि तल्लङ्घयितुं क्षमा जनाः
पारं महिम्नोऽस्य न चाप्नुवन्ति च ।
जीवन्ति सर्वे तदधीनतामिता—
स्तद्भिन्न आसीद्भविता च कोऽपि न ॥ १८ ॥

उनके वनाये हुए नियमों का उलंघन करने के लिए कोई भी समर्थ नहीं हैं। उनकी महिमा का पार भी कोई नहीं पाते। उनके अधीन होकर सब लोग जीवित रहते हैं। उनसे भिन्न न कोई भूतकाल में था और न भविष्य में रहेगा॥ १८॥

पृष्टं त्वया ब्रह्म तदीप्सितं परं
तत्त्वं त्वमेतत् परमात्मरूपिणम् ।
आत्मानमेवाऽत्र निबोध सत्स्थिति
यत्तत्त्वमेवासि दृढं विचारय ॥ १९ ॥

विप्रवर ! तुमने उसी अभीष्ट परब्रह्म के विषय में मुझसे प्रश्न किया था। तुम यहाँ पर सत् परमात्मा है स्थिति जिनकी ऐसे परमात्मरूपी अपने को यह तत्त्व जानो अर्थात् वह ताव तुम्हीं हो यह दृढ़ निश्चय जानो॥ १९॥

तदस्तु विद्वन् ! पुनरस्य सद्गतेः
सतश्चिदानन्दमयाव्ययस्य च ।
निर्लिप्ततां व्यापकतां समेधितां
त्वां वच्म्यहं संशृणु सावधानतः ॥ २० ॥

हे विद्वद्वर ! इस प्रसंग को यहीं छोड़ दो। अब मैं तुमसे सत्-चित् आनन्दमय अविनाशी सज्जनों के गतिरूप इस परमात्मा की निर्विकारता, व्यापकता तथा अभिवन्द-नीयता का वर्णन करता हूँ, तुम सावधान होकर सुनो॥ २०॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

वह्निर्यथा व्याप्तभवप्रपञ्चको
निराकृतिस्तिष्ठति सैष यत्पुरा।
न तत्र भेदोऽप्युपलभ्यते मनाङ्
न दृश्यतां चैति तथाविधोऽपि सः ॥ २१ ॥

पश्चाज्ज्वलन् सोऽत्र विवर्धते यदा
स्वाधारभित्तीर्गत एष राजते।
पुनस्तथाभूत इह प्रदृश्यते
तत्तत्स्वरूपेण विशोभते च सः ॥ २२ ॥

जैसे वह अग्नि, जिसने सारे संसार-प्रपंच को व्याप्त कर रखा है, पहले निराकार रहती है, तव उसमें तनिक भी भेद की प्रतीति नहीं होती है और न वह दृश्य ही होती है। इस प्रकार की भी वह अग्नि जब प्रज्वलित होती है तव अपने आधार काष्ठ आदि में स्थित होकर चमकती है, फिर जैसा आधार होता है वैसी ही वह यहाँ दिखाई देती है और अधिकार की जैसी रूपरेखा होती है तदनुसार ही झलकती है। ठीक उसी प्रकार यह (परमात्मा) एक अद्वितीय होता हुआ भी चर-अचर सव जीवों के हृदयों में स्थित होकर स्पष्टरूप से विभिन्न सा दिखता है। सर्वव्यापक परब्रह्म व्यष्टिरूप सकल जीवहृदयाश्रित हो नानात्व को प्राप्त होकर विभिन्न सा प्रतीत होता है ॥ २१-२२ ॥

तद्वत् स चैकोऽपि विदृश्यते स्फुटं
चराचराणां हृदयेष्ववस्थितः।
व्यष्टिस्वरूपेण तदाश्रितो विभु—
र्विभाति नानात्वमितो विभिन्नवत् ॥ २३ ॥

वैसे ही वह एक होते हुए भी स्पष्टरूप से चराचरों के हृदय में अवस्थित दिखाई पड़ते हैं और व्यष्टिरूप से उनमें स्थित वे प्रभु नानात्व को प्राप्तकर भिन्न-भिन्न जैसे प्रतीत होते हैं ॥ २३ ॥

नैतन्महत्त्वं परमस्य वेधसो
विलक्षणाऽनन्तगतेर्भवोद्भवः।
क्षुद्रांश एवाऽस्य सदिच्छयैधितो
ब्रह्माण्डवृन्दानि सृजत्यहोऽद्भुतम् ॥ २४ ॥

विलक्षण अनन्तशक्ति सम्पन्न विधाता का संसार को उत्पन्न करना यह कोई महत्त्व नहीं है। यह तो उनकी सृष्टि का एक क्षुद्र अंश है। सद् इच्छा से सम्पन्न परमात्मा एक दो ब्रह्माण्ड नहीं कोटि-कोटि ब्रह्माण्डों की सृष्टि करते हैं, यह महान् आश्चर्य है ॥ २४ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अव्यक्तरूपोऽनिल एकतामितो
ब्रह्माण्डमावृत्य वितिष्ठते द्विज ! ।
पदार्थसंयोगत उत्थितस्तथा
तत्तत् क्रियावानिव भाति वस्तुतः ॥ २५ ॥

हे विप्रवर ! एकता को प्राप्त हुआ अव्यक्तरूप (अस्पष्टरूप) वायु ब्रह्माण्ड को आवृत कर स्थित रहता है। अन्य पदार्थों के संयोग से जब वह व्यक्त होता है तब वस्तुतः तत्तत् कर्मवान् सा प्रतीत होता है ॥ २५ ॥

तथैव सैषोऽपि हरिः शरीरिणा—
मन्तर्गतस्तद्धृदयेष्ववस्थितः ।
तत्तत्क्रियावानिव शक्तिमानिव
विभात्यनन्तोऽपि विभुर्बहिर्यथा ॥ २६ ॥

वैसे ही अनन्त भी यह व्यापक प्रभु शरीरधारियों के भीतर बैठा हुआ उनके हृदयों में स्थित होकर बाहरी की तरह तत्-तत् कर्म करता हुआ सा शक्तिमान् सा प्रतीत होता है ॥ २६ ॥

दृष्टान्त एषोऽपि तदन्य उच्यते
शृणुत्वमत्राऽपि च सावधानतः ।
चराचरं विश्वमिदं स्वतेजसा
प्रकाशयत्येष रविः करान् क्षिपन् ॥ २७ ॥

इस विषय में पूर्वोक्त दृष्टान्तों से भिन्न यह दृष्टान्त भी मैं कहता हूँ, इस पर भी तुम सावधान होकर कान लगाओ—यह भगवान् सूर्य अपनी किरणों को चारों ओर बिखेरते हुए इस चराचर विश्व को अपने तेज से प्रकाशित करते हैं ॥ २७ ॥

तत्तेज एवाऽत्र चराचरात्मनां
शरीरिणां कर्मगतौ सहायकम् ।
सदा तदाश्रित्य चराचरास्तथा
जीवन्ति चेष्टन्त इमे स्वकर्मसु ॥ २८ ॥

इस लोक में उनका तेज ही चराचररूपी प्राणियों के कार्यसाधन में सहायक है। ये चराचर जीव सदा उनके आश्रित रहकर जीवित रहते हैं और अपने प्रारब्धानुरूप विविध व्यापार करते हैं ॥ २८ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

परन्तु तेषां गुणदोषतामितै—
स्तद्वाह्यसङ्गैश्च न लिप्यते ह्यसौ ।
जानीहि तद्वद्द्विज ! तं जगत्प्रभुं
निर्विक्रियं सर्वगतं स्वभावतः ॥ २९ ॥

किन्तु इन चराचर प्राणियों के गुण और दोषों के संसर्ग से भगवान् सूर्य कदापि लिप्त नहीं होते । हे द्विजश्रेष्ठ नचिकेता ! ठीक वैसे ही उन जगत्प्रभु को भी देहधारियों के गुण दोषों से अलिप्त, स्वभावतः निर्विकार और सर्वगत जानो ॥ २९ ॥

संसारिणस्तत्कृपयाप्तजीवना—
स्तच्छक्तियुक्ताश्च लगन्ति कर्मसु ।
परन्तु सच्चिन्मय एष ईश्वरो
निर्लिप्त एवाऽत्र विराजतेऽनिशम् ॥ ३० ॥

संसारी जीवों को उनकी दया से जीवन मिला है उन्हीं की शक्ति से युक्त होकर ये अपने विविध व्यापारों में संलग्न हैं, परन्तु सत्चिन्मय यह ईश्वर निरन्तर निर्लिप्त ही विराजमान रहते हैं ॥ ३० ॥

तदेतद् गुह्यमध्यात्मं मयोद्घाटितमद्भुतम् ।
त्वमव्यग्रमना ब्रह्मन् ! विचारय प्रतिक्षणम् ॥ ३१ ॥

ब्रह्मन् ! मैंने इस गोपनीय अद्भुत अध्यात्म-रहस्य का उद्घाटन किया । तुम स्थिर शान्तचित्त होकर प्रतिक्षण इसका चिन्तन करो ॥ ३१ ॥

कृष्णप्रसादरचिते कठोपनिषदात्मके ।
ब्रह्मविद्यापरे काव्ये द्वाविंशोऽयमगात् पुनः ॥ ३२ ॥

श्रीकृष्णप्रसाद घिमिरे द्वारा विरचित कठोपनिषदात्मक ब्रह्मविद्या परक काव्य में यह बाईसवाँ सर्ग समाप्त हुआ ॥ ३२ ॥

ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

त्रयोविंशः सर्गः

परात्माऽन्तरात्मा जगत्प्राणिभिर्यः
समाराध्य एवं स्थितो हृत्सु तेषाम् ।
स इत्थं जयत्यत्र विद्वन् ! स्वशक्त्या
भवन्नैकरूपोऽप्यरूपोऽद्वितीयः ॥ १ ॥

हे विद्वद्वर ! परमात्मा-अन्तरात्मा जो संसार के सब प्राणियों का आराध्यदेव है एवं सब के हृदयरूपी गुफा में स्थित हैं वह अद्वितीय और अरूप होता हुआ भी अपनी शक्ति से इस प्रकार नानारूप होता हुआ सबसे उत्कृष्ट है ॥ १ ॥

स एवाऽत्र देवासुरान् मर्त्यसङ्घान्
विशिष्टांस्तथाऽन्यांश्च जीवान् समस्तान् ।
विधायैव वश्यान् स्वतः पूर्णरूपो
विनोदेन संक्रीडते स्वात्मयोगात् ॥ २ ॥

स्वयं पूर्णरूप वही परमात्मा इस जगत् में देवता, असुर, सब मनुष्य तथा विशिष्ट अन्यान्य सब जीवों को अपने वशीभूत बनाकर अपने आत्मयोग से मनोविनोदार्थ क्रीड़ा करते हैं ॥ २ ॥

स्वरूपं तदेकं स्वयाऽतर्क्यशक्त्या
विनिर्माय नानात्वमाप्तं भवेऽस्मिन् ।
निषेधैश्च विध्यादिभिर्वेदवाक्यै—
र्विमोह्यैव तान् राजते चैष पश्यन् ॥ ३ ॥

इस जगत् में अपने उस अद्वितीय स्वरूप को अपनी अचिन्त्य शक्ति से नाना बनाकर निषेध और विधि आदिरूप वेद-वाक्यों से जीवों को मोहित कर उन्हें देखते हुए यह विराजमान है ॥ ३ ॥

तमेवं परात्मानमेवंविधं तु
स्वहृत्स्थं निरूप्याऽत्र धृत्या स्वयोगात् ।
महान्तो बुधाः प्राप्नुवन्तीह शान्ति
सदैवाऽऽत्मसंस्थं विपश्यन्ति तं ये ॥ ४ ॥

जिन महान् विद्वान् पुरुषों को, इस जगत् में, धैर्य से तथा आत्मयोग से इस प्रकार अपने हृदय में स्थित उस परमात्मा का साक्षात्कार कर शान्ति प्राप्त होती है वे सदा ही उस परमात्मा को आत्मा में स्थित देखते हैं ॥ ४ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

स्वकार्येषु सक्तास्त एवाऽत्र विद्वन् !
विभुं सर्वरूपं विभाव्यैव यस्मिन् ।
भ्रमन्ति स्वतो जन्ममृत्युस्वरूपे
जगच्चक्रजाले भृशं भ्रान्तचित्ताः ॥ ५ ॥

हे विद्वन् ! जगत् में अपने अपने कार्यों में आसक्त भ्रांतचित्त वाले वे लोग ही सर्वस्वरूप सर्वव्यापक प्रभु को न पाकर जन्म और मरणरूप इस जगत्-चक्ररूपी जाल में अपने आप बुरी तरह भटकते रहते हैं ॥ ५ ॥

स आत्माऽऽत्मनां चेतनानां समेषां
परात्मा च चैतन्यरूपश्च नित्यः ।
प्रपश्यन्निमाञ्जीवसङ्घांस्तदेभ्यः
प्रदायाऽऽरमत्यत्र तत्तत्फलानि ॥ ६ ॥

वह सब चेतनों के और आत्माओं के आत्मा नित्य चैतन्यरूपी परमात्मा इन सब जीवों की देखरेख करते हुए इन जीवों और इनके तत्-तत् कर्म फलों को प्रदान कर लीला करते हैं ॥ ६ ॥

विशेषेण बुद्धा तदेतद्रहस्यं
स्वहृत्स्थं परात्मानमेवं विभाव्य ।
स्थिताः शान्तरूपेण ये ज्ञानिनस्ते
सुखं प्राप्नुवन्तीह शान्तिं च नाऽन्ये ॥ ७ ॥

इस रहस्य को भली भाँति विशेषरूप से जानकर अपने हृदय में स्थित परमात्मा का इस प्रकार साक्षात्कार कर जो ज्ञानी जन शान्त रूप से स्थित हैं, उन्हें ही जगत् में सुख और शान्ति प्राप्त होती है, औरों को नहीं ॥ ७ ॥

निशम्येदृशं तत्त्वमस्यात्मनोऽपि
विचाराम्बुधौ मज्जमानो वटुः सः ।
क्षणं भावगम्यां स्थितिं ब्रह्मरूपां
गतश्चिन्तयामास गूढं तदैक्यम् ॥ ८ ॥

इस आत्मा का इस प्रकार का तत्त्व (वास्तविकता) सुनकर विचार-सागर में डूबते और उतराते हुए उस वटु ने क्षण भर के लिए मन से संवेद्य ब्रह्मरूप स्थिति को प्राप्त कर आत्मा और परमात्मा के एकत्व (अभेद), जो अत्यन्त गूढ़ है, का चिन्तन किया ॥ ८ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

तदैवाऽस्य चित्तं विशुद्धिमवाप्य
रराजाऽत्र वृत्तान्त उद्भूत एकः ।
किमेतद्रहस्यं किमात्माऽप्ययं तां
समाप्नोति शान्तिं परां ब्रह्मरूपाम् ॥ ९ ॥

तभी इस बालक का चित्त विशुद्धि को प्राप्त हो कर चमक उठा । इस अवसर पर उसके मन में एक उलझन उठ खड़ी हुई । यह क्या रहस्य है ? क्या यह आत्मा अर्थात् मेरा आत्मा उस ब्रह्मरूप परमशान्ति को प्राप्त हो सकता है ? ॥ ९ ॥

वदन्तीह यज्ज्ञानिनो योगिनश्च
तदेकं परं ब्रह्म सत्तत्त्वमस्ति ।
नियम्येन्द्रियाणि स्वचित्तं च सम्यक्
प्रपश्यन्ति धीरा यदेतत् कथं स्यात् ? ॥ १० ॥

जगत् में ज्ञानी पुरुष तथा योगी जन—जो यह कहते हैं कि, वह परब्रह्म ही एकमात्र सत् तत्त्व है—अपने मन तथा इन्द्रियों को भली भाँति नियन्त्रण में रख कर धीर (विद्वान्) उसका साक्षात्कार कर सकते हैं, यह कैसे संभव होगा ? ॥ १० ॥

पुनर्यद्दुरापं तदेभिर्मनुष्यै—
रवर्ण्यं ह्यतर्क्यं च वाग्भिर्मनोभिः ।
कथं प्राप्नुयां तद्ध्यहं प्रेक्षमाणो
भवेच्चाऽपरोक्षं कथं वा ममाऽपि ॥ ११ ॥

फिर जो इन मनुष्यों द्वारा दुष्प्राप्य है, वाणी द्वारा वर्णनीय नहीं है तथा मन द्वारा तर्क (कल्पना) करने योग्य नहीं है, उस तत्त्व को 'देख रहा अर्थात् खोज रहा मैं कैसे पाऊँगा अथवा वह मेरा अपरोक्ष (प्रत्यक्ष) कैसे होगा ? ॥ ११ ॥

स्थितेऽस्मिञ्छिशौ तादृशे सद्विचारे
विबुध्याऽस्य भावं सुखेनैव हृत्स्थम् ।
तमालोक्य भूयोऽपि शान्त्या यमोऽसा—
वुवाचैनमारात् स्थितं स्वात्मसंस्थम् ॥ १२ ॥

इस बालक नचिकेता के वैसे सद्विचार में मग्न होने पर उसके हृदय में स्थित भाव को अनायास ताड़ कर भगवान् धर्मराज ने शान्त भाव से उसकी ओर दृष्टि डालकर समीप में बैठे हुए स्वात्मचिन्तन में तल्लीन उससे कहा ॥ १२ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

स्वयंज्योतिषो ब्रह्मणोऽनन्तशक्तेः
पुरस्तात् समर्थं न तेजोऽन्यगं तत् ।
स्वकीयं महः क्षेप्तुमीशश्च नात्मा
महत्स्वत्र नो क्षुद्रसंङ्घाः समर्थाः ॥ १३ ॥

स्वयंप्रकाश अनन्तशक्ति वाले ब्रह्म के सामने अन्य किसी का तेज समर्थ नहीं है। आत्मा अपना तेज उस पर फेंकने में समर्थ नहीं है । जगत् में महातेजस्वियों का सामना करने के लिए क्षुद्र (स्वल्प) तेजवाले समर्थ नहीं होते हैं ॥ १३ ॥

यथा सूर्यकान्तेः समीपं श्रिता सा
समर्था न खद्योतकान्तिः स्वशक्त्या ।
प्रभुं भास्करं दीप्तिमन्तं विधातुं
तथैवाऽत्र जानीहि सर्वेऽसमर्थाः ॥ १४ ॥

जैसे भगवान् सूर्य की प्रभा के समीप में स्थित वह जुगनू की कान्ति अपनी टिम-टिमाती हुई तेजशक्ति से भगवान् भास्कर को देदीप्यमान करने में समर्थ नहीं है वैसे ही ब्रह्म के सम्बन्ध में तुम जानो, सभी तेजस्वी उस महान् तेजस्वी को देदीप्यमान करने में असमर्थ हैं ॥ १४ ॥

समृद्धो रविर्यस्य संप्राप्य तेजो
जगद्दीपयत्यत्र यद्दीप्तिमात्रात् ।
अतुल्यं हि तत्तेज इत्थं स्वशक्त्या
चिरादेधते वत्स ! संसारचक्रे ॥ १५ ॥

हे प्रियवर बालक ! जगत् में जिस (प्रकाण्ड तेजस्वी परब्रह्म परमात्मा) का तेज पाकर सूर्य तेज से संपन्न है । जिसकी दीप्ति की एक मात्रा (अंशमात्र) से वह (सूर्य) सारे जगत् को प्रदीप्त करता है। इस प्रकार का अनुपम वह तेज संसार चक्र में अपनी शक्ति से सदा उत्कृष्ट (अभिवन्दनीय) है ॥ १५ ॥

न विद्युद्गणाश्चन्द्रतारादयश्च
समर्थाः समर्थो न तल्लौकिकाग्निः ।
अनेनाऽप्रकाश्येन चैते प्रकाश्याः
समुज्ज्वालयन्तीह तद्भिन्नमात्रान् ॥ १६ ॥

न तो राशीभूत बिजलियाँ, न चन्द्रमा और न तारा आदि उसे प्रकाशित करने में सक्षम हैं । वह अलौकिक अग्नि भी उसे प्रकाशित करने में समर्थ नहीं है । उस अप्रकाश्य (अन्य से प्रकाशित न होनेवाले स्वयं प्रकाश) ब्रह्म से ये सब सूर्य, चन्द्र,

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

तारा, विजली आदि प्रकाश्य हो कर जगत् में उससे भिन्न अन्यान्य पदार्थों को प्रकाशित करते हैं ॥ १६ ॥

तदस्य प्रकाशेन ये सत्प्रकाशा-
स्त एवंविधं तत् कथं ज्वालयेयुः ।
यदत्राऽस्ति चैकं महः सर्वधाम
जगद्व्यापकं प्रज्ज्वलत् स्वांशमात्रात् ॥ १७ ॥

इसलिए इस ब्रह्म के प्रकाश से जो प्रकाशमान् हैं वे इस प्रकार के महातेजस्वी उसको कैसे प्रकाशित करेंगे । सव तेजों का आकरभूत सर्वव्यापक वह एक तेज अपने एक अंशमात्र से यहाँ प्रकाशमान् है ॥ १७ ॥

एतावदुक्त्वा विरराम सूर्यजः
क्षणं समाश्वस्य समीक्ष्य तं वटुम् ।
मुहूर्तमात्रात् पुनराह सस्मितं
विलोक्य तं तद्गतमानसं प्रियम् ॥ १८ ॥

इतना कहकर सूर्यपुत्र यमराज चुप हो गये । क्षण भर विश्राम लेकर उस वटु की ओर दृष्टिपात कर मुहूर्त मात्र के बाद मुसकुराते हुए उस प्रिय वटु, जिसका मन ब्रह्म में संलग्न था, को देखकर फिर बोले ॥ १८ ॥

कृष्णप्रसादरचिते कठोपनिषदात्मके ।
ब्रह्मविद्यापरे काव्ये त्रयोविंशोऽप्ययं गतः ॥ १९ ॥

श्रीकृष्ण प्रसाद घिमिरे द्वारा विरचित कठोपनिषदात्मक ब्रह्मविद्या प्रतिपादक काव्य में यह तेईसवां सर्ग समाप्त हुआ । २३ ।

ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

चतुर्विंशः सर्गः

शृणुत्वमत्र भूयोऽपि रूपकेणैव गौतम ! ।
तत्परब्रह्मणो रूपं त्वां सम्यग् बोधयाम्यहम् ॥ १ ॥

हे गौतमवंशज ! इस विषय में मैं फिर भी रूपक द्वारा परब्रह्म का स्वरूप तुम्हें भलीभांति समझता हूं, तुम सुनो ॥ १ ॥

ब्रह्माण्डरूपको वृक्षो ह्यश्वत्थाख्योऽत्र वर्तते ।
यस्य मूलं गतं चोर्ध्वं विलसत्यसमं द्विज ! ॥ २ ॥

हे द्विजश्रेष्ठ ! ब्रह्माण्डरूपी अश्वत्थ (पीपल) नाम का एक वृक्ष हैं, उसकी जड ऊपर को गई है- वह असाधारण रूप से विराजमान है ॥ २ ॥

तद्ब्रह्म राजते तत्र प्राणिनां जीवनं महत् ।
तेषां तदात्मभिर्गम्यं सल्लक्ष्यं सर्वशक्तिमत् ॥ ३ ॥

प्राणियों का महान् जीवनभूत वह ब्रह्म उस वृक्ष में शोभा पाता है । वह सर्वशक्तिमान् परम लक्ष्यभूत वह्म प्राणियों की आत्माओं से (जीवात्माओं से) ज्ञेय है ॥ ३ ॥

तत्सत्प्रधानशाखायां स्थितो ब्रह्मा प्रजापतिः ।
दीप्तस्तच्छक्तितेजोभिर्ब्रह्माण्डं सृजतीदृशम् ॥ ४ ॥

उस वृक्ष की श्रेष्ठ प्रधानभूत शाखा में सबके सृजनहार ब्रह्मा बैठे हैं । वह उस परमशक्ति सम्पन्न परब्रह्म की शक्ति और तेज से प्रदीप्त शक्तिशाली होकर इस प्रकार के ब्रह्माण्ड की सृष्टि करते हैं ॥ ४ ॥

तदवान्तरशाखासु देवपितृनरादयः ।
क्रमेणाऽधः स्थिता भान्ति साकं तैः पशुपक्षिभिः ॥ ५ ॥

उसकी मध्यवर्ती छोटी-मोटी शाखाओं में देवता, पितर, नर आदि क्रमशः नीचे स्थित होकर पशु और पक्षियों के साथ विराजमान हैं ॥ ५ ॥

ब्रह्माण्डाश्वत्थवृक्षोऽयं दिव्यरूपश्चिरन्तनः ।
प्रचकास्ति स्वरूपेण तद्दृष्ट्यैवं समेधितः ॥ ६ ॥

यह ब्रह्माण्डरूपी अश्वत्थ वृक्ष बड़ा ही सुन्दर और बहुत पुराना है । परब्रह्म परमात्मा की दृष्टि से इस प्रकार सम्मानित होकर अपने स्वरूप से देदीप्यमान है ॥ ६ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

प्रकटाप्रकटी कुर्वन् स्वं तत्राऽनन्तब्रह्मणि ।
संस्थितोऽसौ तदाश्रित्य मूलकारणमात्मनः ॥ ७ ॥

यह (अश्वत्थ वृक्ष) उस अनन्त ब्रह्म अपने स्वरूप को कभी प्रकट और कभी तिरोहित करता हुआ मूल कारणरूप उस (ब्रह्म) का आश्रय लेकर स्थित है ॥ ७ ॥

उत्पन्नोऽयं यतो विप्र ! येन रक्षित एधते ।
यस्मिंश्च लीनतामेति तत् सद् ब्रह्म विशुद्धिमत् ॥ ८ ॥

यह (अश्वत्थ) जिससे उत्पन्न हुआ, जिसके द्वारा रक्षित होकर वृद्धि को प्राप्त होता है और अन्त में जिसमें इसका विलय होता है वह विशुद्धिमान् सद् ब्रह्म है ॥ ८ ॥

तदेतद् ब्रह्म सद्विद्धि तदेवाऽमृतमुच्यते ।
यत्समाश्रित्य जीवन्ति प्राणिनोऽमी चराचराः ॥ ९ ॥

उसी ब्रह्म को तुम सद् जानो, वही अमृत कहा जाता है जिसका आभास प्राप्त कर ये चर अचर (स्थावर और जंगम) सभी प्राणी जीवित हैं ॥ ९ ॥

न कोऽप्यत्र समर्थोऽस्ति तद्विना जीवितुं तथा ।
आज्ञां लङ्घयितुं चास्य त्वत्पृष्टं चैतदेव तत् ॥ १० ॥

जगत् में किसी की भी उनके विना जीवित रहने की क्षमता नहीं है एवं उनकी आज्ञा का उल्लंघन करने की सामर्थ्य भी किसी में नहीं है। हे वटु ! जो तुमने मुझसे पूछा था वह यही है ॥ १० ॥

विषया इन्द्रियैर्गम्यास्ते सन्त्यत्राऽपि तन्मयाः ।
तन्मयं च जगत्सर्वं दृश्यमानं विभाति यत् ॥ ११ ॥

तत्सर्वं स्वात्मनो मूलात् परब्रह्मात्मनो हरेः ।
राजते प्रकटीभूतं चेष्टते च तमाश्रितम् ॥ १२ ॥

जगत् इन्द्रियों द्वारा भोग्य जो मनोमय विषय हैं एवं विषयों से भरा दृश्यमान सारा जगत् भासता है वह सब अपने मूल कारण परब्रह्म परमात्मा भगवान् श्रीहरि से प्रकट होकर विराजमान हैं और उन्हीं के आश्रित होकर चेष्टा करते हैं ॥ ११, १२ ॥

आधारस्थलमेतेषां परमात्माऽयमद्भुतः ।
दयालुर्वर्तते किन्तु दृश्यते च भयावहः ॥ १३ ॥

इन सब का असाधारण स्थान यह दयामय परमात्मा ही है, किन्तु वह भयावह भी दिखता है ॥ १३ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

विभ्यत्यस्मान्महान्तस्ते दिव्या विश्वसृगादयः ।
क्षुद्राःकीटादयश्चापि त्रासमायान्ति नित्यशः ॥ १४ ॥

वे विश्वस्रष्टा आदि वड़े-वड़े देवता भी इससे भयभीत रहते हैं, क्षुद्र कीड़े आदि भी इससे नित्य त्रस्त रहते हैं ॥ १४ ॥

तथैव दृश्यते सोऽयं स्वत उद्यतवज्रवत् ।
विकरालश्च कालोऽसौ सर्वेषाञ्च नियामकः ॥ १५ ॥

यथा दण्डधरं दृष्ट्वा स्वामिनं पुरतः स्थितम् ।
सर्वे बिभ्यति तद्भृत्यास्तदाज्ञां पालयन्ति च ॥ १६ ॥

तद्वद्विश्वसृजाद्यास्ते वहन्ति परमेशितुः ।
निषेधविधिरूपाख्यां तदाज्ञां प्रयताः सदा ॥ १७ ॥

वैसी यह स्वतः हाथ में वज्र उठाये हुआ सा दिखाई देता है । विकराल काल-रूप यह सब का नियामक (सबको कावू में रखनेवाला) है । जैसे दण्डधारी स्वामी को सामने खड़ा देखकर उसके सब नौकर चाकर भयभीत होते हैं और उसके आदेश का पालन करते हैं वैसे ही वे विश्वस्रष्टा देवगण परमपिता परमेश्वर के विधि-निषेध नामक आदेश का सदा विनम्र होकर शिरोधार्य करते हैं । ॥ १५–१६–१७ ॥

ईदृशं तं परात्मानं विदित्वैव यथाविधि ।
भवन्ति कृतकृत्यास्ते तेषां त्रासोऽपि नश्यति ॥ १८ ॥

इस प्रकार महाशक्तिशाली उस परमात्मा को यथोचित रूप से जानकर ही वे कृतार्थ होते हैं और उनका भय भी मिट जाता है ॥ १८ ॥

तत्त्वज्ञाः पुरुषा एते निर्भया अजरामराः ।
भूत्वेह विश्वचक्रं तज्जहत्येवं परं गताः ॥ १९ ॥

ये तत्त्वज्ञानी पुरुष भयरहित और अजर-अमर हो जाते हैं इस प्रकार परब्रह्म में तल्लीन होकर इस जगत् में संसार के आवागमन रूप चक्कर से छुटकारा पा जाते हैं ॥ १९ ॥

सर्वेषां शासकोऽयं भो ! तथा चैको नियामकः ।
स्वेच्छया चालयन् विश्वं परमेशोऽत्र राजते ॥ २० ॥

हे प्रिय बालक ! सबके प्रशासक तथा एकमात्र नियामक यह परमेश्वर अपनी इच्छा के अनुसार विश्व का संचालन करते हुए यहाँ विराजमान हैं ॥ २० ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

मूर्ध्ना वहन्ति तस्याज्ञां निषेधविधिरूपिणीम् ।
आब्रह्मकीटपर्यन्ताः प्राणिनस्तद्भयादिह ॥ २१ ॥

हे विप्रवर ! ब्रह्मा से लेकर कीड़े-मकोड़े तक सब जीव उनके भय से विधि-निषेधरूपी उनके आदेश को शिरोधार्य करते हैं ॥ २१ ॥

यद्भयात् प्रज्ज्वलत्यग्निः सूर्यस्तपति तद्भयात् ।
वायुर्वाति सदैवेत्थं प्रभुरिन्द्रोऽभिवर्षते ॥ २२ ॥
पञ्चमोऽहं महामृत्युस्तच्छक्त्या परिवर्धितः ।
गमनागमने कुर्वन् विरमामीह नान्ततः ॥ २३ ॥

जिनके भय से अग्नि प्रज्ज्वलित होती है, जिनके भय से प्रभु इन्द्र वर्षा करते है । पाँचवाँ मैं महाकालरूप उन (परब्रह्म) की शक्ति से बलवान् होकर गमन और आगमन करता हुआ अपने प्राणिसंहार कार्य में कभी रुकता नहीं हूँ ॥ २२,२३ ॥

तदाज्ञापालकाः सर्वे स्वस्वकर्मानुबन्धिनः ।
स्वं स्वं कर्म प्रकुर्वन्ति सावधानतयेह भोः ! ॥ २४ ॥

हे विप्रवर ! अपने अपने कर्मों से बँधे हुए उनकी आज्ञा का पालन करने वाले सब जीव सावधानी से अपना-अपना कर्म करते हैं ॥ २४ ॥

वर्तमानं जगत्सर्वं तदतीतमनागतम् ।
चकास्ति तदुदयोत्थं सत् स्वेशितुः शासने रतम् ॥ २५ ॥

वर्तमान सारा जगत्, भूतकालीन सारा जगत् तथा भविष्यकाल का सारा जगत् परब्रह्म की कृपा से उदित होकर भासमान है और अपने स्वामी की आज्ञा में तत्पर है ॥ २५ ॥

अनन्तशक्तिसम्पन्नं सर्वप्रेरकमद्भुतम् ।
नियन्तारं च लोकानां परमेश्वरमीदृशम् ॥ २६ ॥
वटो ! सुदुर्लभस्याऽस्य मर्त्यदेहस्य नाशतः ।
पूर्वं ये तं विजानन्ति न ते मुह्यन्ति कर्हिचित् ॥ २७ ॥

हे वटुवर ! जो लोग असीम शक्तिमान् सबको प्रेरणा देनेवाले सबके नियन्ता सब लोगों के एकमात्र परमेश्वर इस प्रकार के अद्भुत उन प्रभु को इस अत्यन्त दुर्लभ मनुष्य देह का विनाश होने से पहले यथार्थरूप से जान लेते हैं, वे कदापि विनष्ट नहीं होते हैं ॥ २६,२७ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

स्मरणैरस्य सन्नाम्नां गुणानां कीर्तनैस्तथा।
तत्प्राप्तिसाधनैश्चान्यैर्भावोद्रेकैश्च तद्गतैः ॥ २८ ॥
स्वतो जीवनसाफल्यं कुर्वन्तस्ते नरोत्तमाः।
भवन्ति सफला नित्यं जन्ममृत्यू जहत्यमी ॥ २९ ॥

भगवान् के पापविनाशी सत् नामों के स्मरण से उनके सद्गुण और चरित्रों के कीर्तन से एवं उनकी प्राप्ति के अन्यान्य साधनों से भगवद्विषयक भावों के उद्रेक द्वारा अपने उस (मानव) जीवन की सफलता का सम्पादन करते हुए वे श्रेष्ठतम नर सफल मनोरथ होते हैं एवं जन्म और मरण (आवागमन) से सदा के लिए छुटकारा पा जाते हैं ॥ २८,२९ ॥

अन्यथाकरणे तात ! मृत्योर्मृत्युमवाप्य ते।
विवशास्तापसंदग्धा भ्रमन्ति बहुयोनिषु ॥ ३० ॥

हे प्रियवत्स ! इसके विपरीत कर्म करने पर वे मृत्यु से फिर मृत्यु को प्राप्त होकर विवशता-वश विविध तापों से खूब दग्ध होकर विविध योनियों में भ्रमण करते हैं ॥ ३० ॥

तदर्थं सन्मनुष्यैस्तैर्यतितव्यमहर्निशम्।
प्राप्तव्यं च परं ब्रह्म तन्निदिध्यासनादिना ॥ ३१ ॥

उस विपदा के निवारण के लिए उत्तम कोटि के मनुष्यों को रात-दिन प्रयत्न करना चाहिये। परब्रह्म परमात्मा के श्रवण, मनन और निदिध्यासन द्वारा परब्रह्म को प्राप्त करना चाहिये ॥ ३१ ॥

सगुणं निर्गुणं तत् सद् यत्तमिच्छन्ति ते शिशो !।
तत्प्राप्नुवन्ति स्वात्मानं विज्ञायेदृशमीश्वरम् ॥ ३२ ॥

हे बालक ! इस प्रकार के अपने आत्मस्वरूप ईश्वर को यथोचित रूप से जानकर उस सगुण या निर्गुण सत्तत्त्व जिसे वे चाहते हैं, वह उन्हें प्राप्त हो जाता है ॥ ३२ ॥

वैकुण्ठादिषुलोकेषु दिव्येष्वप्राकृतेषु ते।
रमन्ते तत्समाः पश्चादैक्ये ब्रह्माऽभियन्ति च ॥ ३३ ॥

वे प्रथम ब्रह्म-तुल्य होकर अप्राकृत दिव्य वैकुण्ठादि लोकों में दिव्य आनन्द लेते हैं, पीछे ऐक्य होने पर ब्रह्मरूप हो जाते हैं ॥ ३३ ॥

कृष्णप्रसादरचिते कठोपनिषदात्मके।
ब्रह्मविद्यापरे काव्ये चतुर्विंशोऽप्यसौ गतः ॥ ३४ ॥

श्री कृष्णप्रसाद घिमिरे द्वारा विरचित कठोपनिषदात्मक ब्रह्मविद्या परक काव्य में यह चौवीसवाँ सर्ग भी समाप्त हुआ ॥ ३४ ॥

ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

पञ्चविंशः सर्गः

यथा निर्मले दर्पणे वस्तुमात्रं
दरीदृश्यते तत्पुरःस्थं विशुद्धम् ।
तथैवाऽत्र तज्ज्ञानिनश्चित्तभित्तौ
स्वमाविष्करोति स्वयं ब्रह्म शुद्धम् ॥ १ ॥

जैसे निर्मल (स्वच्छ) शीशे में हर एक वस्तु उसके सामने पड़ने पर साफ दिखाई देती है वैसे ही ब्रह्मतत्त्व के ज्ञानी के चित्त रूपी भीत पर शुद्ध-बुद्ध ब्रह्म स्वयं अपने को प्रकट करते हैं ॥ १ ॥

इमे मर्त्यवर्गा गताः स्वप्नलोकं
विपश्यन्ति तत्रत्यवस्तूनि तात ! ।
स्वरूपं विहायाऽन्यरूपं गतानि
तथैवाऽयथार्थानि तद्वत्स्थितानि ॥ २ ॥

हे प्रियवत्स ! जब ये मनुष्य स्वप्नलोक में (स्वप्नावस्था में) जाते हैं तो वहाँ गई वस्तुओं को अपने वास्तविक स्वरूप को त्यागकर अन्य रूप में गई हुई देखते हैं वैसे ही अयथार्थ (असत्य) वस्तुओं को सत्यवत् स्थित देखते हैं ॥ २ ॥

तदत्राऽस्ति हेतुः कुसंस्कार एषां
दृढा वासना चाऽस्ति या वर्धिता तैः ।
तथैवाऽस्त्ययं मर्त्यलोकः समन्तात्
दृढं भ्रान्तिकृत् स्नेहमोहात्मकश्च ॥ ३ ॥

इसमें कारण उनका कुसंस्कार तथा दृढ़ वासना भी है, जिसे उन्होंने खूब चढ़ा रखा है एवं चारों ओर से दृढ़ भ्रान्ति करने वाला और शोक-मोह पूर्ण यह मर्त्य-लोक भी इसमें कारण है ॥ ३ ॥

पुरोवर्त्यसौ पितृलोकोऽपि वत्स !
युतो विभ्रमैस्तद्गताश्चापि जीवाः ।
अकिञ्चित्करा वासनाजालबद्धा
विचेष्टन्त इत्थं विमूढा विनष्टाः ॥ ४ ॥

हे प्रिय वत्स ! सामने स्थित यह पितृलोक भी भ्रान्तिपूर्ण है, इसमें रहनेवाले जीव भी अकर्मण्य हैं, वासनाओं के जाल से जकड़े हुए हैं, विशेषरूप से मूढ और विनष्ट हैं और इसी प्रकार की व्यर्थ चेष्टाएं करते हैं, ब्रह्मज्ञान में असमर्थ हैं ॥ ४ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

विशेषोऽस्ति गन्धर्वलोकस्तदत्य—
स्तथैवेष्ट एषां च भोगप्रधानः ।
यदत्रत्यभोगैः समाकृष्टचित्ता—
स्तदब्धौ निमज्जन्ति विस्मृत्य सर्वम् ॥ ५ ॥

यथा स्वप्नवेलासु संदृश्यतेऽन्यत्
तथा जागृतौ नास्ति सत्यं द्विजेन्द्र ! ।
परंत्वत्र दृष्टस्थितानां तरङ्गै—
र्मनो मूढतामेत्यसत्यं तदेति ॥ ६ ॥

पितृलोक से अतिरिक्त गन्धर्वलोक विशेष है । उनका अभीष्ट वह लोक भी भोगप्रधान है । उस लोक के विविध भोगों से आकृष्ट चित्त वाले वे सब कुछ भूल कर भोग-रूपी सागर में डूब जाते हैं । हे प्रियवर ! स्वप्नावस्था में जो वस्तु अन्य सी दीख पड़ती है वही जाग्रत् अवस्था में सत्य नहीं है, ऐसी प्रतीति होती है । यहाँ पर मुख्य कारण यह है कि देखी गई पूर्व वस्तुओं की तरंगों से मन मूढ हो जाता है, इस से असत्य सत्य सा लगता है ॥ ५-६ ॥

तथैतस्य लोकस्य लोकाश्च तात !
न तद्दर्शनं प्राप्नुवन्त्यत्र चापि ।
पदार्थैं रमन्ते स्वतो भोगगर्ते
पतन्तीह मोहाद्विमूढाश्च तेऽपि ॥ ७ ॥

हे वत्स ! वैसे ही इस लोक के लोग भी उसका साक्षात्कार प्राप्त नहीं करते हैं । यहाँ के लोग भी विशेष रूप से मौज उड़ाते हैं, इसलिए यहाँ वे भी मोहान्धकार-विमूढ रहते हैं, अतः स्वयं ही मोहरूपी गड्ढे मे गिर पड़ते हैं ॥ ७ ॥

परं ब्रह्मलोकं गता जीववर्गा—
स्तदात्मत्वसौख्येन सच्चिन्मयेन ।
वितृप्ता विराजन्त एषां समक्षं
वटो ! ब्रह्म तद्भाति चानन्दमात्रम् ॥ ८ ॥

हे वटुवर ! परन्तु ब्रह्मलोक में गये हुए जीव सत् चित् रूप ब्रह्मतादात्म्य-सुख से खूब तृप्त होकर विराजमान रहते हैं । उनके सामने आनन्दमात्र ब्रह्म सदा भासमान रहता है ॥ ८ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

तदेषां स्वरूपं परब्रह्मणश्च
भवत्यत्र सूर्यस्य छायातपीवत् ।
सुखं तन्महत् स्वात्मनो ब्रह्मणोऽस्य
तदन्यद्विभेदोऽपि नास्त्यत्र किञ्चित् ॥ ९ ॥

इसलिए ब्रह्मलोक में इनका (ब्रह्मलोक निवासियों का) और ब्रह्म का एकरूप छाया और धूप के तुल्य स्पष्ट होता है। स्वात्मभूत इस ब्रह्म का वह महान् सुख है, उसके अतिरिक्त कुछ नहीं है भेद भी नहीं है ॥ ९ ॥

उपर्युक्तमेवंविधं स्वं शरीरं
तदाप्तेर्निदानं विजानीहि वृक्षम् ।
स्थितावत्र चेत्थं सदा राजतस्तौ
परात्मात्मनोर्भेद ईदृग् विभाति ॥ १० ॥

इस प्रकार के अपने मानव-शरीर तथा उसकी प्राप्ति का मूल कारण तुम उपर्युक्त वृक्ष को जानो। इसमें आत्मा और परमात्मा दोनों इस प्रकार (मित्ररूप से) सदा देदीप्यमान रहते हैं। परमात्मा और आत्मा का भेद इस प्रकार का (छाया और आतपवत्) स्पष्ट प्रतीत होता है ॥ १० ॥

प्रकाशो यथा विद्यते सोऽयमीशः
परो जीव एषोऽस्ति छायेव पृक्तः ।
स्थितौ हृद्गुहायामिमौ मित्रभूतौ
परब्रह्मरूपौ तथा भ्राजतस्तौ ॥ ११ ॥

यह परमात्मा प्रकाश की तरह है और यह जीव छाया के तुल्य मिला है। परस्पर मित्रभूत पर ब्रह्मरूप ये दोनों हृदयरूपी गुहा में स्थित होकर देदीप्यमान है ॥ ११ ॥

शरीरे विद्यमानेऽस्मिन्स्तन्मर्त्येनाऽत्र सद्धिया ।
तज्ज्ञातव्यं विहायाऽन्यत् प्राप्तव्यं ब्रह्म यत्नतः ॥ १२ ॥

इसलिए इस मानव शरीर के विद्यमान रहते ही मनुष्य को अपनी विचार पूर्ण, सद्बुद्धि से ब्रह्मज्ञान प्राप्त करना चाहिये और सब कुछ त्याग कर प्रयत्न पूर्वक ब्रह्म साक्षात्कार करना चाहिये ॥ १२ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

कृष्णप्रसादरचिते कठोपनिषदात्मके ।
ब्रह्मविद्यापरे काव्ये पञ्चविंशोऽयमप्यगात् ॥ १३ ॥

श्री कृष्ण प्रसाद घिमिरे द्वारा विरचित कठोपनिषदात्मक ब्रह्मविद्यापरक काव्य में यह पच्चीसवाँ सर्ग भी समाप्त हुआ ॥ १३ ॥

ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

षड्विंशः सर्गः

तदिन्द्रियाणां विषयाभिलाषिणामाधारभूतांस्तदिमान् रसादिकान् ।
पूर्वं ससर्जाऽव्यय एष ईश्वरो हृषीकवर्गैः सह भिन्नतामितान् ॥ १ ॥

इस निर्विकार ईश्वर ने पहले विषयाभिलाषी इन्द्रियों के आधारभूत इन रूपादि, जो इन्द्रियों के साथ मित्रता को प्राप्त है, की सृष्टि की ॥ १ ॥

तज्ज्ञानकर्मेन्द्रिययोरपि स्फुटं द्वैविध्यमाप्तं शृणु कर्म दृश्यते ।
भुज्यन्त एभिर्विषया भवोद्भवा विभिन्नतामेत्य विराजितैर्द्विज ! ॥ २ ॥

हे वटुवर ! उन ज्ञानेन्द्रिय और कर्मेन्द्रियों का भी स्पष्ट रूप से दो प्रकार का कर्म देखा जाता है, उसे तुम सुनो । ज्ञानेन्द्रिय और कर्मेन्द्रिय रूप परस्पर भेद को प्राप्त हुई इन (इन्द्रियों) से जगत् में उत्पन्न रूपादि विषयों का भोग किया जाता है ॥ २ ॥

स्वप्ने तथा जाग्रति कार्यशीलतां गच्छन्ति चेमानि पुनः सुषुप्तिषु ।
लयं समेत्याऽपि तदात्मनि द्रुतं पतन्ति भूयोऽपि यदात्मबन्धने ॥ ३ ॥

ये इन्द्रियां स्वप्नावस्था तथा जाग्रत् अवस्था में बराबर अपना कार्य करती रहती हैं । फिर सुषुप्ति अवस्था में प्रियतम उस आत्मा में लय को प्राप्त होकर भी जागने पर पुनः सत्स्वरूप आत्मा के वन्धन में जुट जाती हैं ॥ ३ ॥

विचार्यं सम्यक् तदिदं सुधीर्जनो बुद्धचा स्वतः स्वात्मन आचरन् हितम् ।
हृषीकवृन्दं मनसा नियम्य तद् बुद्धया प्रगृह्याऽत्र रमेत सद्गतौ ॥ ४ ॥

सुमति-पुरुष यह सब बुद्धि से भली भाँति विचार कर स्वयं अपने हित का आचरण करता हुआ उन इन्द्रियों का मन से नियन्त्रण कर और बुद्धि से उन्हे विषयों की ओर बहकने से रोक कर सज्जनों के एकमात्र गति पर ब्रह्म में अनुराग करे ॥ ४ ॥

ततः स्मरेत् साधक आत्मनः प्रियं तद्ब्रह्मतत्वं स्थिरधीर्गतक्रियः ।
एभ्यः परोऽहं न शरीरमस्म्यहं विलक्षणोऽहं हतनामरूपकः ॥ ५ ॥

तदनन्तर साधक पुरुष अन्य सब कार्यों का त्याग कर स्थिरमति हो अपने प्रिय उस ब्रह्म तत्त्व का स्मरण करे । मैं शरीर इन्द्रिय आदि नहीं हूँ, मैं इनसे पर श्रेष्ठ हूँ । मैं नाम-रूप रहित विलक्षण (अनूठा) हूँ ॥ ५ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

आनन्दसच्चिन्मय एकरूपको नित्यो विशुद्धस्तदनन्तरूपधृक् ।
सोऽहं परात्मेति विभावयन्निदं तद्ब्रह्मविज्ञानमयो भवत्यसौ ॥ ६ ॥

मैं सत् चित् आनन्दमय, एकाकार, नित्य, शुद्ध तथा तत्-तत् अनन्तरूप धारी वह परमात्मा हूँ, ऐसी भावना करता हुआ वह (साधक) तद्-ब्रह्म-विज्ञानमय हो जाता है ॥ ६ ॥

एतादृशो मुक्तजगत्प्रवृत्तिको मोहादिभिस्त्यक्त उदारविक्रमः ।
सच्चित्सुखे संस्थित आत्मविज्जनो दुःखं च शोकं च जहाति गौतम ! ॥ ७ ॥

हे गौतम वंश प्रदीपक ! जिसने जागतिक सम्पूर्ण प्रवृत्तियों का त्याग कर दिया हो, मोह आदि ने भी जिसका पल्ला छोड़ दिया हो एवं उच्चतम कार्य की ओर जिसने कदम बढ़ाये हैं सत् चित् आनन्द में स्थित ऐसा आत्मज्ञानी पुरुष दुःख और शोक का त्याग कर देता है ॥ ७ ॥

तदिन्द्रियेभ्यस्तु परं मनो महद् ह्यस्मात् परा बुद्धिरियं विवेचने ।
बुद्धेः परो जीव उदात्तपौरुषः प्राप्ताधिकारो यदमीषु राजते ॥ ८ ॥

उन नेत्र आदि इन्द्रियों से मन महान् और श्रेष्ठ है, मन से यह बुद्धि विचार करने में श्रेष्ठ है एवं उदार विक्रम जीव बुद्धि से श्रेष्ठ है, क्योंकि वह इनमें अधिकार जमा कर विराजमान है ॥ ८ ॥

नियोगकृत् सैष महोदयस्तथा शास्ता तदेषां च महर्द्धिमानपि ।
वटो ! यदाज्ञां प्रवहन्ति ते सदा तेभ्योऽधिकोऽयं तत उत्तमश्च सः ॥ ९ ॥

हे वटो ! यह जीव शरीर, इन्द्रिय और मन पर हुकूमत करता है, बड़ा भाग्यवान् है, पर ब्रह्म परमात्मा होने की सामर्थ्य रखता है। शरीरादि का शासक है, बड़ा सम्पत्तिशाली भी है, जिसकी आज्ञा को वे (शरीरादि) सदा सिर झुका कर धारण करते हैं, इसलिए वह उनसे अधिक शक्तिमान् और उत्तम भी है ॥ ९ ॥

श्रेष्ठा ततोऽपि प्रकृतिस्तदात्मनो या व्यक्तदेहेति च कथ्यते बुधैः ।
यया निबद्धो भवचक्रनर्तितो जीवोऽपि जीवत्यपि मृत्युमृच्छति ॥ १० ॥

जीव से भी श्रेष्ठ उस आत्मा की प्रकृति है, जिसे विद्वज्जन अव्यक्त कहते हैं। जिससे बाँधा गया तथा संसारचक्र में नचाया गया जीव जीता भी है और डरता भी है (अर्थात् आवागमन के चक्कर में फंसा हुआ है) ॥ १० ॥

सोऽयं परात्मा प्रकृतेः परो मतः शक्त्याधिको वीर्यबलान्वितो महान् ।
नियामकः प्रेरक एक ईश्वरः स एव तद्ब्रह्म विभुं च विद्धि तम् ॥ ११ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

वत्स ! यह परमात्मा प्रकृति से पर (श्रेष्ठ) कहा गया है। वह शक्ति से अधिक वीर्य और बल से युक्त है और महान् है। वह सबको अपने अपने नियन्त्रण में रखता है, सब का प्रेरक है, सब प्रकार के ऐश्वर्य से युक्त है और एक (अद्वितीय) है। वही वह प्रसिद्ध ब्रह्म हैं, उसे तुम सर्वव्यापक जानो ॥ ११ ॥

तद्बन्धनान्मोचयितुं स्वमक्षयं ततो यतेत प्रयतोऽथ जीवकः ।
जागर्त्युपायोऽपि तदत्र चोत्तमस्तद्ब्रह्मणः सच्चरणग्रहात्मकः ॥ १२ ॥

इसलिए दुख में फँसे बेचारे जीव को प्रकृति के बन्धन से निर्विकार अपने को छुड़ाने के लिए आलस्य का परित्याग कर प्रयत्न करना चाहिये। प्रकृति के फन्दे से अपने को छुड़ाने के सम्बन्ध में उत्तम उपाय भी विद्यमान (जागरूक) है। वह है— उस ब्रह्म की ओर उन्मुख होना और उनका ज्ञान प्राप्त करना ॥ १२ ॥

यदा परात्मा दयते तदात्मनस्तद्बन्धनं नश्यति विश्वकारणम् ।
मायामयं त्वावरणं तदस्य भो ! स्वयं विनश्यत्यसमं तमीक्षते ॥ १३ ॥

जब परमात्मा दया करते हैं तब उस जीवात्मा का वह बन्धन जो उसके संसार-चक्र में भटकने का कारण है, नष्ट हो जाता है। तब जीव का वह मायामय आवरण भी स्वयं हट जाता है और वह अनुत्तम परमात्मा का दर्शन पा जाता है ॥ १३ ॥

तदीप्सितं ध्येयममुं स्वयोगतो ध्याता समीक्ष्यैव पुरःस्थितं स्वतः ।
ध्याने विलीनोऽपि सुबुद्ध एषको विसृज्य जीवत्वमिदं तदेति च ॥ १४ ॥

इसलिए उस अभीष्टतम ध्येय ब्रह्म का अपने मनोयोग से ध्यान करनेवाला साधक सामने स्थित ध्येय का स्वतः साक्षात्कार करके ही ध्यान में विलीन हो यह सुबुद्ध जीव इस जीवत्व का त्याग कर परब्रह्म को प्राप्त होता है ॥ १४ ॥

प्रबुद्धपूर्वस्मृतिरात्मनः प्रिय आनन्दसच्चिन्मयरूप एषकः ।
तद्ब्रह्म विज्ञाय सुखेन तद्भवन् समश्नुते ब्रह्मसुखं स्वतोऽव्ययम् ॥ १५ ॥

अपनी विशुद्ध दृष्टि से विचार मार्ग द्वारा अपने हृदय में स्फुरित हो रहे उस तत्त्व का स्मरण करता हुआ उसमें स्थिर हो आनन्द से तन्मय हुआ साधक उस सत्-चित्स्वरूप अमृततत्त्व को प्राप्त करता है ॥ १५ ॥

ब्रह्मस्वरूपं न तथेन्द्रियादिभिर्गम्यं निरूप्यं विषयप्रियैश्च तैः ।
तस्मान्न तत्प्राकृतचर्मचक्षुषा विदृश्यमानं भवतीह गौतम ! ॥ १६ ॥

उस परब्रह्म का स्वरूप वैसे इन्द्रियादि से न तो जाना (समझा) जा सकता है न वैसे विषय-प्रेमियों से निरूपण किया जा सकता है इसलिये हे गौतमवंशावतंस ! वह ब्रह्म प्राकृतिक चर्मचक्षुओं से किसी हालत में भी दृश्यमान नहीं हो सकता ॥ १६ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

यः साधकः प्रेमवशान्निरन्तरं करोति तच्चिन्तनमेकरूपतः ।
तस्यैव चित्ते स्थिरतां प्रगृह्य तदभ्युदेति यत्स्वानुभवाद् विभाव्यते ॥ १७ ॥

जो कोई भी साधक क्यों न हो एक रूप से प्रेमपूर्वक यदि उस ब्रह्म का चिन्तन मनन करता है तो उसी के अन्तस्तल में वह ब्रह्म स्थिर हो प्रकट हो जाता है। जो अपने अनुभव से ही समझा जा सकता है ॥ १७ ॥

स्वबुद्धिनेत्रेण विवेकमार्गतस्तद्विस्फुरत्तत्त्वमसौ हृदि स्मरन् ।
स्थिरीभवंस्तत्र सुखेन तन्मयः सच्चित्स्वरूपं लभतेऽमृतं च तत् ॥ १८ ॥

अपनी बुद्धिरूप नेत्रों से विवेक के मार्ग को अपनाता हुआ वह साधक अपने अन्तस्तल में आविर्भूत उस देदीप्यमान ब्रह्म को निरन्तर यादकर उसीमें स्थिर हो आनन्द-पूर्वक तल्लीन हो सुख से ही सत्-चित् स्वरूप को प्राप्त कर लेता है। यही वह अमृत तत्त्व है ॥ १८ ॥

कृष्णप्रसादरचिते कठोपनिषदात्मके ।
ब्रह्मविद्यापरे काव्येऽगात् षड्विंशात्मकोऽप्यसौ ॥ १९ ॥

श्री कृष्णप्रसाद घिमिरे द्वारा विरचित कठोपनिषदात्मक ब्रह्मविद्यापरक काव्य में यह छब्बीसवाँ सर्ग समाप्त हुआ ॥ १९ ॥

ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

सप्तविंशः सर्गः

इत्थं प्रेष्ठं शिष्यमौद्दालकिं तं सर्वश्रेष्ठं ब्रह्मतत्त्वं तदुक्त्वा ।
रुद्धा बाह्यांश्चान्तरान् स्वेन्द्रियादींल्लभ्यं तत्त्वं भूय आहाऽन्तकोऽसौ ॥ १ ॥

सर्व संहारकारी यमराज ने इस प्रकार अपने अत्यन्त प्रिय शिष्य उद्दालक ऋषि के पुत्र नचिकेता से उस सर्वोत्तम ब्रह्मतत्त्व को कह कर अपने बाह्य और आन्तर इन्द्रियादि करणों को रोक कर प्राप्त होने वाला तत्त्व फिर कहा ॥ १ ॥

योगाभ्यासैः सत्कृतैर्नित्यवृद्धैरुद्धा सम्यग् ज्ञानकर्मेन्द्रियाणि ।
कृत्वा बुद्ध्या तन्मनः शान्तमेवं पश्येद्धृत्स्थं ब्रह्म सत्साधकोऽयम् ॥ २ ॥

नित्य सत्कार पूर्वक सेवित तथा नित्य वृद्धिगत योगाभ्यास से अपनी ज्ञानेन्द्रिय तथा कर्मेन्द्रियों को विषयों की ओर बहकने से भली भांति रोक कर, चञ्चल स्वभाव मन को बुद्धि से शान्त कर यह श्रेष्ठ साधक इस प्रकार हृदय-स्थित ब्रह्म का साक्षात्कार करे ॥ २ ॥

तस्यां बुद्धौ वत्स ! तद्भिन्नवस्तु स्थानं प्राप्तुं स्यात् समर्थं न भूयः ।
तत्तामात्रं सस्फुरेद् यत्र नित्यं तां योगाख्यां संस्थितिं ज्ञा गदन्ति ॥ ३ ॥

हे वत्स ! साधक का ब्रह्म में ऐक्य-लाभ होने से उसकी बुद्धि में ब्रह्मभिन्न वस्तु स्थान पाने में समर्थ नहीं होगी । जिस अवस्था में एकमात्र लक्ष्य तत्त्व ही स्फुरित हो विद्वान् पुरुष (योगशास्त्र विशारद पुरुष) उसे योगस्थित कहते हैं ॥ ३ ॥

बुद्धेश्चित्तस्येन्द्रियाणां च लक्ष्यं स्थैर्यं चैक्यं धारणां स्वानुभूताम् ।
व्याचक्षन्ते योगिनः सिद्धरूपा यस्यामैक्यात् साधकोऽन्यन्न वेत्ति ॥ ४ ॥

सिद्ध योगीजन बुद्धि की चित्त की तथा इन्द्रियों की अपने लक्ष्य में स्थिरता और एकता को अपने से अनुभूत धारणा कहते हैं । जिसमें ऐक्य हो जाने से साधक पुरुष अपने लक्ष्यभूत तत्त्व से अतिरिक्त कुछ भी नहीं जानता है ॥ ४ ॥

योगोऽयं भो ! तत्र चास्तोदयौ च प्राप्नोत्येवं यद्विकल्पेन युक्तः ।
तस्माद् योगी निर्विकल्पे समाधौ लग्नो मग्नो नित्यमत्राऽऽरमेच्च ॥ ५ ॥

हे वटुवर ! उस समय यह योग कभी उदय और कभी अस्त को प्राप्त होता है, इसलिए यह विकल्प से युक्त (सविकल्प-समाधि) कहा जाता है । इसलिए योगी को चाहिये कि वह निर्विकल्प समाधि में संलग्न हो जाय, उसमें मग्न हो जाय और नित्य उसी में रमे ॥ ५ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

ब्रह्मैतत्तु ज्ञानकर्मेन्द्रियैस्तैर्नाप्तुं शक्यं चित्तबुद्ध्यादिभिश्च ।
इत्थं कस्माच्चेच्छृणु त्वं द्विजेन्द्र ! तेभ्यो नित्यं दूरमेतत् परं यत् ॥ ६ ॥

हे द्विजश्रेष्ठ ! यह ब्रह्म उन नेत्र आदि ज्ञानेन्द्रियों तथा हस्त-पादादि कर्मेन्द्रियों से एवं चित्त, बुद्धि आदि से कदापि प्राप्त नहीं किया जा सकता है । ऐसा क्यों ? ऐसी यदि शङ्का हो तो सुनो, क्योंकि यह ब्रह्म उनसे नित्य बहुत दूर है और पर है ॥ ६ ॥

तत्सच्चैत्यं ब्रह्म विश्वैकहेतु नास्त्यन्यद्भो ! भिन्नमस्मात् परं च ।
सद्बुद्ध्वेदं साधकः प्रत्ययेन स्वात्मन्येवाऽऽराध्य तत्प्राप्नुयाच्च ॥ ७ ॥

हे वटु ! यह सत् और चैतन्यमय ब्रह्म जगत् का एकमात्र कारण है, उससे भिन्न दूसरा तत्त्व कोई नहीं है, उससे पर (श्रेष्ठ) भी कोई तत्त्व नहीं है । साधक पुरुष इस तत्त्व को सत् (त्रिकालाबाधित सत्य) जानकर विश्वास के साथ अपनी आत्मा में ही उसकी आराधना कर उसे प्राप्त करे ॥ ७ ॥

तद्विश्वासस्तद्व्रतस्तन्मयोऽसौ तत्तां प्राप्तुं लग्न एवं क्रमेण ।
उत्कण्ठाक्तो दर्शको दर्शनैः स्वैर्दृश्यं दृष्टो तद्भवत्यत्र लीनः ॥ ८ ॥

एकमात्र उसी में विश्वास रखनेवाला तथा एकमात्र उसी में रमा हुआ तन्मय यह साधक ब्रह्मत्त्व को प्राप्त करने के लिए क्रम से इस प्रकार संनद्ध हुआ उत्कण्ठा से व्याप्त होकर अपने दर्शनों से दृश्य (द्रष्टव्य ब्रह्म) का साक्षात्कार कर उसमें लीन हो वही हो जाता है ॥ ८ ॥

श्रुत्वा पूर्वं तन्महत्त्वं बुधेभ्यो बुद्धा तत्त्वं ब्रह्मगं तद्विभाव्य ।
तद्विश्वासाद् वृद्धभावस्तदस्मिंल्लक्ष्यं लब्धुं साधकः संयतेत ॥ ९ ॥

पहले ब्रह्मनिष्ठ विद्वानों से उसकी (ब्रह्म की) महिमा (महत्त्व) को सुनकर ब्रह्मतत्त्व को समझकर हृदयंगम कर तदनन्तर उसका चिन्तन कर, अर्थात् ब्रह्म का श्रवण, मनन और निदिध्यासन कर उसमें दृढ़ विश्वास से, उसमें वृद्धिगत भक्तिभाव से युक्त साधक लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए खूब प्रयत्न करे ॥ ९ ॥

पश्चाद् ब्रह्मन् ! स्वानुभूतैर्विशेषैर्दृश्यैरेवंजाततत्प्रत्ययोऽसौ ।
धैर्यात् स्थैर्यात् सावधानाच्च योगी प्राप्तव्यं तद् ब्रह्मरूपं समेति ॥ १० ॥

इसके अनन्तर हे ब्रह्मन् ! अपने में अनुभूत हुए विशेष दृश्यों से इस प्रकार जिसे उसमें विश्वास हो चुका है, ऐसा योगी धैर्य से, स्थिरता से और सावधानी सेप्रातव्य उस ब्रह्मस्वरूप को प्राप्त होता है ॥ १० ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

कृष्णप्रसादरचिते कठोपनिषदात्मके ।
ब्रह्मविद्यापरे काव्ये सर्गोऽगात् सप्तविंशकः ॥ ११ ॥

श्रीकृष्णप्रसाद घिमिरे द्वारा विरचित कठोपनिषदात्मक ब्रह्मविद्यापरक काव्य में यह सत्ताईसवाँ सर्ग समाप्त हुआ ॥ ११ ॥

ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अष्टाविंशः सर्गः

स्वस्मिन् प्रसन्नमनसं तमुदारभावं
श्रुत्वा तदस्य महिमानमथाऽऽर्द्रचित्तम् ।
औद्दालकिं गुरुहितं प्रियशिष्यमित्थं
निर्दिश्य तत्त्वमिदमाह पुनर्यमोऽसौ ॥ १ ॥

अपने में प्रसन्न मन, उदात्त प्रकृति तथा परब्रह्म की महिमा को सुनकर प्रफुल्ल चित्त हुए गुरु के हितकारी प्रिय शिष्य उद्दालक मुनि के पुत्र नचिकेता को इस प्रकार परम तत्त्व का उपदेश देकर फिर यमराज ने यह कहा ॥ १ ॥

निष्कामभाव इह तात ! निदानमेकं
प्राप्तुं स्वलक्ष्यमिदमव्ययमादिहेतु ।
तस्मात् सुखेन परिवर्धयितुं तमेव
पूर्वं यतेत नियतः स्वहितं विधित्सुः ॥ २ ॥

हे मेरे प्रिय वत्स ! इस अविश्वर आदि कारण अपने लक्ष्यभूत ब्रह्म को प्राप्त करने के लिए इस जगत् में एकमात्र मुख्य कारण निष्काम-भाव है। इसलिए अपना हित चाहनेवाले पुरुष को सावधान होकर पहले उसी (निष्काम-भाव) को सुखपूर्वक बढ़ाने के निमित्त प्रयत्न करना चाहिये ॥ २ ॥

तैर्लौकिकैस्तदितरैर्विषयाभिलाषै—
र्लुब्धं मनुष्यहृदयं भृशमत्र विद्वन् !
तस्मान्न चिन्तयति तत्परतत्त्वमेवं
स्यात् किं तदेतदिति कोऽपि पथिप्ररूढः ॥ ३ ॥

हे विद्वद्वर ! इस जगत् में उन उन लौकिक तथा अलौकिक (दिव्य) विषयाभिलाषों से मनुष्य का हृदय अत्यन्त लुब्ध है। इसलिए कोई भी व्यक्ति सन्मार्ग पर आरूढ़ होकर वह परतत्त्व कैसा होगा ? ऐसा चिन्तन तक नहीं कर सकता है ॥ ३ ॥

नैतद्विचारयति कामहतं मनस्तल्—
लभ्यं मया भवति केन पथेति तत् सत् ।
नैवेहते च विषयेषु निमज्जमानं
भोगेषु लुब्धगतिकं पुनरीक्षितुञ्च ॥ ४ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

विषयाभिलाषों का मारा मन वह सत् लक्ष्य मुझे किस मार्ग से प्राप्त होगा ? यह विचार नहीं करता है। निरन्तर विषयों में डुबकी लगा रहा तथा विविध भोगों में लालायित मनका उस लक्ष्य की ओर ध्यान तक नहीं जाता है। उसकी प्राप्ति के लिए प्रयत्न करना तो दूर रहा ॥ ४ ॥

नश्यन्ति यावदखिला न समूलमेते
तर्षादयो विविधरूपधरा विषाक्ताः ।
नोदेति तावदिह साधकहृद्गुहायां
तद्ब्रह्म नाऽऽप्यत इहाऽपि नरैः सकामैः ॥ ५ ॥

जब तक विविधरूप धारण करनेवाले विष-सने वे इच्छा आदि विषय, पदार्थ समूल नष्ट नहीं हो जाते हैं तब तक यहाँ साधक की हृदयरूपी गुफा में ब्रह्म का आविर्भाव नहीं हो सकता है। कामनाओं से आकण्ठ परिपूर्ण मनुष्यों द्वारा भी उसकी प्राप्ति कदापि संभव नहीं है ॥ ५ ॥

लब्ध्वा सुदुर्लभमनुष्यशरीरमेतत्
प्राप्तुं तदत्र यतितव्यमिहैव मर्त्यैः ।
यत्प्राप्य सत्यममृतं समदन्ति तेऽपि
स्वात्मोपघात उपपद्यत एव नो चेत् ॥ ६ ॥

जगत् में यह अत्यन्त दुर्लभ मनुष्य-देह पाकर मनुष्यों के इसी शरीर में उस परम चरम-लक्ष्य ब्रह्म को प्राप्त करने के लिए प्रयत्न करना चाहिये। जिस ब्रह्मतत्त्व को प्राप्त कर वे (मनुष्य) भी अमृत का भोग करते हैं। अन्यथा अपनी आत्मा का हनन ही हो जाता है ॥ ६ ॥

सत्साधकस्य दृढनिश्चयिनो महत्त्वं
निर्देशयन् स पुनराह सुगुप्तमित्थम् ।
औद्दालके ! तदिह पूर्वमिदं बुभूषु—
र्जह्यात् कुतर्कमहितां च तदात्मशङ्काम् ॥ ७ ॥

दृढ़निश्चयी उत्तम साधक के महत्त्व को बतलाते हुए यमराज ने फिर अत्यन्त गुप्त रहस्य इस प्रकार कहा—हे उद्दालक ऋषि के सुपुत्र ! श्रेष्ठ साधक बनने की इच्छा वाले पुरुष को पहले कुतर्क का तथा आत्मा के विषय में वह है, या नहीं, ऐसी शङ्का का परित्याग कर देना चाहिये ॥ ७ ॥

सोऽहं ममेति हृदि रूढपदाभिमान—
मज्ञानमेवमवगम्य धृताधिकारः ।
तत्सत्स्वमाप्तुमिह यो यतते तदस्य
ग्रन्थिं विभेद्य भयदां रमते स लक्ष्ये ॥ ८ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

जो पुरुष यह शरीर मैं हूँ, ये पुत्र, कलत्र, धन आदि मेरे हैं, इस प्रकार के हृदय में बद्धमूल अभिमान को अज्ञान समझ कर ब्रह्म-ज्ञान का अधिकारी बनकर अपने सत्-स्वरूप को प्राप्त करने के लिए प्रयत्न करता है वह भयदायक हृदय-ग्रन्थि का समूल उच्छेद कर, सत्स्वरूप लक्ष्य में रमता है ॥ ८ ॥

तत्संशयाश्च हृदयस्थिततर्करूपा
नश्यन्ति वत्स ! सकला बुधसंगमात्रात् ।
ब्रह्माऽस्मि तद्ध्यहमिति प्रथितात्मभावो
विभ्राजते तदनु साधक एष तस्मिन् ॥ ९ ॥

हे प्रिय वत्स ! विद्वज्जनों के संग मात्र से हृदय में जमे हुए तर्करूप उसके सब संशय मिट जाते हैं। "निश्चय ही वह ब्रह्म मैं हूँ" इस प्रकार का ब्रह्मात्मभाव जिसे प्राप्त हो चुका है, ऐसा वह साधक तदनन्तर उस आत्मतत्त्व में शोभित होता है ॥ ९ ॥

वेदान्तसार उरुगीतपदोऽयमेव
सछ्रद्धया सुकृतबुद्धिरिमं विबुध्य ।
मर्त्यत्वमेतदतिहाय तदात्मविद्यां
विज्ञाय तद्ध्यमृतमाप्य विराजतेऽसौ ॥ १० ॥

यह वेदान्त का सार ऐसा है कि बड़े-बड़े महात्माओं ने भी इसकी महिमा गाई हैं। सुमति पुरुष श्रद्धापूर्वक इसे जान कर मनुष्य-जन्म का त्याग कर उस परमपूत आत्म-विज्ञान को भली भाँति समझ कर निश्चयपूर्वक उस अमृत-ब्रह्म को प्राप्त कर विशेषरूप से विराजमान होता है ॥१०॥

उद्दालकस्य सुतमेनमृषिप्रभावं
सम्यङ् निरूप्य तदिदं विशदं विवर्ण्य ।
जीवात्मनोर्गतिमुवाच मृते शरीरे
किंरूप एष भवतीति विविच्य मृत्युः ॥ ११ ॥

उद्दालक ऋषि के पुत्र इस नचिकेता को भली भाँति ऋषितुल्य प्रभाव वाला जानकर और उसके प्रति उस ब्रह्म का विशद वर्णन कर यमराज ने शरीर के छूटने पर जीवात्मा कैसा होता है ? इसका स्पष्टतया वर्णन करते हुए जीवात्मा की गति कही ॥११॥

विप्रेन्द्र ! मर्त्यवपुषीह शतं तथैका
नाड्यो भवन्ति विलसन्ति च ताः शृणुत्वम् ।
एका त्वमूषु हृदयस्य पथा तदस्य
मूर्धानमाविशति सा प्रथिता सुषुम्ना ॥ १२ ॥

हे विप्रश्रेष्ठ ! इस मानव शरीर में प्रधानतः एक सौ एक नाड़ियाँ है। वे सारे शरीर में पैर से सिर तक व्याप्त हैं। उन्हें तुम सुनो। उन नाड़ियों में से एक हृदय से होकर सिर में प्रवेश करती है। उसका नाम सुषुम्ना-नाड़ी प्रसिद्ध है ॥ १२ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

आसन्नमृत्युरिह साधक एष तात !
नाडीमिमां श्रित उपायत आत्मयोगात् ।
संगच्छते परमपुरुषमव्ययं तद्-
ब्रह्माऽधिदेवममृतं स्वशिरःस्यमाद्यम् ॥ १३ ॥

प्रियवर, ऋषिकुमार ! जब इस साधक का मृत्युकाल संनिकट होता है तब आत्मयोगरूपी उपाय से इस नाड़ी का अवलम्बन कर यह अपने सिर में स्थित उस अमृत आद्य ब्रह्माधिदेव-रूप परम पुरुष को प्राप्त होता है ॥ १३ ॥

जीवा वटो ! तदितरे तु तदन्यनाडी-
राश्रित्य तन्मयतया स्वकृतानुरूपम् ।
गच्छन्ति योनिषु भवेऽत्र शुभाशुभासु
संप्राप्य जन्म विविधानि फलानि भोक्तुम् ॥ १४ ॥

हे वटुवर ! किन्तु पूर्वोक्त ब्रह्मज्ञान सम्पन्न साधक से भिन्न और जीव सुषुम्ना से अतिरिक्त नाड़ियों का आश्रयण कर उनके अनुरूप मार्ग से अपने कर्मों के अनुसार इस संसार में शुभ या अशुभ ऊँच-नीच तथा चेतन और जड़ योनियों में जन्म पाकर भाँति-भांति के कर्मफलों का भोग करने के लिए जाते हैं ॥ १४ ॥

स्वाङ्गुष्ठमात्रपरिमाणक एष विष्णुः
संतिष्ठते हृदयधाम्न्यथ यत्समेषाम् ।
किन्त्वत्र पश्यति न सैष मनुष्यवर्गो
नाऽऽद्रीयते तमपि हन्त ! भवार्थलुब्धः ॥ १५ ॥

यह भगवान् विष्णु जिनका आकार जीवों के अपने अपने अंगूठे के बराबर हैं, सभी जीवों की हृदय गुफा में स्थित हैं। किंतु खेद हैं, यह साधारण मनुष्य-वर्ग उसको भी न तो देख पाता है और न उसका आदर ही करता है, क्योंकि यह सांसारिक पदार्थो (विषयों) का लोभी जो है ॥ १५ ॥

विश्वं भ्रमत्यहह ! सद्गतिमाश्रितोऽपि
दृष्टश्रुतोऽपि जन एष विवेकहीनः ।
श्रेयःपथं त्ववगणय्य तदन्यदेव
प्रेयःपथं समधिगच्छति मोहबद्धः ॥ १६ ॥

सद्गति को अर्थात् ब्राह्मण-जन्म, क्षत्रिय-जन्म आदि उच्च योनि को प्राप्त हुआ भी, शास्त्रों को पढ़कर भी उच्च विचार के अभाव में यह जन-वर्ग, खेद है, संसार में बराबर भ्रमण करता है—निरन्तर आवागमन का चक्कर काटता है, क्योंकि यह अज्ञानवश श्रेयोमार्ग (मुक्तिमार्ग) की अवहेलना कर उससे भिन्न प्रेयोमार्ग को प्राप्त करता है ॥ १६ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

तस्माद्बुभूषुरतिहाय भवात्मकांस्तान् दुःखप्रदान् विषयकान् परितो विविच्य ।
तूर्णं प्रमादरहितस्तदवाप्तिहेतुं सत्साधनं प्रति यतेत तदेकनिष्ठः ॥ १७ ॥

इसलिए अपनी पारलौकिक अभ्युन्नति चाहनेवाला साधक पुरुष उन सांसारिक पदार्थों (भोगों) का परित्याग कर एवं सांसारिक विषयों को सब प्रकार से दुःखप्रद जानकर प्रमादरहित हो शीघ्र ही उस परब्रह्म परमात्मा की प्राप्ति के हेतु भूत सत्साधन के प्रति, उस एकमात्र परम चरम लक्ष्य में निष्ठावान् होकर, जतन करे ॥ १७ ॥

विज्ञा यथा मुनिकुमार ! सुखेन मुञ्जान् निष्कासयन्त्यविकलां च तदीषिकां तु ।
तद्वद्विवेकिन इमे पुरुषास्तदैक्यात् संप्राप्नुवन्ति तमिमं हृदयस्थविष्णुम् ॥ १८ ॥

हे मुनिकुमार ! जैसे दक्ष पुरुष मूंज से उसकी सारी की सारी ईषिका (शरकंडा) अनायास निकाल लेते हैं वैसे ही ये विचारशील पुरुष एक मात्र उसकी भावना करने से प्राप्त हुई तदात्मता से हृदय में स्थित उस अङ्गुष्ठ परिमाण विष्णु भगवान् को प्राप्त करते हैं ॥१८॥

तत्संश्रिताऽपि पृथगेव यथेषिका सा संदृश्यते द्विज ! तथैव परोऽपि विष्णुः ।
स्वात्माऽपि विग्रहगतोऽपि परस्ततोऽसौ संतिष्ठते त्विति विभाव्य विमृश्य एषः ॥ १९ ॥

हे द्विजवर ! जैसे वह ईषिका मूंज के आश्रित होती हुई भी मूंज से पृथक् ही दिखाई देती है वैसे ही अपने आत्मरूप भी परमात्मारूप विष्णु शरीर में स्थित होते हुए भी शरीर से पृथक् हैं, ऐसा विचारपूर्वक विवेक कर साधक पुरुष को उनका अन्वेषण करना चाहिये ॥ १९ ॥

तत्रत्वमेकमनघं परिशुद्धमेवं सद्वर्णितं भवगतं परितो विभाति ।
ज्ञात्वा यथाविधि तदेव, तदेव भूत्वा तद्वत् स चाऽत्र रमतेऽ, ततत्त्वमेतत् ॥ २० ॥

अद्वितीय, सब प्रकार से विशुद्ध किसी प्रकार के कालुष्यादिस्पर्श से विरहित अर्थात् परम पूत इस प्रकार सत्पुरुषों द्वारा वर्णित वह तत्त्व संसार में व्याप्त होकर चारों ओर सुशोभित है । उसी का विधिपूर्वक ज्ञान प्राप्त कर वही होकर (तद्रूप होकर) साधक उसी के समान यहाँ रमता है । यही वह अमृत-तत्त्व है ॥ २० ॥

इत्थं विवर्ण्य परतत्वमिदं तदात्मविद्यात्मकं हिततमं जगदग्र्यवस्तु ।
मृत्युस्वरूपभगवान् यम एष तत्र पश्यन्नमुं मुनिसुतं विरराम वाच्यात् ॥ २१ ॥

उन मृत्युस्वरूप भगवान् यमराज ने परमात्मविधायक जगत् के सर्वश्रेष्ठ भूत कल्याणसाधन इस श्रेष्ठतम तत्त्व का इस प्रकार वर्णन कर एवं उस परम तत्त्व में उस मुनिकुमार को परिनिष्ठित देखकर अपना वक्तव्य समाप्त किया ॥ २१ ॥

सोऽप्यस्य सद्गुरुवरस्य कृपां तथाऽऽप्य ज्ञात्वा सुखेन तदिदं परतत्त्वमैशम् ।
हर्षावसन्नसकलेन्द्रिय आत्ममोहान् मुक्तं स्वमत्र परिचिन्त्यगुरुं ननाम ॥ २२ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

ऋषिकुमार नचिकेता ने भी इस यमराज-रूप गुरुश्रेष्ठ का परम अनुग्रह प्राप्त कर इस ईश्वरीय परम तत्त्व को सुखपूर्वक जानकर और अपने को आत्मा के अज्ञान से मुक्त समझ कर हर्ष से गद्‌गद हो गुरु को प्रणाम किया ॥ २२ ॥

तत्सन्निधावुपगतो गुरुभक्तियुक्तः प्राप्तोपदेश इह तद्‌गुरुदक्षिणासु ।
आत्मानमेव विनिवेद्य जगन्मयाय धर्माय सोऽप्युपरतोऽथ तदन्यतत्त्वात् ॥ २३ ॥

यहां उपदेश प्राप्त कर गुरु-भक्तियुक्त नचिकेता भी यमराज के समीप में जाकर गुरुदक्षिणा के रूप में जगन्नाथ धर्मराज के लिए परम ज्ञान सम्पन्न अपने को ही समर्पित कर आत्मज्ञान से अतिरिक्त विषयों से सदा के लिए विरत हुआ ॥ २३ ॥

बुद्धया प्रगृह्य च मनो मनसा सुखेन स्वानीन्द्रियाणि वशगानि विधाय तूर्णम् ।
सोऽभूत् समाधिनिरतः श्रुतपूर्वरूपे तद्‌ब्रह्मणीह धृतरागरतिस्ततस्तु ॥ २४ ॥

बुद्धि से मन को अपने वश में कर और वशीभूत मन से सुखपूर्वक सब इन्द्रियों को शीघ्र ही अपने वश में ले नचिकेता शीघ्र ही समाधिस्थ हो गया। तदनन्तर जिसके स्वरूप का पहले श्रवण कर चुका था, उस परब्रह्म में परम अनुराग धारण कर वह कृतकृत्य हुआ ॥ २४ ॥

दृष्ट्वा तथाविधममुं श्रितमात्मरूपं प्राप्तं तदैक्यममुना च विलोक्य मृत्युः ।
भूत्वा प्रसन्नतम आत्मसुखं च भुक्त्वा संहारकर्मणि गतोऽथ चराचराणाम् ॥ २५ ॥

समाधि द्वारा आत्मस्वरूप को प्राप्त हुए उसको उस प्रकार का अर्थात् आत्माराम जानकर मृत्युरूप यमराज की प्रसन्नता की सीमा न रही। तदनन्तर वह असीम आत्मानन्द का अनुभव कर चराचर जीवों के संहार कार्य के निमित्त चले गये ॥ २५ ॥

ब्रह्मविद्यामिमां पूज्याः ! श्रुत्वा पूर्वं गुरोर्मुखात् ।
स्मृत्वा ध्यात्वा चिरं यत्नात् परमेत्यत्र साधकः ॥ २६ ॥

हे पूज्य चरणों ! इस ब्रह्मविद्या को पहले गुरुमुख से सुनकर स्मरण द्वारा मनन कर तदुपरान्त चिरकाल तक यत्नपूर्वक ध्यान (निदिध्यासन) कर साधक पुरुष यही परब्रह्म परमात्मा को प्राप्त होता है ॥ २६ ॥

जीवन्मुक्तो भवत्येष देहे सत्यपि तत्स्मृतिः ।
लुप्यते ज्योतिषा विद्धं तमोवत् तत्प्रकाशतः ॥ २७ ॥

यह साधक जीवन्मुक्त हो जाता है, देह के रहने पर उसे ब्रह्मज्ञान से देह की स्मृति वैसे ही नहीं रहती जैसे कि ज्योतिः (प्रकाश) से विद्ध अन्धकार नहीं रह पाता ॥ २७ ॥

तत्सर्वैरेष आत्मैव श्रोतव्यस्तद्‌बुभूषुभिः ।
मन्तव्यश्चैष द्रष्टव्यो ध्येयश्चात्मनि सर्वथा ॥ २८ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

DATE DUE

ब्रह्म में एकाकार
ही श्रवण करना चाहिये,
एवं प्रकार से आत्मा में इ

तदेतत्परमं
काव्यरूपेण

श्रुतियों के सारभू
इसकी रचना की। यह स
जी के चरणों में मेरी प्राथ

किमेतद्विश्रुतं
यदि स्यात्

क्या मात्सर्यविही
जायगा ? यदि उनके द्वा
पूर्णता को प्राप्त होऊंगा ।।

तद्वदन्यैर्द्विजैर्भ
पठित्वेदं प

उसी प्रकार अन्य
इसका अध्ययन कर प्राप्त

कृष्णप्र
ब्रह्मवि

श्रीकृष्णप्रसाद चि
काव्य में अट्ठाईसवां सर्ग समाप्त हुआ ।। ३२ ।।

ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः

ॐ सह नाववतु । सह नौ भुनक्तु । सह वीर्यं करवावहै ।
तेजस्वि नावधीतमस्तु । मा विद्विषावहै ।।

ॐ पूर्णमस्तु

समाप्त

HR66
G-HI
2031

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

६३८५

AUTHOR घिमिरे कृष्णप्रसाद
TITLE न्यायकेतलम्

स्वभक्त
तदनन्तर म
एवं कार्यरू
(सदा
प्रगत हूँ

HR66
G HI
2031

६३८५

महेन्द्र संस्कृत विश्वविद्यालय
वाल्मीकि विद्यापीठ
पुस्तकालय

रा
के चकित
वान् शङ्
रमाह्ल

श्री महाकविभट्टजगद्धरदासः
कृ० प्र० घिमिरे

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

पश्यन्तु पूज

—:●:

प्रस्तुतमहाकाव्यस्याऽस्याऽनेनैव लेखकेन विद्यावारिधि
विलिखितानीमान्यन्यानि ग्रन्थरत्नानि हिन्दीभाषायां रूप... कृत
विद्योतन्तेतराम् ।

(१) नाचिकेतसम्, कठोपनिषदमधिकृत्य विलिखितं दार्शनिकं प्रस्तुतमहाकाव्
(२) श्री कृष्णचरितामृतम्, अन्वर्थं प्रकाशितं महाकाव्यम् ।
(३) तस्यैव द्वितीयो भागः, तादृशमेव महाकाव्यम् ।
(४) वृत्रवधम्, अन्वर्थं महाकाव्यम् ।
(५) ययातिचरितम्, पुरुषार्थचतुष्टयनिर्दर्शनपरकमन्वर्थं महाकाव्यम् ।
(६) सम्पातिसन्देशः, अन्वर्थं वसन्ततिलकोद्भासिताङ्गं काव्यम् ।
(७) पूर्णाहुति, यौधिष्ठिरं राजसूययज्ञमधिकृत्य विलिखितं मौलिकताविजृम्भितं दृश्यकाव्यम् ।
(८) महामोहः,आधुनिकपाश्चात्य-चाकचक्योपबृंहितं प्राच्यसंस्कृतिपरिष्कृतं दृश्यकाव्यम् ।
(९) श्रीरामविलापः, पम्पां पुष्करिणीं दर्शं दर्शं देवीं सीतां स्मारं स्मारं भगवता कृतः खण्डकाव्यम् ।
(१०) मनीयानम्, वैज्ञानिकदार्शनिकविश्लेषणात्मकं काव्यम् ।
(११) सत्स्तुतिकुसुमाञ्जलिः, विविधदेवदेवीनां सत्स्तुतिरूपः ।
(१२) श्रीकृष्णपद्यसंग्रहः, विभिन्नकवितामयपद्यानां संग्रहरूपः ।
(१३) श्रीकृष्णगद्यसंग्रहः विविधवैषयिकगद्यसंग्रहस्वरूपः ।

उपरिनामाङ्कितयोः काव्यद्वययोः प्राप्तिस्थानम्

नयपालदेशे
टङ्गाल-गहिरोधारा
काठमाण्डू, नेपाल

कविरत्न तथा विद्यावारिधिः
कृष्णप्रसाद शर्मा घिमिरे
के० २३/२, दूधविनायक, वाराणसी-१ (उ० प्र०)

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu